www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



# देशबन्धु
पत्र नहीं मित्र



रायपुर, शनिवार, 30 नवंबर 2024 । वर्ष – 66 । अंक– 224 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23

जम्मू- कश्मीर में आतंकियों के मददगारों को किया बर्खास्त पृष्ठ 2
अभिमत ■ प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन पृष्ठ 6
■ फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत ■ ईरान व लेबनान ने की इजरायल से युद्धविराम समझौते को ... पृष्ठ 7
फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे पृष्ठ 8

# खड़गे ने ईवीएम व चुनाव आयोग पर उठाए सवाल

## कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में महाराष्ट्र-हरियाणा चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र, झारखंड और हरियाणा में हुए चुनावों में पार्टी के प्रदर्शन पर विचार-विमर्श करने और आगामी दिल्ली चुनावों की तैयारियों की समीक्षा के लिए शुक्रवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक हुई।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बैठक में महाराष्ट्र और हरियाणा चुनावों में हुई हार पर पार्टी के उम्मीद से कम प्रदर्शन पर चिंता जताई। उन्होंने आंतरिक मतभेद और ईवीएम पर सवाल उठाते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आह्वान किया। 2024 के लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की वापसी की सराहना करते हुए उन्होंने स्वीकार किया कि बाद के विधानसभा चुनावों में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। खड़गे ने पार्टी से आत्मचिंतन करने और अपनी कमियों को दूर करने का आग्रह किया। इस बैठक में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश समेत कई नेता मौजूद थे।

कांग्रेस अध्यक्ष खडगे ने कहा कि



■ दोनों राज्यों में खराब प्रदर्शन पर जताई चिंता
■ पार्टी में अंदरूनी कलह, एकजुटता की कमी

> ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत है: **मल्लिकार्जुन खड़गे**, कांग्रेस अध्यक्ष

लोकसभा के बाद हुए चार राज्यों के चुनावों में इंडिया गठबंधन ने दो राज्यों में सरकार बनाई, लेकिन कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। इन नतीजों पर चिंतन करते हुए खड़गे ने तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा, 'ये नतीजे हमारे लिए एक संदेश हैं। हमें इनसे तुरंत सीख लेने और संगठनात्मक स्तर पर अपनी कमजोरियों को दूर करने की जरूरत है।'

**एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी नुकसान पहुंचाती है**– कांग्रेस अध्यक्ष ने पार्टी के अंदरूनी कलह और फूट की ओर इशारा किया, जो उनके लिए एक बड़ी बाधा साबित हुई। सबसे जरूरी बात जो मैं कहता रहता हूं, वह यह है कि एकता की कमी और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी हमें बहुत नुकसान पहुंचाती है। जब तक हम एकजुट होकर चुनाव नहीं लड़ेंगे और एक-दूसरे के खिलाफ बयानबाजी बंद नहीं करेंगे, तब तक हम अपने विरोधियों को राजनीतिक रूप से कैसे हरा पाएंगे?'

उन्होंने आगे कहा, 'इसलिए यह जरूरी है कि हम अनुशासन का सख्ती से पालन करें। हमें हर परिस्थिति में एकजुट रहना होगा। पार्टी के पास अनुशासन का हथियार भी है। लेकिन हम अपने साथियों को किसी बंधन में नहीं डालना चाहते। इसलिए सभी को यह सोचने की जरूरत है कि कांग्रेस पार्टी की जीत हमारी जीत है और हार हमारी हार है। हमारी ताकत पार्टी की ताकत में है।'

**स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने का आग्रह किया** –खरगे ने कांग्रेस को अपनी चुनावी रणनीतियों में बदलाव करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने केवल राष्ट्रीय नेताओं और मुद्दों पर निर्भर रहने से हटकर स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। उन्होंने पूछा, 'कब तक आप राष्ट्रीय मुद्दों और राष्ट्रीय नेताओं के आधार पर राज्य के चुनाव लड़ेंगे?' उन्होंने पार्टी से स्थानीय मुद्दों पर फोकस करने और हर राज्य के अनुरूप विस्तृत रणनीति तैयार करने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनाव की तैयारी कम से कम एक साल पहले शुरू हो जानी चाहिए, जिसमें वोटर लिस्ट मैनेजमेंट पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि पार्टी के समर्थकों का प्रतिनिधित्व हो।

**ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया**–इसके बाद खड़गे ने चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर संदेह जताते हुए ईवीएम और चुनाव आयोग की भूमिका की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि ईवीएम ने चुनावी प्रक्रिया को संदिग्ध बना दिया है। चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है, इसलिए इसके बारे में जितना कम कहा जाए, उतना ही अच्छा है। लेकिन देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करना उनका संवैधानिक दायित्व है।'

# हाईकोर्ट के आदेश पर बलौदाबाजार जनपद पंचायत व देवरी पंचायत की संपत्ति की कुर्की

**बलौदाबाजार**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश पर बलौदाबाजार जिले में पहली बार जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की संपत्तियों की कुर्की की कार्यवाही शुरू की गई है। यह कार्रवाई 2016 में ग्राम पंचायत देवरी में एक निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की मौत हुई थी। मृतक मजदूर के परिवार को न्याय दिलाने के लिए उच्च न्यायालय ने जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था। जिसके तहत उक्त कार्यवाही 29 नवम्बर को सुबह 11 बजे से हुई।



■ देवरी पंचायत में निर्माण कार्य के दौरान एक मजदूर की हुई थी मृत्यु
■ 11 लाख मुआवजे की भरपाई के लिए की गई कुर्की

घटना का विवरण-2016 में ग्राम पंचायत देवरी के स्कूल में शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा था। इस दौरान एक मजदूर, ललित साहू (उम्र 26 वर्ष), 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आ गया था और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। ललित साहू की पत्नी, दुर्गा बाई साहू ने अपनी याचिका छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में दायर की थी, जिसमें उसने न्याय की मांग की थी। न्यायालय ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत बलौदाबाजार और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था, ताकि मृतक के परिवार को 11,02,286 रुपये का मुआवजा प्रदान किया जा सके।

उच्च न्यायालय का आदेश- उच्च न्यायालय ने मृतक के परिवार को सहायता राशि देने के लिए जनपद पंचायत और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया था। यदि धनराशि नहीं मिल पाती तो संपत्तियों की नीलामी के माध्यम से यह राशि जुटाई जानी थी। न्यायालय ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### गोंदिया में बस दुर्घटना में 9 की मौत, कई गंभीर

**गोंदिया।** महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में शुक्रवार को दोपहर में एक भीषण सड़क हादसे में बस दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गई। यह हादसा गोंदिया-कोहमारा राज्य महामार्ग पर ग्राम खजरी के पास हुआ। इस हादसे में 9 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है और मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की आशंका जताई जा रही है। हादसे में कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, भंडारा से साकोली लखानी होते हुए गोंदिया की ओर जा रही शिवशाही बस के आगे अचानक एक बाइक आ गई। बाइक चालक को बचाने की कोशिश करते हुए बस के ड्राइवर ने तेजी से कट मारा, जिसके चलते बस असंतुलित होकर पलट गई। हादसे के समय बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे।

### 'अडानी व उनकी कंपनियों के खिलाफ कार्यवाही से कोई लेना-देना नहीं'

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका में प्रख्यात उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही से सरकार का कोई लेना-देना नहीं है तथा इस बारे में अमेरिकी प्रशासन ने भारत सरकार को पहले कोई सूचना नहीं दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यहां नियमित ब्रीफिंग के दौरान अडानी पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा, यह निजी फर्मों और व्यक्तियों तथा अमेरिकी न्याय विभाग से जुड़ा एक कानूनी मामला है। ऐसे मामलों में स्थापित प्रक्रियाएं और कानूनी रास्ते हैं, जिसे लेकर हमारा मानना है कि उनका पालन किया जाएगा।

### निर्माता राज कुंद्रा के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**मुंबई।** बॉलीवुड प्रोड्यूसर राज कुंद्रा के कई ठिकानों पर शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रेड डाली। मामला पोर्नोग्राफी से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ईडी के अधिकारियों ने सुबह 6 बजे से सांताक्रूज स्थित शिल्पा शेट्टी के घर पर भी जांच शुरू कर दी है। शिल्पा शेट्टी कुंद्रा के पति और एक प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री हैं। ईडी की इस छापेमारी का संबंध राज कुंद्रा और उनके सहयोगियों द्वारा संचालित कथित पोर्नोग्राफी नेटवर्क और चैनलों से है।

### संभल हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज देवेंद्र कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में तीन सदस्यी समिति को मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया है।

महादेव ऐप मामला

# जांच के दौरान 19 स्थानों पर 200 एकड़ जमीन अटैच

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में महादेव ऑनलाइन सट्टा एप मामले के आरोपियों की करीब 500 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति अटैच कर उनकी पहचान भी कर ली है। ईडी ने राज्य शासन के राजस्व विभाग से इन अचल संपत्तियों की जानकारी मांगी थी। ईडी द्वारा पटवारी व तहसीलदार के माध्यम से अभनपुर व रायपुर तहसील के अंतर्गत इन अचल संपत्तियों के खसरों को चिन्हित कर कब्जे में लिया गया है और उनकी खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई है।




बताया गया है कि ईडी द्वारा रायपुर व अभनपुर तहसील के अंतर्गत 19 स्थानों पर लगभग दो सौ एकड़ जमीन अटैच की गई है। अभनपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम कोलर, खोरपा, सलोनी, छछानपैरी तथा रायपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम मुजगहन, टेमरी, छेरीखेड़ी, शंकरनगर तथा बोरियाखुर्द में अटैच की गई जमीनें स्थित हैं। गौरतलब है कि ईडी द्वारा महादेव सट्टा एप मामले में मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। इस मामले में कई आरोपियों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है और उनकी अचल संपत्तियां अटैच की गई हैं। आरोप है कि ऑनलाइन बैटिंग एप के संचालन से प्रमोटर्स व ऑनलाइन बैटिंग एप से जुड़े पैनल ऑपरेटर्स चेकर्स व उनके साथियों द्वारा वर्ष 2020 में लॉकडाउन के बाद से ऑनलाइन सट्टा खिलाकर लगभग 500 करोड़ रुपए मासिक की अवैध आय अर्जित की जाती रही है।

**प्रोटेक्शन मनी के रूप में मोटी रकम मिलती रही**

यह भी आरोप है कि महादेव बुक एप के प्रमोटर्स द्वारा ऑनलाइन बैटिंग एप के इस आपराधिक कृत्य के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई को रोकने के लिए विभिन्न पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों तथा प्रभावशील राजनीतिक व्यक्तियों का संरक्षण प्राप्त किया गया। इसके एवज में उन्हें नियमित तौर पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में भारी राशि दी गई। पुलिस व प्रशासनिक ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# गृह मंत्री अमित शाह 7 को आएंगे रायपुर



**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 7 दिसंबर को छत्तीसगढ़ का दौरा करेंगे। उनके साथ केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भी रायपुर आएंगे। जानकारी के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह बस्तर ओलंपिक के कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस के कार्यक्रम में शामिल होंगे, जिसमें वे प्रेसिडेंट पुलिस कलर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम को लेकर शासन-प्रशासन और पुलिस महकमे की तैयारी शुरू हो गई है।

# हार से गुस्साए विपक्षी देश के खिलाफ कर रहे साजिश : मोदी

**भुवनेश्वर**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आंदोलन हमेशा से होते रहे हैं। लेकिन पिछले कुछ समय में आप सभी ने एक बहुत बड़ा बदलाव देखा होगा। संविधान की भावना को कुचला जा रहा है। लोकतंत्र की गरिमा को नकारा जा रहा है। सत्ता को अपना जन्मसिद्ध अधिकार मानने वाले लोग पिछले एक दशक से केंद्र की सत्ता खो चुके हैं। वे लोगों से इस बात के लिए भी नाराज हैं कि उनके अलावा किसी और को आशीर्वाद दिया जा रहा है। वे इतने गुस्से में हैं कि वे देश के खिलाफ साजिश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने देश को गलत दिशा में ले जाने के लिए लोगों को गुमराह करना शुरू कर दिया है। झूठ और अफवाहों की उनकी दुकान पिछले 75 सालों से चल रही है। उन्होंने अब अपने मिशन को और तेज कर दिया है। उनकी गतिविधियां अपने देश से प्यार करने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ी चुनौती बन रही है। उन्होंने कहा कि मैं सभी को बताना चाहता हूं कि हमें सतर्क रहना है और लोगों को जागरूक करते रहना है। हमें हर झूठ को उजागर करना है। सत्ता के भूखे इन लोगों ने जनता से सिर्फ झूठ बोला है।



# सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाएं

## निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द पूर्ण करें

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में प्रदेश के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, सड़क दुर्घटना के नियंत्रण के उपायों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में कहा कि सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के लिए दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट के उपयोग तथा वाहन चलाते समय सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से चलाया जाए।

मुख्यमंत्री साय ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्य में तेजी लाने, जिला सड़क सुरक्षा समिति की नियमित बैठकें आयोजित करने, सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों के इलाज के लिए निर्माणाधीन ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट्स का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराया गया "बस संगवारी एप" लांच किया और परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर प्रकाशित पोस्टर का विमोचन किया। बैठक में जानकारी दी गई कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर दसवीं तक के राज्य शैक्षणिक अनुसंधान परिषद की पाठ्यपुस्तकों में सड़क यातायात नियमों से संबंधित अध्याय पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। बैठक में बताया गया कि यातायात व्यवस्था का इलेक्ट्रॉनिक सर्विलेंस रायपुर, बिलासपुर और नवा रायपुर में किया जा रहा है। भिलाई और दुर्ग में यह व्यवस्था आंशिक रूप से संचालित है। सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 101 ब्लैक स्पॉट ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤



■ मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में दिए निर्देश

# सुप्रीम कोर्ट ने संभल मस्जिद सर्वेक्षण पर रोक लगाई

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी के संभल की ट्रायल कोर्ट को कहा है कि वह मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण से संबंधित मामले में कोई आदेश पारित न करें और उत्तर प्रदेश सरकार को हिंसा-प्रभावित क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि इलाहाबाद हाई कोर्ट मुस्लिम पक्ष की याचिका दायर होने के तीन दिनों के भीतर सुनवाई करें। हमें उम्मीद और भरोसा है कि निचली अदालत इस मामले में तब तक आगे की कार्रवाई के लिए न बढ़ें जब तक कि हाई कोर्ट मामले में सुनवाई कर आदेश पारित नहीं लेता। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को संभल में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा दोनों समुदायों के सदस्यों को शामिल कर एक शांति समिति गठित करने का निर्देश दिया है। निचली अदालत से कहा कि किसी भी सीलबंद रिपोर्ट को तब तक न खोले जब तक कि हाई कोर्ट मामले की सुनवाई न कर ले और याचिका पर आदेश पारित न कर दे।

# सुप्रीम कोर्ट से अनवर ढेबर को झटका

## हाई कोर्ट से मिली जमानत को किया रद्द

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाला में आरोपी अनवर ढेबर की अंतरिम जमानत सुप्रीम कोर्ट ने रद्द कर दी है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाई कोर्ट में जाकर फिर से जमानत अर्जी दाखिल करने को कहा है।



जानकारी के अनुसार, जिस मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जमानत दी थी, उसे सुप्रीम कोर्ट में छत्तीसगढ़ पुलिस ने चेलेंज किया था, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जमानत को रद्द करते हुए वापस हाई कोर्ट में भेज दिया है। दरअसल, अनवर ढेबर को हाई कोर्ट ने जुलाई में किडनी और गॉलब्लैडर स्टोन की मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अंतरिम जमानत दी थी। ढेबर के वकील ने मेडिकल ग्राउंड पर इलाज के लिए जस्टिस अरविन्द वर्मा की पीठ के सामने जमानत देने का आग्रह किया था।

इस मेडिकल रिपोर्ट को बनाने वाले डीकेएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के गेस्ट्रो सर्जन को छत्तीसगढ़ सरकार ने बर्खास्त करने के साथ उसके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करा दी थी। शराब ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# महायुति की बैठक हुई रद्द

**नई दिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस पर अभी भी संशय बरकरार है। क्योंकि, अभी तक न ही भाजपा विधायक दल की बैठक हुई और न ही महायुति की बैठक हुई है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित किया गया था और विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो चुका है। लेकिन, अभी तक महायुति से महाराष्ट्र का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसको लेकर तस्वीर साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, हाल ही में कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि उन्हें भाजपा का मुख्यमंत्री भी मंजूर है। महायुति और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व जो फैसला लेगा, हम समर्थन करेंगे। एकनाथ शिंदे के इस बयान के बाद कयास लगाए जाने लगे कि देवेंद्र फडणवीस ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री होंगे। ऐसे में एकनाथ शिंदे की भूमिका को लेकर भी सवाल खड़ा होगा। क्या वह महाराष्ट्र में डिप्टी सीएम बनकर काम करने के लिए तैयार होंगे, या फिर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे?

# अडानी, संभल व मणिपुर पर संसद में हंगामा

**नईदिल्ली**, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन लोकसभा और राज्यसभा में विपक्षी दलों का जोरदार हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सदस्यों ने अडानी रिश्वतखोरी मामला और संभल हिंसा समेत अन्य मुद्दों पर अपना विरोध जारी रखा। हंगामा बढ़ते देख लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष इन मुद्दों पर चर्चा की मांग पर अड़ा रहा। सुबह के सत्र में सूचीबद्ध पत्रों को रखे जाने के तुरंत बाद, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि उन्हें सदन के नियम 267 के तहत कार्यसूची को स्थगित करने के लिए 17 नोटिस मिले हैं। विपक्षी सांसदों ने अडानी समूह के खिलाफ भ्रष्टाचार और गड़बड़ी के आरोपों, उत्तर प्रदेश के संभल में सांप्रदायिक हिंसा और मणिपुर में जातीय संघर्ष पर चर्चा के लिए नोटिस दिए थे। सभापति ने कहा कि वह सभी नोटिसों को अस्वीकार कर रहे हैं। इससे कई विपक्षी सांसदों ने विरोध किया और नारेबाजी शुरू कर दी।

■ लोकसभा-राज्यसभा की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित
■ विपक्षी दलों ने दोनों सदनों में जोरदार हंगामा किया

धनखड़ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा, मैं आपसे (सांसदों से) गहन चिंतन का आह्वान करता हूं। नियम 267 का इस्तेमाल व्यवधान के हथियार के रूप में किया जा रहा है। कांग्रेस सहित विपक्षी सांसदों ने इस टिप्पणी का विरोध किया। इस बीच, लोकसभा की कार्यवाही शुरू में दोपहर तक और बाद में पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सदस्यों ने अडानी विवाद और उत्तर प्रदेश के संभल में हाल की हिंसा को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जैसे ही सदन की बैठक शुरू हुई, कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के सदस्यों ने कई मुद्दे उठाने की कोशिश की। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के कुछ सदस्य सदन के वेल में भी थे और नारे लगा रहे थे। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन को चलने देना चाहिए और प्रश्नकाल सदस्यों का समय होता है। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि सदन चले और चर्चा हो।

आर्थिक वृद्धि दर — विकास दर दूसरी तिमाही में 5.4 फीसदी पर फिसली

# उम्मीद से भी नीचे लुढ़की भारतीय अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में घटकर लगभग दो साल के निचले स्तर 5.4 प्रतिशत पर आ गई, जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में यह 8.1 प्रतिशत थी। सरकार की ओर से शुक्रवार को इसके आधिकारिक आंकड़े जारी किए गए।**

*हालांकि, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहा। इस वर्ष जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि 4.6 प्रतिशत रही। जीडीपी वृद्धि का पिछला निम्न स्तर 4.3 प्रतिशत वित्तीय वर्ष 2022-23 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2022) में दर्ज किया गया था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार, कृषि क्षेत्र का जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) 2023-24 की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया, जो एक साल पहले 1.7 प्रतिशत था। विनिर्माण क्षेत्र की जीवीए वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घटकर 2.2 प्रतिशत रह गई, जबकि एक वर्ष पूर्व इसमें 14.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई थी। 2024-25 में अप्रैल-सितंबर अवधि के दौरान देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि पिछले वित्त वर्ष की पहली छमाही में 8.2 प्रतिशत की तुलना में 6 प्रतिशत रही। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों की वृद्धि अक्टूबर 2024 में घटकर 3.1 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 12.7 प्रतिशत थी। वित्तीय, रियल एस्टेट और व्यावसायिक सेवाओं में जीवीए की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 6.2 प्रतिशत थी। बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगिता सेवाओं की वृद्धि दर 3.3 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पूर्व की 10.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। निर्माण क्षेत्र में दूसरी तिमाही में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही की 13.6 प्रतिशत से कम है। 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही। एनएसओ ने एक बयान में कहा, 2024-25 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी या स्थिर मूल्यों पर जीडीपी 44.10 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है,*

### विदेशी मुद्रा भंडार में भी गिरावट

*आरबीआई के अनुसार, 22 नवंबर को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.31 अरब डॉलर घटकर 656.582 अरब डॉलर रह गया।*

# देश

**उवाच**

हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि हम ईवीएम को हटाने के पक्ष में हैं और बैलेट पेपर की मांग करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि हम ईवीएम से चुनाव जीतेंगे और ईवीएम को हटाने का काम करेंगे।

**–आनंद भदौरिया,सपा सांसद**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 23.0 | 11.0 |
| मुंबई | 29.0 | 21.0 |
| कोलकाता | 28.0 | 20.0 |
| चेन्नई | 25.0 | 24.0 |

# नियम 267 को व्यवधान का बनाया जा रहा हथियार : जगदीप धनखड़

■ सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर जताया दुख

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन के सामान्य कामकाज में जारी व्यवधान पर गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि नियम 267 को बाधा का हथियार बनाया जा रहा है। धनखड़ ने शुक्रवार को सदन में नियम 267 के अंतर्गत मिले नोटिस खारिज करने के बाद विपक्ष के हंगामे पर कहा कि ये मुद्दे सप्ताह के दौरान बार-बार उठाए गए हैं। जिसके परिणामस्वरूप पहले ही तीन कार्य दिवस में कोई कामकाज नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि ये वे दिन थे जो हमें सार्वजनिक हित के लिए समर्पित करने चाहिए थे। हमें शपथ का पालन करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए था। उन्होंने कहा कि इस दौरान समय और अवसर का नुकसान हुआ।

विशेष रूप से प्रश्नकाल का नहीं होना आम जनता को बहुत बड़ा झटका है। उन्होंने कहा कि नियम 267 को व्यवधान और सामान्य कामकाज से विचलित करने के एक उपकरण के रूप में हथियार बनाया जा रहा है। यह स्वीकार्य नहीं है। सभापति ने गहरी पीड़ा और अत्यंत दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हम एक बहुत ही बुरा उदाहरण पेश कर रहे हैं। हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं। हम उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं। हमारे कार्य जन-केंद्रित नहीं हैं। हम अप्रासंगिक होते जा रहे हैं, लोग हमारी हंसी उड़ा रहे हैं। हम व्यावहारिक रूप से हंसी का पात्र बन गए हैं। सभापति जगदीप धनखड़ ने सुबह सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए डॉक्टर भीम सिंह और संजय झा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद उन्होंने सदन के पटल पर आवश्यक दस्तावेज रखवाएं। सभापति ने बताया कि उन्हें नियम 267 के अंतर्गत 17 नोटिस मिले हैं। इस बीच विपक्षी सदस्यों की टीका टिप्पणियां आरंभ हो गई।



**हम इस देश के लोगों का अपमान कर रहे हैं व उनकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं : जगदीप धनखड़**

धनखड़ ने बताया कि कांग्रेस के प्रमोद तिवारी, रंजीत रंजन, दिग्विजय सिंह, विवेक के. तन्खा, रजनी अशोक राव पाटिल और अखिलेश प्रसाद सिंह ने अदाणी समूह में कथित अनियमितताओं के मुद्दे पर नोटिस दिया है। समाजवादी पार्टी के रामजीलाल सुमन और मार्क्सवादी कांग्रेस पार्टी के जॉन ब्रिटास ने उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा तथा द्रविड़ मुनेत्र कषगम और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के संतोष कुमार पी ने मणिपुर में हिंसा पर चर्चा करने की मांग की है। आम आदमी पार्टी के संजय सिंह ने दिल्ली के कानून व्यवस्था पर चर्चा करने का नोटिस दिया है।

## लोकसभा में सप्ताह के आखिरी दिन भी नहीं चला प्रश्नकाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों ने शुक्रवार को फिर हंगामा और शोरशराबा किया जिसके कारण सदन में प्रश्नकाल बाधित रहा और अध्यक्ष ओम बिरला को सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई विपक्ष के सदस्य अपनी मांगों को लेकर खड़े हो गए और सदन में चर्चा की मांग करने लगे। अध्यक्ष ने सदस्यों की बात अनसुनी कर प्रश्न काल जारी रखा तो विपक्षी दलों के सदस्यों का हंगामा तेज हो होने लगा।ढन्प्रश्नकाल में सबसे पहला मुद्दा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय का आया जिसमें मंत्री, सदस्य का सवाल और शोर शराबे के कारण सुन नहीं पाए और उन्होंने दोबारा प्रश्न करने का आग्रह किया। हंगामे के बीच सदस्य ने दोबारा सवाल किया जिसका स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जेप नड्डा ने लंबा जवाब दिया लेकिन शोर शराबे में कुछ भी सुनाई नहीं दे रहा था।

## पुलिस महानिदेशकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे मोदी

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 नवम्बर से एक दिसम्बर तक ओडिशा में भुवनेश्वर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के अखिल भारतीय सम्मेलन में भाग लेंगे। यह जानकारी प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति में दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार यह सम्मेलन आज शुरू हो रहा है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में आतंकवाद, वामपंथी उग्रवाद, तटीय सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, नारकोटिक्स सहित राष्ट्रीय सुरक्षा के महत्वपूर्ण घटकों पर विचार-विमर्श होगा। सम्मेलन के दौरान विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से भी सम्मानित किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह सम्मेलन देश के वरिष्ठ पुलिस पेशेवरों और सुरक्षा प्रशासकों को राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों और साथ ही भारत में पुलिस के सामने आने वाली विभिन्न परिचालन, ढांचागत और कल्याण संबंधी समस्याओं पर स्वतंत्र रूप से चर्चा तथा बहस करने के लिए एक संवाद-मंच प्रदान करेगा। इसके विचार-विमर्श में आंतरिक सुरक्षा खतरों के अलावा अपराध नियंत्रण और कानून एवं व्यवस्था प्रबंधन से संबंधित चुनौतियों से निपटने में पेशेवर प्रथाओं और प्रक्रियाओं को तैयार करना और साझा करना शामिल होगा। सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, राज्य मंत्री (गृह मामले), राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के पुलिस महानिदेशक और केंद्रीय पुलिस संगठनों के प्रमुख सहित अन्य लोग भाग लेंगे।



## जम्मू- कश्मीर में आतंकियों के मददगारों को किया बर्खास्त

**जम्मू,**29 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो सरकारी कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। कानून प्रवर्तन और खुफिया एजेंसियों की जांच के बाद यह कदम उठाया गया। दोनों कर्मचारियों के आतंकवादी संगठनों से गहरे संबंध थे और इन्हें पाकिस्तान आधारित आतंकवादी समूहों से सहायता मिल रही थी। पहला कर्मचारी रहमान नाइक (स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट) अब. रहमान नाइक जो कश्मीर के कुलगाम जिले के देवसर के निवासी थे, को 1992 में चिकित्सा सहायक के रूप में नियुक्त किया गया था। उनकी आतंकवादी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन से साठगांठ तब पता चल जब पुलिस ने देवसर में राजनीतिक व्यक्ति गुलाम हसन लोन की हत्या के मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह सामने आया कि नैका ने आतंकियों को स्थानीय राजनीतिक नेताओं और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए सहायता प्रदान की।

नाइक ने यह स्वीकार किया कि उसने पाकिस्तान से निर्देश प्राप्त किए थे और वह एक ओवरग्राउंड वर्कर के रूप में काम करता था, जिसका मुख्य कार्य लक्ष्यों की पहचान और आतंकवादी हमलों के लिए तैयारी करना था। उन्हें और उनके सहयोगियों को हैंड ग्रेनेड औरऌच-47 के गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया था। दूसरा कर्मचारी, जाहिर अब्बास (शिक्षा विभाग में शिक्षक) जाहिर अब्बास, जो किश्तवाड़ जिले के बादत सरूर के निवासी थे, जो 2012 में सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। 2020 में उन्हें के तीन सक्रिय आतंकवादियों को आश्रय देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।



■ दो सरकारी कर्मचारियों पर लगा देशद्रोह का आरोप
■ उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जांच के बाद उठाया कदम

अब्बास का यह भी खुलासा हुआ कि वह पाकिस्तानी आतंकवादियों को हथियारों, गोला-बारूद और आपूर्ति प्रदान कर रहे थे। वह आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की स्थिति के बारे में जानकारी भी दे रहे थे और उनके साथ खाद्य, आश्रय और अन्य आवश्यक सामग्री मुहैया कराते थे। जांच से यह भी पता चला कि वह जेल में रहते हुए भी अपने आतंकवादी संपर्कों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए थे। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन दोनों कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने के बाद कहा कि यह कदम पाकिस्तान और पाक-आधारित आतंकवादी संगठनों के भारत के भीतर गहरे प्रवेश को उजागर करता है।

## सार संक्षेप

### बडगाम में मादक पदार्थ के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में पुलिस ने प्रतिबंधित मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से मादक पदार्थ बरामद किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस ने जांच के दौरान सरकारी बाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मागाम में नायलॉन बैग ले जा रहे दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, लेकिन उन्होंने मौका पाकर वह वहां से फरार हो गए और पुलिस ने पीछा कर दोनों को रोक लिया। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान उनके पास से करीब 11 ग्राम हेरोइन और एक डिजिटल वजन तौलने वाली मशीन बरामद की।

### पराली जलाने के आरोप में किसान पर एफआईआर

**बिहार शरीफ।** बिहार में पराली जलाने को लेकर अब एक्शन शुरू है। इसके तहत नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड में पराली जलाने के मामले में एक किसान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## मदुरै में टंगस्टन खनन की अनुमति रद्द करें केंद्र : स्टालिन



■ मुख्यमंत्री ने मोदी से तत्काल हस्तक्षेप का किया अनुरोध

**चेन्नई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आग्रह किया कि मदुरै जिले में टंगस्टन खनन अधिकारों के अवार्ड को रद्द करें और खान मंत्रालय को संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना खनन के लिए कोई भी बोली लगाने से बचने का निर्देश दें। मोदी को लिखे एक अर्ध-सरकारी पत्र में मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से टंगस्टन खनन अधिकारों के आबंटन के कारण मदुरै जिले में गंभीर स्थिति के बारे में बताया। उन्होंने इसे रद्द करने के लिए उनके तत्काल हस्तक्षेप का अनुरोध किया। स्टालिन ने कहा कि हमने तमिलनाडु के जल संसाधन एवं प्राकृतिक संसाधन मंत्री को तीन अक्टूबर, 2023 के पत्र के माध्यम से महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों के खनन अधिकारों की ऐसी नीलामी पर अपनी चिंताओं को पहले ही व्यक्त कर दिया था। केंद्रीय संसदीय कार्य, कोयला एवं खान मंत्री ने दो नवम्बर, 2023 को लिखे अपने पत्र में उन्हें खारिज कर दिया था, जिसमें उल्लेख किया गया था कि देश के व्यापक हित में खान मंत्रालय की ओर से महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी को रोका नहीं जा सकता। स्टालिन ने कहा कि टंगस्टन ब्लॉक में कवट्टायमपट्टी, एट्टीमंगलम, ए.वल्लालपट्टी, अरिट्टापट्टी, किदारीपट्टी और नरसिंगमपट्टी गांव शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी वाणिज्यिक खनन गतिविधि से इन स्थलों को अपूरणीय क्षति होगी।

# युवाओं को नहीं मिला रोजगार : राबड़ी देवी

■ शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन विपक्षी दलों ने नीतीश सरकार को घेरा

**पटना,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम और पांचवें दिन शुक्रवार को भी विपक्षी दलों ने सरकार को घेरा। विधानसभा की कार्यवाही शुरू होने के पहले विपक्षी दलों के सदस्यों ने हाथ में तख्ती लिए परिसर में प्रदेश में बेरोजगारी को लेकर प्रदर्शन किया।

इस दौरान राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के विधायकों ने राबड़ी देवी की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया। राबड़ी देवी ने पत्रकारों से कहा कि इस सरकार में बेरोजगार युवाओं को रोजगार नहीं मिला है। अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में पूरी तरह से असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है। उन्होंने आगे कहा कि जनता मतदान करके सरकार का चयन करती है, ताकि उनके हितों में कदम उठाने वाला कोई हो। लेकिन, ऐसा कोई भी कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शन कर रहे विधायकों ने हाथ में पोस्टर बैनर ले रखा था। इन पोस्टरों पर नौकरी रोजगार मतलब तेजस्वी, युवाओं की आस तेजस्वी लिखा था। विधायक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि जब बिहार में महागठबंधन की सरकार थी, तब तेजस्वी यादव ने 17 महीने में पांच लाख से ज्यादा बेरोजगारों को रोजगार और नौकरी दिया। एनडीए सरकार में बेरोजगारी चरम पर है। उन्होंने कहा कि सिपाही भर्ती हो या बीपीएससी की होने वाली परीक्षा हो, अलग-अलग नियम बनाया जा रहा है, इससे छात्रों में आक्रोश है। सही मायने में नीतीश सरकार को नौकरी देने की इच्छा ही नहीं है। सरकारी बहाली प्रक्रिया में ऐसी त्रुटि छोड़ देते हैं, जिससे लोग कोर्ट चले जाते हैं और पूरी प्रक्रिया रुक जाती है। कम्युनिस्ट पार्टी के नेता महबूब आलम ने कहा कि इस सरकार में लूट है। इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना- देना नहीं है। महागठबंधन से जुड़े विधायकों ने कहा कि नया स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली के बिल और ज्यादा आने लगे हैं। इससे सबसे ज्यादा परेशानी गरीबों को रही है।



**अगर यह सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने की दिशा में असमर्थ है, तो फिर सरकार का क्या मतलब रह जाता है : राबड़ी देवी**

### 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई : कांग्रेस

बिहार विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन स्मार्ट मीटर को लेकर जोरदार हंगामा देखने को मिला। इस बीच, प्रश्न काल में कांग्रेस विधायक अजीत शर्मा ने पूछा कि 18 लाख स्मार्ट मीटर में से कितने की जांच की गई। इस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आप हमें बताइए कि कितने मीटर खराब हैं। जब इंसान बीमार पड़ सकते हैं, तो मीटर क्यों नहीं। वहीं, सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विपक्षी दलों के विधायक पोस्टर बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करते दिखे।

# समग्र शिक्षा अभियान की राशि जारी करने में देरी : दिग्विजय

**भोपाल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर समग्र शिक्षा अभियान (एसएसए) के तहत राज्यों को आबंटित की जाने वाली धनराशि जारी करने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया। राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का खतरा भी बताया है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह संसद की शिक्षा, बाल, युवा मामले एवं खेल संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष भी हैं। शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यालय से दी गई जानकारी में बताया गया है कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पत्र लिखकर कहा है, कई राज्यों को एसएसए के तहत केंद्रीय निधि के अपने हिस्से को प्राप्त करने में देरी हो रही है, विशेष रूप से तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल आदि राज्यों ने अभी तक अपना हिस्सा प्राप्त नहीं किया है।



■ राशि की कमी से अभियान के प्रभावित होने का जताया खतरा


**सार्वजनिक सूचना**

**ICICI Bank** शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता–700020, सीआईएन : L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधा(ओं) के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है। ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13 (2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, जोकि तामील नहीं की जा सकी और इसलिए उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा अधिसूचित किया जा रहा है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता | प्रवर्तित की जाने वाली प्रत्याभूत आस्ति का वर्णन | प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रियम्वदा सिंह जूदेव/उदयभान नारायण सिंह गारंटर/विजय विहार ईएएल जिला जशपुर छत्तीसगढ़, जशपुर–496331/ LBRPR00003765030 | विला नंबर ए/12/38, खसरा नंबर 73 (पार्ट), 36/1–2, 75, 76/1, 2, 77/1, 2, 182/5, 6, 205/1–2, 26/1, 3, 4, आवासीय कालोनी मारूति लाइफ स्टाइल, फेज–3, वार्ड नंबर 2, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, पी.एच. नंबर 107, मौजा कोटा, आर.एन.एम. रायपुर, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल परिमाप 2350 वर्ग फीट यानी 218.32 वर्ग मीटर, जिसमें भू तल पर निर्मित क्षेत्रफल 986 वर्ग फीट यानी 91.60 वर्ग मीटर तथा प्रथम तल पर निर्मित क्षेत्रफल 740 वर्ग फीट यानी 68.75 वर्ग मीटर है। | 22–10–2024 रू. 75,49,986.26/– | 03–08–2024 |
| 2. | लक्ष्मी नारायण चन्द्रा/बुधेस्वर प्रसाद चन्द्रा/मकान नंबर 1920, हर्षित नगर माहोबा बाजार छत्तीसगढ़, रायपुर–492001/ LBRPR00004788681/ LBRPR00005209032 | खसरा नंबर 70/7, पी.एच. नंबर 106बी/46/62, आर.एन.एम. रायपुर–1, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड नंबर 12, मौजा चिरहुलडीह, कंडिका नंबर 5, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, (क्षेत्रफल परिमाप 0.010 हेक्टेयर/1048 वर्ग फीट) | 23–10–2024 रू. 19,13,237.18/– | 03–08–2024 |
| 3. | बिपिन कुमार मिश्रा/कामिनी देवी/एचआईजी, सी–124, सेक्टर–1, देवेन्द्र नगर, रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर–492001/ LBRPR00005284505 | प्लॉट नंबर 189, स्वास्तिक स्मार्ट सिटी, तहसील पाटन, जिला दुर्ग, खसरा नंबर 787, 788/2, 792, 793, 794, 795, 797/5, 797/2, 798/1, 798/2, 799, 800, 802, 804/2, 806, 807, 809, 810, 817, 818, 821/1, 821/3, 797/6, 790, 805/4, मौजा परसाडा, आर.एन.एम. भिलाई–03, पीएच नंबर 04, दुर्ग–491338, छत्तीसगढ़, (क्षेत्रफल परिमाप 1064 वर्ग फीट) | 29–10–2024 रू. 7,82,331.4/– | 03–08–2024 |
| 4. | आशीष कुमार राठ/मंजूलता राठ/सी/ओ–पंकज साव, प्रथम तल एफआईआर, बालासी वार्ड, जगदलपुर, निकट जगदलपुर, छत्तीसगढ़, जगदलपुर–499001/ LBJAG00005935403 | मकान नंबर एलआईजी–27, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, चोकावाडा, जगदलपुर, तहसील बस्तर, किजला बस्तर, छत्तीसगढ़, (क्षेत्रफल परिमाप प्लॉट एरिया 1032.96 वर्ग फीट या 96 वर्ग मीटर, निर्मित क्षेत्रफल 568.66 वर्ग फीट या 52.85 वर्ग मीटर) | 29–10–2024 रू. 12,47,739.78/– | 18–08–2024 |

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को बकाया राशि का भुगतान धारा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की सलाह दी जाती है, जिसमें विफल रहने की स्थिति में, आगे वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002, के प्रावधानों के अनुसार कदम उठाए जाएंगे।

तिथि : 30–11–2024
स्थान : रायपुर

भवदीय, अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
वास्ते. आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

आंचलिक तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, जबलपुर
1489, राइट टाउन, मानस भवन के पास, जबलपुर– 482002 (म.प्र.)
Ph.: 0761-2480150, Email: armbja@bankofbaroda.co.in

**ई- नीलामी बिक्री सूचना**

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

परिशिष्ट– IV-A (नियम 8 (6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, का प्रलक्षित/ वास्तविक कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** एवं **''बिना किसी विधिक दायित्व के''** निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी। बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई– नीलामी दिनांक एवं समय एवं धरोहर राशि नीचे दर्शाई गई है :–

| क्र. सं. | शाखा का नाम | ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम एवं पता | बकाया राशि | अचल संपत्ति का विवरण उस पर ज्ञात भार यदि कोई हो एवं संपत्ति मालिक का नाम | ई–नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | कब्जे का प्रकार (प्रलक्षित/भौतिक) | सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा | **ऋणी– 1. मेसर्स सिमरन कार्बन एंड केमीकल्स,** पता– निको कॉलोनी, ग्राम–संकरा सिलतरा, रायपुर, छ.ग.– 492001 **प्रोपराइटर– 2. परमजीत सिंह सलूजा पिता भूपेन्द्र सिंह सलूजा,** पता– 78/4, सेक्टर नं. 4, देवेन्द्र नगर, गुजराती स्कूल के पास, फफाडीह, रायपुर, छ.ग.– 492001 **जमानतदार– 3. परमिन्दर कौर सलूजा पत्नि परमजीत सिंह सलूजा,** पता– 78/4, सेक्टर नं. 4, देवेन्द्र नगर, गुजराती स्कूल के पास, फफाडीह, रायपुर, छ.ग.– 492001 | रू. 6969000/- + ब्याज 14/04/2022 से एवं खर्चे जो लागू हों | बंधक सम्पत्ति फैक्ट्री भूमि एवं शेड्स स्थित खसरा नं. 271/3 का भाग, प.ह.नं. 98, रा.नि.मं.– धारसिवा, ग्राम– संकरा, रायपुर, एरिया– 11250 वर्गफुट। बंधक सम्पत्ति फैक्ट्री भूमि एवं शेड्स स्थित खसरा नं. 271/3 का भाग (नया खसरा नं. 271/8), प.ह.नं. 98, रा.नि.मं.– धारसिवा, ग्राम– संकरा, रायपुर, एरिया– 9000 वर्गफुट। सम्पत्ति स्वामी– श्री परमजीत सिंह सलूजा। | 30-12-2024 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक | Rs. 21900000/- / Rs. 2190000/- / Rs. 10,000/- | सांकेतिक | 27-12-2024 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |
| 2 | आंचलिक दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा | **ऋणी– 1. मेसर्स सिमरन ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज,** पता– सी– 78, सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर, छ.ग.– 492001 **पार्टनर एवं जमानतदार– 2. परमजीत सिंह सलूजा पिता भूपेन्द्र सिंह सलूजा,** पता– 78, सेक्टर 4, देवेन्द्र नगर, गुजराती स्कूल के पास, फफाडीह, रायपुर, छ.ग.– 492001 **पार्टनर एवं जमानतदार– 3. परमिन्दर कौर सलूजा पत्नि परमजीत सिंह सलूजा,** पता– सी– 78, सेक्टर 04, देवेन्द्र नगर, रायपुर, छ.ग.– 492001 | रू. 76907000/- + ब्याज 01/01/2022 से एवं खर्चे जो लागू हों | (1) बंधक सम्पत्ति फैक्ट्री भूमि स्थित नया खसरा नं. 271/13–14 कुल एरिया– 12809 वर्गफुट (पुराना खसरा नं. 271/1 का भाग), एरिया– 8503 वर्गफुट एवं पुराना खसरा नं. 271/2 का भाग, एरिया 4306 वर्गफुट, स्थित ग्राम– संकरा, प.ह.नं. 24, आर.आई. सर्किल– धरसिवा, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.)। सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति परमिन्दर कौर सलूजा पत्नि श्री परमजीत सिंह सलूजा। | 30-12-2024 दोप.2.00 बजे से 6.00 बजे तक | Rs. 12500000/- / Rs. 1250000/- / Rs. 10,000/- | सांकेतिक | 27-12-2024 सुबह 11.00 बजे से 4.00 बजे तक |
| | | | | (2) बंधक सम्पत्ति भूमि एवं फैक्ट्री शेड्स स्थित खसरा नं. 271/15 एरिया– 15064 वर्गफुट (पुराना खसरा नं. 271/2 का भाग) स्थित ग्राम– संकरा, प.ह.नं.– 24, आर.आई. सर्किल– धरसिवा, तहसील एवं जिला– रायपुर (छ.ग.)। सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति परमिन्दर कौर सलूजा पत्नि श्री परमजीत सिंह सलूजा। | | Rs. 13500000/- / Rs. 1350000/- / Rs. 10,000/- | सांकेतिक | |
| | | | | (3) बंधक सम्पत्ति भूमि एवं फैक्ट्री बिल्डिंग स्थित खसरा नं. 60/6, वार्ड नं. 35, बिरगांव, प.ह.नं. 108, आर.आई. सर्किल– रायपुर–1, भूमि एरिया– 4806 वर्गफुट। सम्पत्ति स्वामी– श्रीमति परमिन्दर कौर सलूजा पत्नि श्री परमजीत सिंह सलूजा। | | Rs. 8000000/- / Rs. 800000/- / Rs. 10,000/- | सांकेतिक | |

**सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन 30 दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।**

विक्रय के निबंध और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट https://www.bankofbaroda.in / e-auction.htm एवं ई– नीलामी पोर्टल– https://ebkray.in देखें।

स्थान: जबलपुर, दिनांक: 29.11.2024

प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

# दुनिया रंग-बिरंगी





## पॉप-स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में करेंगे प्रदर्शन

**मुंबई।** वैश्विक पॉप स्टार एड शीरन 2025 में छह भारतीय शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन मार्च 2024 में अपने मुंबई कॉन्सर्ट के बाद भारत के अपने अब तक का सबसे बड़ा दौरा करने वाले हैं, जहां वह अपने संगीत के साथ दिल्ली सहित छह शहरों में प्रदर्शन करेंगे। एड शीरन ने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर प्रशंसकों के साथ रोमांचक खबर साझा की।उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा, आपके खूबसूरत देश के अपने अब तक के सबसे बड़े दौरे के लिए भारत वापस आ रहा हूं। साथ ही पहली बार भूटान में भी आ रहा हूं, एक दशक में पहली बार कतर वापस आ रहा हूं और बहरीन के खूबसूरत एम्फीथिएटर में फिर से आने वाला हूं। वर्ष 2025 की शुरुआत कितनी अच्छी हो रही, आप सभी को वहां देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।

# सर्दियों के सुपरफूड्स में है गुण हजार, बीमारियों से रहेंगे कोसों दूर

### डायबिटीज, दिल की बीमारियों व पाचन संबंधी समस्याओं से निपटने में भी मदद

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। सर्दियों का सुपर फूड कहते हैं इन्हें। वह इसलिए भी क्योंकि इनमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और कैल्शियम की मात्रा ठीक ठाक होती है। ये सुपरफूड हैं ज्वार, बाजरा, रागी, चना जिन्हें मोटा अनाज कहा जाता है। नाम भले ही मोटा है लेकिन एक्सपर्ट मानते हैं कि इन्हें खाकर शरीर फैलता नहीं है यानि आप मोटे नहीं होते लेकिन सेहतमंद जरूर होते हैं। अलावा ये पाचन को बेहतर बनाते हैं और इम्यून सिस्टम को मजबूत रखते हैं। आइए जानते हैं कि सर्दियों में इन मोटे अनाजों को अपनी डाइट में कैसे शामिल करें और इनके फायदे क्या हैं।



**बाजरा :** बाजरे को प्राचीन भारतीय आहार में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। यह सर्दियों में शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। बाजरे में भरपूर मात्रा में फाइबर, आयरन, कैल्शियम, और जिंक पाया जाता है, जो हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है। यह डायबिटीज, दिल की बीमारियों और पाचन संबंधी समस्याओं से निपटने में भी मदद करता है। रक्तचाप नियंत्रित रहता है और वजन भी नियंत्रित रहता है। सर्दियों के मौसम में बाजरे की खिचड़ी, पराठा, और ढोकला बनाकर खा सकते हैं।

**ज्वार :** ज्वार का सेवन भी सर्दियों में स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। इसमें प्रोटीन, आयरन, फाइबर और कैल्शियम जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व होते हैं। ज्वार विशेष रूप से वजन घटाने में मदद करता है, यह ग्लूटेन-फ्री डाइट के लिए भी आदर्श है। ज्वार को खाने से हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है और रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर भी नियंत्रित रहता है। ज्वार की रोटियां, ज्वार का उपमा, और ज्वार का हलवा सर्दियों में आराम से खाया जा सकता है।

**रागी :** रागी की गिनती भी मोटे अनाज के रूप में होती है, यह सर्दियों में शरीर को गर्मी प्रदान करता है। वजन को नियंत्रित करने में मदद करता है और पाचन क्रिया को दुरुस्त करता है। रागी का सेवन मांसपेशियों की ताकत बढ़ाने और रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने में भी सहायक है।

**उड़द दाल :** उड़द दाल भी मोटे अनाजों के श्रेणी में आती है और सर्दियों में इसके सेवन से शरीर को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। इसमें प्रोटीन, फाइबर और आयरन की भरपूर मात्रा होती है। उरद दाल पाचन क्रिया को बेहतर बनाती है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी भी पूरी होती है और इम्यून सिस्टम मजबूत होता है।

# आशा पारेख ने शम्मी कपूर के साथ बिताए सुनहरे पलों को किया याद

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री आशा पारेख ने दिवंगत अभिनेता शम्मी कपूर को याद करते हुए कहा कि वह उनके परिवार की तरह थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह उन्हें 'चाचू' कहकर बुलाती थीं।



शम्मी कपूर के साथ 1966 की फिल्म 'तीसरी मंजिल' में काम करने वाली अभिनेत्री ने कहा कि पसंदीदा सह-कलाकार चुनना मुश्किल है, लेकिन शम्मी जी के साथ काम करना हमेशा से ही एक खास तरह का अनुभव रहा है। वह एक को-स्टार से कहीं बढ़कर थे। वह मेरे लिए परिवार की तरह थे। मैं उन्हें प्यार से 'चाचू' कहती थी। आशा पारेख ने आगे कहा कि स्वाभाविक रूप से तालमेल के साथ काम करने से सब कुछ आसान हो गया। उनके काम करने का तरीका बहुत अलग था। उनकी सबसे खास बात यह थी कि जब भी उन पर कोई गाना फिल्माया जाता था, तो ऐसा लगता था कि जैसे संगीत उनके पूरे शरीर में बह रहा हो।

कोरियोग्राफी पर बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि हमारे पास हमारे सीक्वेंस के लिए कोई डांस मास्टर नहीं था। हमने सब कुछ खुद ही कोरियोग्राफ किया। वह कहते थे, 'तुम यह करो' और मैं जवाब देती थी, 'मैं वह करूंगी' और स्टेप्स बड़े ही आराम से किए जाते थे। वह बहुत एनर्जेटिक थे। विजय आनंद द्वारा निर्देशित फिल्म 'तीसरी मंजिल' में हेलेन, प्रेमनाथ, इफ्तिखार और प्रेम चोपड़ा भी सहायक भूमिकाओं में हैं।

अभिनेत्री शो 'सा रे गा मा पा' में एक अतिथि के तौर पर शामिल हुईं। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है। आशा पारेख की बात करें तो उन्होंने चार दशक से ज्यादा लंबे करियर में 85 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 1952 में 'मां' से एक बाल कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की। बाद में अभिनेत्री को 'दिल देके देखो', 'जब प्यार किसी से होता है।

# 31 साल बाद घर पहुंचे राजू के लिए भगवान का दूत बन गया ट्रक ड्राइवर

- राजू के लौटकर आने के बाद उसके परिजन बहुत ज्यादा खुश
- 1993 में स्कूल से वापस आते वक्त राजू को कुछ लोगों ने किया था अगवा



**गाजियाबाद,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 31 साल बाद अपने मां-बाप से मिलने के बाद राजू और उसके मां-बाप व भाई बहन ही नहीं, बल्कि आस पड़ोस में रहने वाले सैकड़ो लोगों की आंखें नम हो गईं। राजू के अपने घर वापसी की कहानी किसी फिल्म से काम नहीं है। राजू के लिए भगवान का दूत बनकर एक ट्रक ड्राइवर उस जगह पहुंचा, जहां राजू को इतने सालों से रखा गया था और लगातार यातनाएं दी जा रही थीं। राजू को बेड़ियों से आजाद कराकर गाजियाबाद के खोड़ा थाने तक पहुंचाने वाले ट्रक ड्राइवर ने किसी को अपना परिचय नहीं बताया। उसने सभी को मना किया कि उसका नाम किसी के सामने न लिया जाए। राजू के परिजन और रिश्तेदार उस ट्रक ड्राइवर को भगवान का दूत मान रहे हैं। राजू की बहन ने बताया कि राजू के गाजियाबाद के खोड़ा थाना पहुंचने से कुछ दिन पहले ही वह ट्रक ड्राइवर उस जगह पर पहुंचा था जिसे अभी राजस्थान का जैसलमेर इलाका बताया जा रहा है) जहां राजू को सालों से बंधक बनाकर रखा गया था। 1993 में स्कूल से वापस आते वक्त राजू को कुछ लोगों ने अगवा कर लिया था और अपने साथ लेकर राजस्थान चले गए थे। राजू को ले जाने के बाद उसे एक झोपड़ी में रखकर यातनाएं दी गईं और उसे बकरी चराने का काम दिया गया था।

राजू की बहन ने बताया कि कुछ दिन पहले एक ट्रक ड्राइवर राजू के पास पहुंचा और राजू की हालत को देखकर उसे उस पर दया आ गई। उसने राजू से उसकी इस हालात के बारे में पूछा। राजू ने उसे बताया वह गाजियाबाद का रहने वाला है और बचपन में उसे कुछ लोग उठाकर यहां ले आए थे। उस ट्रक ड्राइवर ने राजू को बचाने की ठानी। उसने राजू को बेड़ियों से आजाद किया और फिर उसे अपने साथ गाजियाबाद के खोड़ा तक ले आया। यहां पर ट्रक ड्राइवर ने पुलिसकर्मियों को एक चिट्ठी लिख कर दी कि जिसका भी यह बेटा है, उसे ढूंढ कर सौंप दिया जाए। ट्रक ड्राइवर ने सभी से अपनी पहचान गुप्त रखने की गुजारिश की है और उसने अपना पता ठिकाना भी नहीं बताया। राजू के लौटकर आने के बाद उसके परिजन बहुत ज्यादा खुश हैं और ट्रक ड्राइवर को भगवान का दूत मान रहे हैं। राजू खुद बजरंगबली का बहुत बड़ा भक्त है और उन्हीं के सहारे उसने इतने दिन कैद में काटे। राजू के परिजनों के मुताबिक ट्रक ड्राइवर बजरंगबली का भेजा हुआ दूत था, जिसने राजू को कैद से आजाद कराया और उसके घरवालों तक पहुंचा दिया।

# आंवला सेहत के लिए है बेहद फायदेमंद

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। आंवला आयुर्वेदिक उपचार का अहम हिस्सा रहा है, इसके स्वास्थ्य लाभ अनगिनत हैं। आंवला विटामिन सी, एंटीऑक्सीडेंट्स, फाइबर, मिनरल्स और आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होता है, जो सेहत के लिए अत्यंत लाभकारी होता है।

आंवला विटामिन सी का एक बेहतरीन स्रोत है, यह शरीर के लिए एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट के रूप में काम करता है। शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत करने, त्वचा की सेहत को सुधारने, और सूजन को कम करने में विटामिन सी काफी मदद करता है। एक आंवला में करीब 600 से 700 मिग्रा विटामिन सी होता है, सर्दी-जुकाम और फ्लू से बचाव करने में भी आंवला सहायक है।

हृदय स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए भी आंवला बेहद फायदेमंद है। आंवले में उच्च मात्रा में फाइबर और पोटेशियम होता है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करने में मदद करता है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को भी कम करता है। इसके अलावा, आंवला में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो हृदय की रक्त वाहिकाओं में सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

आंवले में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो पाचन क्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है। आंवला कब्ज, एसिडिटी और पेट के अन्य विकारों से राहत दिलाने में प्रभावी है। इसके अलावा, आंवला सेवन से आंतों की सफाई होती है और पेट के बैक्टीरिया का संतुलन बनाए रखने में मदद मिलती है।



- आंवला विटामिन सी, फाइबर, मिनरल्स व आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर
- कब्ज, एसिडिटी और पेट के अन्य विकारों से राहत दिलाने में प्रभावी

बालों को मजबूत करने के लिए भी आंवला बेहद फायदेमंद है। यह बालों की जड़ों को मजबूत करता है, बालों का झड़ना कम करता है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देता है। आंवला में मौजूद विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स बालों की ग्रोथ को तेज करते हैं और इन्हें स्वस्थ और चमकदार बनाते हैं। बालों में आंवला तेल लगाने से बालों की कमजोरी और डैंड्रफ जैसी समस्याएं दूर होती हैं।

आंवला त्वचा के लिए भी बेहद लाभकारी है। यह झुर्रियों को कम करने और त्वचा को चमकदार बनाने में मदद करता है। आंवला के एंटीऑक्सीडेंट्स त्वचा को पर्यावरणीय नुकसान से बचाते हैं। इसके अलावा, आंवला के सेवन से शरीर में कोलेजन का उत्पादन बढ़ता है, जो त्वचा को नमी प्रदान करता है। डायबिटीज के मरीजों के लिए भी आंवला सेवन फायदेमंद साबित हो सकता है। यह ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है। आंवला में मौजूद फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं और ब्लड शुगर बढ़ने से रोकते हैं। डायबिटीज के मरीज अगर नियमित रूप से आंवला का सेवन करें तो उनकी स्थिति में सुधार हो सकता है।

इसके अलावा, आंवला वजन घटाने के लिए भी उपयोगी साबित हो सकता है। इसमें कम कैलोरी होती है और यह मेटाबोलिज्म को तेज करता है। आंवला का सेवन शरीर की चर्बी को घटाने में मदद करता है और पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखता है, जिससे अधिक खाने की इच्छा कम होती है। इसके अलावा, आंवला शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है, जो वजन घटाने में सहायक होते हैं।

# मां शौकत कैफी को याद कर भावुक हुईं शबाना आजमी

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अपनी मां शौकत कैफी को याद करते हुए सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया। इंस्टाग्राम पोस्ट में अभिनेत्री ने अपनी मां को जिंदादिल बताते हुए उनकी खासियतें बताईं। तस्वीर में मां-बेटी को बात करते हुए देखा जा सकता है। अपनी पोस्ट के साथ एक नोट में शबाना ने लिखा, मेरी मां एक मजेदार महिला थीं। वह हमेशा गाने और कविता गुनगुनाती रहती थीं। जब किसी बात पर खुश होती थीं तो खुलकर हंसती थीं। एक काम जो वो चाह कर भी नहीं कर पाईं वो था सीटी बजाना! हांलाकि मेरे भाई से उन्होंने इसे सीखने की बहुत कोशिश की! बता



दें कि शबाना की मां शौकत कैफी का 2022 में 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। जावेद अख्तर ने ये खबर सुनाई थी। कहा था, वह 93 वर्ष की थीं और उन्हें एक के बाद एक समस्याएं हो रही थीं। उन्हें कोकिलाबेन धीरूबाई अंबानी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, कुछ दिनों के लिए वह आईसीयू में थीं। शबाना आजमी की मां शौकत कैफी थिएटर में काम करने के अलावा एक सफल अभिनेत्री भी थीं। वही शबाना के पिता कैफी आजमी उर्दू के मशहूर कवि और गीतकार थे। शबाना का करियर भी शानदार रहा है। समानांतर से लेकर कमर्शियल सिनेमा तक में उन्होंने अपनी धाक जमाई। अभी भी पूरे उत्साह और जुनून से अपनी कला को निखार रही हैं।

शबाना आजमी अभिनीत 'बन टिक्की' का वर्ल्ड प्रीमियर 5 जनवरी को कैलिफोर्निया के 36वें पाम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (पीएसआईएफएफ) में होगा। फराज आरिफ अंसारी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में जीनत अमान और अभय देओल भी हैं। यह फिल्म फैशन डिजाइनर से निर्माता बने मनीष मल्होत्रा की साली मोहब्बत के बाद निर्माता के रूप में दूसरी फिल्म है।

# गिलहरी और मोर के बाद धर्मेंद्र के घर आए दो खास मेहमान

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र अपने फार्महाउस पर ज्यादा से ज्यादा समय बिताते हैं। वह जब भी वहां जाते है, वहां से जुड़े अनमोल पल फैंस के साथ जरूर शेयर करते है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र इससे पहले फार्महाउस में आई गिलहरी और मोर की तस्वीरें शेयर की थी। मगर अब उनके घर में एक नहीं दो मेहमान पहुंचे। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनके घर की ग्रिल पर बैठे दो लंगूर देखे जा सकते हैं।

धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, दोस्तों, जंगल में पहले मोर आए खा पी कर चलते बने..अब ये जनाब आ गए हैं..जाने क्या करेंगे। अगस्त माह में धर्मेंद्र ने गिलहरी के साथ खेलती एक प्यारी वीडियो शेयर की थी। क्लिप में गिलहरी धर्मेंद्र के पैर पर दौड़ती हुई दिखाई दी थी और धर्मेंद्र कह रहे थे- इस जीव को देखो यह कितना प्यारा है, हमें इन जीवों से सीखना चाहिए।

बॉलीवुड के 'ही-मैन' कहे जाने वाले धर्मेंद्र ने 1960 के दशक के मध्य में 'आई मिलन की बेला', 'फूल और पत्थर', 'आए दिन बहार के', 'आंखें',



'शिकार', 'आया सावन झूम के', 'जीवन मृत्यु', 'मेरा गांव मेरा देश', 'सीता और गीता', 'राजा जानी', 'यादों की बारात', 'दोस्त', 'शोले', 'हुकूमत', 'आग ही आग', 'द बर्निंग ट्रेन', 'जुगनू' जैसी फिल्मों से लोकप्रियता हासिल की।

1990 के दशक की कई सफल फिल्मों में चरित्र भूमिकाओं में दिखाई दिए, जिनमें 'प्यार किया तो डरना क्या', 'लाइफ इन ए मेट्रो', 'अपने', 'जॉनी गद्दार' और 'यमला पगला दीवाना' के नाम शामिल हैं।

# 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव संपन्न

**पणजी,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। गोवा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में सिनेमा के जादू और कहानी कहने की भावना का जश्न मनाने वाले एक शानदार समापन समारोह के साथ 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) संपन्न हो गया। यह कार्यक्रम वैश्विक और भारतीय सिनेमा के नौ दिवसीय उत्सव का एक उपयुक्त समापन था, जिसने फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और सिनेप्रेमियों को स्क्रीन पर कहानी कहने के जादू की साझा प्रशंसा के लिए एकजुट किया। रेड-कार्पेट के क्षणों से लेकर आत्मा को झकझोर देने वाले प्रदर्शनों और उत्कृष्ट कहानी कहने की कला तक, समापन समारोह सितारों से भरा एक कार्यक्रम था, जिसमें सिनेमा के बेहतरीन प्रस्तुतियों और उन कलाकारों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अमिट छाप छोड़ी है।इस सिनेमाई उत्सव के अंतिम अध्याय का अनावरण करते हुए, समारोह में ऐसे पल और यादें शामिल थीं, जो सिनेमा प्रेमियों के मन में लंबे समय तक बनी रहेंगी।

इस उत्सव का समापन फिल्म, 'ड्राई सीज़न' के साथ हुआ - जिसे प्रशंसित चेक फिल्म निर्माता बोहदान स्लैमा ने निर्देशित किया था, जिसमें मानवता, स्थायित्व और पीढ़ीगत बंधनों की कहानी को दर्शाया गया है। समापन रात का सबसे प्रतीक्षित खंड प्रतिष्ठित पुरस्कारों की प्रस्तुति थी, जिसमें असाधारण प्रतिभा और कहानी कहने की क्षमता को मान्यता दी गई। इस साल सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए सबसे प्रतिष्ठित गोल्डन पीकॉक पुरस्कार टॉक्सिक को मिला। गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सावंत और अंतर्राष्ट्रीय




प्रतियोगिता के जूरी अध्यक्ष आशुतोष गोवारिकर ने पुरस्कार प्रदान किया।

प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता फिलिप नॉयस को इफ्फी 2024 में सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शांति और अहिंसा के संदेश के लिए 'क्रॉसिंग' ने आईसीएफटी-यूनेस्को गांधी पदक जीता।मराठी वेब सीरीज 'लैम्पन' को सर्वश्रेष्ठ वेब सीरीज (ओटीटी) का पुरस्कार मिला। इफ्फी में पहली बार, मराठी फिल्म 'घराट गणपति' के लिए निर्देशक नवज्योत बंदीवाडेकर को भारतीय फीचर फिल्म के सर्वश्रेष्ठ नवोदित निर्देशक का पुरस्कार मिला।अभिनेता विक्रांत मैसी को इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर पुरस्कार प्रदान किया गया।परदे पर बेहतरीन निर्देशन और बेहतरीन कहानी कहने की कला के लिए, सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का सिल्वर पीकॉक पुरस्कार रोमानियाई लेखक और निर्देशक बोगदान मुरेसानु को उनकी फिल्म 'द न्यू ईयर दैट नेवर केम' के लिए दिया गया।

अभिनेता क्लेमेंट फेवौ को फ्रांसीसी फिल्म होली काउ में उनके अविश्वसनीय और सम्मोहक अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) के सिल्वर पीकॉक पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें उन्होंने मासूमियत से परिपक्वता की ओर बढ़ते हुए नायक के भावनात्मक उतार-चढ़ाव को व्यक्त किया है।

# अल्जाइमर का पता लगाने में कामयाब है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी शोधकर्ताओं की एक टीम ने एक नया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित उपकरण विकसित किया है जो अल्जाइमर रोग के सूक्ष्म संकेतों को पहचान सकता है। कैलिफोर्निया में ग्लैडस्टोन इंस्टीट्यूट्स की टीम ने अल्जाइमर के प्रमुख पहलुओं की नकल करने के लिए चूहों को तैयार किया और मस्तिष्क रोग के शुरुआती लक्षणों का पता लगाने के लिए नए वीडियो-आधारित मशीन लर्निंग टूल का इस्तेमाल किया।

वर्तमान में इस बीमारी की पहचान में काफी समय लगता है। मगर सेल रिपोर्ट्स नामक पत्रिका में प्रकाशित निष्कर्ष न्यूरोलॉजिकल बीमारी की पहचान समय से



पहले करने की नई रणनीति पर प्रकाश डालते हैं। ग्लेडस्टोन के अन्वेषक (इन्वेस्टिगेटर) जॉर्ज पालोप ने कहा कि एआई संभावित रूप से मस्तिष्क के कार्य में प्रारंभिक असामान्यताओं के संकेत देने वाले अल्जाइमर से जुड़े व्यवहारों के विश्लेषण में क्रांतिकारी

- उपकरण गंभीर मस्तिष्क विकारों की उत्पत्ति और प्रगति को समझने में मदद
- अल्जाइमर बीमारी से धीरे-धीरे मरीज की याददाश्त में कमी

बदलाव ला सकता है। वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग नामक एक मशीन लर्निंग प्लेटफॉर्म ने खुले क्षेत्र में घूमते हुए चूहों के वीडियो फुटेज का विश्लेषण किया। इसने सूक्ष्म व्यवहार पैटर्न, अव्यवस्थित व्यवहार, असामान्य पैटर्न और चूहों की उम्र बढ़ने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों के बीच अधिक बार संक्रमण की पहचान की। ये व्यवहार, जो संभवतः स्मृति और ध्यान की कमी से जुड़े हैं, कैमरे में कैद किए गए थे। पालोप ने कहा कि यह उपकरण गंभीर मस्तिष्क विकारों की उत्पत्ति और प्रगति को समझने में मदद कर सकता है, उन्होंने कहा कि इसे अन्य न्यूरोलॉजिकल रोगों पर भी लागू किया जा सकता है। इसके अलावा, नए अध्ययन में वेरिएशनल एनिमल मोशन एम्बेडिंग का उपयोग यह जानने के लिए भी किया गया कि क्या अल्जाइमर के लिए संभावित चिकित्सा तरीका चूहों में अव्यवस्थित व्यवहार को रोक सकेगा। उन्होंने पाया कि मस्तिष्क में टॉक्सिक इंफ्लामेशन को ट्रिगर करने वाले फाइब्रिन को आनुवंशिक रूप से अवरुद्ध करने से चूहों में अल्जाइमर के विकास को रोका जा सकता है।

# अभिमत

जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।

## प्रकृति से जुड़ा है कमारों का जीवन

नवाचार

■ बाबा मायाराम

छत्तीसगढ़ में गरियाबंद जिले में कमार आदिवासियों की आबादी है। कमार, विशेष पिछड़ी जनजाति समूह (पीवीटीजी) के अंतर्गत आते हैं। ये आदिम जनजातियों में से एक हैं। इनकी पारंपरिक जीवनशैली प्रकृति के करीब है। कमारों की आजीविका बांस के बर्तन बनाकर बेचने और जंगल से भी जुड़ी से है। हाल के कुछ वर्षों से कमार खेती की ओर भी मुड़े हैं। इस कॉलम में सुदूर जंगल के गांवों में कमार आदिवासियों के जीवन में झांकने की कोशिश है, जिससे उनका प्रकृति से जुड़ाव को समझा जा सके।

मैंने हाल ही में इस इलाके का दौरा किया था। मुझे प्रेरक स्वयंसेवी संस्था के कोमलराम साहू ने गरियाबंद के कुछ गांव के लोगों से मिलवाया था और जंगल दिखाया था। जंगल में हवा की खुशबू थी। गर्म लू के थपेड़ों की बजाय हवा में कुछ नमी थी। एक ओर चिड़ियों की आवाज आ रही थी और दूसरी ओर पैरी नदी कल-कल बह रही थी, उसकी आवाज आ रही थी। हवा की ताजगी, पेड़ों की चमकीली पत्तियां, कीट-पतंगों की भिनभिनाहट और पानी की झिलमिलाहट मुझे खींच रही थी।

यह बहुत ही खूबसूरत इलाका है। यहां राजिम में त्रिवेणी संगम है। जलप्रपात और जतमई माता का मंदिर है। महानदी और पैरी नदी है। इसी प्रकार, यहां सांस्कृतिक विविधता भी देखने को मिलती है।

राजिम स्थित प्रेरक स्वयंसेवी संस्था इस इलाके में लंबे समय से काम कर रही है। देसी बीजों की जैविक खेती, शिक्षा, बुजुर्गों के लिए आश्रम, मानसिक स्वास्थ्य की समस्या से ग्रस्त युवाओं के लिए केन्द्र इत्यादि। पिछले कुछ वर्षों से वन अधिकार कानून के तहत सामुदायिक वनाधिकार के लिए लोगों को जागरूक करने से लेकर वन प्रबंधन, पौधारोपण, जल संरक्षण कई कामों में संस्था सहयोग कर रही है।

यहां के आमझर गांव के ग्रामीण बताते हैं कि वैसे तो हम जंगल की रखवाली व देखभाल लम्बे समय से करते आ रहे हैं, पर इसे व्यवस्थित रूप से दो-तीन सालों से कर रहे हैं। जब से वन अधिकार कानून के तहत् वन संसाधन का अधिकार मिला है, उसके बाद वन प्रबंधन समिति का गठन किया गया है।

गांव की महिलाओं ने बताया कि बांस से खुमरी, मोरा, टुकना, झिंझरी, सूप, चांप, झाड़ू और चटाई बनाते हैं, जिन्हें बेचकर पेट पालते हैं। जंगल से बहुत सारी खान-पान की चीजें मिलती हैं, जैसे फल, फूल, हरी पत्तेदार भाजियां इत्यादि। फुटू (मशरूम) भी कई तरह के मिलते हैं, जैसे भिमोरी फुटू, भदेली फुटू, पैरा फुटू इत्यादि।

इसी प्रकार, कई प्रकार की भाजियां मिलती हैं- जैसे चरौटा भाजी, अमटी भाजी, कोलियारी भाजी इत्यादि। फलों में तेंदू, चार, आम, कुसुम, मोकाई और भिलवां मिलते हैं।

ग्रामीण बताते हैं कि इस गांव के जंगल में पिछले साल आग नहीं लगी, क्योंकि गांव के लोग बारी-बारी से इसकी रखवाली करते हैं। जबकि आसपड़ोस के जंगल में आग लगी है, उनके जंगल में नहीं लगी। जंगल में आग लगना आम बात है। इसका मुख्य कारण महुआ संग्रह के लिए पेड़ के नीचे कचरा व पत्तों में आग लगना है। इसके कारण आग फैल जाती है। चरवाहे व राहगीरों के माध्यम से आग लग जाती है। जंगल में आग की वजह से छोटी-मोटी झाड़ियां, फलदार पेड़ और कंद-मूल इत्यादि जलकर नष्ट हो जाते हैं।

वे आगे बताते हैं कि महुआ बीनने से पहले गांव में बैठक हुई थी, उसमें तय हुआ कि कुछ जगह छोड़कर आग लगाएं। इसके लिए पतझड़ में जो पत्ते झड़ते हैं, उन्हें अलग करके रखते हैं, जिससे आग न लगे। इसके साथ ही, जंगल की सीमा में एक गड्ढा बनाया गया है, ताकि आग से जंगल को बचाया जा सके। आग से जलने वाली चीजों के इस्तेमाल पर रोक लगाई है।

वे बतलाते हैं कि वे सुबह से शाम तक जंगल की रखवाली करते हैं। अगर कोई व्यक्ति जंगल में मिलता है तो उसे हिदायत देते हैं कि जंगल में आग मत लगाना। जंगल में आग लगने से खेतों की नमी खत्म हो जाती है। इतना ही नहीं, तरह-तरह के कीट-पतंगें, सांप, मेढ़क और पक्षी, यह सब भी इस आग से जलकर मर जाते हैं। इनमें से कई खेती में उपयोगी हैं।

गांव की वन प्रबंधन समिति ने जंगल की सुरक्षा के लिए नियमावली बनाई गई है, जिससे जंगल को किसी प्रकार नुकसान न हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है। गीली लकड़ी न काटें। अगर गांव के बाहर से कोई व्यक्ति जंगल आता है तो उसे लकड़ी ले जाने के लिए मना करते हैं। बकरी व मवेशियों को भी जंगल में ले जाने से मना करते हैं, जिससे छोटे पौधों को नुकसान न हो।

इसी वर्ष राजस्थान के भेड़ चराने वालों को गांववालों ने जंगल में भेड़ चराने से रोका था, क्योंकि छोटे पौधों को इससे नुकसान होता है। गांव के मवेशियों के लिए एक ही जगह चराई हो, जिससे छोटे पेड़ पौधों को नुकसान न हो। इसके साथ ही दुर्लभ प्रजाति के पेड़ों को काटने पर रोक है।

वे आगे बताते हैं जलाने के लिए सूखी लकड़ी ही लाएंगे, जहां जंगल में पेड़ कम हैं, वहां पौधारोपण करेंगे, जंगल की कटाई नहीं हो, वनोपज सबको मिले, यह सुनिश्चित करेंगे, मशरूम के लिए किसी के लिए रोक-टोक नहीं है। अगर किसी व्यक्ति को नया मकान बनाना है या मरम्मत करना है तो लकड़ी के लिए ग्रामसभा की अनुमति लेनी होगी।

एक ग्रामीण ने बताया कि यहां घने जंगल होने के कारण जमीन में नमी होती है जो खेती के लिए बहुत अच्छी होती है। पेड़ की शाखाएं जैसे- कर्रा, हर्रा, तेंदू और चार से पानी होकर खेतों में जाता है, वह मिट्टी को बहुत उपजाऊ बनाता है। जंगली चूहा खेतों में बिल बनाकर रहता था, जिससे खेतों की जुताई हो जाती थी, चिड़िया भी कीटनाशक का काम करती हैं, इनके कम होने से फसलों में कीट ज्यादा लगते हैं।

गांव वालों ने बताया कि अगर जंगल की अच्छे से रखवाली की जाए, और उसे विश्राम दिया जाए तो कुछ ही सालों में नया जंगल हरा-भरा हो जाता है। उसमें कुछ भी करने की जरूरत नहीं है, सिर्फ रखवाली करनी जरुरी है। जो जगह खाली है, या वहां के पौधे छोटे हैं, वहां नए पौधे आ जाते हैं और छोटे पौधों को भी बढ़ने का मौका मिलता है। इस लिहाज से जंगल की रखवाली बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस कारण जंगल में विविधता तो देखी जाती है, तरह-तरह के पक्षियों का भी बसेरा होता है।

कुल मिलाकर, यहां के ग्रामीण अपने गांव के आसपास का जंगल, चारागाह, वन, जलस्रोत सुधार कर गांव के दीर्घकालीन विकास व गांव के पर्यावरण की रक्षा की संभावनाओं को निरंतर बढ़ा रहे हैं। कमार आदिवासियों का आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।

**जलवायु बदलाव के दौर में जल संरक्षण व हरियाली का बने रहना, गांव में दो सबसे बड़ी ज़रूरतें हैं, वनों की रक्षा से दोनों काम हो रहे हैं, जंगल होगा तो पानी व मिट्टी का भी संरक्षण होगा। हमें वन खाद्य, चारे, वन, मिट्टी संरक्षण के साथ स्थानीय वृक्षों को महत्व देना चाहिए। इस गांव के लोगों ने यह काम कर दिखाया है, जो सराहनीय होने के साथ अनुकरणीय भी है।**

## बीता सप्ताह

**23 नवंबर**
- बस्तर छत्तीसगढ़ के सुकमा ग्राम में जवानों और नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 10 नक्सली मारे गए।
- सेनेगल के चुनाव में सत्तारूढ़ पार्टी 'पास्तेफ' को तीन चौथाई बहुमत प्राप्त हुआ।
- चीन के समानव चंद्रयान मिशन में प्रारंभिक मॉडल अनुसंधान में प्रवेश किया।
- नाइजीरिया, ब्राजील व गुयाना प्रवास के दौरान पीएम मोदी ने 31 नेताओं के साथ मुलाकात की।

**24 नवंबर**
- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए की महायुति की जीत हुई।
- झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी ने बहुमत हासिल किया।
- मणिपुर में हिंसात्मक घटनाओं के बाद लगे इंटरनेट प्रतिबंध को हटा लिया गया।
- अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग ने रिश्वत मामले में उद्योगपति गौतम अडानी एवं उनके भतीजे सागर अडानी को तलब किया।

**25 नवंबर**
- उत्तर प्रदेश के संभल में जामा मस्जिद सर्वेक्षण के दौरान स्थानीय लोगों और पुलिस के बीच हिंसक घटना में 5 लोगों की मौत हो गई।
- विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत आईपीएल मैच के सबसे महंगे खिलाड़ी बने।
- राष्ट्रपति चुनाव के लिए रोमानिया में मतदान हुआ।
- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर देबव्रत पात्रा ने ने कहा डिजिटल पेमेंट में कार्ड लीडर बन रहा भारत।

**26 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम सुनवाई में कहा संविधान की प्रस्तावना से समाजवादी व धर्मनिरपेक्ष शब्द नहीं हटाया जाएगा।
- पर्थ टेस्ट में भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों से हराया।
- आदित्य ठाकरे शिवसेना यूबीटी के विधायक दल के नेता बनाए गए।
- अफगानिस्तान में एक यात्री वाहन कोकचा नदी में गिर जाने छः लोगों की मौत हो गई।

**27 नवंबर**
- पूरे देश में 28 नवंबर को संविधान दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को पवित्र ग्रंथ है कहा।
- किसान नेता सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल को पंजाब पुलिस ने हिरासत में लिया।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल से बाहर करने को उनकी पार्टी पीटीआई तहरीक ए इंसाफ द्वारा उग्र प्रदर्शन के दौरान 6 जवानों की मौत हो गई।
- जापान के तनेगाशिया अंतरिक्ष केन्द्र में रॉकेट परीक्षण के दौरान आग लग गई।

**28 नवम्बर**
- अजमेर की विश्वप्रसिछ ख्वाजा मोईनुद्दी चिश्ती की दरगाह के सर्वेक्षण को लेकर अजमेर कोर्ट ने अजमेर शरीफ को शिव मंदिर बताने वाली याचिका मंजूर कर ली है।
- इजराइल लेबनान के साथ 60दिन युद्धविराम पर सहमत हो गया है। यह समझौता 27 नवम्बर की आधीरात से लागू हो गया।
- बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को भ्रष्टाचार मामले में उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया।
- नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी (नाडा) ने पहलवान बजरंग पूतिया को सिलेक्श ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट के लिए सेंपल देने से इंकार करने पर 4 साल के लिए निलंबित कर दिया।

**29 नवम्बर**
- झारखंड में हेमंत सोरेन ने चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- प्रियंका गांधी वाड्रा ने वायनाड सीट से सांसद बनने पर लोकसभा सदस्यता की शपथ ली।
- बसर्लिोना के फॉरवर्ड लैमिन यामल ने वर्ष 2024 का गोल्डन बॉय तथा महिला वर्ग में मिडफील्डर विकी लोपेज ने गोल्डन गर्ल पुरस्कार जीता।
- आस्ट्रेलिया संसद में बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर रोक

## अब सर्वोच्च न्यायालय पूजा स्थल अधिनियम की रक्षा करे

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के संभल में हाल ही में हुई घटनाएं, जिसमें पांच युवा मुस्लिम पुरुषों की मौत हो गयी, संसद द्वारा अधिनियमित पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के महत्व को रेखांकित करती है। यह कानून देश की आजादी 15 अगस्त 1947 को पूजा स्थलों की स्थिति के अलग 'किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण' (धारा 3) को प्रतिबंधित करता है और उस समय की स्थिति के अनुरूप 'किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बनाये रखने का प्रावधान करता है (धारा 4)। कोई भी व्यक्ति 'किसी भी धार्मिक संप्रदाय या उसके किसी भी वर्ग के पूजा स्थल को उसी धार्मिक संप्रदाय के किसी अन्य वर्ग या किसी अन्य धार्मिक संप्रदाय के पूजा स्थल में परिवर्तित नहीं कर सकता'। ध्यान रहे कि रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को अधिनियम के दायरे से बाहर रखा गया था।

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय की पांच सदस्यीय पीठ के फैसले ने भी पूजा स्थल अधिनियम की वैधता को दोहराया था और कहा था कि मौजूदा धार्मिक स्थलों के खिलाफ कोई दावा कानून द्वारा स्वीकार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, मई 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण करने की अनुमति दी थी। जिला अदालत में दायर एक याचिका में कहा गया है कि मस्जिद को एक ध्वस्त मंदिर के खंडहर पर बनाया गया था। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने सर्वेक्षण जारी रखने की अनुमति देते हुए कहा कि 1991 के अधिनियम के तहत किसी धार्मिक स्थल की प्रकृति का पता लगाना वर्जित नहीं है। बाद में न्यायालय ने यह भी माना कि याचिकाकर्ता केवल 15 अगस्त, 1947 को स्थान की स्थिति का पता लगाने की मांग कर रहे हैं, न कि अधिनियम के अनुसार स्थान की प्रकृति को बदलने या परिवर्तित करने की।

इस भयावह निर्णय से, हिंदू संप्रदायवादियों के लिए विभिन्न स्थानों पर कानूनी विवाद खड़ा करने के लिए बाढ़ के द्वार खुल गये, जहां मस्जिदें मौजूद हैं। ज्ञानवापी मस्जिद सर्वेक्षण की मांग के बाद मथुरा में ईदगाह में इसी तरह का मामला सामने आया और जिला अदालत ने सर्वेक्षण का आदेश दिया। इसके बाद संभल का मामला आया। 19 नवंबर को जिला अदालत ने अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन द्वारा दायर एक आवेदन के आधार पर 1526 में निर्मित मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण की अनुमति दी, जिन्होंने पहले मथुरा और वाराणसी की जिला अदालत में याचिकाएं दायर की थीं। इस तथ्य के बावजूद कि मस्जिद एक संरक्षित स्मारक है, आवेदन को तुरंत स्वीकार कर लिया गया।

आश्चर्यजनक तत्परता के साथ, अदालत ने एक अधिवक्ता आयोग का गठन किया और उसी दिन सर्वेक्षण करने का आदेश दिया। सर्वेक्षण रिपोर्ट 29 नवंबर को प्रस्तुत की जानी थी। मस्जिद समिति को सुनवाई का मौका भी नहीं दिया गया। मस्जिद समिति के पूर्ण सहयोग से सर्वेक्षण किया गया। हालांकि, 24 नवंबर को सर्वेक्षण दल मस्जिद में एक और सर्वेक्षण करने पहुंचा। इस बार उनके साथ न केवल पुलिस थी, बल्कि बड़ी संख्या में लोग 'जय श्री राम' के नारे लगा रहे थे। मुसलमानों की भीड़ जमा हो गयी और कुछ ही देर बाद स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गयी, पत्थरबाजी, लाठी चार्ज, आंसू गैस और गोलीबारी शुरू हो गयी। तीन युवा मुस्लिम युवकों की गोली लगने से मौत हो गई और बाद में दो और घायल हो गए।

स्थानीय समाजवादी पार्टी के सांसद और समाजवादी पार्टी के विधायक के बेटे पर पुलिस द्वारा दर्ज की गयी एफआईआर में दंगा और हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है। उत्तर प्रदेश में आदित्यनाथ शासन में किसी भी बहाने से मुसलमानों पर बड़े पैमाने पर हमला किया जा रहा है। कुछ सप्ताह पहले बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा के कारण मुस्लिम समुदाय के खिलाफ राज्य का दमन हुआ और बड़ी संख्या में मुस्लिम युवकों को गिरफ्तार किया गया। हिंदूवादी संगठन कानूनी तरीके से विवाद को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न मस्जिदों को निशाना बना रहे हैं।

संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है - वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।

सबसे परेशान करने वाली बात यह है कि यह सब खुद सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में संभव हुआ, जिसने उसी कानून की अवहेलना की जिसका पालन करने का आदेश पहले सभी को दिया था। अगर इस विनाशकारी रास्ते को पलटना है, तो सुप्रीम कोर्ट को तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए और पूजा स्थल अधिनियम की पवित्रता को बनाये रखना चाहिए, जो 15 अगस्त, 1947 के बाद पूजा स्थल के बारे में कोई भी कानूनी विवाद उठाने की अनुमति नहीं देता है।

**संभल में 16वीं सदी की मस्जिद को लेकर विवाद को हवा देने की कोशिशों में न्यायिक मिलीभगत का भी हाथ था। उत्तर प्रदेश के स्थानीय न्यायालयों में हमने जो देखा है- वाराणसी, मथुरा और अब संभल में - वह सदियों पुरानी मस्जिदों को हिंदू वर्चस्व स्थापित करने के लिए युद्ध के मैदान में बदलने की योजनाबद्ध कोशिश है।**

## भारत-नाइजीरिया संबंधों में विस्तार की असीम संभावनाएं

■ डॉ.पार्वती वासुदेवन व डॉ. ए वासुदेवन

नाइजीरिया संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 और 17 नवंबर को नाइजीरिया की यात्रा पर गए थे। 17 वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इस यात्रा ने नाइजीरिया के साथ भारत की 'रणनीतिक साझेदारी' को आगे बढ़ाया है। नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे तेजी से बढ़ती और चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।

अगर 21वीं सदी वास्तव में वैश्विक दक्षिण से संबंधित है तो भारत और नाइजीरिया के बीच संबंधों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, कच्चे तेल और सैन्य प्रशिक्षण के चश्मे से परे देखा जाना चाहिए। इन संबंधों में एक नया अध्याय तब शुरू हुआ जब 2023 में नई दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन ने उच्च तालिका में स्थायी स्थान के साथ अफ्रीकी प्रतिनिधित्व का स्वागत किया।

भारत और नाइजीरिया के पास मानव गतिविधियों के सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में एक-दूसरे को देने के लिए बहुत कुछ है। नाइजीरिया इस समय अफ्रीका में तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माण क्षेत्र है जो और आगे बढ़ना चाहता है। अन्य क्षेत्रों में भी तेजी से प्रगति हुई है। उदाहरण के लिए डांगोट रिफाइनरियों के आगमन के कारण पेट्रोलियम वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए तैयार नाइजीरिया के साथ भारत और बाकी दुनिया के साथ इसके अंतरराष्ट्रीय संबंधों की प्रकृति अनिवार्य रूप से एकदम बदल जाएगी। यह कायापलट किसी सीमा तक उन विचारों द्वारा निर्देशित होगी जो अमेरिका में नए ट्रम्प प्रशासन की विशेषता होगी।

भारतीय नजरिए से देखें तो मध्य पूर्व में तनाव, यूक्रेन-रूस संघर्ष और अपनी विस्तारवादी नीतियों के साथ चीनी कूटनीति के अनिश्चित आयामों के कारण दुनिया की भू-राजनीति पर असर की वजह से अफ्रीकी महाद्वीप के साथ नए संबंधों बनाने के लिए भारत विवश हुआ है।

नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है। देश में वैज्ञानिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में प्रगति के बहुत मौके हैं। इसके पास जनसांख्यिकीय लाभांश का उपयोग कर कौशल, आधुनिकीकरण के लिए आवश्यक सुधार, सामाजिक-आर्थिक क्षेत्र आतंकवादी समूहों- मुख्य रूप से बोको हरम की हिंसा पर लगाम लगाने के अवसर हैं।

फिर भी नाइजीरिया की प्रगति में एक और बाधा का वहां का कमजोर राजनीतिक और आर्थिक शासन है जिसमें भ्रष्टाचार व्याप्त है। न्याय व्यवस्था भी अन्य संस्थानों की तरह शक्तिशाली अभिजात वर्ग की कैद में हैं। इसलिए कोई आश्चर्य नहीं कि पिछले दस वर्षों में नाइजीरिया के आर्थिक संकेतकों में उच्च मुद्रास्फीति दर, कम वृद्धि और विदेशी मुद्रा भंडार के अपेक्षाकृत अल्प भंडार का बोलबाला है। इस वक्त वार्षिक मुद्रास्फीति 30 प्रति सैकड़ा से अधिक, वार्षिक वृद्धि लगभग 3 प्रश और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर है। विदेशी मुद्रा बाजार दर 1660 नायरा प्रति 1 अमेरिकी डॉलर से अधिक की होने के कारण आर्थिक विविधीकरण और नाइजीरिया की उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कच्चे माल और इनपुट के आयात के लिए ज्यादा गुंजाइश नहीं देती है।

इसके बावजूद जैसा कि ईंधन सब्सिडी के उन्मूलन से स्पष्ट है कि वर्तमान प्रशासन यह उम्मीद दिलाता है कि प्रतिबद्धता हो तो विरोध के बाद भी सुधार किए जा सकते हैं। बैंकों के दबदबे वाला वित्तीय क्षेत्र पहले से बेहतर स्थिति में है। यह नई तकनीकों को अपना सकता है तथा साइबर धोखाधड़ी और हमलों को दूर करने के लिए निश्चित उपायों के साथ भुगतान के बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

भारत ने पिछले 10 वर्षों में उल्लेखनीय आर्थिक रिकॉर्ड बनाया है और 2030 से पहले दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है। करीब 4 फीसदी दर के साथ मध्यम अवधि में मुद्रास्फीति के सालाना 7-8 प्रश की दर से बढ़ने की उम्मीद है। वर्तमान विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब अमेरिकी डॉलर के करीब है। नई प्रौद्योगिकियां बहुत विकसित हैं और मध्यम से दीर्घकालिक अवधि के भीतर पूरे आर्थिक स्थान पर कब्जा कर लेंगी। तो भी इस स्थिति पर पहुंचने में कच्चे माल और ऊर्जा आपूर्ति की कमी महत्वपूर्ण बाधा है।

इस पृष्ठभूमि पर प्रधानमंत्री की यह यात्रा भारत और नाइजीरिया के संबंधों को आगे बढ़ा रही है। यह व्यापक रूप से स्वीकार किया जाता है कि दोनों देशों को सुधारों व आर्थिक सुशासन की एक विस्तृत श्रृंखला पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा। उन्हें आर्थिक बहिष्कार को खत्म करने, रोजगार की संभावनाओं को बढ़ाने तथा आर्थिक असमानताओं को कम करने में भी निवेश करना होगा।

दोनों देशों के बीच सहयोग कुछ मुद्दों पर आधारित है जिन्हें अबुजा में भारत और नाइजीरिया की सरकारों के प्रमुखों की बैठक में उठाया गया था। उनमें से मध्यम अवधि में ऊर्जा की आपूर्ति है। इसका मतलब यह है कि जब तक नाइजीरिया पेट्रोलियम उत्पादों के उत्पादन में आत्मनिर्भर नहीं हो जाता तब तक उसे भारत से पेट्रोलियम उत्पादों के आयात पर निर्भर रहना होगा जबकि भारत अपनी बढ़ती तेल मांग को पूरा करने के लिए कच्चे तेल का आयात कर सकता है।

दोनों देशों को चिप्स और सेमी-कंडक्टर के वर्चस्व वाले नए तकनीकी विश्व में विकास के लिए महत्वपूर्ण खनिजों की उपलब्धता का पता लगाने की आवश्यकता है। नाइजीरिया में मिले भूगर्भीय खोजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध नहीं होती और यहीं भारत के सहयोग पर नाइजीरिया निर्भर रह सकता है।

नाइजीरिया में इस्पात और बसों, मेट्रो व इंटरसिटी रेलवे सहित सार्वजनिक परिवहन जैसे बुनियादी ढांचे वाले कुछ महत्वपूर्ण उद्योग ज्यादा सक्रिय तथा विकसित नहीं हैं। इन क्षेत्रों में श्रम सुधार, भ्रष्टाचार के रिसाव व लूटमार को जड़ से खत्म करने के लिए सख्त पेशेवर प्रतिबद्धता मजबूत करने की भी आवश्यकता है।

इन क्षेत्रों में सहयोग संधि में कुछ गारंटी खंडों को प्रभावी कर भारत पर नाइजीरिया निर्भर हो सकता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि स्टील और सार्वजनिक परिवहन दोनों क्षेत्रों में नाइजीरिया का अनुभव काफी निराशाजनक रहा है। दोनों देशों के बीच साझेदारी में रक्षा, सैन्य हथियार और प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दे प्रमुख रूप से बने हुए हैं। फिर भी, आपसी विश्वास के आधार पर सार्थक सहयोग में सुधार के लिए दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षिक आदान-प्रदान को आगे बढ़ाना होगा।

*(पार्वती वासुदेवन मुंबई विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर थीं। ए वासुदेवन आरबीआई के कार्यकारी निदेशक और सेंट्रल बैंक ऑफ नाइजीरिया के गवर्नर के विशेष सलाहकार थे। सिंडिकेट:*

**नाइजीरिया ने अफ्रीकी देशों को कई तरह की मदद दी है जिसके कारण नाइजीरिया के आर्थिक प्रभुत्व पर सवाल नहीं उठाया जा सकता। इसकी अनुमानित आबादी 23.46 करोड़ है जो भारत की अनुमानित आबादी का लगभग 16 प्रतिशत और अमेरिकी आबादी का करीब 60 फीसदी से है। यह महाद्वीप की सबसे बड़ी आबादी है और यही कारण है कि नाइजीरिया को 'अफ्रीकी भीम' कहा जाता है।**

# देश विदेश

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में चार आतंकवादी ढेर

**इस्लामाबाद,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान के दौरान चार आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने गुरुवार को एक बयान में कहा है कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर प्रांत के खैबर जिले में अभियान चलाया। आईएसपीआर ने कहा कि अभियान के दौरान, सैनिकों ने आतंकवादियों के ठिकाने को चारो ओर से घेर लिया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान चार आतंकवादी मारे गए और तीन अन्य घायल हो गए।

### फिलिस्तीन दिवस पर पीएम मोदी ने फिलिस्तीनियों के नाम लिखा पत्र, कहा

# फिलिस्तीन के विकास में हमेशा भागीदार रहा भारत

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हर साल 29 नवंबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीन के लोगों के नाम पत्र लिखकर वहां के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन का वादा किया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पत्र के माध्यम से कहा कि हम फिलिस्तीनी लोगों के साथ एकजुटता के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस का जश्न मना रहे हैं। मैं फिलिस्तीन के लोगों के विकास के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराता हूं। फिलिस्तीनी लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में भारत दृढ़ता के साथ खड़ा है। भारत हमेशा फिलिस्तीनी लोगों के विकास में भागीदार रहा है। भारत इस यात्रा में उनके साथ खड़ा रहेगा, जिसमें फिलिस्तीनी लोगों की जरूरतों और प्राथमिकताओं के आधार पर अन्य क्षेत्रों में फिलिस्तीनी लोगों पर केंद्रित परियोजनाओं का क्रियान्वयन करना भी शामिल है।

पीएम मोदी ने आगे कहा कि क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए संयुक्त राष्ट्र को हमारा निरंतर समर्थन



**भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद व कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है : नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

फिलिस्तीनी लोगों के दैनिक जीवन में सार्थक बदलाव लाने की हमारी इच्छा को प्रमाणित करता है। इलाके में चल रहे संघर्ष के परिणामस्वरूप दुखद जीवन की हानि हुई है और फिलिस्तीन और पश्चिम एशिया क्षेत्र के लोगों के लिए भारी पीड़ा हुई है। भारत वर्तमान सुरक्षा और मानवीय स्थिति को लेकर बहुत चिंतित है। भारत तत्काल युद्ध विराम, आतंकवाद के सभी कारकों को समाप्त करने, बंधकों की रिहाई और फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता की निरंतर आपूर्ति की अपील करता है।

पीएम मोदी ने आगे भारत की टू स्टेट पॉलिसी की बात दोहराते हुए कहा कि भारत का दृढ़ विश्वास है कि संवाद और कूटनीति स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान की कुंजी है। भारत ने हमेशा बातचीत के माध्यम से टू स्टेट पॉलिसी के बीच चल रहे विवाद के समाधान का समर्थन किया है, जिससे एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना हो सके, जो इजरायल के साथ शांति से रह सके। मैं भारत के लोगों के साथ मिलकर फिलिस्तीनी लोगों के शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की कामना करता हूं।

बता दें कि अंतरराष्ट्रीय फिलिस्तीनी एकजुटता दिवस हर साल 29 नवम्बर को मनाया जाता है। यह तिथि 1947 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव 181 के पारित होने की याद में चुनी गई थी, जिसमें फिलिस्तीन को यहूदी और अरब राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव रखा गया था। यह दिवस 1978 से मनाया जा रहा है और इसका उद्देश्य फिलिस्तीनी लोगों के आत्मनिर्णय और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत उनके अधिकारों के लिए चल रहे संघर्षों को उजागर करना है।

## ईरान व लेबनान ने की इजरायल से युद्धविराम समझौते को लेकर चर्चा



**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची और उनके लेबनानी समकक्ष अब्दुल्ला बौ हबीब ने इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लेबनान की नवीनतम स्थिति पर चर्चा की। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि ईरानी विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, गुरुवार को फोन पर बातचीत में अराघची ने युद्ध विराम के फैसले का स्वागत किया, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि यह लेबनानी लोगों के प्रतिरोध, युद्ध के मैदान पर प्रतिरोध सेनानियों के संघर्ष और लेबनानी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों के माध्यम से हासिल किया गया है।

## इजरायल ने लोगों के एकत्र होने संबंधी पाबंदी हटाई



**यरूशलम।** इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने तेल अवीव और उसके उपनगरों सहित मध्य इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने संबंधी प्रतिबंधों को तत्काल हटाने की घोषणा की। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के होम फ्रंट कमांड द्वारा यह निर्णय लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष विराम के बाद लिया गया, जो बुधवार सुबह से प्रभावी हो गया। इससे पहले, लेबनान से हिजबुल्लाह द्वारा प्रक्षेपास्त्र दागे जाने के बाद कमांड ने तेल अवीव महानगरीय क्षेत्र के साथ-साथ मध्य इजरायल के अन्य क्षेत्रों में 2 हजार लोगों तक के जमावड़े को सीमित कर दिया था।

## सुडोकू 6750

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | 2 | 9 | 5 |
| 7 | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | 6 | |
| | | | | | | 5 | 2 | |
| 1 | | 5 | | | | 6 | | 9 |
| | 4 | 7 | | | | | | |
| | 6 | | 9 | | | | | |
| | | 2 | | 5 | | | | 1 |
| 3 | 9 | 1 | | 8 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 30 नवम्बर, 2024 अघ्घन कृष्ण पक्ष 15

### राशिफल

मेष - आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतें।

वृषभ - व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे। दोपहर बाद मनोरंजन में आपका ध्यान रहेगा।

मिथुन - आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रह सकते हैं।

कर्क - हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है। जमीन और वाहनों से जुड़ी समस्या आपको हो सकती है।

सिंह - आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है। किसी लाभदायक निवेश में आप रुचि ले सकते हैं।

कन्या - आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा। परिजनों के साथ बातचीत में संयम बरतें।

तुला - आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे। विचारों में दृढ़ता बनी रहेगी। नए वस्त्र, आभूषण या मनोरंजन के पीछे धन खर्च होगा।

वृश्चिक - आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें। दोपहर के बाद शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य में दिक्कत रहेगी।

धनु - व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा। व्यापारीवर्ग को भी लाभ होगा।

मकर - आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है। नौकरी में साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

कुंभ - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

मीन - आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1700 - किंग चार्ल्स ङ्गङ्घ के नेतृत्व में महान उत्तरी युद्ध-स्वीडिश बलों ने नारवा की लड़ाई में जार पीटर की रूसी सेना को हराया।
1731 - बीजिंग में भूकंप से लगभग एक लाख लोग मरे।
1759 - दिल्ली के सम्राट आलमगिर द्वितीय की उनके मंत्री ने हत्या की।
1782 - अमेरिकी क्रांति - पेरिस में, संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन के प्रतिनिधि प्रारंभिक अवसर की संधि पर सहमत हुए। इस समझौते को 1783 में पेरिस की संधि के रूप में सील कर दिया गया।
1803 - न्यू ऑरलियन्स में स्पेनिश प्रतिनिधि लुइसियाना प्रांत को फ्रांसीसी प्रतिनिधि को स्थानांतरित करता है। 20 दिन बाद, लुइसियाना खरीद के एक हिस्से के लिए फ्रांस ने अमेरिका को क्षेत्र बेच दिया।
1853 - क्रीमियन युद्ध - रूसी नौसेना ने सिनोप की लड़ाई में तुर्क जहाजों के एक बेड़े को डूबो दिया।
1872 - पहला आधिकारिक अंतरराष्ट्रीय फुटबाल मैच खेला गया। इंग्लैंड और स्कॉट लैंड के बीच होने वाला यह मैच वेस्ट ऑफ स्कॉटलैंड क्रिकेट में हुआ।
1872 - स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के बीच ग्लासगो के हैमिल्टन क्रिसेंट में पहला अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मैच हुआ।
1886 - पहली व्यावसायिक रूप से सफल एसी विद्युत बिजली संयंत्र खोला गया।
1939 - तत्कालीन सोवियत रूस ने सीमा विवाद को लेकर फिनलैंड पर आक्रमण किया।
1943 - द्वितीय विश्व युद्ध- अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट रूजवेल्ट, ब्रिटिश प्रधान मंत्री विंस्टन चर्चिल और सोवियत राष्ट्रपति जोसेफ स्टालिन ने ऑपरेशन ओवरलॉर्ड पर सहमति व्यक्त की। ऑपरेशन ओवरलॉर्ड जून 1944 में यूरोप पर आक्रमण करने के लिए मित्र राष्ट्रों की साजिश को दिया गया गुप्त नाम था।
1961 - तत्कालीन सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता के लिये कुवैत के आवेदन का विरोध किया।

## उत्तर कोरिया ने कूड़े से भरे 40 गुब्बारे दक्षिण कोरिया की ओर भेजे : जेसीएस



**सियोल,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने पिछली रात से सीमा पार दक्षिण कोरिया में कचरे से भरे लगभग 40 गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें से अधिकांश राजधानी के बड़े क्षेत्र में गिरे हैं।

योनहाप समाचार एजेंसी के अनुसार, संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि उन्होंने गुरुवार रात से शुक्रवार सुबह तक राजधानी क्षेत्र में उत्तर कोरिया द्वारा छोड़े गए लगभग 30 गुब्बारे देखे, जिनमें सियोल के आसपास का ग्योंगगी प्रांत भी शामिल है। सेना ने कहा कि (गुब्बारों से) जो सामग्री मिली, उसमें दक्षिण कोरिया के खिलाफ दुष्प्रचार संबंधी पर्चे थे। उसमें ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे सुरक्षा को खतरा हो। मई के अंत से अब तक उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया में 32 बार ऐसे गुब्बारे भेजे हैं, जिनमें यह ताजा घटना भी शामिल है, जो दक्षिण कोरिया के द्वारा सीमा पार भेजे गए प्योंगयांग विरोधी प्रचार पत्रकों के जवाब में की गई है।

# अमेरिका ने परमाणु हथियार वितरण प्रणाली को किया उन्नत

### वायु सेना की ओर से परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का किया जाएगा उपयोग

**वाशिंगटन,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिका अपने परमाणु त्रिकोण परमाणु हथियार, मिसाइल और रणनीतिक बमवर्षक ले जाने वाली पनडुब्बियां को उन्नत कर रहा है। आरआईए नोवोस्ती की ओर से प्राप्त रोसकांग्रेस फाउंडेशन की एक रिपोर्ट में कहा गया कि नए एलजीएम-35 सेंटिनल अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का विकास जारी है, जिसे पहले ग्राउंड-बेस्ड स्ट्रैटेजिक डिटरेंट (जीबीएसडी) के नाम से जाना जाता था। यह मौजूदा मिनटमैन तृतीय आईसीबीएम की पूरी तरह से जगह ले लेगा। तैनाती के लिए उनकी कुल संख्या 400 पर अपरिवर्तित रहेगी, साथ ही वायु सेना की ओर से निरंतर परीक्षणों के लिए 259 मिसाइलों का उपयोग किया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2025 के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रशासन ने सेंटिनल, अनुसंधान और विकास के लिए 3.7 अरब डॉलर का अनुरोध किया है।



रिपोर्ट के मुताबिक, सेंटिनल को 2030 के दशक में सेवा में आने की उम्मीद है और 2070 के दशक तक तैनात किया जाएगा।

फाउंडेशन के अनुसार, आईसीबीएम के विकास की कुल लागत पहले अनुमान से 81 प्रतिशत अधिक हो चुकी है और इसकी राशि 140 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद है। रोसकॉन्ग्रेस ने कहा कि 2030 के दशक से शुरू होकर, बैलिस्टिक मिसाइलों से लैस ओहियो पनडुब्बियों को कोलंबिया परमाणु मिसाइल वाहकों से बदल दिया जाएगा। 2025 के लिए अपने बजट अनुरोध में, अमेरिकी नौसेना ने कोलंबिया श्रेणी की पनडुब्बी के लिए 9.9 अरब डॉलर शामिल किए।

# बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास समेत इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक खाते फ्रीज



**ढाका,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बांग्लादेश को चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी की गिरफ्तारी और जेल में डाले जाने पर दुनिया भर के हिंदुओं से कड़ी प्रतिक्रिया का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद, मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार ने कथित तौर पर देश के बैंकों को बांग्लादेश में अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) से जुड़े 17 लोगों के खातों को फ्रीज करने का आदेश दिया है।

ढाका में स्थानीय मीडिया ने शुक्रवार को बताया कि बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने इस्कॉन बांग्लादेश से जुड़े 17 व्यक्तियों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज करने का आदेश दिया है। इसमें जेल में बंद इसके नेता चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी भी शामिल हैं। रिपोर्टों से पता चला है कि देश के कई बैंकों और वित्तीय संस्थानों को खातों से एक महीने के लिए सभी लेन-देन को निलंबित करने का सरकारी निर्देश भेजा गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### हाईकोर्ट के आदेश पर ...

के आदेश के बाद आज तहसीलदार बलौदाबाजार ने इस कार्रवाई की शुरुआत की।

कुर्की की कार्यवाही-तहसीलदार बलौदाबाजार द्वारा आज जनपद पंचायत बलौदाबाजार और ग्राम पंचायत देवरी की संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गई। पहले चल संपत्तियों को कुर्क किया गया, जिनमें जनपद पंचायत के अधिकारी कार्यालय में उपयोग होने वाली कुर्सी, टेबल और अन्य सामग्री शामिल हैं। इसके बाद अचल संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया भी की जाएगी। इस संपत्ति की नीलामी से जो राशि प्राप्त होगी, उसे उच्च न्यायालय के आदेशानुसार मृतक के परिवार को प्रदान किया जाएगा।

जनपद पंचायत का बयान-जनपद पंचायत के अधिकारी इस मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कहते हैं कि उन्हें इस कार्यवाही के बारे में पहले कोई जानकारी नहीं थी। उनका कहना था कि देवरी पंचायत को शौचालय निर्माण के लिए एजेंसी के रूप में नियुक्त किया गया था और यह हादसा उसी दौरान हुआ था। इसके बाद मृतक के परिवार द्वारा याचिका दायर की गई थी, जिसके आधार पर उच्च न्यायालय ने संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया।

राजस्व विभाग की प्रतिक्रिया-नायब तहसीलदार श्री नेताम ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर आज कुर्की की कार्यवाही शुरू की गई है। सबसे पहले चल संपत्ति की कुर्की की गई है, इसके बाद अचल संपत्तियों की कुर्की की प्रक्रिया की जाएगी। इस कार्यवाही के बाद प्राप्त राशि को न्यायालय के आदेश के अनुसार मृतक के परिवार को प्रदान किया जाएगा। फ्लिहाल यह कार्यवाही जारी है और विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया को गंभीरता से अंजाम दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत में हड़कंप-उच्च न्यायालय के आदेश के बाद अचानक शुरू हुई कुर्की की कार्यवाही से जनपद पंचायत बलौदाबाजार में हड़कंप मच गया है। जनपद पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी इस कार्यवाही से सकते में हैं, क्योंकि यह जिले में इस तरह की पहली घटना है। यह मामला एक गहरे सामाजिक मुद्दे को उजागर करता है, जहां निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का उल्लंघन हुआ और इसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की जान चली गई। न्यायालय ने उच्चतम न्याय प्रदान करते हुए मृतक के परिवार को मुआवजा देने के लिए कुर्की की कार्रवाई की अनुमति दी। इस फैसले से यह संदेश जाता है कि न्याय का कोई भी पक्ष नहीं छोड़ना चाहिए, और पीड़ितों को उनका हक समय पर मिलना चाहिए।

### जांच के दौरान ...

अधिकारियों को अवैध प्रोटेक्शन मनी वितरण के लिए पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों का भी उपयोग किया गया। विभिन्न पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी व प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्रोटेक्शन मनी के रूप में अवैध आर्थिक लाभ प्राप्त करते हुए अवैध संपत्ति अर्जित की गई है। ईडी द्वारा कई अचल संपत्तियों का पहले प्रोवजनल अटैचमेंट किया गया था। उल्लेखनीय है कि ईडी के प्रतिवेदन के आधार पर ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा भी महादेव सट्टा एप मामले में भी एफआईआर दर्ज कर 19 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

### यहां की संपत्तियां अटैच

ग्राम कोलर (अभनपुर) में 0.146 ह.क्ट.यर (खसरा 60/1), 0.540 ह.क्ट.यर (खसरा 60/7), 1.483 ह.क्ट.यर (खसरा 60/12) व 0.266 ह.क्ट.यर (खसरा 60/11) तथा ग्राम खोरपा (अभनपुर) में 0.3300 ह.क्ट.यर (खसरा 1534) जमीन अटैच की गई है. इसी प्रकार ग्राम सलोनी (अभनपुर) म. 0.2030 ह.क्ट.यर (खसरा 43/1), 1.5740 ह.क्ट.यर (खसरा 414/12), 1.2720 ह.क्ट.यर (खसरा 406/3), 1.0450 ह.क्ट.यर (खसरा 73.26) को अटैच किया गया है. इसके अलावा ग्राम छछानपैरी (अभनपुर) में 1798 वर्गफुट (खसरा 150/2) प्लाट-195, 1798 वर्गफुट (खसरा 150/2) प्लाट-196 तथा ग्राम मुजगहन म. 0.3300 ह.क्ट.यर (खसरा 436/14) व 0.1250 हेक्टेयर (खसरा 143/1) को भी सीज किया गया है। वहीं, ग्राम ट.मरी (रायपुर) म. 0.1430 हेक्टेयर (खसरा 267/11), ग्राम स.रीख.ड़ी (रायपुर) म. 1.353 ह.क्टेयर (खसरा 244/13), 0.592 ह.क्ट.यर (खसरा 244/1), 1.061 ह.क्ट.यर (खसरा 258/2), शंकरनगर अशोकारत्न म. 5170.50 वर्गफुट (खसरा 178/1) व बोरियाखुर्द म. 0.3200 ह.क्ट.यर (खसरा 450/1) को भी ईडी न. अटैच किया है।

### सड़कों पर ब्लैक स्पॉट के ...

और 748 जंक्शन के सुधार कार्य पूर्ण किए गए हैं। बैठक में जानकारी दी गई कि हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने पर सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की संभावना 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है।

अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर परिवहन विभाग द्वारा 6 लाख 70 हजार से अधिक तथा पुलिस विभाग द्वारा 4 लाख 87 हजार से अधिक चालानी कार्यवाही की गई है। 01 जनवरी 2023 से 31 अक्टूबर 2024 तक 7826 वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया गया है। 8 दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों राजनांदगांव, धरसींवा अभनपुर, पाली, सिमगा, सुकमा, बेमेतरा और पत्थलगांव में ट्रामा स्टेब्लाईजेशन यूनिट निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई है। 14 हजार 261 वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस, 72 हजार से अधिक वाहनों में स्पीड गवर्नर तथा 2200 बसों में पेनिक बटन लगाए गए हैं। बैठक में ब्लैक स्पॉट की पहचान, सुधार की कार्यवाही, सड़कों में यातायात संकेतक, होर्डिंग्स हटाने, फुटपाथ, पार्किंग, सर्विस लेन से अतिक्रमण हटाने आदि कार्यों की समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, बसव राजू एस. और राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता, एडीजी ट्रेफिक प्रदीप गुप्ता, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर उपस्थित थे। सभी संभागों के आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक वर्चुअली बैठक में शामिल हुए। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी के अध्यक्ष एवं एआईजी ट्रेफिक संजय शर्मा ने बैठक में प्रेजेंटेशन दिया।

### सुप्रीम कोर्ट से अनवर ढेबर को ...

घोटाला के आरोप में जेल में बंद ढेबर को 8 जून को ईलाज के लिए डीकेएस ले जाया गया था। वकील ने तर्क दिया कि अनवर को किडनी की बीमारी है, और उन्हें पेशाब करने में दिक्कत हो रही है। सुनवाई के दौरान यह भी तर्क दिया गया कि ढेबर का इलाज चल रहा है, जिसके लिए अस्पताल जाने की जरूरत पड़ती है। जेल में गार्ड उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है, जिसके चलते इलाज नहीं हो पा रहा है।

## वर्ग पहेली 6750



**बायें से दाये:-**

१. किसी काम या सेवा के स्वेच्छापूर्वक दिया जाने वाला पारिश्रमिक
३. बहुत ही मशहूर
५. पागल
६. अमृत जैसे मीठे बोल
७. लोगों की राय
९. स्वाद लेना
१०. जांचने वाला, परीक्षण करने
१२. निर्ऊयता, धृष्टता (उर्दू)
१३. बहू, वधू
१४. अधीरता, उतावली, शीघ्रता
१६. निमंत्रण (उर्दू)
१८. योग्यता
२०. खिसकाना, सरकाना, किसी वस्तु या व्यइक्ति आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान पर करना
२१. विवाह, शादी
२३. पीड़ा से भरा

**ऊपर से नीचे:-**

१. इंसानियत
२. एक लिपि जिससे हिंदी, संस्कृत, मराठी भाषायें लिखी जाती हैं
३. सोया हुआ आदमी, आधी रात
४. अत्याचार (उर्दू)
५. बांटने वाला
८. जांच-पड़ताल (उर्दू)
१०. लेकिन
११. शक्ति, सामर्थ्य
१२. असंगत, बेतुका, भद्दा, अशिष्ट (उर्दू)
१३. शुद्ध, पाक
१४. खुद्कुशी
१५. युद्धभूमि में होने वाली बाहरी आवाज
१७. जल देवता, समुद्र
१८. पोषण करना, परवरिश करना
१९. उष्णता, गर्मी
२२. अगर

### वर्ग पहेली-6749



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### 2035 तक अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली निर्माण की योजना बना रहा चीन

**बीजिंग,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। हाल ही में पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली परियोजना की 30वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम के दौरान घोषणा की गई कि चीन अधिक उन्नत तकनीक, उन्नत क्षमताओं और बेहतर सेवाओं की विशेषता वाली अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली विकसित करने का इरादा रखता है। 2035 तक प्रणाली को पूरा करने के लिए 2029 के आसपास नेटवर्किंग उपग्रहों को लॉन्च करने की योजना है।

संगोष्ठी ने 2035 तक पेइतो उपग्रह नेविगेशन प्रणाली विकास योजना जारी की, जिसने मौजूदा पेइतो-3 प्रणाली के स्थिर संचालन को सुनिश्चित करते हुए अगली पीढ़ी की पेइतो प्रणाली के निर्माण के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। पेइतो प्रणाली एक वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली है, जिसे चीन द्वारा स्वतंत्र रूप से निर्मित और संचालित किया जाता है। इसने अंतर्राष्ट्रीय सार्वजनिक सेवा बुनियादी ढांचे के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। पेइतो-3 वैश्विक उपग्रह नेविगेशन प्रणाली निर्माण के लिए एक नया मानक स्थापित करता है।

# खेल जगत

## मैकस्वीनी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं : रेयान

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज रेयान हैरिस ने भारत के खिलाफ 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट में अच्छी तरह से तैयार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन किया है। हालांकि, पर्थ टेस्ट में यह बल्लेबाज डेब्यू के दौरान संघर्ष करते नजर आया। अपने डेब्यू टेस्ट में मैकस्वीनी को जसप्रीत बुमराह ने दो बार एलबीडब्ल्यू आउट किया, जबकि ऑस्ट्रेलिया को पर्थ स्टेडियम में भारत के हाथों 295 रनों से हार का सामना करना पड़ा और अब वह पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में 1-0 से पीछे है। हैरिस ने एसईएन रेडियो से कहा कि फिलहाल, मुझे लगता है कि वह इसके लिए सबसे अच्छा व्यक्ति है, लेकिन सभी की तरह उसे भी रन बनाने की जरूरत है। नंबर-3 पर बल्लेबाजी करना और ओपनिंग करना थोड़ा अलग है, लेकिन ऐसा नहीं है। नाथन ऐसा करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।



# शमशेर व व्हीटन एचआईएल में होंगे एसजी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के सह कप्तान

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पिछले लगातार दो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य शमशेर सिंह और ऑस्ट्रेलिया के तीन बार के ओलंपियन जैकब व्हीटन को दिल्ली एसजी पाइपर्स ने सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 में अपनी पुरुष टीम के दो सह कप्तान नियुक्त किए हैं। वहीं भारत की उपकप्तान नवनीत कौर को पहली बार हो रही चार टीमों महिला हॉकी इंडिया लीग के लिए नवनीत कौर को दिल्ली एस जी पाइपर्स ने अपनी महिला हॉकी टीम की कप्तान नियुक्त किया है जा बकि बेल्जियम की डिफेंडर एमा पुवरेज उप कप्तान होंगी।

■ **शमशेर के दो गोल से सीआरपीएफ ने नामधारी को हराया**







**शमशेर के साथ सह कप्तान बन गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं : व्हीटन**

दिल्ली एस जी पाइपर्स का सह कप्तान नियुक्त किए जाने पर 2020 के टोक्यो ओलंपिक की रजत पदक 2014 की विश्व कप विजेता, तथा दो बार बार चैंपियंस ट्रॉफी और दो बाद बार एफआईएच प्रो लीग खिताब जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के सदस्य रहे जैकब व्हीटन ने कहा, 'मैं शमशेर सिंह के साथ आगामी एचआईएल के लिए दिल्ली एस जी पाइपर्स की पुरुष टीम का सह कप्तान नियुक्त किया बेहद गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं।एचआईएल दुनिया के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के खिलाफ प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में खेलने का शानदार मौका है। मैं अपनी इस नई फ्रेंचाइजी के साथियों और सह कप्तान के साथ मिलकर खेलने का

### व्हीटन और शमशेर हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी : श्रीजेश

दिल्ली एसजी पाइपर्स के हॉकी निदेशक भारत के पूर्व गोलरक्षक पीआर श्रीजेश ने एचआईएल में अपनी टीम के सह कप्तानों की नियुक्ति की बाबत कहा, 'टीम में दोहरी कप्तानी का कारण घरेलू और विदेशी खिलाड़ियों को एक सी तवज्जो देना है और इस तरह की बराबरी टीम को एक मजबूत कड़ी के रूप में पिरोती है। व्हीटन ऑस्ट्रेलिया के वरिष्ठतम हॉकी खिलाड़ियों में से एक हैं और पर्याप्त अनुभवी और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों में कप्तान के रूप में वह हमारी सही पसंद है। शमशेर भारत के दो ओलंपिक पदक जीतने वाले गिने चुने खिलाड़ियों में एक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि शमशेर ऑस्ट्रेलिया के व्हीटन के साथ कप्तानी की जिम्मेदारी बांट कर नेतृत्व क्षमता बेहतर करेंगे। व्हीटन और शमशेर दोनों हमारी टीम की कप्तानी के लिए सही खिलाड़ी हैं।

### नवनीत कौर पूरी शिद्दत से बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं : डेव

'दिल्ली एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी टीम के हेड कोच डेव समोलनर्ज ने कहा, 'नवनीत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की एक अहम खिलाड़ी हैं। मैंने बीते कई महीने में यह अनुभव किया है कि वह अपनी साथी खिलाड़ियों से अपनी बात पहुंचाने में सफल रही हैं। साथ ही वह साथी खिलाड़ियों के साथ बहुत सहज हैं और विजेता हैं और मैदान हमेशा पूरी शिद्दत से अपना बेहतरीन प्रदर्शन करती हैं। भारतीय हॉकी को विकसित करने के लिए आपको भारतीय कप्तान चाहिए।

### शमशेर गजब के हॉकी कौशल और अनुभव के कारण सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद : रीड

दिल्ली एस जी पाइपर्स पुरुष हॉकी टीम के चीफ कोच ग्राहम रीड ने कहा, ' शमशेर अपने गजब के हॉकी कौशल और विश्व हॉकी के लंबे अनुभव के कारण पुरुष टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। मैं खुशकिस्मत था कि जब मैं भारतीय पुरुष हॉकी टीम का चीफ कोच था तो तब 2019 में शमशेर को भारतीय राष्ट्रीय शिविर के लिए शामिल किया था और अपने धैर्य और आत्मविश्वास के कारण हमारी टीम के सह कप्तान की नैसर्गिक पसंद थे। शमशेर अपनी नेतृत्व क्षमता उन्हें असाधारण खिलाड़ी बनाती है। दो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता शमशेर का अनुभवी उन्हें टीम के साथियों से जोड़ने के साथ उनके प्रदर्शन को बेहतर करेगा। बेशक शमशेर का उत्साह और संकल्प इस एचआईएल में हमारी टीम को बेहतरीन प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। मुझे व्हीटन में एक आदर्श कप्तान के सभी गुण दिखाई देते हैं। व्हीटन काओलंपिक रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलियाई टीम का सदस्य होने का उनका अनुभव उन्हें खुद बेहतरीन प्रदर्शन करनेके साथ अपने साथियों को बेहतर प्रदर्शन को प्रेरित करेगा। व्हीटन का टीम में सकारात्मक माहौल बनाए रखना हमें बेशक चुनौतियों से उबार कर आगे ले जाने में सहायक बनेगा।

## भारतीय जू.टीम ने जापान जू. टीम को 3-2 से हराया

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। सीनियर टीम के खेल चुके ऑलराउंडर अरिजित सिंह हुंडल द्वारा दागे निर्णायक और मैच के आखिरी गोल की बदौलत भारत ने जापान को मस्कट (ओमान) में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप पूल ए में कड़े संघर्ष के बाद 3-2 से हरा कर बृहस्पतिवार रात 3-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। भारत ने अपने अभियान का आगाज

■ **भारत ने अपने अभियान का आगाज थाईलैंड पर 11-0 बड़ी जीत के साथ किया**

थाईलैंड पर 11 -0 बड़ी जीत के साथ किया किया। भारत ने थोकचम किंगसन सिंह (12) और रोहित (36) के गोल से दो बार बढ़त ली लेकिन नियो सातो द्वारा दो गोल कर जापान को दो बार बराबरी दिला दी।

अरिजित हुंडल ने तीसरे क्वॉर्टर के नौवें मिनट में बढ़िया मैदानी गोल कार भारत को 3-2 से आगे कर दिया और उनका यह गोल निर्णायक और विजयदाई साबित हुआ। भारत और जापान की जूनियर टीमों के बीच शुरू से जोरदार संघर्ष देखने को मिला। जापान की जूनियर टीम ने तीसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन गोलरक्षक बिक्रमजीत सिंह ने मुस्तैदी दिखा रोक भारतीय जूनियर टीम पर खतरा टाल दिया। जापान की जूनियर टीम ने दोनो से छोर से हमले बोलने की कोशिश की लेकिन भारत की जूनियर टीम ने हॉकी की कलाकारी के साथ लंबे एरियल बॉल से उसके ही गोल के सामने गेंद ले उसकी गोल करने की रणनीति विफल कर दी । दोनों टीमों का गेंद पर कब्जा लगभग बराबर रहा। दिलराज सिंह ने पहला क्वॉर्टर खत्म होने से तीन पहले पेनल्टी कॉर्नर दिलाया और



इस पर जापानी गोलरक्षक के पैड को लग कर झिटकी गेंद को किंगसन सिंह ने संभाल गोल कर भारत की जूनियर टीम का खाता खोला। नियो सातो ने पहला क्वॉर्टर खत्म से ठीक पहले पेनल्टी कॉर्नर पर बढ़िया ड्रैग फ्लिक कर जापान की जूनियर टीम को एक एक की बराबरी दिलादी। दूसरे क्वॉर्टर के शुरुआती मिनट में भारत की जूनियर टीम केमनमीत सिंह ने दो बार जापान के गोल के तेज हमले बोले लेकिन जापानकी जूनियर टीम के गाशलरक्षक किशु ने अच्छा पूर्वानुमान लगाकर उनके ये हमले नाकाम कर दिया। जापान की जूनियर टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन भारत के गोलरक्षक बिक्रमजीत ने अच्छे बचाव किए,।

## सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के लिए वर्ष 2018-19 में खेलने वाले तेज गेंदबाज सिद्धार्थ कौल ने भारतीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। कौल विदेश में खेलने का खुलासा करते हुए से कहा कि मुझे लगता है कि मेरे अंदर अभी भी 3-4 साल का क्रिकेट बचा है। मैं अपने करियर की ऊंचाई पर छोड़ना चाहता था, जब मेरी फिटनेस और प्रदर्शन शीर्ष पर थे, ऐसे नहीं कि जब फिटनेस के कारण या प्रदर्शन नहीं करने की वजह से मुझे जाना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर आप मेरा 9-10 सालों का ग्राफ देखेंगे तो, मैंने सभी प्रारूपों में अच्छा किया है। तो मुझे लगता था कि यह छोड़ने का सही समय था। उम्मीद है मैं आगे बढ़ूंगा जो भी मौक़ा मिले चाहे काउंटी क्रिकेट (इन गर्मियों में वह नॉर्थैम्प्टनशायर के लिए तीन डिवीजन 2 चैंपियनशिप मैच खेले, जहां उन्होंने 29.84 की औसत से 13 विकेट लिए), हो या लीजेंड लीग हो, एमएलसी हो या और कुछ भी। अगर मुझे अवसर मिलता है तो मैं यहां खेलना चाहता हूं। कौल ने भारत के लिए जून 2018 से फरवरी 2019 के बीच तीन टी-20 और तीन एकदिवसीय मैच खेले। उन्होंने वर्ष 2023-24 सत्र में पंजाब को पहली सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी जिताने में मदद की थी।

# भारतीय हॉकी का ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का दौर फिर लौटे : अभिषेक

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 25 बरस के अभिषेक नैन का दिल्ली से एकदम सटे सोनीपत जैसे छोटे शहर से आकर अपनी रफ्तार और खासतौर पर डी के भीतर अचूक

■ **मेरी ताकत रफ्तार व डी के भीतर सही फैसला ले निशाने लगा गोल करना**

■ **मैं ऑस्ट्रेलिया के टॉम क्रेग की तरह बनना चाहता हूं, मनदीप का मुरीद हूं**

निशानेबाजी से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर के रूप में पहचान बनाने का सफर खासा रोचक और उतार-चढ़ाव वाला रहा है। उनकी गिनती अब भारत ही नहीं दुनिया के ऐसे चतुर व कुशल हॉकी स्ट्राइकर के रूप में होती है जो खुद गोल के मौके बनाने के साथ नए जमाने जरूरी प्रमुख पेनल्टी कॉर्नर बनाना



भी खूब जानते हैं। देश की आजादी के दिन यानी 15 अगस्त को 1999 में जन्मे नैन ने खुद को करीब एक दशक से भी ज्यादा भारत के प्रमुख स्ट्राइकर रहे आकाशदीप सिंह का सही विकल्प साबित कर अपने साथी सुखजीत सिंह के साथ पहले ग्राहम रीड और अब क्रेग फुल्टन सरीखे देश के चीफ हॉकी कोच का विश्वास जीता है। विशेष पुलिस फोर्स में रहे सत्यनारायण नैन और सूरत देवी के बेटे और हिंदी अध्यायक और जुनूनी हॉकी कोच शमशेर सिंह दहिया के शार्गिद अभिषेक बतौर स्ट्राइकर भारत को 2022 के एशियाई खेलों और 2024 की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में स्वर्ण और 2024 में पेरिस ओलंपिक में कांसा जिता कर देश और दुनिया के हॉकी प्रेमियों का दिल चुके हैं। सात बरस बाद फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) 2024-25 की नीलामी में सूरमा हॉकी क्लब पंजाब के भारत के कप्तान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह (78 लाख रुपए) के बाद अभिषेक नैन (72 लाख रुपए) श्राची बंगाल टाइगर्स द्वारा खरीदे दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। प्रस्तुत है अभिषेक के साथ अब तक हॉकी सफर और भारत के लिए भविष्य के उनके लक्ष्यों पर उनसे की खास बात। अभिषेक नैन अपने शुरुआती दिनों से भारतीय हॉकी टीम के स्टार स्ट्राइकर तक के सफर की चर्चा करते हुए अतीत में खो जाते हैं। वह बताते हैं, 'अपने स्कूल छोटू राम जमींदार (सीआरजेड), सोनीपत में अपने साथी 'लकी' को हॉकी खेलता देख हॉकी खेलना शुरू किया और वह अपने नाम के मुताबिक मेरे लिए बहुत 'लकी' साबित हुए।

## हॉकी इंडिया ने किया आधिकारिक मोबाइल ऐप लॉन्च

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। खेल की अधिक लोगों तक पहुंच और प्रशंसकों के अनुभव को समृद्ध करने की दिशा में एक सार्थक कदम उठाते हुए हॉकी इंडिया ने हॉकी इंडिया लीग से पहले आधिकारिक रूप से मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। करीब सात वर्ष के अंतराल के बाद हो रही हॉकी इंडिया लीग की वापसी को लेकर खिलाड़ी और प्रशंसक उत्साहित है। इस ऐप के लिए अब दुनिया भर के हॉकी खिलाड़ी और प्रशंसक जुड़े रह सकते है। यह ऐप नवीनतम फोटो और प्रेस रिलीज से लेकर आँकड़ों की विस्तृत जानकारी का अनुभव प्रदान करता है हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ दिलीप तिर्की ने ऐप को लेकर कहा कि आधिकारिक हॉकी इंडिया और हॉकी इंडिया लीग ऐप खेल को अपने प्रशंसकों के करीब लाने की दिशा में एक कदम है।

## सार संक्षेप

### टिम डेविड आरसीबी में वापसी को लेकर उत्साहित

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर टिम डेविड ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) में फिर से शामिल होने को लेकर अपना उत्साह साझा किया और टीम के साथ रोमांचक यादें बनाने की उम्मीद जताई। सिंगापुर में जन्मे और ऑस्ट्रेलिया में पले-बढ़े डेविड को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने जेद्दा में आईपीएल 2025 की नीलामी में 3 करोड़ रुपये में साइन किया। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपने आईपीएल करियर की शुरुआत 2021 में आरसीबी के साथ की थी, उसके अगले साल मुंबई इंडियंस में शामिल हुए। डेविड ने आईएएनएस से कहा कि मैं इस साल आरसीबी के लिए खेलने को लेकर वाकई उत्साहित हूं। मैंने कुछ दोस्तों से संपर्क किया है, कुछ कोचिंग स्टाफ के साथ पहले काम किया है और जाहिर तौर पर यह वहां का शानदार मैदान है, खासकर पावर हिटर्स के लिए, इसलिए मुझे उम्मीद है कि वहां भी कुछ रोमांचक यादें बनेंगी। 28 वर्षीय इस बड़े हिटर ने अपना करियर 20 ओवर के प्रारूप को समर्पित कर दिया है।

### इगा ने एक महीने का निलंबन किया स्वीकार

**नई दिल्ली।** पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन पोलैंड की स्टार टेनिस खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के लिए पॉजिटिव पाये जाने के बाद एक महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है। अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटिग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) ने गुरुवार को महिला टेनिस रैंकिंग में दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक के निलंबन की घोषणा की। इगा स्वियातेक को डोपिंग जांच में प्रतिबंधित दवा ट्राइमेटाजिडीन (टीएमजेड) के सेवन का दोषी पाया गया। इगा स्वियातेक ने औपचारिक रूप से एंटी-डोपिंग नियम के उल्लंघन को स्वीकार कर लिया है। अगस्त में हुई जांच में स्वियातेक का नमूना पॉजिटिव पाया गया और इगा ने आईटीआईए को दिये स्पष्टीकरण में बताया कि यह अनजाने में हुआ। वह यह बिना पर्चे वाली दवा 'मेलाटोनिन' जेट लैग और नींद की समस्याओं के लिए ले रही थी।

## हालैंड, एमबाप्पे, बेलिंगहैम फीफा पुरुष पुरस्कार के लिए नामांकितों में शामिल

**ज्यूरिख,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड, रियल मैड्रिड के किलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी श्रेणी में नामांकितों में शामिल हैं, क्योंकि फीफा ने सर्वश्रेष्ठ फीफा फुटबॉल पुरस्कार 2024 के लिए नामांकितों की शॉर्टलिस्ट की घोषणा की है, जो क्लब और राष्ट्रीय-टीम दोनों स्तरों पर महिला और पुरुष फुटबॉल के एक और रोमांचक वर्ष में अग्रणी खिलाड़ियों को पहचान देगा। हालैंड, एमबाप्पे और बेलिंगहैम के अलावा, अन्य नामांकित व्यक्ति हैं: दानी कार्वाजल, रियल मैड्रिड, फेडेरिको वाल्वरडे , रियल मैड्रिड, फ्लोरियन विर्ट्ज़ , बेयर लीवरकुसेन, पेरिस सेंट-जर्मेन/रियल मैड्रिड, लैमिन यामल (स्पेन), बार्सिलोना, लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना), इंटर मियामी, रोड्री (स्पेन), मैनचेस्टर सिटी, टोनी क्रूस (जर्मनी), रियल मैड्रिड और विनीसियस जूनियर (ब्राजील), रियल मैड्रिड पुरस्कार की कई श्रेणियां हैं-सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला खिलाड़ी, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला कोच, सर्वश्रेष्ठ फीफा पुरुष गोलकीपर और सर्वश्रेष्ठ फीफा महिला गोलकीपर। विजेता का फैसला प्रशंसकों, सभी महिला/पुरुष राष्ट्रीय टीमों के मौजूदा कप्तानों और कोचों और मीडिया प्रतिनिधियों के बीच समान रूप से पारित होकर किया जाएगा।




## फाइटनाइट के लिए लखनऊ पहुंचे फाइटर्स

**लखनऊ।** नवाबों के शहर में होने वाले मिक्स्ड मार्शल आर्ट (एमएमए) के रोमांचक मुकाबले 'केसीसी फाइटनाइट' की तैयारियां पूरी हो चुकी है। इस फाइट में अपनी चुनौती पेश करने को तैयार देश के शीर्ष एमएमए फाइटर में शुमार राना रूद्र प्रताप सिंह सहित अन्य विश्व स्तरीय फाइटर लखनऊ पहुंच गए जो एक दिसंबर को चौक स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में होने वाले मुकाबले में जोर आजमाइश करेंगे। कॉम्बैट क्रीड चैंपियनशिप (केसीसी) के तत्वावधान में होने वाली चैंपियनशिप में शनिवार शाम सभी 16 फाइटर्स का वजन किया जाएगा और फाइटर एक-दूसरे से रूबरू होंगे।इस फाइट में अंकों के अलावा नाकआउट और सबमिशन के आधार पर विजेता का फैसला हो सकता है। केसीसी फाइटनाइट में मार्शल आर्ट की विभिन्न शैलियों जैसे कराटे, किकबॉक्सिंग, जि-जित्सु, ताइक्वांडो आदि के फाइटर्स के रोमांचक फाइटिंग स्टाइल और तकनीक से फाइट से दर्शक रुबरु होंगे।

## फेलिक्स, पाओलिनी, नवारो एडिलेड में खचाखच भरे मैदान में उतरेंगे

**एडिलेड,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे, जैस्मीन पाओलिनी उन सितारों में शामिल हैं जो एटीपी 250 इवेंट एडिलेड इंटरनेशनल



में हिस्सा लेने के लिए तैयार हैं, क्योंकि टूर्नामेंट निदेशक एलिसिया मोलिक 6 से 11 जनवरी 2025 तक द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करने के लिए पुष्टि किए गए खिलाड़ियों की क्षमता को लेकर उत्साहित हैं। फेलिक्स (पूर्व विश्व नंबर 6) और डब्ल्यूटीए की शीर्ष 10 रैंकिंग वाली दो खिलाड़ी जैस्मीन पाओलिनी, एम्मा नवारो, साथ ही विश्व नंबर 13 डायना श्नाइडर अगले साल की शुरुआत में एडिलेड में प्रतिस्पर्धा करेंगी। ये खिलाड़ी अपने गृहनगर के पसंदीदा और 2022 के चैंपियन थानासी कोकिनाकिस, दुनिया के 12वें नंबर के टॉमी पॉल, दुनिया के 22वें नंबर के सेबेस्टियन कोर्डा और शीर्ष-10 सितारों जेसिका पेगुला और बारबोरा क्रेजिकोवा के साथ शामिल होंगे -क्रेजिकोवा मौजूदा विंबलडन चैंपियन हैं। मोलिक ने कहा कि अब तक हमने जिन प्रतिभाओं की पुष्टि की है, वे असाधारण हैं और हमें विश्वास है कि प्रशंसकों को कुछ शानदार मैच देखने को मिलेंगे। इनमें से प्रत्येक खिलाड़ी कोर्ट में कुछ अनूठा लेकर आता है, और हम उन्हें द ड्राइव में प्रतिस्पर्धा करते देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।

# शुभमन गिल बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे : अभिषेक नायर

**कैनबरा,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के आगाज से पहले शुभमन गिल का चोटिल होना भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका था। लेकिन सीरीज के दूसरे टेस्ट से पहले इस युवा बल्लेबाजी की वापसी के संकेत से भारतीय खेमे में खुशी का माहौल है। टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि शुभमन गिल शनिवार से मनुका ओवल में प्राइममिनिस्टर्स इलेवन के खिलाफ शुरू हो रहे दो दिवसीय अभ्यास मैच से पहले बल्लेबाजी करते हुए काफी सहज दिखे। यह मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। गिल वाका ग्राउंड पर मैच से पहले अभ्यास सत्र में बाएं अंगूठे में लगी चोट के कारण पर्थ में खेले गए पहले मैच से बाहर हो गए थे। भारत ने यह मैच 295 रन से जीता था। नायर ने भारत के



अभ्यास सत्र के दौरान संवाददाताओं से कहा कि वह अभी बल्लेबाजी कर रहे हैं और काफी सहज नजर आ रहे हैं। हमारे फिजियो उनकी चोट का पूरी तरह से मूल्यांकन करेंगे और उसके बाद मुझे उनकी स्थिति का पता चलेगा। लेकिन मैंने जो देखा है, उससे लगता है कि वह बल्लेबाजी करते हुए सहज हैं। ऐसा लग रहा है कि वह मैच में बल्लेबाजी कर सकते हैं। गिल और रोहित शर्मा की वापसी से चयन के लिए भारत को किन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा, इस सवाल पर नायर ने कहा कि यह थोड़ी परेशानी का सबब जरूर है लेकिन यह हमारी परेशानी नहीं है क्योंकि मुख्य खिलाड़ियों की वापसी से टीम और अधिक मजबूत होगी। ऐसी स्थिति में होना हमेशा अच्छा होता है, जहां आपके दो शीर्ष खिलाड़ी वापस आएं। इससे बहुत आत्मविश्वास बढ़ता है। उनका (रोहित और गिल का) वापस आना अच्छा है। टीम जोश से भरी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा यह समझते हैं कि पर्थ में उन्हें प्लेइंग-11 में क्यों नहीं चुना गया। सहायक कोच ने कहा कि जब आपके पास जडेजा और अश्विन जैसे सीनियर होते हैं, जो समझते हैं कि टीम क्या करने की कोशिश कर रही है, तो टीम-फर्स्ट की नीति के कारण यह बहुत आसान हो जाता है। इस टीम की संस्कृति यह है कि हर कोई चाहता है कि 'टीम इंडिया' जीते। गुलाबी गेंद से टेस्ट क्रिकेट खेलने के बारे में नायर ने बताया कि भारतीय टीम इसके लिए कैसे तैयारी कर रही है। भारत ने आखिरी बार मार्च 2022 में गुलाबी गेंद से खेला था। उन्होंने कहा कि बारिश हो रही थी, लेकिन अच्छी बात यह है कि हर कोई खेलने के लिए उत्सुक था। बारिश में भी सभी ने बल्लेबाजी की। चाहे वह गुलाबी गेंद हो या लाल गेंद, सारा अंतर वास्तव में दिमाग में होता है क्योंकि हमें हर हाल में अपना सिर्फ बेस्ट देना होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 42 रन पर समेटा

**डरबन,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। श्रीलंका ने गुरुवार को किंग्समीड में चल रहे सीरीज के पहले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों मात्र 42 रन पर आउट होने के बाद टेस्ट क्रिकेट में अपना सबसे कम स्कोर दर्ज किया है। श्रीलंका की टीम 42 रन पर ऑल आउट हो गई, जो कि मात्र 13.5 ओवर में हुआ और इस तरह से वह आसानी से अपने पिछले सबसे कम टेस्ट स्कोर 71 से पिछड़ गई, जो कि 1994 में कैंडी में पाकिस्तान के खिलाफ आया था। यह कुल मिलाकर नौवां सबसे कम टेस्ट स्कोर भी है। तेज गेंदबाज ऑलराउंडर मार्को जेनसन ने 6.5 ओवर में 7-13 का करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सबसे ज्यादा विकेट झटके। साथी तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्ज़ी (2-18) और कैगिसो रबाडा (1-10) ने उनका अच्छा साथ दिया। श्रीलंका के केवल दो खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंच पाए,



जिसमें कामिंडू मेंडिस का 13 रन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा और चार खिलाड़ी शून्य पर आउट हो गए। श्रीलंका द्वारा 42 रन पर ऑल आउट होना दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ किसी भी टीम द्वारा बनाया गया सबसे कम स्कोर भी है, इससे पहले 2013 में केपटाउन में न्यूजीलैंड को प्रोटियाज ने 45 रन पर आउट कर दिया था।

**सुडोकू 6750 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 3 | 2 | 6 | 9 | 4 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 8 | 1 | 9 | 7 | 5 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 3 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 |

# [ अर्थ जगत ]

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 4.30 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.68 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 2.38 प्रतिशत |
| अडानी पोर्ट्स | 1.94 प्रतिशत |
| रिलायंस | 1.66 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| पावर ग्रिड | 1.23 प्रतिशत |
| अडानी पावर | 1.01 प्रतिशत |
| अपोलो हॉस्पीटल | 0.12 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 0.07 प्रतिशत |
| एसबीआई | 0.05 प्रतिशत |

### सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 75,916 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 87,197 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 84.49 | 84.51 |
| पौड स्टर्लिंग | 106.21 | 106.45 |
| यूरो | 88.45 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2600-2700 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 7400-7500 |
| दाल चना | 8250-8350 |
| मसूर काली | 7350-7450 |
| उड़द दाल | 10400-10500 |
| मूंग दाल | 9400-9500 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# विकसित भारत के लिए खनन क्षेत्र तैयार : रेड्डी

■ अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू



यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा : जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय मंत्री

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय खान मंत्रालय ने देश के अपतटीय क्षेत्रों में 13 खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पहला चरण शुरू कर दिया है। सरकार का यह कदम समुद्र के नीचे खनिज संसाधनों की खोज और विकास में भारत के प्रवेश की एक ऐतिहासिक पहल के रूप में खास है। इस नीलामी का शुभारंभ खान मंत्री जी. किशन रेड्डी और मंत्रालय के अधिकारियों ने किया।

भारत के अपतटीय क्षेत्र में टेरिटोरियल वॉटर, कॉन्टिनेंटल शेल्फ, एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन और दूसरे समुद्री क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण के तहत कुल 13 ब्लॉकों की नीलामी की जाएगी, जिसमें रेत के निर्माण और चूना मिट्टी के लिए तीन-तीन ब्लॉक शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 में से सात ब्लॉक पॉलिमेटेलिक नोड्यूल होंगे।

केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने नीलामी की शुरुआत की सराहना करते हुए इस कदम को अपतटीय एक्सप्लोरेशन में एक नए युग की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि यह भारत के एक्सक्लूसिव इकोनॉमिक जोन इंफ्रास्ट्रक्चर, इलेक्ट्रिक व्हीकल, रिन्यूएबल एनर्जी जैसे सेक्टर के लिए संसाधनों को जुटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जो भारत के आत्मनिर्भर बनने की राह में एक अहम कदम होगा। उन्होंने पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव को कम करते हुए सरकार के सस्टेनेबल खनन से जुड़े उद्देश्यों पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने अपतटीय खनिजों के शुभारंभ के बाद अपने संबोधन में कहा कि यह नीलामी और एक्सप्लोरेशन भारत की ब्लू इकॉनमी को अनलॉक करेगा और खनन क्षेत्र को विकसित भारत की यात्रा का हिस्सा बनने में मदद करेगा। कई देश अपतटीय खनन कर रहे हैं और अब भारत भी इसका हिस्सा होगा। व्यापार को आसान बनाने के लिए, खान मंत्रालय कई उपाय और संशोधन शुरू कर रहा है। इससे पहले खान मंत्रालय के सचिव वीएल. कांथा राव ने अपने संबोधन में आयात पर निर्भरता कम करने के महत्व को उजागर किया। उन्होंने बताया कि अपतटीय नीलामी भारत के खनिज स्रोतों में विविधता लाने का काम करेगी।

## देश के वर्कफोर्स में तेजी से बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी : करंदलाजे

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में भारत में वर्कफोर्स को लेकर महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। यह जानकारी केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने हाल ही में दी। उन्होंने बताया कि देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में पिछले छह वर्षों में तेजी आई है। महिला रोजगार पर राज्यसभा सांसद सागरिका घोष के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, करंदलाजे ने उच्च सदन को बताया कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिलाओं के लिए श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) और श्रम शक्ति भागीदारी दर (एलएफपीआर) में लगातार वृद्धि देखी गई है।



2017-18 में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 22 प्रतिशत और श्रम शक्ति भागीदारी दर 23.3 प्रतिशत थी, जो कि 2023-24 में बढ़कर क्रमश: 40.3 प्रतिशत और 41.7 प्रतिशत तक पहुंच गई है। केंद्रीय मंत्री ने अपने लिखित जवाब में कहा कि रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के साथ रोजगार की क्षमता में सुधार करना सरकार की प्राथमिकता है। सरकार ने देश के कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को लेकर कई पहल शुरू की हैं। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने महिला श्रमिकों के लिए समान अवसर और अनुकूल कार्य वातावरण के लिए श्रम कानूनों में अनेक प्रावधान शामिल किए हैं। इनमें मातृत्व अवकाश, लचीले कार्य घंटे, समान वेतन आदि को शामिल किया गया है।

## 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन का रहा परिचालन : वैष्णव

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में बताया कि 21 नवम्बर तक देश में 136 वंदे भारत ट्रेन बेहतर सुरक्षा सुविधाओं के साथ परिचालन में थीं। एक लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी वंदे भारत ट्रेन ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच, तेज गति, पूरी तरह से सील गैंगवे, ऑटोमैटिक प्लग दरवाजे, मिनी पैंट्री, बोटल कूलर, डीप फ्रिजर और गर्म पानी बॉयलर जैसी सुविधाओं के साथ यात्रियों के लिए मौजूद थी।

केंद्रीय मंत्री वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने के पीछे के औचित्य, सेवाओं-सुविधाएं और यात्री प्रतिक्रिया को लेकर विभिन्न राजनीतिक दलों के नौ सांसदों के सवालों के जवाब में जानकारी दे रहे थे। दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर को लेकर केंद्रीय मंत्री ने बताया कि दिल्ली-काठगोदाम सेक्टर में तीन जोड़ी मेल/एक्सप्रेस सेवाएं मौजूद हैं। इनमें 2039/40 काठगोदाम-नई दिल्ली शताब्दी एक्सप्रेस भी शामिल है। इसके अलावा, नई रेल सेवाओं, जिसमें वंदे भारत सर्विस भी शामिल है, की शुरुआत भारतीय रेलवे की निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है।



■ महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद

केंद्रीय मंत्री ने आगे जानकारी दी कि वर्तमान में प्रारंभ और समाप्ति आधार पर महाराष्ट्र में कुल 22 वंदे भारत सेवाएं मौजूद हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि भारतीय रेलवे में, आरक्षित सीटों की मांग का पैटर्न पूरे साल एक जैसा नहीं रहता है। यह पैटर्न कम भीड़ और व्यस्त दिनों के दौरान बदलता है। इसके अलावा, कम रुकने वाली और कम समय के साथ सुविधाजनक समय पर चलने वाली ट्रेनों को अच्छी प्रतिक्रिया मिलती है।

रेल मंत्री ने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष के दौरान वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की कुल क्षमता 100 प्रतिशत से अधिक है। उन्होंने बताया कि रेल मदद पोर्टल के जरिए यात्री ट्रेन सर्विस को लेकर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हैं।

## एनसीबी ने जीसीसीए की भारतीय शाखा से किए दो करार

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भवन निर्माण सामग्री बनाने वाली इकाइयों के फोरम नेशनल काउंसिल फार सीमेंट एंड बिल्डिंग मैटेरियल्स (एनसीबी) ने सीमेंट उद्योग में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन घटाने के नए तरीकों की खोज करने के लिए ग्लोबल सीमेंट एंड कंक्रीट एसोसिएशन (जीसीसीए), की भारतीय शाखा के साथ दो करार किए हैं।



एनसीबी वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन एक संस्था है।

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की एक विज्ञापन के अनुसार इन समझौतों पर राजधानी में यशोभूमि में आयोजित 18वें एनसीबी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन और सीमेंट एवं कंक्रीट प्रदर्शनी के दौरान हस्ताक्षर किए गए। यह आयोजन आज संपन्न हो रहा है जिसमें भाग लेने वाले सर्वश्रेष्ठ सीमेंट संयंत्रों को राष्ट्रीय सीमेंट उद्योग पुरस्कार और सम्मेलन के दौरान प्रस्तुत विशेष योग्यता वाले शोधपत्रों में सर्वश्रेष्ठ शोध-पत्रों को पुरस्कार प्रदान किया जाएंगे।

# स्टार्टअप ने जनवरी-अक्टूबर के दौरान 9.2 बिलियन डॉलर की वीसी फंडिंग जुटाई

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत में इस साल जनवरी-अक्टूबर तक की अवधि में लगभग 984 वेंचर कैपिटल (वीसी) फंडिंग सौदों की घोषणा की गई। शुक्रवार को आई रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य सालाना आधार पर 44.4 प्रतिशत बढ़कर 9.2 बिलियन डॉलर हो गया। डेटा और एनालिटिक्स कंपनी ग्लोबलडेटा की रिपोर्ट में डील वॉल्यूम में सालाना आधार पर 5.8 प्रतिशत का सुधार दिखाया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में इसी अवधि के दौरान भारत में कुल 930 वीसी सौदों की घोषणा की गई और इन सौदों का कुल घोषित फंडिंग मूल्य 6.4 बिलियन डॉलर आंका गया था।




■ वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत रही

ग्लोबलडाटा के प्रमुख विश्लेषक ऑरोज्योति बोस ने कहा कि निवेशकों का विश्वास फिर से बढ़ रहा है क्योंकि भारत ने इस वर्ष के दौरान दूसरे देशों की तुलना में वीसी फंडिंग एक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार प्रदर्शित किया है। वास्तव में, यह उन कुछ प्रमुख बाजारों में से एक था, जिन्होंने जनवरी-अक्टूबर 2024 के दौरान सौदे की मात्रा और मूल्य दोनों में सुधार देखा। बोस ने कहा कि इसके अलावा, डील वॉल्यूम (किसी निश्चित समय में खरीदे और बेचे गए शेयर) और मूल्य के मामले में भारत वीसी फंडिंग एक्टिविटी मामले में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच बाजारों में बना हुआ है।

रिपोर्ट से पता चला है कि इस अवधि के दौरान वैश्विक स्तर पर घोषित कुल वीसी सौदों में भारत की हिस्सेदारी 7.1 प्रतिशत थी। दूसरी ओर, कुल घोषित फंडिंग मूल्य के मामले में देश की हिस्सेदारी 4.2 प्रतिशत रही।

# लिवाली की बदौलत बाजार ने लगाई छलांग

■ सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 पर रहा

■ निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 पर रहा

**मुंबई,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलजुल रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नीचे भाव पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार ने करीब एक प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 759.05 अंक उछलकर 79,802.79 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 216.95 अंक के तेजी के साथ 24,131.10 अंक हो गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.31 प्रतिशत मजबूत होकर 46,070.85 अंक और स्मॉलकैप 0.76 चढ़कर 55,199.86 अंक पर बंद हुआ।

इस दौरान बीएसई में कुल 4050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2347 में लिवाली जबकि 1606 में बिकवाली हुई वहीं 97 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 43 कंपनियों में तेजी जबकि अन्य सात में गिरावट रही।

बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 1.04, ऊर्जा 1.09, हेल्थकेयर 2.05, दूरसंचार 1.53, यूटिलिटीज 1.46, तेल एवं गैस 1.01 और टेक समूह के शेयर 1.02 प्रतिशत चढ़ गए।




अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.07 और जापान का निक्केई 0.37 प्रतिशत गिर गया जबकि जर्मनी का डेक्स 0.03, हांगकांग का हैंगसैंग 0.29 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.93 प्रतिशत चढ़ गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 11 अंक फिसलकर 79,032.99 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में थोड़ी देर बाद ही 79,026.18 अंक के निचले स्तर तक फिसल गया। वहीं, इसके बाद शुरू हुई लिवाली के बल पर कारोबार के अंतिम चरण में यह 79,923.90 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 79,043.74 अंक के मुकाबले 0.96 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,802.79 अंक हो गया।

वहीं, निफ्टी 13 अंक बढ़कर 23,927.15 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का निचला स्तर भी रहा। वहीं, सत्र के दौरान यह 24,188.45 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले सत्र के 23,914.15 अंक की तुलना में 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,131.10 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की मुनाफा कमाने वाली प्रमुख कंपनियों में भारती एयरटेल 4.30, सन फार्मा 2.68, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.38, अडानी पोर्ट्स 1.94, रिलायंस 1.66, एलटी 1.59, टाइटन 1.15, आईसीआईसीआई बैंक 1.10, मारुति 0.97, एशियन पेंट 0.90, टीसीएस 0.60, एक्सिस बैंक 0.37 और इंफोसिस 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

## क्रिसिल ने अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत क्रेडिट रेटिंग्स रखी बरकरार

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। क्रिसिल रेटिंग्स की ओर से अडानी ग्रुप की कंपनियों की मजबूत रेटिंग्स को बरकरार रखा गया है। यह जानकारी शुक्रवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया अडानी ग्रुप के पास मध्यम अवधि में अपने कर्ज को चुकाने और पूंजीगत व्यय की योजना को पूरा करने के लिए पर्याप्त लिक्वीडिटी है। अमेरिका में अडानी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र और उसकी गलत कवरेज के बाद भी एजेंसी द्वारा ग्रुप की सभी कंपनियों को लेकर सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया हुआ है। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि यह रेटिंग्स कारोबार की मजबूती और वित्तीय जोखिम प्रोफाइल पर आधारित हैं। क्रिसिल ने कहा कि उसने अडानी ग्रुप की 28 कंपनियों को रेटिंग दी हुई है।

वित्त वर्ष 2024 में अडानी ग्रुप का एबिटा 82,917 करोड़ रुपए रहा था। ग्रुप का नेट डेट-टू-एबिटा रेश्यो 2.19 है। सितम्बर 2024 तक आठ सूचीबद्ध परिचालन संस्थाओं में समूह का नकद शेष 53,000 करोड़ रुपए से अधिक था। एनर्जी से लेकर पोर्ट तक फैले ग्रुप के इन्फ्रास्ट्रक्चर पोर्टफोलियो पर जोर देते हुए रिपोर्ट में कहा गया कि ग्रुप की मजबूत बाजार स्थिति और पूंजीगत व्यय समायोजित करने की क्षमता उसकी वित्तीय स्थिति को मजबूत बनाती है।




अमेरिकी में चल रही कानूनी कार्यवाही पर रिपोर्ट में कहा गया कि एजेंसी इस स्थिति पर नजदीक से निगाहें रखे हुए है। नियामक, न्यायिक और सरकार की ओर से आने वाला कोई भी एक्शन ग्रुप की वित्तीय स्थिति और संचालन को प्रभावित कर सकता है।

## सार संक्षेप

### कारदेखो ग्रुप को हुआ 340 करोड़ रुपए का नुकसान

**नई दिल्ली।** ऑटो-टेक और फिनटेक सॉल्यूशन उपलब्ध कराने वाले कारदेखो ग्रुप को कंसोलिडेटेड आधार पर वित्त वर्ष 24 में 340 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। वित्त वर्ष 23 में यह आंकड़ा 562 करोड़ रुपए था। वहीं, स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी को वित्त वर्ष 23 में 143 करोड़ रुपए नुकसान के मुकाबले वित्त वर्ष 24 में 37 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी की आय सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 2,074 करोड़ रुपए रही है। वित्त वर्ष 23 में कंपनी की आय 1,347 करोड़ रुपए थी। कंपनी के मुताबिक, आय में बढ़त की वजह इंश्योरेंस इकाई इंश्योरेंसदेखो और फिनटेक प्लेटफॉर्म रुपी का शानदार प्रदर्शन है। इंश्योरेंसदेखो ने वित्त वर्ष 24 में 3,300 करोड़ रुपये का प्रीमियम हासिल किया है।

### जेप्टो ने पार्क के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली।** देश के सबसे तेजी से बढ़ रहे कंज्यूमर इंटरनेट ब्रांड जेप्टो ने पार्क+ के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि पार्क+ के पास कार केयर के सभी उत्पाद उपलब्ध हैं। इस भागीदारी के तहत भारत में आठ से ज्यादा जगहों पर पार्क+ के 15 कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश की जाएगी। यह पहल उन कार मालिकों को शानदार अनुभव देने के लिए तैयार है, जिन्हें क्लीनिंग किट्स, कम्फर्ट एसेसरीज और मेंटेनेन्स टूल्स जैसे उच्च-गुणवत्ता के उत्पाद चाहिए। भारत की सड़कों पर पांच करोड़ से ज्यादा निजी कारें दौड़ रही हैं और कार केयर के प्रीमियम प्रोडक्ट्स की मांग बहुत बढ़ गई है। क्विक ई-कॉम के आने से भारतीय कार मालिक ऐसे उत्पादों की अधिक सुलभता एवं आपूर्ति की उम्मीद भी कर सकते हैं। ज़ेप्टो और पार्क+ ऐसे कार केयर प्रोडक्ट्स की पेशकश के लिए मिलकर काम कर रहे हैं, जो सुलभ तथा किफायती हों।

### नैसकॉम ने भारत में लांच की प्लेबुक

**नई दिल्ली।** नैसकॉम ने शुक्रवार को भारत में एक जिम्मेदार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए डेवलपर्स प्लेबुक को पेश किया। यह प्लेबुक डेवलपर्स को देश में एआई डेवलपमेंट, स्थापना और इस्तेमाल को लेकर जोखिमों की पहचान कर उन्हें कम करने में मददगार होगी। नई दिल्ली में कॉन्फ्लुएंस फॉर रिस्पॉन्सिबल इंटेलिजेंस के उद्घाटन संस्करण में लॉन्च की गई यह प्लेबुक तेजी से विकसित हो रहे एआई रिस्क मैनेजमेंट लैंडस्कैप को नेविगेट करने में डेवलपर्स के सामने आने वाली चुनौतियों के बीच आई है। प्लेबुक भारत सरकार और नैसकॉम के एक साथ सहयोग से एआई से जुड़े जोखिमों की पहचान करने और उन्हें कम करने को लेकर एक इंडस्ट्री फ्रेमवर्क की स्थापना को लेकर अहम है। आईटी इंडस्ट्री बॉडी ने कहा कि उद्योग, सरकार, शिक्षा और नागरिक समाज के भारतीय और अंतरराष्ट्रीय विषय विशेषज्ञों और हितधारकों के एक समूह ने प्लेबुक की कठोर समीक्षा और सत्यापन किया है।

## खाद्य तेल सहित अन्य जिंसों में टिकाव, चावल महंगा

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत अन्य जिंसों के टिकाव रहा जबकि आवक कमजोर पड़ने से चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में दिसंबर का पाम ऑयल वायदा 210 रिंगिट उबलकर 5270 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 40.90 सेंट प्रति पौंड पर स्थिर रहा। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस औरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। **अनाज :** अनाज मंडी में मिलजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 200 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 7250-7350, दाल चना 8250-8350, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9400-9500, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 10300-10400 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2700-2800 रुपए और चावल : 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# डेयरी से हो रहा आत्मनिर्भर ग्रामीण अर्थव्यवस्था का निर्माण

**नई दिल्ली,** 29 नवम्बर (एजेंसियां)। जस्ता, सीसा, चांदी और कैडमियम का एकीकृत खनन और संसाधन उत्पादक कंपनी हिंदुस्तान जिंक की समाधान पहल के तहत घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी राजस्थान में ग्रामीण डेयरी क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव ला रही है।

कंपनी ने शुक्रवार को बयान जारी कर बताया कि उदयपुर के बिछड़ी गांव में वर्ष 2022 में स्थापित, महिलाओं के नेतृत्व वाला यह उद्यम बाजार तक पहुंच, उचित मूल्य और स्थायी आय सुनिश्चित कर डेयरी किसानों के लिए जीवन रेखा बना है। गौयम ब्रांड के तहत, जीएमएफपीओ उच्च गुणवत्ता का ताजा दूध और प्रीमियम डेयरी उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, जो ग्रामीण समुदायों के जीवन में सफलता और सकारात्मक बदलाव का उदाहरण है। देबारी क्षेत्र के आस पास के गांवों के लगभग एक हजार शेयरधारकों द्वारा संचालित, जीएमएफपीओ सामूहिक उद्यम की शक्ति इसका सशक्त प्रमाण है। यह पहल हिंदुस्तान जिंक के समाधान कार्यक्रम के तहत संचालित हो रही है। घाटावाला माताजी एफपीओ से जुडी नारायणी डांगी और प्रेम व्यास जैसी सफलता की कहानियां इसके वास्तविक जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाती हैं।



■ 180 गांवों के 30 हजार से ज्यादा किसान परिवार हो रहे लाभान्वित

बिछड़ी की रहने वाली नारायणी ने जीएमएफपीओ को 40 रुपए प्रति लीटर दूध बेचकर आर्थिक परेशानियों को दूर किया, जो पहले उनके द्वारा अर्जित किए जाने वाले 25-30 रुपए प्रति लीटर से काफी अधिक है। प्रेम व्यास और उनके पति देवेंद्र ने अपने डेयरी उत्पादन को 10 लीटर प्रतिदिन से बढ़ाकर 85 लीटर कर दिया, जिससे उन्हें 40 हजार से लेकर 45 हजार रुपए की मासिक शुद्ध आय प्राप्त हुई। ये उदाहरण बताते है कि किस प्रकार जीएमएफपीओ ने ग्रामीण परिवारों के लिए विपरीत परिस्थितियों को अवसर में बदल दिया है। अपनी स्थापना के बाद से घाटावाला माताजी किसान उत्पादक कंपनी ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर अब तक 4.17 लाख लीटर से अधिक दूध का प्रसंस्करण किया है, जिससे 2.5 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। इस कार्यक्रम से 180 गांवों के 30,000 से ज्यादा किसान परिवार लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा, खेल, कौशल विकास, और ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के निर्माण से कंपनी ने राजस्थान और उत्तराखंड के 3,700 गांवों में 20 लाख से अधिक लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। भारत में सीएसआर के तहत सर्वाधिक खर्च करने वाली 10 शीर्ष कंपनियों में से एक हिंदुस्तान जिंक आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध है जो समग्र ग्रामीण विकास को आगे बढ़ा रहा है। वार्षिक राजस्व में वित्त वर्ष 2022-23 में 56.43 लाख रुपए, वित्त वर्ष 2023-24 में एक करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में 87.65 लाख रुपए शामिल हैं।

# प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 9 विशेषज्ञ चिकित्सकों व 10 चिकित्सा अधिकारियों की संविदा नियुक्ति

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने व स्वास्थ्य सेवाओं की प्रदायगी हेतु पर्याप्त मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संविदा पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में 09 विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के साथ बस्तर संभाग के शासकीय अस्पतालों में 10 चिकित्सा अधिकारियों (संविदा) की नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, छत्तीसगढ़ द्वारा आज इन नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारियों और संविदा विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना के आदेश जारी किए गए हैं। इन डॉक्टरों को संबंधित जिले के विभिन्न ग्रामीण और शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा जिला चिकित्सालयों में पदस्थ किया गया है। नवीन संविदा चिकित्सा अधिकारी व विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना से त्वरित इलाज में तेजी आएगी और चिकित्सा सुविधाओं को बढ़ावा मिलेगा।



■ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने जारी किया आदेश

विशेषज्ञ चिकित्सकों (संविदा) के जारी आदेश में डॉ. रमन जोगी को जिला अस्पताल बिलासपुर, डॉ. योगेश कुमार शर्मा जिला अस्पताल दुर्ग, डॉ आकांक्षा गुप्ता जिला अस्पताल जांजगीर चांपा, डॉ नवनीत सिंह ठाकुर जिला अस्पताल (एसएनसीयू) कबीरधाम, डॉ. भावना चौरे जिला अस्पताल खैरागढ़-गंडई-छुईखदान, डॉ नीरज कुमार जिला अस्पताल मुंगेली, डॉ अनिल खापर्डे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी, डॉ उमा खापर्डे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चिरमिरी, डॉ राजभान प्रजापति जिला अस्पताल सूरजपुर में पदस्थापना की गई है। इसके साथ ही बस्तर संभाग हेतु चिकित्सा अधिकारी (संविदा) के जारी आदेश में डॉ आरूषि शर्मा, डॉ. अंकित सिंह राजपूत, डॉ, भुनेश्वर नेताम, डॉ शिवानी कोर्राम, डॉ, सुब्रत मल्लिक, डॉ. आकांक्षा दारियो, डॉ. रोहिणी राणा, डॉ. यामिनी कांगे, डॉ. अनिल कुमार पटेल व डॉ कुनाल सिंह साहू हो बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों में पदस्थ किया गया है।

# नक्सलियों के एनकाउंटर में शामिल जवानों को मिलेंगे 8.84 करोड़, सरकार ने की तैयारी

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल, नक्सलवाद के खिलाफ आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस साल अब तक 8 करोड़ 84 लाख के इनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सबसे अच्छी खबर ये है कि, करोड़ों की ये राशि एनकाउंटर में शामिल रहे जवानों के खातों में आएगी।




छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबल, नक्सलवाद के खिलाफ आखिरी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस साल अब तक 8 करोड़ 84 लाख के इनामी नक्सलियों को ढेर कर दिया है। सबसे अच्छी खबर ये है कि, करोड़ों की ये राशि एनकाउंटर में शामिल रहे जवानों के खातों में आएगी।

सरकार ने रखा था नक्सलियों पर बड़ा इनाम = लाल आतंक का दंश झेल रहे बस्तर में अब तस्वीर बदलती दिख रही है। सीएम साय के सख्त इरादों के सामने नक्सली अब बेबस नज़र आ रहे हैं। सुरक्षा बल नक्सलवाद के खिलाफ अपने अभियान में लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं।

मुठभेड़ों में बड़े नक्सली नेताओं का खात्मा खुद सफलता की कहानी कह रहा है। मारे गए नक्सलियों की सूची में वो नेता हैं, जिन पर सरकार ने बड़ा इनाम रखा था। इनाम की राशि मुठभेड़ में शामिल जवानों को दी जाएगी, जिससे उनका मनोबल और ऊंचा होगा। ये जवानों की बहादुरी का इनाम तो है ही आगे के अभियानों के लिए प्रेरणा भी बनेगा।

बस्तरवासियों को जागी उम्मीद = छत्तीसगढ़ नक्सल मामलों के एक्सपर्ट ने जानकारी दी कि सरकार के सख्त रवैए के बाद अब नक्सल इलाका बस्तर के रहवासियों की उम्मीद जागी है। बस्तर में अब विकास की उम्मीद भी ग्रामीण करने लगे हैं। नक्सली ऑपरेशन से अब माओवादियों का कुनवा भी कम हुआ है।

### 25-25 लाख के इनामी थे नक्सली

इस साल मारे गए 207 नक्सलियों में से 5 ऐसे थे, जिन पर सरकार ने 25-25 लाख रुपए का इनाम रखा था। इसके अलावा नक्सलियों की मिलेट्री फार्मेशन के कमांडर सहित 77 कॉडर वाले नक्सलियों को भी जवानों ने मार गिराया। नक्सलियों की पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी की ओर से जारी किए गए लिखित बयान में भी संगठन को हुए नुकसान का जिक्र है।

### संगठनात्मक ढांचे पर पड़ेगा गहरा असर

बड़े नेताओं के मारे जाने से नक्सलियों की कमान और संगठनात्मक ढांचे पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। जिससे उनका नेटवर्क कमजोर होगा। ये रणनीति न केवल नक्सलवाद को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम है, इतना ही नहीं इससे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा और शांति की बहाली भी सुनिश्चित होगी।

# पानी को बनाया नहीं केवल बचाया जा सकता है:पद्मश्री उमा शंकर पांडे

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र द्वारा नवा रायपुर अटल नगर स्थित अरण्य भवन में च्सतत आवास और कृषि क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन कार्य योजना के क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एयर कंडीशनर तापमान विनियमन पर पोस्टर और जलवायु परिवर्तन से संबंधित 100 सफलता कहानियों पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन किया गया।




कार्यशाला में पद्मश्री उमा शंकर पांडे ने नवा रायपुर अटल नगर स्थित अरण्य भवन में आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में जल संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि जल संकट आज विश्व की सबसे गंभीर समस्याओं में से एक है। उन्होंने यह बात दोहराई कि पानी बनाया नहीं जा सकता, केवल बचाया जा सकता है। उन्होंने सभी से जल बचाने की अपील की और इस दिशा में ठोस व सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने छत्तीसगढ़ में जल संरक्षण के लिए संग्रहालय और विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। साथ ही, उन्होंने यह सुझाव दिया कि छात्रों को पानी बचाने के उपायों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जाए और पानी की पाठशाला जैसी पहल शुरू की जाए, ताकि जल के महत्व और उसके संरक्षण की तकनीकों को लोगों तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी पद्धतियां अपनाई जानी चाहिए, जिनसे घर का पानी घर में, गांव का पानी गांव में और जंगल का पानी जंगल में ही संरक्षित रहे। उन्होंने नया रायपुर में मौजूद जल संरचनाओं और जलाशयों की सराहना की। इसके अलावा, उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की प्रशंसा की और नदियों को स्वच्छ रखने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख वी. श्रीनिवास राव ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने के लिए समुदाय की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने इस दिशा में प्लास्टिक का उपयोग न करनेऔर आम जनता के बीच जागरूकता फैलाने पर जोर दिया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी), हरित भवन (ग्रीन बिल्डिंग), और हरित इस्पात (ग्रीन स्टील) जैसे नवाचारी उपायों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समुदाय के प्रत्येक सदस्य को अपनी भूमिका समझनी होगी और पर्यावरण अनुकूल आदतें विकसित करनी होंगी। साथ ही, उन्होंने जोर दिया कि जागरूकता अभियानों और स्थानीय स्तर पर प्रयासों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को प्रभावी ढंग से रोका जा सकता है।

कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडे ने कहा कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सतत आवास और कृषि क्षेत्रों में जलवायु परिवर्तन से जुड़े प्रभावी समाधान खोजने के साथ-साथ के तहत बनाई गई रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा करना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य जलवायु परिवर्तन केंद्र राज्य की जलवायु परिवर्तन संबंधी समस्याओं को सुलझाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री और वन मंत्री के नेतृत्व में तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के मार्गदर्शन में जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया जा रहा है।

कार्यशाला में आबकारी विभाग की सचिव एवं आयुक्त आर. संगीता, आईआईटी मुंबई के क्लाइमेट स्टडीज विभाग के प्रोफेसर डॉ. रघु मर्तुगुडे, तमिलनाड के पूर्व निदेशक डॉ. पन्नीरसेल्वम, रायपुर नगर निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा, बेंगलुरु के वास्तुकार डॉ. सुजीत कुमार, अंबिकापुर नगर निगम के स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी रितेश सैनी और नर्मदा नैचुरल फार्म्स के संस्थापक संकल्प शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञों ने भाग लिया। इन विशेषज्ञों ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए अपने विचार और अनुभव साझा किए।

कार्यशाला में दो तकनीकी सत्र और दो पैनल चर्चाएं आयोजित की गईं। कार्यशाला में विभिन्न विषय विशेषज्ञों, अधिकारियों और पर्यावरणविदों सहित पीसीसीएफ आनंद बाबू, अतिरिक्त पीसीसीएफ (वाइल्डलाइफ) प्रेम कुमार, वानिकी विशेषज्ञ बी.पी. सिंह, आईएफएस अधिकारी अमिताभ बाजपेयी, और कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# प्रसव के बाद अस्पताल में प्रसुता की मौत

**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में प्रसव के बाद एक महिला की मौत को लेकर शहर का न्यू कोरबा अस्पताल एक बार फिर से विवादों में आ गया है। महिला की मौत के बाद परिजन काफी आक्रोशित हैं और प्रबंधन के खिलाफ सीविल लाईन थाना में शिकायत किए है। परिजनों ने मामले में अस्पताल के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है,कि प्रसव के बाद संक्रमण समाप्त करने के लिए एक दवा दी,जिसके बाद प्रसुता की सेहत बिगड़ती चली गई और अंत में उसकी मौत हो गई।




■ आक्रोशित परिजनों ने प्रबंधन पर लगाए लापरवाही के आरोप, पुलिस से की गई शिकायत

कोरबा शहर के कोसाबाड़ी में संचालित न्यू कोरबा अस्पताल एक बार फिर से विवादों में आ गया है। प्रसव के बाद अस्पताल में एक प्रसुता की मौत हो गई जिसके बाद अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लग रहे है। परिजनों ने सीविल लाईन थाना में प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। बताया जा रहा है,कि 29 वर्षीय सृष्टि शर्मा को प्रसव पीड़ा उठने पर परिजन न्यू कोरबा अस्पताल ले गए जहां सामान्य प्रसव कराने के बाद प्रबंधन ने ऑपरेशन से प्रसव कराने की बात कही। परिजनों के राजी होने के बाद महिला का प्रसव कराया गया,जहां उसने एक स्वस्थ्य शिशु को जन्म दिया। इसके बाद जच्चा और बच्चा दोनों को आईसीयू वार्ड में भर्ती कर दिया गया। कुछ देर बात महिला के पति को बुलाकर कहा जाता है, कि संक्रमण होने के कारण प्रसुता को एक दवा दी गई है, जिसके 24 घंटे बाद सब सामान्य हो जाएगा। लेकिन दवा देने के बाद महिला के जीवन की उल्टी गिनती शुरु हो गई और रात करीब साढ़े 11 बजे उसकी मौत हो गई।

सृष्टि शर्मा की मौत को लेकर परिजनों ने पूरी तरह से अस्पताल प्रबंधन को जिम्मेदार माना है। उनका आरोप है, कि प्रसव के बाद से ही उन्होंने एक बार भी पत्नी से मिलने नहीं दिया। बहुत सारी बातें छिपाई। उन्होंने वास्तविकता छिपाई जिसके कारण उसकी मौत हो गई। बहरहाल मामले की शिकायत पुलिस से की गई है,देखने वाली बात होगी,कि पुलिस शिकायत पर क्या संज्ञान लेती है।

# राज्य वीरता पुरस्कार के लिए आवेदन 2 जनवरी तक

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश के बच्चों को दिये जाने वाले राज्य वीरता पुरस्कार के लिए 2 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। किसी घटना विशेष में उनके अदम्य साहस के लिए प्रत्येक वर्ष पांच बालक-बालिकाओं को राज्य वीरता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसके तहत पांच बालक-बालिकाओं को 25-25 हजार रुपए व प्रशस्ति पत्र पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा।

आवेदक जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग में 2 जनवरी 2025 तक आवेदन जमा कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए बालक-बालिका की आयु घटना दिनांक को अधिकतम 18 वर्ष तक होनी चाहिए। वीरता कार्य 1 जनवरी 2024 से 31 दिसंबर 2024 के मध्य की होनी चाहिए। आवेदक छत्तीसगढ़ का निवासी होना चाहिए । यह पुरस्कार किसी भी बालक बालिका को केवल एक ही बार प्राप्त हो सकेगा।

प्रविष्टियों में बालक या बालिकाओं का पूर्ण परिचय बालक-बालिकाओं द्वारा किसी घटना विशेष में अदम्य साहस, शौर्य एवं बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में किये गये कार्यों की सप्रमाण विस्तृत जानकारी उल्लेखित हो। आवेदक को यह प्रमाण पत्र भी संलग्न करना होगा कि उपलब्धि वास्तविक तथ्यों पर आधारित है। साथ ही समाचार पत्र-पत्रिका की कतरन ,पुलिस डायरी जिसमें घटना का विवरण दर्शित हो साथ ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा सत्यापित बालक-बालिका के दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ संलग्न करना होगा। कार्य घटना का विस्तृत विवरण (सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित) अन्य सुसंगत दस्तावेज, जमा करना होगा।

# नारायणपुर-कुतुल मुख्य मार्ग पर मिला 3 नग आईईडी

## सुरक्षा बलों एवं बीडीएस टीम ने किया निष्क्रिय

**नारायपुर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में नारायणपुर पुलिस के द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन नक्सल विरोधी ''माड़ बचाव'' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में नारायणपुर से डीआरजी एवं बीडीएस के संयुक्त बल नक्सल विरोधी अभियान पर माड़ क्षेत्र की ओर रवाना हुऐ थे।



सुरक्षा बलों ने नारायणपुर-कुतुल मुख्य मार्ग पर 5 किलो से अधिक वजन वाले 3 आईईडी को खोजकर सुरक्षात्मक मानकों का पालन करते हुए उक्त बरामद तीनों आई.ई.डी. को निष्क्रिय किया गया, जिससे स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों की मौत हो सकती थी या वे गंभीर रूप से घायल हो सकते थे।

इससे पहले वर्ष 2024 में माओवादियों द्वारा लगाये गये आईईडी से 20 से अधिक निर्दोष ग्रामीण मारे गये या गंभीर रूप से घायल हो गये। उक्त आईईडी को माओवादियों द्वारा निश्चित ही आदिवासी ग्रामीणों एवं सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था। सुरक्षा बलों की सजगता और सतर्कता से आईईडी को बरामद कर निष्क्रिय किया गया। उक्त कार्यवाही में डीआरजी एवं बीडीएस टीम की विशेष भूमिका रही है।

# सीजीपीएससी परीक्षा 2023 के सफल अभ्यर्थियों को मंत्री ओपी चौधरी ने दी बधाई

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) ने राज्य सेवा परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है। इस बार कुल 703 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार के लिए अपनी जगह बनाई थी, जिनमें से 243 पदों पर भर्ती के लिए चयन किया गया है। छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने लिखा- प्रिय युवा साथियों, छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा-2023 के सफल अभ्यर्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें। कठिन परिश्रम व दृढ़ निश्चय ने आपको इस मुकाम तक पहुँचाया है। यह सफलता आपके व्यक्तिगत प्रयासों के साथ परिवार, शिक्षकों व समर्पित मार्गदर्शन का फल है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आगे कहा कि यह केवल आपके लिए एक नया अध्याय है, बल्कि राज्य की सेवा में कार्यरत होकर आप अपने प्रदेश की विकास यात्रा में योगदान देंगे। यह अवसर न केवल आपके लिए एक गर्व का विषय है, बल्कि आपके कार्यों से प्रदेश के नागरिकों का जीवन भी बेहतर होगा। आप जैसे समर्पित युवा प्रदेश के उज्जवल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पुन: आप सभी को बधाई।

गौरतलब है कि पीएससी के इंटरव्यू का आज अंतिम दिन था और आज 28 नवंबर की रात को ही फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया गया। इस भर्ती में कुल 242 पदों के लिए 703 उम्मीदवारों ने इंटरव्यू दिया था, जिसकी शुरुआत 18 नवंबर से हुई थी। इस बार टॉप-10 लिस्ट में 6 पुरुष और 4 महिला उम्मीदवार शामिल हैं। टॉप-10 में रविशंकर वर्मा, मृन्मयी शुक्ला, आस्था शर्मा, किरण राजपूत, नंदिनी, सोनल यादव, दिव्यांश सिंह चौहान, शशांक कुमार, पुनित राम और उत्तम कुमार शामिल हैं।

# ग्रामीणों ने रोका रेल विस्तार का काम

## गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात




**कोरबा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। रेल विस्तार से खराब हुई सड़क को लेकर मड़वाढोढा के पास ग्रामीणों ने माकपा के नेतृत्व में काम को रोक दिया है. बड़ी संख्या में ग्रामीण काम रुकवाने पहुंचे हैं. ग्रामीणों का कहना है कि रेल विस्तार के कारण सड़क खराब हो गई है. इसके चलते बरसात में सड़क बंद हो जाएगी.

ग्रामीणों के मुताबिक, गेवरा पेंड्रा रेल विस्तार के लिए मड़वाढोढा एवं पुरैना गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को जर्जर कर दिया गया है. बरसात में सड़क मार्ग पूर्ण रूप से बंद हो जाएगा. खराब सड़क को लेकर मड़वाढोढा और पुरैना गांव के ग्रामीणों ने माकपा के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए रेल विस्तार के काम को बंद करा दिया है.

ग्रामीणों ने कहा कि जब तक मड़वाढोढा एवं पुरैना गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग को ठीक नहीं किया जाएगा तब तक रेल विस्तार के कार्य को शुरू नहीं होने देंगे. ग्रामीणों के विरोध के बाद गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है.

# जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक बदनारा सहित तीन नवीन शाखाओं का शुभारंभ

■ बैंक खुलने से किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी: कश्यप

■ बदनारा ग्राम वासियों के लिए बेहद खुशी का दिन : बघेल

**बेमेतरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने आज ग्राम बदनारा (नवागढ़) में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, दुर्ग की चार नवीन शाखाओं - बदनारा, कन्हेरा, सत्था और गोड़गिरी का शुभारंभ आज ग्राम बदनारा (नवागढ़) का शुभारंभ किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल सहित विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा श्री ईश्वर साहू, अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती सुनीता हीरालाल साहू और ओम प्रकाश जोशी और स्थानीय प्रतिनिधि ग्रामीण जन उपस्थित थे ।



सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने मुख्य अतिथि की आसंदी से द्यकहा कि यह बैंक ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय सुविधाएं प्रदान करने और सहकारी समितियों को सशक्त बनाने में सहायक होगा। किसानों, मजदूरों और छोटे उद्यमियों को ऋण, बचत और अन्य बैंकिंग सेवाओं की सुलभता मिलेगी, जिससे क्षेत्र में आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा। यह पहल सहकारिता के सिद्धांतों को मजबूत करते हुए ग्रामीण उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। मंत्री ने किसानो को गमछा और बैंक एटीएम प्रदान किया गया।

सहकारी मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की सभी समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए, हमने बेमेतरा जिले में चार नई सहकारी बैंक शाखाओं का शुभारंभ किया है। इन शाखाओं के खुलने से किसानों को वित्तीय सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी, जिससे उन्हें ऋण, बीज, खाद और अन्य कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। यह कदम किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

सहकारी मंत्री केदार कश्यप ने यह भी कहा कि धान खरीदी के माध्यम से किसानों का महोत्सव प्रारंभ हो गया है। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि यह किसानों की मेहनत का सम्मान करने और उनके धान का उचित मूल्य सुनिश्चित करने का समय है। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि किसी भी किसान का धान वापस नहीं जाना चाहिए, और सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर किसान का धान खरीदा जाए। यह कदम किसानों को उनके उत्पादन का सही मूल्य दिलाने और उनकी आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने की दिशा में है।

सहकारी मंत्री केदार कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि किसान अन्नदाता हैं, और उनका सम्मान करना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि हम सभी किसान पुत्र हैं और किसानों की समस्याओं को अच्छी तरह समझते हैं। किसानों को धान उपार्जन केंद्रों पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# रेत और मुरूम का अवैध परिवहन खनिज विभाग ने पकड़ी 7 गाड़ियां

**रायपुर/अभनपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम नवापारा क्षेत्र में अवैध रेत व मुरूम खनन और परिवहन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है. इसकी सूचना पर रायपुर खनिज विभाग ने गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक बार फिर नवापारा से अवैध रेत और मुरुम परिवहन करते 7 गाड़ियों के विरुद्ध कार्रवाई की है. सभी वाहनों को थाना गोबरा नवापारा परिसर में खड़ा कराया गया है.

खनिज विभाग की टीम ने सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए गरियाबंद और धमतरी जिले से रेत लेकर अवैध परिवहन करते हुए रायपुर की ओर जा रहे 5 हाईवा वाहनों को नवापारा में पकड़कर कार्रवाई की. पकड़े गए हाईवा वाहन का नंबर CG22 T9722, CG07 CE5688, CG07 BR6343, CG25 M4501 और CG25 M 3396 है. वहीं अवैध मुरूम परिवहन करते हाईवा क्रमांक CG04 PS3972 और CG04 PS3971 को जब्त किया गया. सभी वाहनों को थाना गोबरा नवापारा परिसर में खड़ा कराया गया है.

सुपरवाइजर शर्मा ने बताया कि यह कार्रवाई जिला कलेक्टर और विभाग के उपसंचालक के निर्देश पर की गई है. सभी प्रकरण विभाग के जिला कार्यालय में प्रस्तुत किए जाएंगे. यहां बताना जरूर होगा कि अभनपुर क्षेत्र में गौण खनिजों के अवैध खनन एवं परिवहन का काला कारोबार बेधड़क चल रहा है।

देशबन्धु पाठकों के लिए

माह नवम्बर 2024 का अखबार बिल

| दिन | दर | रू.पै. |
|---|---|---|
| 28 दिन | 4.00 | = 112.00 |
| कुल 28 दिन | | 112.00 |

कृपया अपने अभिकर्ता को उपरोक्तानुसार 10 दिसम्बर 2024 तक बिल का भुगतान करें।
प्रसार व्यवस्थापक

NECC

| 30.11.2024 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 605 | 100 | 165 |
| चिल्हर | 7.50 | 125 | 190 |

डिलीवरी 620 सैकड़ा
दर्जन अंडा 85 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

टीचर- सेमेस्टर सिस्टम से क्या फायदा है, बताओ?
पप्पू- फायदा तो पता नहीं, पर बेइज्जती साल में दो बार हो जाती है।
टीचर- निकल क्लास से।

# धान खरीदी के मुद्दे पर झूठ बोलकर कांग्रेस किसानों को कर रही गुमराह : किरण देव



**प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने धान खरीदी के मुद्दे पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पर साधा निशाना**

**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा कि बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडा पर चल रहे हैं।

भाजपा प्रदेशअध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियाँ उड़ाई तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे, कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फँसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुँह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबाँ में झाँकना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है, कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। श्री देव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 चिंटल धान की खरीदी कर रही है और 3100 रुपए प्रति चिंटल धान का भुगतान किसानों को एकमुश्त किया जा रहा है जिससे आज प्रदेश का किसान खुशहाल है।

# सीएमएचओ ने किया सीएचसी नानगुर का औचक निरीक्षण



**कर्मचारियों को समय पर उपस्थित होने की दी समझाइश**

**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। सीएमएचओ डॉ.संजय बसाक द्वारा बस्तर जिले के स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्था सुधारने को लेकर निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में डॉक्टर संजय बसाक द्वारा शुक्रवार को सीएचसी नानगुर का औचक निरीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत आने वाले सीएचसी नानगूर, पीएचसी कुरंदी, और एसएचसी साड़गुड़ का दौरा कर, गैर संचारी रोग, आयुष्मान कार्ड, क्षेत्र में संक्रामक रोगों की स्थिति जानने के लिए लोगों के एचआरपी के बारे में जानकारी लिया। इसके साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों के साफ़सफाई और कर्मचारियों के समय पर ड्यूटी आने और मरीजों से अच्छे व्यवहार की समझाइश दी गई। इस दौरान बीएमओ डॉ, दरियो, शकील खान उपस्थित रहे।

# मौत के डर से हिड़मा सहित बड़े नक्सल नेता चूहों की तरह बिल में जा छुपे : मनीष पारख



**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। केंद्र व राज्य में स्थापित भाजपा सरकार के आपसी समन्वय व सुरक्षाबलों की रणनीति से छत्तीसगढ़ में अंतिम सांसे गिन रहे नक्सली जहां एक ओर भाजपा सरकार की कार्यवाही से घबराए हुए हैं तो वहीं दूरी ओर निरंतर नक्सली अपने साथियों के आत्मासमर्पण एवं मुठभेड़ में मारे जाने के बाद खौफ के साए में जी रहे हैं। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा नेता एवं प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व सदस्य मनीष पारख ने कही है। उन्होंने नक्सलियों पर तंज कसते हुए कहा कि, सुरक्षाबलों द्वारा लगातार मुठभेड़ में बड़ी तादात में नक्सलियों को मार गिराने से नक्सली संगठन के पैरों तले जमीन खिसक चुकी है और नक्सल संगठन ज़मीदोज़ होने के कगार पर है। नक्सलियों का नेतृत्व करने वाले माड़वी हिड़मा जैसे शीर्ष नक्सली अब मिट्टी में मिलने की कगार पर पहुंच चुके हैं। जिस हिड़मा को नक्सली अपना शेर मानते थे वही अब चूहें की तरह बिल में छिपा हुआ है। हिडमा सहित पूरा नक्सल संगठन वर्तमान समय में सुरक्षाबलो के डर से भागते, जान बचाने, छुपते फिर रहे हैं, और हमारे सुरक्षाबल के बहादुर जवान नक्सलियों के हर मंसूबो पर पानी फेर रहे हैं। श्री पारेख ने कहा है कि दक्षिण बस्तर डिवीजनल कमेटी के सचिव गंगा ने प्रेस नोट जारी कर 29 नवम्बर को सुकमा जिला बंद का आह्वान किया है लेकिन नक्सलियों का यह बंद का आव्हान पूरी तरह से विफल रहेगा। जो नक्सली खुद अपने आप को बिल में बंद कर लिए हैं अब उनके द्वारा बंद का आह्वान करना हास्यास्पद है। अब तो आलम यह हो रहा है कि, उनके प्रेस नोट जारी करने के लिए प्रवक्ता नही बचे हैं। सुरक्षा बल के जवानों ने जैसा हाल प्रवक्ता नीति, समता, अभय, विकल्प सहित अन्य तथाकथित प्रवक्ताओं का किया है अब वही हाल अब गंगा व अन्य बचे-खुचों का भी होगा। मनीष पारख ने नक्सलियों के पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी द्वारा अभी हालही में लिखित रूप में जारी किए बयान का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में मारे गए >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# एनआरएलएम की सहायता से छापर भानपुरी की नीलावती मौर्य बनी लखपति दीदी




**फर्नीचर एवं बर्तन दुकान के जरिए आत्मनिर्भरता की ओर हो रही अग्रसर**

**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। स्वयं के परिवार में कम कृषि भूमि के चलते परिवार की माली हालत को देखकर छापर भानपुरी निवासी नीलावती मौर्य राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांव की स्व सहायता समूह से जुड़कर फर्नीचर एवं बर्तन दुकान के जरिए अब आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो चुकी हैं। करीब पांच साल पहले गांव की दीदियों के साथ दुर्गा महिला स्व सहायता समूह गठित कर थोड़ी-थोड़ी बचत एवं आपसी लेनदेन के द्वारा समूह के सदस्यों ने गांव के समीप लगने वाले हाट बाजार में साग-सब्जी विक्रय और चाय-नाश्ता की दुकान जैसी छोटी-छोटी आर्थिक गतिविधियों से समूह को सक्षम बनाया। वहीं समूह से आर्थिक मदद लेकर सदस्यों ने स्वयं का व्यवसाय करना भी शुरू किया। इन्हीं में से एक नीलावती मौर्य ने गांव के आसपास शादी-ब्याह तथा अन्य अवसरों पर फर्नीचर और बर्तन की मांग को देखते हुए छापर भानपुरी में फर्नीचर एवं बर्तन दुकान खोलने के लिए समूह से 50 हजार रुपए की सहायता ली और घर की बचत राशि मिलाकर गत 2022 में छोटी सी बर्तन दुकान शुरू किया। जिसे अपनी लगन और मेहनत के जरिए अब विस्तार कर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि जगदलपुर-चित्रकोट मेनरोड में दुकान स्थित होने के कारण अच्छा विक्रय हो रहा है। इस कारोबार में नीलावती को पति नरपत मौर्य का पूरा सहयोग मिल रहा है। पति करीब डेढ़ एकड़ भूमि में खेती-किसानी करते हैं और अतिरिक्त समय में नीलावती को मदद करते हैं। इस व्यवसाय के जरिए नीलावती दीदी हर महीने 15 से 20 हजार रुपए का सामान बेच लेती हैं और सीजन में 70 हजार रुपए की घरेलू सामग्री विक्रय कर लेती हैं। जिसकी आय से अपने चार सदस्यीय परिवार का समुचित भरण-पोषण कर रहे हैं। नीलावती अपने दोनों बच्चों की शिक्षा के लिए भी सजग होकर बेटी लवली मौर्य को 6 वीं में पढ़ा रही हैं और बेटा भोलेन्द्र को नर्सरी में प्रवेश दिलाया है।

नीलावती मौर्य ने बताया कि घरेलू उपयोग की सोफा, पलंग, आलमारी आदि फर्नीचर सहित बर्तनों की डिमांड शादी के सीजन में बहुत ज्यादा रहती है। इसे ध्यान रखते हुए अब बैंक से दो लाख रुपए ऋण लेने के लिए आवेदन किया है, जिसे भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वीकृति देने आश्वस्त किया गया है। इस ऋण राशि से आने वाले शादी-ब्याह के सीजन में फर्नीचर एवं बर्तन का अच्छा कारोबार कर सकेंगी। ज्ञात हो कि महिला उद्यमियों एवं कारोबारियों को उनकी जरूरत के अनुसार व्यवसाय विस्तार के लिए राज्य सरकार के सहयोग से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा स्वयं सिद्धा योजना संचालित किया जा रहा है, जिसमें महिला उद्यमियों एवं व्यवसायियों को एक से 10 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान किया जाता है। इसी तरह छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक द्वारा स्वयं सिद्धा प्रबल योजना चलाया जा रहा है। इस योजना में भी महिला उद्यमियों को 10 लाख रुपए तक का ऋण सुलभ कराया जाता है। यह दोनों योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद देकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में कारगर साबित हो रही है।

# संगठन कार्य सर्वोपरी, बूथ है भाजपा संगठन की सबसे मजबूत इकाई : संजय पांडे



**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा जगदलपुर नगर मंडल द्वारा मोर बुथ मोर अभियान के तहत बूथ गठन को मौजूद बनाने के लिए प्रतिदिन मंडल के किसी न किसी बुथ का गठन की कार्रवाई की जा रही है। बूथो और कार्यकारिणी सदस्य का चयन एवं बुथ कमेटी का गठन समस्त बुथो की बैठक कर सर्वसम्मति से किया जा रहा है। संगठन के महापर्व सदस्यता अभियान के पश्चात बुथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई बुथो को सशक्त बनाने के लिए सभी वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। बुथ कमेटी संगठन की सबसे मजबूत इकाई मानकर, सशक्त बूथ बने इस पर संगठन के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पार्षद संजय पांडे ने ने बताया भाजपा में बूथ का संगठन सबसे महत्वपूर्ण संगठन होता है। बुथ के कार्यकर्ता ही भाजपा के आधार के रूप में वार्ड एवं बूथों में कार्य करते हैं और बुथ भाजपा संगठन की सबसे मजबूत इकाई है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए पार्टी अपने बूथों के गठन के साथ विस्तर के कार्य कर रही है। बुथ कमेटी का गठन करने का लक्ष्य पार्टी संगठन की ओर से मिला है जिस पर निरंतर गठन का कार्य किया जा रहा है। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं को शक्ति केंद्र स्तर पर जिम्मेदारी दिया गया है। मैं स्वयं भी अधिक से अधिक बैठक में उपस्थित होकर बूथ कमेटी के गठन की प्रक्रिया को संपन्न कर रहे हैं। आज भी नगर के वार्ड शाहिद गुंडाधूर, अंबेडकर में बूथ कमेटी का गठन किया गया। बूथ कमेटी के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी की नियुक्ति की गई। प्रदेश प्रवक्ता श्री पांडे ने सभी नवीन पदाधिकारी को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उन्हें संगठन कार्य के प्रति प्रेरित किया। बूथ कमेटी गठन की प्रक्रिया में महापौर सफीरा साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजीत पांडे, बूथ निर्वाचन अधिकारी योगेश शुक्ला, कीर्तन महानदी, अमित मेहरा, जैकी, आत्माराम जोशी, किरण दीवान, पुष्पा तिवारी, रीना राय, गायत्री सोनी, राजेश साव, सुशील प्रसाद, शैलेष श्रीवास्तव, वसीम ख़ान इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त हो रहे 11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर जिला पंचायत सीईओ ने उनको सम्मानित किया



**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रत्येक माह सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को माह के अंतिम कार्य दिवस में पेंशन प्राधिकार पत्र का प्रदान करने संबंधी राज्य शासन के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ प्रतिष्ठा ममगाईं द्वारा नवम्बर माह में जिला बस्तर अंतर्गत सेवानिवृत्त हो रहे 18 में से 11 कर्मचारियों को पीपीओ प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक कोष लेखा एवं पेंशन कमलेश रायस्त, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी संजय सोनवानी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार सिर्फ खनन, परिवहन का कार्य करने रावघाट तक रेलपटरी बिछाकर बस्तर का कर रही दोहन : सुशील मौर्य



**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा है, कि भाजपा सिर्फ बस्तर का दोहन और अपनी मार्केटिंग करने में माहिर है जो रावघाट तक रेलपटरी का काम पूरा कर लिया है ताकि वहां से खनन और परिवहन का कार्य हो सके किंतु आगे तक का कार्य क्यों नहीं हो पा रहा है, जबकि इस समस्या पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 मई 2015 एनएमडीसी.सेल इस्कॉन कंपनी और छत्तीसगढ़ मिनिरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के साथ प्रयोग करते हुए बीआरपीएल बस्तर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का गठन किया था और कहा था कि बस्तर को अब रेल सुविधा मिलने वाली है, परंतु आज तक वह हवा हवाई ही साबित हुई है। 28 सितंबर 2018 को तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह और रेल राज्य मंत्री राजेंद्र गोहिल और विष्णु देव साई की उपस्थिति में भूमि पूजन किया था, और कहा गया था कि अब बस्तर को रेल सुविधा में दिक्कत नहीं होगी परंतु वह कार्य आगे ही नहीं बढ़ पाया। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी बस्तर के साथ धोखा करने का काम यहां के आदिवासियों को छलने का काम करने में माहिर है। आदिवासियों को झूठे ख्वाब दिखाकर सिर्फ अपनी मार्केटिंग कर जनता से वोट लेना चाहती है और बस्तर को सिर्फ चारागाह बनाना चाहती है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है।

22 सितंबर 2022 को भी बीआरपीएल कंपनी ने कहा कि हम यह कार्य नहीं कर पाएंगे। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी कि केंद्र में सरकार होने के बाद भी काम नहीं हो पाया। रेलवे बोर्ड ने कहा कि हम अब बस्तर में रावघाट रेल परियोजना का कार्य आगे बढ़ाएंगे, परंतु आज तक रेलवे बोर्ड सिर्फ डीपीआर डीपीआर के नाम पर बस्तरवासियों को ठगने का काम कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी के नेता 2023 में केंद्रीय रेल मंत्री से मिलते हैं और रेल मंत्री के ऑफिसियल पेज से जारी होता है। दोनों तरफ से कार्य प्रारंभ होगा जिस पर आकर बस्तर के नेता केदार कश्यप, संतोष बाफना अपना श्रेय लेने के लिए बड़े-बड़े दावे करते हैं, होर्डिंग लगाते हैं। अब बस्तर को झूठ बोलकर वोट पाने का षड्यंत्र रखते हैं जो सरकार बनने के बाद एक बार भी डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विष्णुदेव साय ने एक बार भी प्रधानमंत्री से मिलकर इस गंभीर विषय पर वर्षों से लंबित मांग पर कोई चर्चा नहीं की और कोई पत्राचार भी नहीं किया। बस्तर भाजपा के नेता जो आज मंत्री विधायक है जवाब दे कि रेल मंत्री ने मई 2023 में क्या आश्वासन दिया था। यदि मंत्री आश्वासन पर कायम नहीं रहे तो भाजपा नेताओं ने उनसे क्यों नहीं पूछा।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मौर्य ने कहा, कि बस्तर सांसद महेश कश्यप आज रेलमंत्री से सवाल किया है जिसमें रेल मंत्री का कहना है की डीपीआर बनकर तैयार है तो फिर डीपीआर की प्रशासनिक स्वीकृति क्यों नहीं हो रही है।जबकि डीपीआर बढ़कर 3513 करोड़ का हो गया है जो पूर्व में 2513 करोड़ का था। 1000 करोड़ की बढ़ोतरी पर रेलवे बोर्ड 2 साल का वक्त खराब कर रहा है। कुल मिलाकर बस्तर के हिस्से में झूठे वादे यहां के संसाधनों का दोहन और आदिवासियों का शोषण यही बस्तर की कहानी बनकर रह गई है। कांग्रेस पार्टी रावघाट रेल परियोजना को जल्द से >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पूर्व विधायक जैन ने कुलाधिपति को लिखा पत्र



**बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित शुल्कों में बढ़ोत्तरी न किए जाने की मांग की**

**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक व संसदीय सचिव रेखचंद जैन ने शुक्रवार को छत्तीसगढ के राज्यपाल व कुलाधिपति को पत्र भेजकर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर द्वारा प्रस्तावित शुल्कों में बढ़ोत्तरी न किए जाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि विश्वविद्यालय के इस निर्णय का अनुमोदन विद्या परिषद एवं कार्य परिषद से होना था लेकिन उनकी मंजूरी के बिना ही मात्र अनुमोदन की प्रत्याशा में अधिसूचना जारी कर बढ़ाए गए शुल्कों को लागू किया गया है। इसके बाद से यहां के हजारों नियमित व प्राइवेट छात्र- छात्राएं उद्वेलित व आंदोलित हैं। पूर्व विधायक जैन ने पत्र में लिखा है कि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के क्षेत्राधिकार में बस्तर संभाग के सात जिलों के 53 महाविद्यालय आते हैं। सत्र के मध्य में विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए निर्णय से नियमित व प्राइवेट विद्यार्थियों समेत उनके अभिभावक प्रभावित हुए हैं। पिछले शिक्षा सत्र में विश्वविद्यालय की विभिन्न परीक्षाओं में 62 हजार से अधिक विद्यार्थियों के सम्मिलित होने का उल्लेख करते श्री जैन ने इस बात पर खेद जताया है कि आनन- फानन में इस निर्णय के लागू किए जाने से हजारों छात्र- छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों पर प्रतिकूल असर पड़ा है। मात्र अनुमोदन की प्रत्याशा में शुल्कों में बढ़ोत्तरी लागू किए जाने के निर्णय को पूर्णतया अनुचित, अव्यवहारिक व अदूरदर्शी बताते उन्होने परीक्षा शुल्क समेत 42 प्रकार के अन्य शुल्कों में वृद्धि को पीड़ादायक कहा है।

**नीति आयोग के आंकड़ों को उद्धृत किया:** जैन ने भेजे पत्र में लिखा है कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार बस्तर संभाग के सात में से तीन जिलों दंतेवाड़ा, नारायणपुर व बस्तर में तो गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों का औसत छत्तीसगढ़ राज्य के औसत से अधिक है। दंतेवाड़ा व नारायणपुर जिला तो राज्य के सर्वाधिक गरीबी वाले जिलों की सूची में प्रथम दो स्थान पर आते हैं। इन दोनों जिलों की लगभग आधी आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करती है। यही स्थिति बस्तर संभाग के अन्य जिलों बस्तर, सुकमा, बीजापुर, कोंडागांव व कांकेर में भी नजर आती है। श्री जैन ने कहा है कि इन परिस्थितियों में विश्वविद्यालय प्रशासन का फीस वृद्धि का निर्णय न केवल असंगत – अतार्किक है अपितु अव्यवहारिक माना जाएगा जिसने फीस बढोत्तरी के पूर्व इस दिशा में ध्यान ही नहीं दिया। पूर्व विधायक व बस्तर विवि कार्य परिषद के पूर्व सदस्य रेखचंद जैन ने पत्र में लिखा है कि चूंकि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले समस्त सातों जिले संविधान के पांचवी अनुसूची में आते हैं जिनके प्रशासन की तमाम शक्तियां राज्यपाल में निहित हैं। उन्होने फीस वृद्धि के निर्णय को लागू किए जाने से तत्काल >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कमिश्नर और आईजी ने की बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा



**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। बस्तर ओलपिंक 2024 के तहत जगदलपुर में दिसंबर माह में आयोजित की जाने वाली संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा बैठक कमिश्नर डोमन सिंह और आईजी सुंदरराज पी. द्वारा किया गया। जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में प्रतियोगिता की रूपरेखा, प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र, मेडल और शील्ड और अन्य आवश्यक व्यवस्था का आंकलन किया। कमिश्नर श्री सिंह ने सभी जिलों के बस्तर ओलंपिक के नियुक्त नोडल से समन्वय कर खिलाड़ियों को लाने, ठहरने और भोजन व्यवस्था के संबंध में चर्चा करने के निर्देश दिए। बस्तर ओलंपिक के संभाग स्तरीय आयोजन में उद्घाटन और समापन समारोह की व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम की व्यवस्था, ब्रांडिंग की व्यवस्था सहित >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार व हत्या के खिलाफ 4 दिसंबर को मशाल रैली

**जगदलपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। बांग्लादेश प्रधानमंत्री शेख हसीना के तख्तापलट के बाद बांग्लादेश में लगातार हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है। उसकी पराकाष्ठा तब हो गई जब इस्कॉन के प्रमुख भिक्षु चिन्मय कृष्णदास को गिरफ्तार कर लिया गया और इस्कॉन को आतंकी संगठन घोषित करने की मांग की तत्पश्चात बलात रूप से बांग्लादेश के हिंदुओं का नरसंहार एवं महिलाओं के साथ सामूहिक बलात्कार किया जा रहे है। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में एवं बांग्लादेशी हिन्दुओं के समर्थन में सनातन क्षेत्रीय मंच (सक्षम) 04 दिसंबर 2024 को मशाल रैली निकालेगी। मशाल रैली शहीद स्मारक सिरहासार चौक से होते हुए –मिताली चौक – संजय बाजार हनुमान मंदिर– हाता ग्राउंड – गोल बाजार – सिरहासार चौक – माई दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण मे समापन होगा।

# लंबित अपराधों के निकाल एवं बेहतर पुलिसिंग हेतु पुलिस अधीक्षक ने ली ओवर साईट कमेटी की क्राइम मीटिंग



**कोण्डागांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु) पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार भापुसे द्वारा लंबित अपराधों के शीघ्र निकाल एवं अपराधों की रोकथाम तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक कार्यालय मीटिंग हाल में समस्त अनुविभागीय अधिकारी, थाना प्रभारियों का अपराध समीक्षा मिटींग लिया गया।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारियों से उनके यहां लंबित महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों, शिकायत, गुम इंसान तथा मर्ग के लंबित रहने के बारे में विस्तृत जानकारी ली और उन्हें जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए। कई मामलों में आरोपी दिगर राज्य के होने पर आरोपियों की धरपकड़ हेतु पुलिस टीम को दिगर राज्य विधिवत् रवाना होने के निर्देश दिए। इस दौरान एसपी ने थाना प्रभारियों को कहा कि अपने थाना क्षेत्र में आपकी मौजूदगी सदैव बनाये रखने, कम्यूनिटी पुलिसिंग के तहत् लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने और निराकरण करने के साथ चलित थाना लगाकर नषामुक्ति, बाल एवं महिला सुरक्षा, घरेरू हिंसा, सायबर क्राईम, एटीएम एवं बैंक फ्राड, यातायात नियमों का पालन करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने तथा थाना के महत्वपूर्ण रेकार्डों के संधारण बेहतर तरीके से कराने निर्देषित किया गया।

उन्होंने कहा कि रूटीन के कार्यों का प्रतिदिन एक चेक लिस्ट बनाकर रखें जिसमें पूरे दिन के कार्यों का डाटा लेख हो, उसी अनुरूप लगातार कार्य किए जाएं। प्राकृतिक मृत्यु के मामलों में मृतक के वारिसान को शासन की ओर से जल्द सहायता राशि दिलाने तत्परता से कार्य करने के साथ थानों में अपनी शिकायत लेकर आये फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करने एवं उनके शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करने तथा जनता व पुलिस के मध्य मधुर संबंध स्थापित हिदायत दिया गया। क्षेत्रान्तर्गत असामाजिक तत्वों पर नियमित रूप से निगरानी रखते हुए अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए नियमित रूप से पेट्रोलिंग के साथ रात्रि में पाईंट ड्यूटी लगाने आदेषित किया गया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दिनांक 16 नवम्बर से धान खरीदी प्रारम्भ हो गया इस दौरान सरहदी राज्यों से धान का अवैध परिवहन कर खपाने का कोषिष किया जाता है जिसके रोकथाम हेतु सरहदी राज्य से लगे थाना क्षेत्रों में चेक पोस्ट लगाकर गहन चेंकिग करने निर्देषित किया गया। क्राईम मिटींग में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौषलेन्द्र देव पटेल, रूपेश कुमार डाण्डे सभी राजपत्रित अधिकारी एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों के मांग पर पुनः प्रारंभ बाजार

## गारपा में बाजार लगने से क्षेत्र के ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखने मिला





**नारायणुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। अबूझमाड़ ग्राम गारपा एवं आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर नारायणपुर पुलिस के प्रयासों से गारपा आज दिनांक 28.11.2024 दिन गुरूवार से साप्ताहिक बाजार लगना प्रारंभ हुआ है। अब क्षेत्र के ग्रामीणों को दैनिक उपयोगी सामाग्री के लिए जिला मुख्यालय नारायणपुर या कही अन्यंत्र दूर जाना नहीं पड़ेगा समय की भी बचत होगी और आसानी से ग्राम गारपा के साप्ताहिक बाजार में जरूरत के सभी सामान मिल जायेगी।

कई वर्ष पूर्व ग्राम गारपा में बाजार लगता था किन्तु नक्सलियों द्वारा क्षेत्र के ग्रामीणों व व्यापारियों को डरा धमकाकर गारपा बाजार बंद करवा दिया गया था। जहाँ पर पुनः बाजार लगना प्रारंभ हुआ है। अब आदिवासी परम्परा के अनुसार हाट-बाजार, मड़ई-मेला माड़ क्षेत्र में पुनः प्रारंभ होगी अब लोगों के चेहरों में खुशियां देखने मिल रही है।

ग्राम गारपा में पुलिस जन सुविधा एवं सुरक्षा कैम्प स्थापित होने के पश्चात नारायणपुर जिला प्रशासन एवं नारायणपुर पुलिस के प्रयासों से जल्द ही रोड निर्माण कराया गया और कोण्डागांव-नारायणपुर को सोनपुर होते हुए सितरम तक जोड़ने वाली प्राचीन सड़क जो नक्सलवाद प्रकोप से 30 साल मे बंद पड़ी थी जिसमें बस सुविधाए प्रारंभ हुई है क्षेत्र के ग्रामीण अब जिला मुख्यालय नारायणपुर तक बस सुविधा का लाभ ले रहे है। इस रोड में यात्री बस एवं निजी गाड़िया भी दौड़ रही है।

विकास और नक्सल विरोधी अभियान के मिश्रण से नक्सलियों का प्रभाव क्षेत्र में लगातार घट रहा है। ग्रामीणों में विकास की उम्मीद और मांग दोनों बढ़ रही है। बहुत जल्द ही अन्य पहुंचविहीन क्षेत्रों में भी सड़क निर्माण के साथ -साथ विकास की अन्य योजनाओं और परियोजनाओं को तेजी से पहुंचाया जाएगा।

# 14 को आयोजित नेशलत लोक अदालत के संबंध में बैठक



**कोण्डागांव**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। 28 नवम्बर को उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के मार्गदर्शन में श्रीमती यशोदा नाग मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव एवं सुश्री गायत्री सायस सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव द्वारा मोरध्वज साहू आबकारी वृत कोण्डागांव व सुरेश कुमार आबकारी वृत केशकाल के साथ मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव के विश्राम कक्ष में 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आबकारी एक्ट से संबंधित प्रकरणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में रखने हेतु आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# शव के अंतिम संस्कार में गरीब परिवार का सहयोग करके पुलिस ने पेश की मिशाल



**कोण्डागांव**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। शव के अंतिम संस्कार में गरीब परिवार का सहयोग करके पुलिस द्वारा सभी के लिए अनुकरणीय मिषाल पेश किए जाने का मामला सामने आया है।

कोण्डागांव जिले में पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली कोण्डागांव पुलिस द्वारा एक गरीब परिवार की सहायता उसके परिजन के षव के क्रियाकर्म में करके एक सराहनीय एवं अन्य सभी के लिए अनुकरणीय मिषाल पेष किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बम्हनी निवासी सोनू की जिला अस्पताल कोण्डागांव में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। सोनू का परिवार अत्यंत गरीब होने के कारण अंतिम संस्कार के लिए साधन जुटाने में असमर्थ था।

सुचना मिलने पर पुलिस ने इस कठिन समय में परिवार को सहयोग देते हुए षव के क्रियाकर्म करने की व्यवस्था की। सिटी कोतवाली पुलिस ने नगर पालिका परिशद् कोण्डागांव के सहयोग से नारंगी नदी के मुक्ति धाम में सोनू का अंतिम संस्कार करवाया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेंद्र पटेल ने इसे सामुदायिक पुलिसिंग का हिस्सा बताते हुए आम जनता से भी अपील किया कि वे भी ऐसे नेक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और जरूरतमंदों की मदद करें। इस घटना ने पुलिस के सहयोगात्मक पक्ष को उजागर करने के साथ ही समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है।

# अनाचार का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

## गीदम पुलिस की कार्रवाई



**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। गीदम पुलिस ने अनाचार के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि आरोपी लखमू अतरा ने शादी करने व देखरेख करने का प्रलोभन देकर उनका शारीरिक शोषण किया। इससे पीड़िता गर्भवती हो गई और उसने एक बच्चे को जन्म दिया। आरोपी लखमू ने इस बच्चे को अपना नहीं कहते हुए पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। गीदम पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज किया और आरोपी लखमू को जावंगा से गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में एसआई शशिकांत यादव, एएसआई आरती दिवाकर, प्रधान आरक्षक आशीष, विरेन्द्र नाग और ज्योति बघेल का योगदान रहा। यह पूरी कार्रवाई एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी आरके बर्मन, एसडीओपी उन्नति ठाकुर के मार्गदर्शन में की गई।

## पांच दिवसीय संभाग स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**कांकेर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कमिश्नर डोमन सिंह के निर्देशानुसार बस्तर संभाग के वनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में पांच दिवसीय संभाग स्तरीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 30 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा में किया जाना प्रस्तावित है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले के सभी ब्लॉक में योग के विषय में शैक्षणिक योग्यता रखने वाले तथा योग के प्रति रूचि रखने वाले जनसामान्य को उक्त योग प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने हेतु अपील की है।

## निधन

### कृष्णावंती छाबड़ा



**रायपुर,** 29 नवंबर। स्व. सरदार सिंह छाबड़ा की धर्मपत्नी सरदारनी कृष्णावंती छाबड़ा का दुखद शुक्रवार 29 नवंबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मोक्ष धाम में किया गया। स्व. कृष्णावंती छाबड़ा प्रीतम सिंह छाबड़ा (महाराजा मशीनरी), हरचरण सिंह छाबड़ा (पंजाब मशीनरी) की माता एवं सतबीर सिंह छाबड़ा (बादशाह मशीनरी) परविंदर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा की दादी थी।

### कलिंद्री दुबे



**धमधा,** 29 नवंबर। ग्राम-गाडाघाट निवासी श्रीमती कलिंद्री दुबे का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार बानबरद मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती लता जोशी, (स्व.रमाकांत), शशिकांत, मनीलाल शर्मा की मां तथा अभिषेक, अनन्य, अथर्व, एवं आयुष शर्मा की दादी थी।

# पीपरा में विधिक जागरुकता शिविर एवं चलित थाना आयोजित

## तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल व थाना फरसगांव ने




**कोण्डागांव**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल एवं थाना फरसगांव के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पीपरा में विधिक शिविर एवं चलित थाना आयोजित किए गए होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि उत्तरा कुमार कश्यप प्रधान सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के आदेश पर श्रीमति अंजली पाण्डेय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय केशकाल अध्यक्ष तालुक विधिक सेवा समिति केशकाल के निर्देशन में सुश्री गायत्री साय सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के निर्देश पर शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पीपरा में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया जहां श्रीमति मनीषा तिवारी प्रतिधारक अधिवक्ता प्रबंध कार्यालय केशकाल के ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने के संबंध में जानकारी देते बताया कि पुरुष वर्ग जिसका वार्षिक आय 150,000 रुपए से कम हो और महिलाओं के लिए कोई आय सीमा निर्धारित नहीं है, सभी महिलाएं निःशुल्क विधिक जानकारी ले सकते हैं। बच्चे, मानसिक रूप से पीड़ित और बन्दी निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी दी गई। अभिव्यक्ति एप्लिकेशन से संबंधित जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी परेषानी मुसिबत में पड़ने पर अभिव्यक्ति एप्लिकेशन के माध्यम से एसएमएस के माध्यम से या कॉल करके सुचना देकर पुलिस सहायता ले सकते हैं। इसी तरह अनिल कुमार मंडावी अधिकार मित्र प्रबंध कार्यालय केशकाल के द्वारा अन्य कानूनी जानकारियां दी गई।

श्रीमति साधना सिंह महिला आरक्षक थाना फरसगांव, कु.धनबती कोर्राम कन्या शिक्षा परिसर पीपरा दिनेश साहू प्राचार्य, उमेश मरकाम शिक्षक, अनिता झा, संजय ठाकुर, श्रीमति लीना ठाकुर, श्रीमति ममता गावड़े, श्रीमति कमला देवी नेताम एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# जिले के सभी शालाओं में संविधान दिवस मनाया



**कोण्डागांव**, 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह संवैधानिक आदर्श और सिद्धांतों की पुष्टि करने का भी अवसर है। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे देश में 26 नवम्बर 2024 को संविधान को अपनाने की 75 वीं वर्षगांठ मनाया गया और वहीं 26 जनवरी 2025 को संविधान लागू होने का जश्न मनाया जाएगा। भारतीय संविधान की 75 वीं वर्षगांठ को एक वर्ष तक मनाया जाएगा। इसी तारतम्य में जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे के मार्गदर्शन में कोंडागांव जिला के पांचों विकास खंडों के विभिन्न शालाओं में प्रभात फेरी रैली, प्रातः कालीन सभा आयोजित कर विद्यार्थियों को संविधान के महत्व को बताया गया, चित्रकला, पोस्टर निर्माण, शिल्प प्रतियोगिताएं, संविधान के महत्व पर वक्तव्य, नुक्कड़ नाटक, सेल्फी प्वाइंट, मानव श्रृंखला, गीत-कविता, निबंध लेखन आदि कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम के साथ किया गया एवं बच्चों एवं शिक्षकों ने बड़े ही रूचिपूर्ण तरीके से इन कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया एवं कई शालाओं में इस अवसर पर न्यौता भोज का भी आयोजन किया गया था।

## प्रादेशिकी का शेष...

### मौत के डर से हिड़मा सहित ...

253 नक्सलियों में 226 नक्सली बस्तर में सुरक्षाबलो के साथ हुई मुठभेड़ में ढ़ेर होने की बात कही गई थी।

**मनीष पारख ने नक्सलियों से आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की**

मनीष पारख ने मुख्यधारा से भटके हुए नक्सलियों को हथियार छोड़ कर आत्मसमर्पण के साथ विकास की मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की है और कहा है कि, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में बनाई गई। पुनर्वास नीति का लाभ लेकर जीवन को सफल बनाने का आह्वान किया ।

### भाजपा सरकार सिर्फ खनन...

जल्द पूरा करने की मांग करता है, क्योंकि पूर्व के सांसद दीपक बैज ने भी बस्तर के ज्वलंत मुद्दों को लेकर सदन में रेल परियोजना,हवाई सेवा सड़क मार्ग सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर बेबाकी व प्रमुखता से ध्यान आकर्षण किया था। सदन में बोलने का काम किया, परंतु भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय मंत्री बस्तर को कुछ देना ही नहीं चाहते थे और अब वही बस्तर महेश कश्यप की आवाज उठाने के बाद भी परिस्थितियां जस की तस बनी हुई है। रेलवे बोर्ड बस्तर का सिर्फ शोषण और दोहन करना चाहता है जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करती है और कांग्रेस पार्टी भविष्य में इस ज्वलंत मुद्दों को लेकर बस्तर के वासियों के साथ एक लंबी लड़ाई लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के वक्त सिर्फ झूठ बोलकर आदिवासियों को रेल सेवा के झूठे सपने दिखाकर अपनी मार्केटिंग कर उनका वोट लेना चाहते हैं ।

### पूर्व विधायक जैन ने ...

रोकने को राज्यपाल का परम कर्तव्य निरुपित करते लिखा है कि फीस निर्णय का फैसला वापस लिए जाने से हजारों नियमित व प्राइवेट छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों को राहत मिलेगी। विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों को न्याय मिलने की अपेक्षा भी पूर्व विधायक ने व्यक्त की है। एक ओर जहां विश्वविद्यालय के 85 फीसद से अधिक छात्र- छात्राएं आरक्षित वर्ग के हैं वहीं दूसरी ओर यह निर्णय लेकर उनके अधिकारों पर कुठाराघात किया जा रहा है।

### कमिश्नर और आईजी ने की बस्तर ...

अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा किए। इसके उपरांत सभी अधिकारियों ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में पहुंचकर मुख्य मंच सहित अन्य कार्यक्रमों की तैयारियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर हरिस एस, पुलिस अधीक्षक शलभ सिंहा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

# बड़ेराजपुर में दिव्यांग बच्चों हेतु विखं स्तरीय शिविर




**कोण्डागांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। दिव्यांग बच्चों हेतु विकास खंड स्तरीय आंकलन शिविर कार्यक्रम का आयोजन जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक, जिला मिशन समन्वयक महेंद्र पांडे के मार्गदर्शन में 27 नवम्बर 2024 को जिले के विकास खंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय बड़ेराजपुर में दिव्यांग बच्चों हेतु आकलन शिविर का आयोजन किया गया। जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा से जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेन्द्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि दिव्यांग बच्चों हेतु प्रमाण पत्र जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कर बनाया गया। शिविर में कुल 88 बच्चों का पंजीयन हुआ जिसमें से तीन बच्चों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। शेष बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाया गया। इस शिविर में प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच किया गया। इस शिविर में दिव्यांग बच्चों का जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा सर्जरी, स्पीच थेरेपी, फिजियोथैरेपी का चिन्हांकन किया गया तथा कल तीन बच्चों को जिला अस्पताल कोडागांव में उपचार हेतु रिफर किया जाएगा। इस आंकलन शिविर में दिव्यांग बच्चों को सामग्री एवं सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए भी चिन्हांकित किए जाने के साथ ही दिव्यांग बच्चों के पालकों एवं बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड सिविल सर्जन डॉ.आर.सी.ठाकुर सिविल सर्जन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ.आर.के.चंद्रवंशी मेडिसिन विशेषज्ञ, डॉ.मयूर चांदेकर अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ.शशिकांत फिजियोथैरेपिस्ट, किशोर सेठिया नेत्र सहायक अधिकारी, किशोर वर्मा ऑडियो मैट्रिक टेक्नीशियन, मधु बघेल क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एस.आर.मरावी एवं खंड शिक्षा अधिकारी कँवल सिंह पोया, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र कुमार ठाकुर, खंड स्त्रोत समन्वयक सोनाराम यादव, बीआरपी प्रेमलाल यादव, बीआरपी मनोज कुशवाहा, बीआरपी समावेशी शिक्षा भुवनेश्वरी उइके, लेखपाल धीरेंद्र यादव, अटेंडर सरादू राम मरकाम एवं शिक्षक महेंद्र दिवान, रामिन जुर्री, शत्रुघ्न गंधर्व, सुषमा ठाकुर एवं समस्त संकुल समन्वयकों की उपस्थिति एवं सहयोग से यह शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

# फायरिंग और विस्फोट में शामिल नक्सली का समर्पण



- लोन वर्राटू अभियान के तहत छोड़ी हिंसा
- अब तक 206 ईनामी सहित 884 मुख्यधारा में शामिल

**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। नक्सलियों की घर वापसी के लिए चलाये जा रहे लोन वर्राटू अभियान के तहत पूर्वी बस्तर डिवीजन के बयानार एरिया कमेटी में जन मिलिशिया कमांडर धनरू उर्फ टुगे मांडवी ने आज आत्म समर्पण किया। यह बोदली पटेलपारा थाना मालेवाली जिला बस्तर का रहने वाला है। इस पर 1 लाख का ईनाम घोषित है। समर्पित नक्सली धनरू 2020 से नक्सल संगठन में शामिल होकर फोर्स पर फायरिंग, विस्फोट और आगजनी के वारदातों में शामिल था। इसने डीवीसीएम महेश मांडवी जो थुलथुली मुठभेड़ में मारा गया, इसके कहने पर ग्राम कुरसिंग बाहर में रहकर पटाखा फोड़ कर नक्सलियों को सूचना दी थी। आज के इस आत्म समर्पण में सीआरपीएफ 195वीं बटालियन का विशेष योगदान रहा। आत्म समर्पण के दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ राकेश कुमार, एसपी गौरव राय, कमांडेंट राजीव कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी सुभाष चंद्र, एडिशनल एसपी स्मृतिक राजनाला एवं आरके बर्मन उपस्थित थे। बस्तर आईजी सुंदर राज पी. के मार्गदर्शन में यह अभियान चलाया जा रहा है। लोन वर्राटू अभियान के तहत अब तक 206 ईनामी सहित कुल 884 नक्सलियों ने हिंसा छोड़ समाज के मुख्यधारा में शामिल होना स्वीकार किया है।

# जैविक खेती ने बदल दी राजेश की किस्मत

**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। एक दौर वह भी था जब अधिक फसल उत्पादन की लालसा में कृषक रासायनिक खादों का अंधाधुंध उपयोग कर रहे थे। फलस्वरूप फसल उत्पादन में बढ़ोतरी तो हुई परन्तु उसके दुष्परिणाम भी सामने आए। फसल में स्वाद और पौष्टिकता को अभाव रहा, इसके अलावा नये प्रकार के फसल व्याधियों कीटों का भी सामना कृषकों को करना पड़ा।

साल दर साल भूमि की उर्वरता में कमी होने से फसलें उत्पादन में फर्क पड़ा। तब शासन-प्रशासन का ध्यान पुन: जैविक खेती की ओर गया और अब जैविक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए शासन द्वारा किसानों को हर संभव तरीके से प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसके लिए शासन किसानों को सब्सिडी भी दे रही है। कृषकों में भी जागरूकता आई और वे जैविक खेती का अनुसरण करना प्रारंभ कर दिया। इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। और वर्तमान में कई प्रगतिशील कृषक जैविक खेती करके फसल का अच्छा लाभ ले रहे हैं। इससे किसानों की आय में भी बढ़ोतरी हो रही है और उपभोक्ताओं को भी बिना रासायनिक खाद के फल, सब्जियां और अनाज मिल रहा है।

इसी तरह जिले के टेकनार निवासी राजेश नाग प्रगतिशील कृषक है। जिन्होंने जैविक खेती अपनाकर अपनी आय को सात गुना तक बढ़ा लिया है। खास बात यह है कि राजेश नाग पहले छोटे पैमाने पर सब्जी की खेती करते थे, जो मुख्य रूप से उनके परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपर्याप्त होती थी, फिर उद्यानिकी विभाग की सलाह और मार्गदर्शन से उन्होंने अपनी खेती का स्वरूप बदला।



- पहले साल में कमाते थे 20 हजार, अब ढाई लाख
- जैविक जिले के जन्मोत्सव में किसान की प्रेरक कहानी
- उद्यानिकी विभाग ने परम्परा के बदले नई तकनीक की दी जानकारी

इस संबंध में वे बताते है कि लगभग 5 वर्ष पूर्व वे भी अन्य कृषकों के समान अपनी 7 एकड़ की भूमि में धान और काम चलाउ की सब्जियों की खेती करते थे। परन्तु उद्यानिकी विभाग के संपर्क में आने के बाद उन्होंने खेती में नए तकनीक एवं उन्नत कृषि विधियों की आवश्यकता को जाना। विभाग द्वारा उन्होंने नेट सेफ, मल्चिंग, ड्रिप की सुविधा दी गई। इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग के सौजन्य से सोलर पंप भी लगवाए। अब वे अपने खेत में भिंडी, मिर्च, टमाटर, करेला, बरबट्टी, और खीरा जैसी सब्जियां उगा रहे हैं। इन सब्जियों के खेती ने इतनी आमदनी दी कि दो वर्ष पूर्व में उन्होंने एक ट्रैक्टर भी खरीद लिया। अपनी हो रही आमदनी के संबंध में राजेश नाग ने बताया कि पहले उन्हें खेती से सालभर में सिर्फ 20 हजार रुपए की आमदनी होती थी, लेकिन जब से उन्होंने जैविक खेती करना शुरू किया है उनकी आमदनी प्रति वर्ष बढ़ी है। अब वह जैविक खेती से प्रति वर्ष ढाई लाख रुपए तक की कमाई कर रहे हैं। प्रगतिशील कृषक श्री नाग का यह उदाहरण उन किसानों के लिए प्रेरणा है जो मेहनत और सही रणनीतियों से अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं। उनका यह प्रयास अन्य किसानों को आधुनिक तकनीक और फसलों की विविधता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है। श्री नाग यह भी मानते है कि मेहनत और नई सोच के साथ खेती को भी एक सफल व्यवसाय में बदला जा सकता है।

# किसानी में विज्ञान के साक्षी बने छात्र

**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शा. कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, गीदम के लिए आज का दिन विशेष और प्रेरणादायक रहा। कक्षा 11वीं से 34 और 12वीं के 20 छात्राओं ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय विज्ञान केंद्र, दंतेवाड़ा-गीदम का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को कृषि और इससे जुड़े नवीनतम तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्रदान करना था।

भ्रमण के दौरान विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों डॉ. प्रवीण निषाद (वरिष्ठ कृषि इंजीनियर) और डॉ. सत्यनारायण सिंह ने विद्यार्थियों को दो समूहों में विभाजित कर विषयगत जानकारी दी। छात्रों के बीच कड़कनाथ प्रजाति के अंडों से चूजे निकालने की अत्याधुनिक इनक्यूबेशन विधि का प्रदर्शन किया गया। साथ ही कुक्कुट और बटेर पालन की व्यावसायिक संभावनाओं पर चर्चा की गई। आम की ग्राफ्टिंग और अमरूद की लेयरिंग जैसी तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया गया, जिससे छात्राओं ने पौधों के प्रजनन और उत्पादन के नवीन तरीकों को समझा। मशरूम के बीज तैयार करने की प्रक्रिया और इसकी खेती के तरीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने न केवल यह तकनीक देखी बल्कि इसे स्वयं आज़माने का भी अवसर पाया। इस शैक्षणिक यात्रा में विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता राकेश कुमार मिश्रा, महेंद्र कुमार, और कृषि विज्ञान की शिक्षिकाएँ सुश्री माधुरी साहू तथा सुश्री यशवंती तांबेलो ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके निर्देशन में छात्रों ने न केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया बल्कि कृषि विज्ञान के प्रति एक नई दृष्टि विकसित की। यह भ्रमण छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक अनुभव रहा, जिसमें उन्होंने सीखा कि कैसे कृषि को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से न केवल व्यावसायिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है बल्कि यह पर्यावरण और समाज के प्रति भी योगदान दे सकता है। विद्यालय परिवार इस सफल आयोजन के लिए विज्ञान केंद्र और उनके विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करता है। यह शैक्षणिक यात्रा निस्संदेह छात्रों के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगी, जो उन्हें नवाचार, प्रयोग और सतत विकास की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी।



- आत्मानंद विद्यालय के बच्चों का केविके भ्रमण
- विकसित हुई कृषि विज्ञान की नई दृष्टि

## प्रधानमंत्री आवास योजना में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता खत्म की जाए : प्यारेलाल



**चारामा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना के दुसरे चरण मे आवास के हितग्रहियो को आवास मे लगने वाले दस्तावेजो के साथ ही जाती प्रमाण पत्र को भी अनिवार्य कर दिया गया है जिससे आवास हितग्रहियो को काफी परेशानियो का सामना करना पड रहा है। जिसे ध्यान मे रखते हुये नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रधानमंत्री आवास योजना मे जाती प्रमाण पत्र की अनिवार्यता खत्म करने की मांग शासन से की है श्री देवांगन ने कहा की प्रधानमंत्री आवास के लिए आवश्यक दस्तावेजो मे जमीन,आधार कार्ड,बैंक खाता,राशन कार्ड प्रयाप्त है स्थाई जाती प्रमाण पत्र के आभाव मे गरीब हितग्राही प्रधानमंत्री आवास से वंचित हो जायेगें आवास दस्तावेज मे जाती प्रमाण पत्र से हितग्रही भ्रमित हो रहे है उन्हे जाती प्रमाण पत्र बनाने आफिसो के चक्कर काटने पड रहे है। खासकर गरीब महिला हितग्राहीयो को ज्यादा परेशानियो का सामना करना पड रहा है इसलिए शासन से निवेदन है। की प्रधानमंत्री आवास योजना मे हितग्रहियो को लगने वाले दस्तावेजो मे जाती प्रमाण पत्र की अनिवार्यता खत्म की जाये ताकि हितग्राही सुगमता से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन कर सके और वह वंचित ना हो।

## सामाजिक सौहार्द्रता और समरसता स्थापित करता न्यौता भोज

**कांकेर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर स्कूलों में सामूहिक न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत जिले के स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्ता एवं पोषणयुक्त भोजन प्रदाय करने हेतु न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य समाज में सामाजिक समरसता और सौहार्द्रता स्थापित कर सामूहिक भोज को प्रोत्साहित करना है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले में अब तक 02 हजार 650 स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित कर 87 हजार 163 बच्चों सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और अधिकारी- कर्मचारियों को लाभान्वित किया जा चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि न्योता भेज आयोजन के तहत जिले के अंतागढ़ विकासखण्ड में 372 स्कूलों में न्योता भोज कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें से 10 हजार 370 विद्यार्थी लाभान्वित हुए। इसी प्रकार विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में 283, लाभार्थी 8 हजार 693, विकासखण्ड चारामा में 347 स्कूलों में 14 हजार 534 लाभार्थी, दुर्गूकोंदल में 267 में 10 हजार 50 लाभार्थी, विकासखण्ड कांकेर में 385 स्कूलों और विभिन्न स्थानों में 12 हजार 489 लाभार्थी, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में 674 स्थानों में 21 हजार 428 लाभार्थी और नरहरपुर विकासखण्ड में 322 स्थानों में 9 हजार 609 बच्चों को लाभान्वित किया गया है।

- स्कूलों में बच्चों के साथ जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और अधिकारी एक साथ चख रहे भोजन का स्वाद
- जिले में अब तक 2650 स्कूलों में किया गया न्योता भोज का आयोजन

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्ता एवं पोषणयुक्त भोजन प्रदाय किया जा रहा है। सरकार का उद्देश्य सिर्फ भोजन कराना ही नहीं अपितु विद्यार्थियों को पौष्टिक आहार प्रदान करना भी है। शुभ अवसर जैसे- विवाह, जन्मदिन, वर्षगांठ, गृह प्रवेश आदि मौके पर अपना सहयोग प्रदान कर इस पुनीत कार्य में साझेदारी कर सकते हैं। इससे सामाजिक समरसता और सहभागिता की भावनाएं भी विकसित होती हैं।

## डीएव्ही मांझीगुडा बीजापुर के विद्यार्थियों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**बीजापुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। डीएव्ही जोनल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन बिलासपुर में सम्पन्न हुआ। जिसमें डी ए व्ही मांझीगुड़ा बीजापुर के 33 विद्यार्थियों ने भाग लिया।जिसमे से 12 विद्यार्थियों ने बाजी मारी। एथलेटिक्स, में अनुराग कुडियम रैनु कुडियम ने क्रमश प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त स्वर्णपदक एवम रजत पदक तैराकी मे आदर्श तलांडी स्वर्ण और रजत पदक और खोखो में चेतन, उत्तम, हेमंत, लखन, युवराज, नूतन प्रकाश, बाबूराम एवं श्रवण जो कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने क्रमश स्वर्ण पदक और रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की 12 विद्यार्थियों का गाजियाबाद (दिल्ली) में होने वाले राष्ट्रीय खेल में चयन हुआ।विद्यालय की प्राचार्या दीपशिखा सक्सेना खेल शिक्षक गेरेश कुमार सेन संगीत शिक्षक अनिल तिवारी एवम सभी शिक्षक शिक्षिकाओ का योगदान सराहनीय रहा।समस्त विद्यालय परिवार बच्चे की इस उपलब्धि पर आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना करते है।




## चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर,** 29 नवम्बर। कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने के एक प्रकरण में उनके निकटतम परिजन के लिए चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसील सरोना के ग्राम देवरीबालाजी निवासी 72 वर्षीय उदेराम नेताम की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी श्रीमती रूपई बाई को चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि कलेक्टर द्वारा स्वीकृत की गई है।

## 6 से 7 तक महिला क्रिकेट

**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में एक बार फिर जिला प्रशासन के सौजन्य से महिलाओं के लिए राइजिंग वुमन ग्रुप के बैनर तले 6 से 7 दिसंबर को क्रिकेट खेल का आयोजन किया गया है। इसका पंजीयन 30 नवंबर तक जारी रहेगा। जिस किसी महिला टीम को इस क्रिकेट में भाग लेना है वो अपना पंजीयन दिए गए नंबरों पर संपर्क कर करवा सकते है। बताया जा रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी क्रिकेट के साथ-साथ अन्य खेल को भी शामिल किया गया है, जैसे बाटी, चम्मच दौड़, गुलदस्ता सजाने की प्रतियोगिता, खुर्सी दौड़ और रंगोली जैसे प्रतियोगिता रखी गई है। साथ ही खेल मैदान में आनंद मेला फूड स्टाल भी रखा गया है। ग्रुप की अध्यक्ष मधु उके (शिक्षिका) का मानना है कि महिलाएं अपने लिए रोज की जद्दोजहद के बीच समय निकाले और बेलन की जगह बल्ला लेकर मैदान में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाए। मधु और राइजिंग वुमन ग्रुप की टीम इसी उद्देश्य को लेकर जब कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के पास पहुंची तो उन्होंने भी इस आयोजन में सहयोग के साथ अनुमति प्रदान की जो यह दर्शाता है कि महिलाओं की खुशी के लिए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधि खेल प्रेमी साथ है। राइजिंग वुमन ग्रुप अपील करती है कि महिलाएं अधिक से अधिक पंजीयन कराए और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करे और खेल के माध्यम से एक अच्छा संदेश दे। पंजीयन हेतु कोई शुल्क नहीं है केवल आपको अपना आधार देना है वह भी इसलिए ताकि हमने जो आयु समूह निर्धारित किया है, उसमें 25 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं ही भाग ले सकेगी चाहे वह घरेलू हो या कामकाजी।

## पक्का आवास बनने से मौसमी परेशानियों से मिलेगी निजात : मेशिया पद्दा

**कांकेर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजना से जिले के गरीब परिवारों का पक्के आवास का सपना मूर्तरूप ले रहा है। जीवन में प्रत्येक व्यक्ति का सपना होता है कि उसका अपना पक्का घर हो, जिसमें वह अपने परिवार को स्थायी रूप से सुरक्षा दे सके और पृथक रसोई कक्ष, शयन कक्ष, शौचालय की सुविधा के साथ सुखमय जीवन व्यतीत कर सकें। ऐसे में गरीबों के लिए पक्का घर का सपना प्रधानमंत्री आवास योजना से साकार हो रहा है। माओवाद प्रभावित एवं दुर्गम सुदूर क्षेत्र कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम कन्दाड़ी निवासी श्री मेशिया पद्दा भी उनमें से एक हैं जिन्होंने अपने सपने को जीवंत करने का हौसला रखते हैं। उनके इस सपने को आकर देने का काम कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना। श्री पद्दा ने बताया कि उनका परिवार सालों से कच्चे मकान में निवासरत है, जिसके चलते हर मौसम में अलग-अलग तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के मौसम में कच्चे, खदरनुमा एवं खपरैल का घर होने के कारण जगह-जगह पानी टपकना, जमीन में सीलन आना, सांप बिच्छू का डर सताते रहता है। वहीं सर्दी के मौसम में शीत और ठण्ड बढ़ जाने से तबीयत बिगड़ने का भय बना रहता है। कच्चे घर वन्य जीवों व कीड़े-मकोड़ों के प्रवेश करना भी आम बात है। श्री पद्दा ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् अब पक्का मकान बनने के बाद इन सभी परेशानियों से निजात मिलेगी। हितग्राही श्री मेशिया ने बताया कि शासन की जनकल्याणकारी योजना के तहत इस सुदूर क्षेत्र में आवास स्वीकृत होने से जीवन में आशातीत परिवर्तन आया है। प्रशासन की मदद से तत्काल आवास का ले-ऑउट करवाकर निर्माण सामग्री पहुंचाने में मदद मिली है, जिससे वर्तमान में नींव खुदाई कर कॉलम की ढलाई की गई है। हितग्राही ने कहा कि उनका स्वयं का पक्का मकान बनाने का सपना पूरा होने जा रहा है। नवीन आवास निर्माण से वे अत्यंत खुश एवं उत्साहित हैं कि अब मकान बनने से परेशानियां दूर होंगी और उनका परिवार पक्के मकान में निश्चिंत व निर्भीक होकर आराम के साथ रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का आवास मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया।




माओवाद प्रभावित गांवों में योजनाओं की पैठ हो रही मजबूत

## महतारी वंदन योजना : गोमती को मिला भविष्य गढ़ने का पुख्ता जरिया

**कांकेर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से महिलाओं और उनके परिवार के जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन सामने आ रहे हैं। किसी को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता मिली तो कोई योजना से मिली राशि की बचत कर अपना भविष्य संवारने में लगी हैं। जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड मुख्यालय में निवासरत श्रीमती गोमती जुर्री को भी इस योजना से मिली राशि को बचत करने का एक पुख्ता जरिया मिल गया है। बसंत नगर की श्रीमती जुर्री ने बताया कि महतारी वंदन योजना के तहत अब तक उन्हें एक हजार रुपए के मान से 09 किश्तें मिल चुकी हैं। इस तरह उनके बैंक खाते में 09 हजार रुपए जमा हो चुके हैं। पूछने पर उन्होंने बताया कि इस पैसे का उपयोग आने वाले समय में करेंगी। फिलहाल वह योजना से मिली राशि को जमा करके इकट्ठा कर रही हैं, जिससे भविष्य को संवारने में बड़ी मदद मिल सकेगी। श्रीमती जुर्री ने बताया कि वह एक शिक्षक दंपति के घर आया का काम करती हैं और महतारी वंदन योजना से हर माह मिल रही राशि को भविष्य में किसी बड़े काम में खर्च करेंगी। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने पर साधुवाद दिया।



## गरीब मरीजों को नि:शुल्क यात्रा का लाभ




**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के दूरस्थ एवं अंदरूनी क्षेत्रों के ग्रामीणों की यात्रा को सुगम बनाने हेतु बस सुविधा उपलब्ध कराकर जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया गया था। इस क्रम में युवा समूहों को बस संचालन एवं परिवहन की जिम्मेदारी दी गई थी। जिला प्रशासन की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में परिवहन सुविधा सुधारने और युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक अनुकरणीय कदम साबित हो रहा है। खनिज न्यास निधि से जन सुविधा एक्सप्रेस बसें प्रदान करके प्रशासन ने न केवल ग्रामीणों की जरूरतों को पूरा किया है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया है। इस क्रम में युवा समूहों ने केवल एक महीने में तीन मार्गों पर 47 हजार रुपये से अधिक की आय अर्जित की है। ग्रामीणों के लिए सुविधा किफायती परिवहन सुविधा उपलब्ध होने से ग्रामीणों को उनके दैनिक आवागमन में सहूलियत हो रही है। इसके साथ ही इस बस सुविधा में नि:शुल्क सेवा के तहत गरीब मरीजों के लिए अस्पताल तक मुफ्त परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इससे सामाजिक कल्याण की भावना को प्रोत्साहन मिला है। यह पहल न केवल क्षेत्रीय विकास को गति दे रही है, बल्कि सामाजिक उत्थान का भी एक आदर्श उदाहरण पेश कर रही है।

## देशी व्यंजन से जैविक खेती का माहौल

### कुआकोंडा में स्व सहायता समूह की भागीदारी



**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। ऑर्गेनिक दंतेवाड़ा कांक्लेव अंतर्गत संकुल स्तरीय परंपरागत/देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन ग्राम पंचायत कुआकोंडा में किया गया। परंपरागत देशी व्यंजन प्रतियोगिता एवं जैविक खेती प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। इसमे 15 स्व सहायता समूह की दीदियों ने देशी व्यंजन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जैविक खेती प्रतिस्पर्धा में 11 समूह ने भाग लिया, जिसमे स्थानीय व परम्परागत सामग्रियों से स्वादिष्ट पकवान बनाकर प्रस्तुत किया गया। इनके परीक्षण हेतु दल में बीआर कांगे (वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कुआकोंडा), नवल सिंह मरावी (उद्यान निरीक्षक), श्रीमती संतोषी देवदास (सुपरवाइजर), लच्छूराम राणा (सरपंच कुआकोंडा), श्रीमति रंजना कश्यप सरपंच नकुलनार शामिल थे, जिनके द्वारा मूल्यांकन किया गया। इसमें व्यंजन प्रतियोगिता अंतर्गत प्रथम स्थान पर मां दंतेश्वरी स्व सहायता समूह कुआकोंडा, द्वितीय स्थान पर दुर्गेश्वरी स्व सहायता ग्राम हलबारास, तृतीय स्थान गंगनादाई स्व सहायता समूह मैलावाडा ने जीत हासिल किया। जैविक खेती प्रतिस्पर्धा अंतर्गत 11 समूहों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान पर महादेव स्व सहायता समूह मैलावाडा, द्वितीय स्थान जागृति समूह हितावर, तृतीय स्थान दंतेश्वरी समूह कुआकोंडा ने जीत हासिल किया गया।

## अपराध से दूर नई शुरूआत का संदेश

### बंदियों को सिलाई और राजमिस्त्री का प्रशिक्षण



**दंतेवाड़ा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिला जेल में विचाराधीन कैदियों के लिए कौशल प्रशिक्षण के कार्यक्रम चलाये जा रहे है।

इस क्रम में जिला जेल में कौशल प्रशिक्षण के तहत 60 विचाराधीन बंदियों को सिलाई और राजमिस्त्री के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। इसके अलावा भविष्य में स्ट्रीट फूड वेंडर, कंप्यूटर जैसे अन्य व्यावसायिक कोर्स जल्द ही शुरू किए जाएंगे। बंदियों को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें समाज में सम्मानजनक जीवन जीने के योग्य बनाना बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया का महत्वपूर्ण पहलू है। यह पहल न केवल बंदियों की पुनर्वास प्रक्रिया को सशक्त बनाती है, बल्कि उन्हें अपराध की दुनिया से दूर एक नई शुरुआत करने का अवसर देती है। यह समाज के प्रति एक सकारात्मक संदेश है कि हर व्यक्ति को दूसरा मौका दिया जाना चाहिए। जिला जेल दंतेवाड़ा की यह अभिनव पहल अन्य जिलों और राज्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## जिला स्तरीय समस्त सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**चारामा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिला टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत 25, 27, 28 नवंबर को जिला स्तरीय समस्त सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम अलग अलग दिनों में ब्लॉकों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज चारामा के समस्त सी एच ओ टीबी संबंधी सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रशिक्षक डॉ मनीष मसीह व दीपक राजपूत (जिला कार्यक्रम समन्वयक) के द्वारा प्रदान किया गया। जिसमे प्रमुखत: टीबी मुक्त पंचायत पर जानकारी प्रदान किया गया जिससे जिले के अधिक से अधिक पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत बनाया जा सके।और निक्षय मित्र बनाने पर जोर दिया गया ,जिससे अधिक से अधिक लोगों को समुदाय को इस कार्यक्रम से जोड़ा जा सके। प्रशिक्षण में टीबी रोग से संबंधित समस्त जानकारी प्रदान किया गया जिसमे टीबी के लक्षण और बचाव और जांच सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में बताया गया साथ ही पंचायत में किन लोगों की जांच करनी हैं उसके बारे में बताया गया और पंचायत वाइज समीक्षा लिया गया जिन पंचायत का टारगेट पूरा नहीं हुआ है उनको टारगेट पूरा करने के लिए बोला गया। एवं टीबी कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान के लिए चारामा ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ सुश्री अंकिता जूरी को डॉ केके ध्रुव जी (डीटीओ,कांकेर) द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समस्त कांकेर की टीम एवं पिरामल फाउंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी रावेंद्र अवस्थी व जिला कार्यक्रम समन्वयक रूपेंद्र देवदास उपस्थित रहे।

**उल्टा पुल्टा**

चंपक की पत्नी गुस्सा होकर मायके चली जाती है.
चंपक अपनी ससुराल में फोन करता है, उधर से सास की आवाज आती है, कितना बार कहा है तुमसे अब वो तुम्हारे घर नहीं आएगी तो क्यों बार-बार फोन करते हो यहां।
चंपक- कुछ नहीं बस सुनकर अच्छा लगता है।
सास ठीक है फिर कल से मैं भी साथ में आ जाती हूं एक महीने के लिए।

# रायपुर में अगले साल तक घर-घर पहुंचेगी रसोई गैस

## वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में दिये जाने की तैयारी

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में नेचुरल गैस की आपूर्ति की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड और हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से रायपुर शहरवासियों को अगले वर्ष 2025 के दौरान प्राकृतिक गैस की पाइप लाइन के माध्यम से आपूर्ति की सुविधा घरों में कनेक्शन के माध्यम से मिलेगा। वहीं वाहनों में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से औद्योगिक क्षेत्रों में शीघ्र दिये जाने की तैयारी जारी है।

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त अविनाश मिश्रा ने भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के उपमहाप्रबंधक निर्माण जे.के. पाण्डेय और रायपुर में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति घरों में किये जाने डिस्ट्रीब्यूशन लाइन बिछाने अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के प्रबंधक राकेश रंजन



की उपस्थिति में चर्चा कर संबंधित अधिकारियों से योजना की आवश्यक जानकारी ली।

आयुक्त को गेल इंडिया लिमिटेड के अधिकारियों ने जानकारी दी कि मुंबई नागपुर झारसुगुड़ा प्राकृतिक गैस पाइप लाइन से रायपुर शहर क्षेत्र में घरों के लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति और शहर क्षेत्र में सीएनजी स्टेशन के माध्यम से वाहनों में प्राकृतिक ईंधन आपूर्ति की अभिनव योजना पर कार्य निरंतर प्रगति पर है। वर्ष 2025 के दौरान रायपुर शहर में प्राकृतिक गैस पाइप लाइन आपूर्ति से संबंधित योजना का व्यवहारिक क्रियान्वयन करने की योजना है इस योजना के राजधानी शहर रायपुर में क्रियान्वयन से शहर में प्रदूषण नियंत्रण का कार्य और अधिक प्रभावी तरीके से हो सकेगा एवं वायु गुणवत्ता में इससे शहर में सुधार क्रियान्वयन के माध्यम से दृष्टिगोचर हो सकेगा।

जानकारी दी गई कि वर्ष 2025 के दौरान भारत सरकार के उपक्रम गेल इंडिया लिमिटेड के माध्यम से बिछाई जा रही मुख्य प्राकृतिक गैस पाइप लाइन से वितरक लाइन रायपुर शहर क्षेत्र में इस के लिए अधिकृत हरियाणा गैस एजेंसी के माध्यम से बिछाकर लगभग 1 लाख घरों में सीएनजी गैस आपूर्ति के लिए पाइप लाइन बिछाकर कनेक्शन देने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसके लिए प्राकृतिक गैस आपूर्ति पाइप लाइन बिछाकर घरों में की जायेगी।

# राईस मिलर्स की हड़ताल जारी रहेगी या खत्म, आज फैसला

## एग्रीमेंट नहीं करने से धान का उठाव नहीं, सहकारी समितियों में लाखों टन धान जाम

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। कस्टम मिलिंग की राशि बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के राइस मिलर्स अघोषित हड़ताल पर है। हड़ताल खत्म करने को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री और प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के बीच करीब चार घंटे से अधिक समय तक चर्चा हुई इस दौरान उनकी कई मांगों पर सहमति बन गई है इसके बावजूद अब तक हड़ताल खत्म करने की घोषणा नहीं की गई है इस मामले में प्रदेश राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रबाल ने देशबंधु से चर्चा करते हुए कहा शनिवार को बिलासपुर में कार्यकारिणी की बैठक है। सरकार के साथ हुई चर्चा से सभी को अवगत कराया जाएगा इसके बाद बैठक में हड़ताल खत्म करना है या नहीं फैसला लिया जाएगा। आज सरकार के साथ हुई बातचीत को उन्होंने सार्थक बताया।

कस्टम मिलिंग नीति व मिलिंग की राशि बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश के राइस मिलर्स हड़ताल पर है। जिसके कारण मिलर्स ने अब तक कस्टम मिलिंग के लिए शासन के साथ धान उठाने के लिए एग्रीमेंट



नहीं किया है। सरकार ने 14 नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से धान खरीदना शुरू कर किया है। मिलर के द्वारा धान का उठाव नहीं किया जा रहा है जिसके चलते सहकारी समितियों में धान जमा हो गया है। समितियों के पास किसानों से खरीदे जाने वाले धान को रखने के लिए जगह नहीं है। इसे देखते हुए धान को संग्रहण केंद्रों में भेजा जाने लगा है जिससे परिवहन का अतिरिक्त खर्चा सरकार को वहन करना पड़ेगा।

कांग्रेस सरकार में हुए सवा सौ करोड़ के कस्टम मिलिंग घोटाले की वजह से साय सरकार ने पूरी नीति ही बदल दी है। नई नीति में कस्टम मिलिंग की राशि 120 रूपए से घटाकर 60 रूपए कर दी गई है। यही नहीं, राइस मिलों में कैमरा लगाने, और फिर पूरी रिकॉर्डिंग उपलब्ध कराने के फरमान से भी मिलर्स नाराज हैं। यही कारण है कि उन्होंने मिलिंग के लिए एग्रीमेंट करने से मना कर दिया है। मिलर्स ने आधिकारिक रूप से हड़ताल का ऐलान नहीं किया है, लेकिन मिलिंग के लिए एग्रीमेंट भी नहीं करा रहे हैं।

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अब तेजी आ गई है। अब तक करीब 11लाख मीट्रिक टन धान समितियों में आ गया है। लेकिन जैसे-जैसे धान की आवक बढ़ेगी। समितियों में जगह को लेकर समस्या आएगी। राइस मिलर्स को बड़ी आपत्ति मिलिंग की राशि 60 रूपए प्रति चिंटल कम करने को लेकर है। जबकि पिछली सरकार ने कस्टम मिलिंग की राशि 40 रूपए से बढ़ाकर 120 रूपए कर दिया था। उनकी मांग है कि कस्टम मिलिंग की राशि को यथावत रखा जाए। सरकार उनकी मांग से सहमत है इसी तरह मिलरो का पिछले दो वर्षों का करोड़ों रुपए का भुगतान बकाया है इसे भी जारी करने पर सरकार सहमत हो गई है।

# त्वचा रोग विशेषज्ञों का वार्षिक सम्मेलन आज से राजधानी में

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय त्वचा रोग विशेषज्ञो का वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक रायपुर में किया गया है। इंडियन ऐसोसियेशन ओफ डर्मेटोलॉजी व्हेनरियोलॉजी और लेप्रोलोजी की छत्तीसगढ़ राज्य शाखा के द्वारा होटल कोर्टयार्ड मैरियट रायपुर में आयोजित है।

सम्मेलन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए राज्य शाखा की अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ पूजा पाण्डेय (दुर्ग- भिलाई) एवं सचिव डॉ समुद्रनील सिन्हा(रायपुर) ने बताया इस सम्मेलन में राज्य एवं विभिन्न स्थानों से आए लगभग 150 त्वचा रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। अतिथि वक्ता के रूप में विख्यात विशेषज्ञ चिकित्सक ने अपने व्याख्यान प्रस्तुत

■ **कार्यक्रम में 150 विशेषज्ञ शामिल होंगे**

करेंगे। इनमें बेंगलुरु से मेजर जनरल डॉ ए.के. जयसवाल एवं डॉ रघुनाथ रेड्डी, दिल्ली से डॉ विनय सिंह, डॉ गुल्हिमा अरोरा, डॉ मानस चक्रवर्ती मुंबई से डॉ राजेश कुमार, डॉ शीतल पुजारी, डॉ गीतांजली शेट्टी, हैदराबाद से डॉ समाथा, जमशेदपुर से डॉ राजीव रंजन ठाकुर) चेन्नई से ड्क्डॉ कार्तिक रजा, बागडोगरा से ड्क्डॉ देवलीना भूनिया शामिल है विशेष अतिथि वक्ता नेपाल से ड्क्डॉ सूचना मर हट्टा। विशेषज्ञ अलग-अलग विषयों पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत करेंगे।

वार्षिक सम्मेलन में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न मेडिकल कॉलेज के डर्मेटोलॉजी विषय में पोस्ट ग्रेजुएशन कर रहे विभिन्न छात्रों के द्वारा शोध पत्र, पोस्टर प्रस्तुत किए जाएंगे। उनके बीच एक चिज स्पर्धा का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता उपविजेता को सर्टिफिकेट एवं पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

# किसानों से धान नहीं खरीदने सरकार कर रही षड्यंत्र : कांग्रेस

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में धान खरीदी समेत किसानों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार धान नहीं खरीदने का षड्यंत्र कर रही है। विष्णु देव साय सरकार की नई नीति से स्पष्ट है कि वह किसानों से धान खरीदी कम करना चाहती है

राजीव भवन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्रीबैज ने कहा, इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है। प्रतिदिन सरकार को लगभग साढ़े तीन लाख मिट्रिक टन की खरीदी प्रति दिन करनी होगी, तब जाकर लक्ष्य पूरा होगा। वर्तमान में जिस रफ्तार से धान खरीदी हो रही है उसमें लक्ष्य प्राप्त करना असंभव लग रहा। सोसाइटियो को निर्देश है कि एक दिन में अधिकतम 752 चिंटल यानी 1880 कट्टा धान ही खरीदा जाना है ऐसे में एक किसान का शेष धान के लिये उसको आगामी दिनों की तारीख दी जा रही है। सरकार ने यह घोषणा किया है कि 72 घंटे में किसानों के खाते में पैसा आएगा, लेकिन जो लोग 14 नवंबर को

■ **धान खरीदी केंद्रों में जारी नहीं हो रहा टोकन, किसान परेशान**



धान बेचे थे, उनके खाते में रकम नहीं आया है, जो रकम आ रहा है वह एक मुश्त 3100 नहीं है। (जो समर्थन मूल्य है उतना) सिर्फ 2300 रुपए प्रति चिंटल ही आ रहा है।

बैज ने कहा कि अनावरी रिपोर्ट गलत बनाया जा रहा, जिसके आधार पर मात्र 9 से 12-14 चिंटल धान खरीदा जा रहा। किसानों से पूरा 21 चिंटल धान नहीं खरीदा जा रहा है बीज उत्पादक किसानों से सोसायटी में धान नहीं खरीदा जा रहा सोसायटी में बारदाने की कमी है जिसके कारण धान खरीदी बाधित हो रही है। उन्होंने कहा कि धान खरीदी केंद्रों में टोकन नहीं जारी किया जा रहा है किसान घंटों खड़े रहते हैं आनलाइन टोकन सिस्टम के कारण किसानों को 15 दिन बाद का भी टोकन नहीं मिल रहा है। धान की कीमत का भुगतान 3217 रुपए में करें, क्योंकि 3100 रुपए भाजपा ने अपने चुनावी वायदे में कहा था। केन्द्र सरकार ने धान का समर्थन मूल्य 117 रुपए बढ़ा दिया है। इस कारण इस वर्ष धान की खरीदी 3100 रुपए से बढ़ाकर 3217 रुपए किया जाए।

श्री बैज ने कहा कि धान उपार्जन की कांग्रेस सरकार की नीति को भाजपा सरकार ने बदल दिया है। नई नीति के अनुसार 72 घंटे में बफ़र स्टॉक के उठाव की नीति को बदल दिया है। पहले इस प्रावधान के होने से समितियों के पास ये अधिकार होता था कि वे समय सीमा में उठाव न होने पर चुनौती दे सकें। अब बफ़र स्टॉक के उठाव की कोई सीमा ही नहीं है। धान खरीदी केन्द्रो में जगह की कमी आ रही है। पहले मार्कफ़ेड द्वारा समस्त धान का निपटान 28 फ़रवरी तक कर देने की बाध्यता रखी गई थी। अब इसे बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है। धान खरीदी बंद होगी 31 जनवरी को, यानी समितियों/संग्रहण केंद्रों में धान अब दो महीने तक रखा रहेगा।

# यात्रियों को घर बैठे मिलेगी बस का समय व मार्ग की जानकारी

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में बस यात्रियों को अब बस की समय-सारणी और बस रूट की जानकारी घर बैठे मिल सकेगी। आज राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में सुशासन की अवधारणा पर अमल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने यात्रियों की यात्रा को सुगम और सरल बनाने के लिए 'बस संगवारी एप' लॉन्च किया। श्री साय ने छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बस संगवारी एप बस यात्रियों, विशेष रूप से दूरस्थ अंचलों के यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगा। निकट भविष्य में इस एप के माध्यम से अंतर्राज्यीय बसों के परिवहन और बसों के रियल टाइम ट्रेकिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी। अभी यात्रियों को बस की टाइमिंग पता करने के लिए बस स्टैण्ड या बस स्टॉप पर जाना पड़ता है। लोगों की इस परेशानी का समाधान इस एप के जरिए मिल सकेगा।



**एप से 5 हजार से अधिक बसों की मिलेगी जानकारी**

परिवहन विभाग के सचिव एस प्रकाश ने बस संगवारी एप के संचालन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा तैयार कराए गए इस एप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा

इस एप के माध्यम से यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन सुविधाजनक होगा इस एप में वर्तमान में 5 हजार से अधिक बसों को शामिल किया गया है, जो विभिन्न रूट में संचालित हैं जल्द ही अंतर्राज्यीय बसों के संचालन की जानकारी भी इस एप के माध्यम से मिल सकेगी। बसों में जीपीएस सिस्टम लगाया जा रहा है। बस संगवारी एप को जीपीएस के साथ एकीकृत किया जा रहा है, जिससे बसों की लाइव ट्रेकिंग भी की जा सकेगी।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, बसव राजू एस. और राहुल भगत, परिवहन विभाग के सचिव एस. प्रकाश, आबकारी सचिव आर. संगीता, अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर उपस्थित थे।

# सफारी में टेंडर निरस्त करने की मांग, धरने पर बैठे दैवेभो

## तीन दिन में मांग पूरी न होने पर उग्र हड़ताल करने की चेतावनी

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश के टाइगर सफारी, लायन सफारी, भालू सफारी, एवं अन्य के लिए टेंडर जारी किया गया है टेंडर जारी होते ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने मोर्चा खोल दिया है सैंकड़ों की संख्या में आज दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने नंदनवन, जंगल सफारी के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन किया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि 3 दिन के भीतर इस निविदा (टेंडर) को वापिस लिया जाए। वहीं मांग पूरी न होने पर उन्होंने अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

धरना प्रदर्शन पर बैठे सभी कर्मचारी दैनिक वेतन मान पर कार्यरत हैं वहीं



अचानक निविदा जारी होने की स्थिति में उनमें यह डर बैठ गया है कि टेंडर जिन्हें भी मिलेगा वे अपने लोगों को काम पर रखेंगे, जिससे उनकी नौकरी खतरे में पड़ जाएगी। इसके चलते सभी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने सरकार से इस निविदा को वापिस लेने की मांग को लेकर आज प्रदर्शन किया है।

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार को जारी किया सख्त निर्देश

# 7 दिनों के भीतर करें डीएलएड डिप्लोमा धारकों की नियुक्ति

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने डीएलएड डिप्लोमा धारकों को प्राथमिक स्कूलों में शिक्षक के पद पर नियुक्ति देने के लिए राज्य सरकार को सख्त निर्देश जारी किया है जस्टिस अरविंद वर्मा की बेंच ने राज्य शासन से कहा है कि सात दिनों के भीतर डीएलएड डिप्लोमा धारकों की चयन सूची जारी करें, जिनको प्राइमरी स्कूलों में शिक्षक के पद पर नियुक्ति दी जानी है। अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 10 दिसंबर को होगी।



डीएलएड डिप्लोमा धारकों ने हाईकोर्ट में चौथी बार अवमानना याचिका लगाई है जिस पर सुनवाई करते हुए सिंगल बेंच ने राज्य सरकार के रवैये को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा, कि सुप्रीम कोर्ट और उसके बाद हाई कोर्ट के फैसले के बाद भी राज्य सरकार आदेश का परिपालन करने के बजाय लगातार अवहेलना कर रही है। अवमानना याचिका की पिछली सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जोड़कर उनकी बातें सुनी थी विभागीय अधिकारियों के जवाब सुनने के बाद कोर्ट ने 21 दिनों के भीतर प्राइमरी स्कूलों में नौकरी कर रहे बीएड डिग्रीधारकों को बाहर निकालने और उनकी जगह मेरिट के आधार पर डीएलएड डिप्लोमा धारकों को नियुक्ति देने के लिए सूची जारी करने कहा था. हाईकोर्ट द्वारा तय की गई समय सीमा बीते जाने के बाद भी जब राज्य शासन की ओर से नियुक्ति देने के संबंध में प्रक्रिया प्रारंभ नहीं की गई तब डिप्लोमा धारकों ने न्यायालीयन आदेश की अवहलेना का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की है।

मामले में राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसर ने बताया कि डीएलएड डिप्लोमा धारकों की मेरिट के आधार पर सूची बनाने और जारी करने की जिम्मेदारी व्यापम को दी गई है. व्यापम की ओर से इस संबंध में विलंब किया जा रहा है।

नाराज कोर्ट ने कहा कि इस पूरे मामले में जानबुझकर न्यायालय का समय बर्बाद किया जा रहा है। कोर्ट ने राज्य शासन को अंतिम अवसर देते हुए सात दिनों के भीतर मेरिट के आधार पर डीएलएड अभ्यर्थियों की सूची जारी करने और नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

# कलश यात्रा के साथ बोरियाखुर्द में 21 कुण्डीय गायत्री यज्ञ का शुभारंभ



**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के मार्गदर्शन व संरक्षण में बोरियाखुर्द रायपुर में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय 21 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की शुरूआत हुई। गायत्री परिवार से जुड़े लोगों के अलावा बड़ी संख्या में नगर तथा आसपास के क्षेत्र से आये श्रद्धालु सहित तमाम प्रतिनिधि कलश यात्रा में शामिल हुए। 251 महिला एवं युवतियों ने कलश के साथ यज्ञस्थल से पैदल चलकर, श्रीराम चौक, झंडा चौक, मोतीनगर, श्रीराम चौक होकर गजराज बांध पहुंची। गजराज बांध के मुख्य घाट में कलश में जल भरकर गणपति पूजन, वरुण पूजन व गंगा आरती किया गया इसके पश्चात सभी महिलाएं व युवतियां कलश को सिर में रखकर पुराना धमतरी रोड से कमल होटल होते हुए यज्ञ स्थल पहुंची। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञस्थल में कलश की स्थापना आद्य शक्ति, युग शक्ति पर संगीत व प्रवचन, प्रसाद वितरण हुआ। महायज्ञ को लेकर यज्ञस्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

गायत्री परिवार के जिला समन्वयक लच्छुराम निषाद, संयोजक मोहनलाल साहू, आयोजक मण्डल से ऋषि साहू व मीडिया प्रभारी प्रज्ञा प्रकाश निगम ने बताया कि कलश यात्रा के पूर्व दोपहर में यज्ञ स्थल पर गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा चलाये गये सप्तसूत्रीय आंदोलन - साधना, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलम्बन, नारी जागरण, पर्यावरण, व्यसन मुक्ति एवं कुरीति उन्मूलन की प्रदर्शनी व साहित्य स्टॉल का लोकार्पण किया गया। दूसरे दिन प्रात: 8 बजे दोपहर 2 बजे तक देव पूजन, यज्ञ का ज्ञान-विज्ञान संदेश, गायत्री महायज्ञ एवं विविध संस्कारों - पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुण्डन, कर्णछेदन, विद्यारम्भ यज्ञोपवित, गुरु दीक्षा, जन्मदिवस विवाह दिवस इत्यादि का नि:शुल्क आयोजन तथा शाम 4 बजे शाम 6 बजे तक संगठनात्मक कार्यकर्ता गोष्ठी, नारी शक्ति सम्मेलन, गीत-संगीत, प्रज्ञा प्रवचन, नारी सशक्तिकरण पर विशेष उद्बोधन, राष्ट्र जागरण, दीप महायज्ञ होगा। कार्यक्रम के अंतीम व तृतीय दिवस 1 दिसम्बर को प्रात: 6 बजे ध्यान साधना, प्रज्ञायोग तथा प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे गायत्री महायज्ञ, विविध संस्कार, पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण होगा।

# आयुष्मान कार्ड बनाने सभी वार्डों में लगाए जाएंगे शिविर

**रायपुर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। आज रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम मुख्यालय भवन के चतुर्थ तल पर डाटा सेंटर में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केन्द्र सरकार की अभिनव लोकस्वास्थ्य आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाकर देने जोनों एवं वार्डों में शिविर के माध्यम से किये जा रहे कार्य को लोकहित की दृष्टि से अभियान के तौर पर करने के निर्देश दिए है।

चिप्स के नोडल अधिकारी एवं रायपुर जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, नगर निगम रायपुर के कंप्यूटर प्रोग्रामर द्धाधेश्याम एक्का, एनयूएलएम की मिशन प्रबंधक श्रीमती सुषमा मिश्रा की उपस्थिति में सभी लोक सेवा केन्द्रो में आयुष्मान कार्ड नि:शुल्क बनाकर सभी नागरिकों को शहर में देने का कार्य अभियान के रूप में करने के निर्देश दिए है। केन्द्र सरकार के निर्णय के अनुसार 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य कवर देने की अभिनव स्वास्थ्य हितैषी योजना का अभियान पूर्वक तेजी से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए है।

निर्देश दिए गए हैं कि आयुष्मान कार्ड बनाकर देने की योजना से शहर क्षेत्र का कोई भी नागरिक छूटने ना पाए इस हेतु सभी वार्डो एवं जोनों में नोडल अधिकारी बनाये जाए एवं एनयूएलएम के माध्यम से मितानिनों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं के सहयोग से घर - घर सर्वे अभियान चलाया जाये जिससे कि कोई भी नागरिक आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने से छूटने ना पाए।।

# धान खरीदी पर कांग्रेस किसानों को गुमराह कर रही : किरण सिंह देव

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ फैलाने और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज पर जमकर निशाना साधा है। श्री देव ने कहा कि बैज समेत सभी कांग्रेस नेता धान खरीदी के मुद्दे पर लगातार झूठ बोलकर प्रदेश के किसानों को गुमराह करने और प्रदेश में येन-केन-प्रकारेण अराजकता फैलाने के टूलकिट एजेंडा पर चल रहे हैं।



## प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बैज पर जमकर निशाना साधा

भाजपा प्रदेशअध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि सत्ता के लिए बौखलाती कांग्रेस ने पहले महतारी वंदन योजना को लेकर लगातार झूठ बोला। जब भाजपा सरकार ने तथ्यों के साथ कांग्रेस के झूठ की धज्जियां उड़ाई तो अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर नया टूलकिटिया एजेंडा चलाया। जब कांग्रेस के लोग ही अमूमन हर बड़े अपराध में संलिप्त पाए जाकर बेनकाब होने लगे, कानून के शिकंजे में जब खुद कांग्रेसी या उनके करीबी आने लगे तब अपने ही बुने षड्यंत्रों के जाल में फँसकर कांग्रेस छटपटाने लगी। महतारी वंदन और कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर मुँह की खाने के बाद भी कांग्रेस अपनी ओछी और साजिशाना राजनीति से बाज नहीं आ रही है और अब वह धान खरीदी के मुद्दे पर फिर झूठ की राजनीति करने पर आमादा है। श्री देव ने कहा कि धान खरीदी को लेकर किसी भी बिंदु पर प्रदेश की भाजपा सरकार पर उंगली उठाने का नैतिक अधिकार कांग्रेस को नहीं रह गया है। कांग्रेस को कोई भी आक्षेप लगाने से पहले अपने गिरेबाँ में झांकना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि कांग्रेस ने वादाखिलाफी करके अपने 5 वर्ष के कार्यकाल में लगातार किसानों को प्रताड़ित करने का काम किया। किसानों को इन 5 वर्षों में धान बेचने के लिए सोसाइटियों में बारदाने की समस्या से लगातार जूझना पड़ा। भूपेश बघेल की सरकार ने किसानों को कभी गिरदावरी के नाम पर कटौती कर किसानों को परेशान किया तो कभी बारदाने नहीं है, कहकर किसानों को बारदाने खरीदने के लिए कहा और बाहर से बारदाने लाने का पैसा स्वयं देने का भी वादा किया लेकिन आज तक उन किसानों को बारदाने के पैसे का भुगतान नहीं किया गया। श्री देव ने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के किसानों को लगातार 5 वर्षों तक धान खरीदी का पैसा हमेशा किश्तों में दिया जाता था। कभी भी किसानों को उनकी उपज का एकमुश्त भुगतान पिछली भूपेश सरकार ने नहीं किया जिसकी वजह से किसान कोई बड़ा काम नहीं कर पाता था। श्री देव ने कहा कि आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 चिंटल धान की खरीदी कर रही है और 3100 रुपए प्रति चिंटल धान का भुगतान किसानों को एकमुश्त किया जा रहा है जिससे आज प्रदेश का किसान खुशहाल है।

## पंडरी-लोधीपारा से निगम ने हटाया 30 से अधिक गुमटियां व ठेले

**रायपुर,** 29 नवंबर। रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के निर्देशानुसार राजधानी शहर रायपुर के मार्गो को जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से सुगम यातायात कायम करने मार्गो को कब्जा मुक्त करने अभियान निरंतर जारी है। आज लगातार तीसरे दिन प्रभावी तरीके से अभियान राजधानी शहर के पंडरी मार्ग में एलआईसी ऑफिस से लोधी पारा चौक तक मुख्य मार्ग के दोनो ओर चलाकर लगभग 30 से अधिक ठेला गुमटियों को हटाने की कार्यवाही अभियान पूर्वक नगर निगम के नगर निवेषक श्री आभास मिश्रा, जोन 2 कमिष्नर डॉ. आर.के. डोंगरे, जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, जोन 9 कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय, जोन 2, 3, 9 नगर निवेष विभाग एवं निगम मुख्यालय नगर निवेष उडनदस्ता टीम के संबंधित नगर निवेष अधिकारियों कर्मचारियों एवं पुलिस प्रषासन बल की उपस्थिति में की गई।

# बैंक के अलार्म हमेशा चालू रखने के निर्देश

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस महोदय डॉ संतोष कुमार सिंह द्वारा रायपुर के विभिन्न बैंकों के ब्रांच मैनेजरों अधिकारियों की बैठक ली गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाईन अजय कुमार थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक रोहित मालेकर उपस्थित रहें। बैंक की सुरक्षा के मद्देनजर अलार्म हमेशा चालू रखने तथा समय-समय पर इसे चेक करने बैंकों में अनिवार्य रूप से गार्ड रखने तथा उनका एवं उनके हथियारों का वेरीफिकेशन कराने। इसके साथ ही बैंकों में लगा फायर सिस्टम नियमित रूप से चालू रखने बैंक के अंदर व बाहर तथा पार्किंग स्थल सहित बैंक के बाहर रोड को कवर करते हुए पर्याप्त सी.सी.टी व्ही कैमरे लगाने तथा सी.सी.टी.व्ही कैमरों को हमेशा चालू हालत में रखने व बैकअप डाटा रखने कहा गया। पुलिस द्वारा मांगी जाने वाली अपराध से संबंधित जानकारियों सहित अन्य जानकारियों को अविलंब उपलब्ध कराने कहा गयाए ताकि समय रहते आरोपी के संबंध जानकारी एकत्र किया जा सके एवं पीड़ित व्यक्ति को राहत प्रदान किया जा सके। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर ए टी एम बूथ की फुटेजों को तत्काल उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक ए टी एम बूथ में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड रखने एवं बैंक के अंदर व बाहर अनावश्यक रूप से घुमने वालों सहित संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में नजदीकी पुलिस थाना में सूचना देने कहा गया। बैंको में एडवांस सी सी टी व्ही कैमरा लगवाने ताकि बैंको में लगातार अधिक दिनों तक अवकाश होने पर आसानी से कैमरों के माध्यम से बैंक में नजर रखा जा सकें। पुलिस द्वारा फ्रॉड करने वाले व्यक्तियों के संबंध में जानकारी मांगी जाती है तो ऐसे लोगों के संबंध में चिक रिस्पांस देनेए के वाय सी को मजबूत करने तथा के वाय सी अपडेट को फिजिकल वेरीफाई करने कहा गया।

## बैंक ब्रांच मैनेजरों बैंकों के अधिकारियों की आहुत की गई बैठक

यदि कोई व्यक्ति अपना चेहरा व मुंह ढ़ककर बैंक अथवा ए टी एम बूथ में प्रवेश करता है तो इस संबंध में गार्ड को सख्त निर्देश देते हुये ऐसे व्यक्तियों को बैंक व ए टी एम बूथ में प्रवेश करने से रोकने कहा गया। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर डेली सेटलमेंट रिपोर्ट तथा बेनीफेसरी डिटेल तत्काल उपलब्ध कराने तथा बैंक शाखाओं में किसी भी ग्राहक के बैंक खाता में किसी भी बैंक द्वारा होल्ड लगाने पर इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को देने कहा गया। इसके साथ ही इस संबंध में भी चर्चा हुई कि किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड संबंधी अपराध घटित हुआ है तो जल्द से जल्द कार्यवाही करते हुए अपराधी को चिन्हांकित किया जा सके और पीड़ित को राहत दिया जा सके। वर्तमान में सायबर ठगों द्वारा पीड़ितों को अपने झांसे में लेकर डिजिटल रूप से अरेस्ट करने की धमकी देकर उन्हें डरा .धमकाकर उनसे रकम ऐंठे जाते हैए तो इस प्रकार से यदि कोई भी पीड़ित व्यक्ति बैंक आता है अथवा परेशान रहता है तो उसकी हर संभव मदद करने के साथ ही इसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने कहा गया।

# शिवाजी वार्ड में 64 लाख के कार्यों के साथ पहुंचने पर लोगों ने किया मूणत का स्वागत



**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के दिग्गज विधायक तथा तीन बार के मंत्री राजेश मूणत हर वार्ड में आम लोगों की सुविधा के लिए पिछले पांच माह से करोड़ों रुपए के काम शुरू करवा चुके हैं। खमतराई के लोगों की जरूरत के आधार वीर शिवाजी वार्ड में सड़कें-नालियां और सामुदायिक भवन के विस्तार के लिए राजेश मूणत 64 लाख रुपए के प्रोजेक्ट लेकर पहुंचे। उन्होंने सभी कार्य शुरू भी करवा दिए और नगर निगम अफसरों से कहा कि जितने भी काम शुरू हुए हैं, सभी समय पर पूरे होंगे तो लोगों को जल्दी सुविधा मिलेगी।

वीर शिवाजी वार्ड में जब वे 64 लाख रुपए के कार्यों के साथ पहुंचे, तो भारी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और उनका स्वागत किया। उन्होंने इस इलाके में सफाई के हिसाब से सबसे बड़ी जरूरत यानी खमतराई बाजार के दोनों ओर चौड़ी नालियों के लिए 24 लाख से काम शुरू करवाया।

सामाजिक सरोकारों को ध्यान में रखते हुए खमतराई सामुदायिक भवन में वरिष्ठ विधायक मूणत ने दूसरे माले का निर्माण कार्य मंजूर करवाया और फिलहाल 10 लाख का फंड अलाट किया है। वार्ड के नीम डबरी इलाके में कंक्रीट रोड और नालियों का 17 लाख का काम और साहूपारा इमली पेड़ के पास सीसी रोड और नाली के लिए उन्होंने 10 लाख रुपए के काम का भूमिपूजन भी कर दिया।

# मानेसर दिल्ली की एनएसजी टीम प्रदेश में दे रही पीएसओ प्रशिक्षण

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। मानेसर (गुड़गांव) की एनएसजी टीम रायपुर में रहकर छत्तीसगढ़ के व्हीआईपी की सुरक्षा में लगे पीएसओ को कड़ा प्रशिक्षण दे रही है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अति. पुलिस महानिदेशक ( गुप्तवार्ता) आईपीएस अमित कुमार के प्रयास एवं मार्गदर्शन में चल रहा है. प्रथम बैच में 18 से 30 नवंबर तक बारह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्यभर के 100 से अधिक पीएसओ ने भाग लिया. हस्त्र द्वारा राज्य के सभी पुलिस इकाई के वाहन चालकों को भी 6-6 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें आपातकाल में चालकों द्वारा किए जाने वाले ड्रील शामिल है.



## आपातकालीन परिस्थितियों से बचने के बता रहे तरीके

प्रशिक्षण कार्यक्रम में आज होमगार्डस ग्राउंड माना में पीएसओ एवं पुलिस वाहन चालकों का संयुक्त अभ्यास हस्त्र के नेतृत्व में कराया गया, जिसमें आपातकालीन परिस्थिति में वाहन चालकों एवं पीएसओ द्वारा क्या किया जाना है, इसे विस्तार से दिखाया एवं ड्रिल द्वारा समझाया गया. आज डेमो ड्रिल अभ्यास में अति. पुलिस महानिदेशक (गुप्तवार्ता) अमित कुमार स्वयं उपस्थित रहकर ड्रिल का सूक्ष्मता से अवलोकन किया. एडीजी (गुप्तवार्ता) के अतिरिक्त डेमो ड्रिल अभ्यास में व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी के कमाडेंट हरीश राठौर, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय माना के पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिंज, सहायक पुलिस महानिरीक्षक (सुरक्षा) ज्ञानेन्द्र अवस्थी उपस्थित रहे। एनएसजी प्रशिक्षण दस्ते के मुखिया ग्रुप कमांडर राजीव पनवर और उनके सहायतार्थ 13 एनएसजी दल के सदस्य उपस्थित रहे.

### एनएसजी के ग्रुप कमांडर ने की पुलिस जवानों की सराहना

अति. पुलिस महानिदेशक गुप्तवार्ता ने अपने आशीर्वचन में पुलिस में प्रशिक्षण के महत्व पर बल दिया. व्हीआईपी सुरक्षा में लगे जवानों को भविष्य में भी लगातार प्रशिक्षण दिए जाने पर जोर देते हुए एनएसजी को श्रेष्ठ प्रशिक्षण दल बताया. सेनानी व्हीआईपी सुरक्षा वाहिनी ने पूरे प्रशिक्षण कार्यक्रम और प्रशिक्षणार्थियों की संख्या आदि के बारे में बताया. ग्रुप कमांडर हस्त्र राजीव पनवर ने राज्य के व्हीआईपी सुरक्षा में लगे प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिस जवानों की सराहना की. पुलिस जवानों को धैर्य और समर्पण की भावना से प्रशिक्षण प्राप्त करने की बात कही. आज के डेमो कार्यक्रम में व्हीआईपी के काफिले में बाहरी आक्रमण होने पर पीएसओ द्वारा दिए जाने वाले प्रतिक्रिया के बारे में दर्शाया गया. डेमो कार्यक्रम के मंचीय कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहायक सेनानी निशांत शर्मा ने किया।

## सार-संक्षेप

### टिकरापारा सुसाइड कांड में आरोपी कॉन्स्टेबल सहित 4 एएसआई 12 का तबादला

**रायपुर,** 29 नवंबर। रायपुर रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने दर्जनभर पुलिसकर्मियों का ट्रांसफर किया है। आदेश में 4 एएसआई समेत 12 पुलिसकर्मियों का नाम शामिल है। इसमें टिकरापारा सुसाइड कांड में सुसाइड नोट में आरोपी हेड कांस्टेबल महेश नेताम का नाम भी शामिल है। आदेश के मुताबिक उसे गरियाबंद जिले में भेजा गया है।

## निधन

### कृष्णावंती छाबड़ा

**रायपुर,** 29 नवंबर। स्व. सरदार सिंह छाबड़ा की धर्मपत्नी सरदारनी कृष्णावंती छाबड़ा का दुखद शुक्रवार 29 नवंबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मोक्ष धाम में किया गया । स्व. कृष्णावंती छाबड़ा प्रीतम सिंह छाबड़ा (महाराजा मशीनरी), हरचरण सिंह छाबड़ा (पंजाब मशीनरी) की माता एवं सतबीर सिंह छाबड़ा (बादशाह मशीनरी) परविंदर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा की दादी थी।



### कलिंद्री दुबे

**धमधा,** 29 नवंबर। ग्राम-गाड़ाघाट निवासी श्रीमती कलिंद्री दुबे का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार बानबरद मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती लता जोशी, (स्व.रमाकांत), शशिकांत, मनीलाल शर्मा की मां तथा अभिषेक, अनन्य, अथर्व, एवं आयुष शर्मा की दादी थी।



## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर निरंतर हो रही कार्रवाई

# ननि के नियमों का उल्लंघन करने वाले अब ई-चालान के दायरे में

**रायपुर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 से ई-चालान सिस्टम का विद्यिवत शुरूआत किया गया। शहर में गंदगी फैलाने वाले लोगों और निर्माण कार्य के नियमों के उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाती रही है। यह चालानी कार्यवाही दुकानदारों, होटल, रेस्टोरेंट, बाजारों में गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों, कचरा को एकत्रित न कर इधर-उधर फेंकने वालों, गिला-सूखा कचरा अलग-अलग न करने वालों, खाली भूखंडों में कचरा फेंकने और उसे जलाने वालों, खुले स्थान पर शौच और पेशाब करने वालों पर नगर निगम के स्वास्थ विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता रहा है। इसके साथ-साथ कंस्ट्रक्शन वेस्ट (ष्ट×ष्ठ) फैलाने, मकान निर्माण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री रखने वालों, निर्माण में नियमों का उल्लंघन करने वालों तथा ग्रीन नेट न लगाने वालों पर नियमानुसार चालान की कार्यवाही निगम की नगर निवेश विभाग द्वारा जुर्माना लगाया जाता था। नगर निगम के इस चलानी कार्यवाही में मौके पर भुगतान राशि को किसी कारण से न भुगतान कर पाने की स्थिति अथवा संपत्तिधारक के अनुपस्थिति में चलानी कार्यवाही में बाधा आती थी जिससे कई बार कार्यवाही को रोकना भी पड़ जाता था।

ऑनलाइन ई-चालान सिस्टम में न केवल नगर निवेश और स्वास्थ्य की टीम बल्कि निगम के सभी कर्मचारी अधिकारी को जोड़ा गया है जो कहीं और कभी भी इन नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर ही चालानी कार्यवाही कर सकते हैं। इसके लिए

## 16,100 रुपए का जुर्माना लगाया गया

निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को ई-चालान सिस्टम हेतु तैयार मोबाइल एप्लीकेशन में खुद का रजिस्ट्रेशन करना होगा। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर फोटो लेकर, स्थल का जियो टैगिंग करते हुए ई-चालान की कार्रवाई करेंगे। इसके साथ ही जुर्माने राशि की गणना नियमानुसार सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जायेगा। इस दौरान मौके पर भुगतान की सुविधा नागरिकों को दी जाएगी। नागरिक पॉस मशीन से कैश अथवा यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन चालान का भुगतान कर सकते हैं। यदि भुगतान मौके पर नहीं किया जाता है तो संबंधित संपत्ति के आईडी पर बकाया के रूप में चालान की राशि ऑनलाइन एसएमएस और ईमेल के माध्यम से भेजी जाएगी। ऑनलाइन चालान में चालान की राशि का ब्यौरा और पेमेंट लिंक दर्ज रहेगा। ई-चालान सिस्टम के द्वारा अधिरोपित जुर्माना राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर भविष्य में उस जुर्माना राशि को बकाए के साथ जोड़ा जा सकता है। चार्ट बॉट के माध्यम से भी बकाया की जानकारी संपत्ति धारक को भेजी जाएगी और नियमानुसार बकाये की वसूली की कार्रवाई की जाएगी। आज नगर पालिका निगम रायपुर के जोन क्रमांक 8 से ई-चालान सिस्टम को लॉन्च करते हुए कुल 6 चालानी कार्यवाही की गई जिसमे से 2 गन्दगी फ़ैलाने वालों से एवं 4 भवन निर्माण सामग्री रखने वालों एवं निर्माण में नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कुल 16,100 रूपये जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई एवं मौके पर ही 7100 रूपये जुर्माने की राशि पॉस मशीन के द्वारा डिजिटल पेमेंट के रूप में प्राप्त किया गया।

## पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के 5 कर्मी सेवानिवृत्त



**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के सेवाभवन में ट्रांसमिशन कंपनी के 5 अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रबंध निदेशक (ट्रांसमिशन) श्री राजेश कुमार शुक्ला द्वारा प्रशस्ति पत्र, घड़ी, शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर कनिष्ठ पर्यवेक्षक श्री अरविंद कुमार सोलोमोन, रायपुर, लाइन सहायक श्रेणी-एक, श्री अशोक कुमार साहू, भिलाई, लाइन सहायक श्रेणी-दो, श्री सीताराम साहू, भिलाई, लाइन परिचारक श्रेणी-एक, श्री हसेंद्र कुमार वर्मा, भिलाई, फार्मासिस्ट श्री मूल सजीवन शर्मा, रायपुर को सेवानिवृत्ति पश्चात् विदाई समारोह में सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक श्री के.एस.मनोठिया, श्री एम.एस.चौहान, श्री संजय पटेल, श्री डी.के. तुली, मुख्य अभियंता श्री जी.आनंद राव, सी.एम.ओ. डॉ. एच.एल. पंचारी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रकाशन अधिकारी श्री गोविंद पटेल तथा आभार प्रदर्शन कार्यपालन अभियंता श्री राजेश सिंह द्वारा किया गया।

# आबकारी उपनिरीक्षक के 90 पद होने पर सियासी बवाल

## पूर्व मंत्री अमरजीत बोले- शराब बेचने का रिकॉर्ड बनाना चाहती है सरकार

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आबकारी उपनिरीक्षक के सबसे ज्यादा 90 पदों को लेकर विपक्ष ने सवाल उठाया है. पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने कहा, मनपसंद एप के लिए 90 आबकारी उपनिरीक्षक पद हैं. राज्य सरकार शराब बेचने के मामले में रिकॉर्ड बनाना चाहती है. अमरजीत के बयान पर पलटवार करते हुए मंत्री केदार कश्यप ने कहा, प्रतियोगिता परीक्षाओं को कांग्रेस ने खिलौना बनाया था. अपने मनपसंद लोगों की भर्ती करते थे.



अमरजीत भगत ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, शराब को सरकार मुख्य धंधा बना रही है. जिलों में डीसी और तहसीलदारों की आवश्यकता है, लेकिन शराब बेचने सबसे ज्यादा आबकारी विभाग में पद निकाले गए हैं. उन्होंने कहा, सरकार एक तरफ रामराज्य की बात करते हैं दूसरी तरफ शराब बेंचते हैं.

**धर्म परिवर्तन पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य : केदार कश्यप**

पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर वन मंत्री केदार कश्यप ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, प्रतियोगिता परीक्षाओं को कांग्रेस ने खिलौना बनाया था. अपने मनपसंद लोगों की भर्ती करते थे. तत्कालीन सरकार ने पुलिस, एरिकेशन कई विभागों में भर्ती किया है. कांग्रेसी गंगाजल हाथ में लेकर झूठ बोलने वाले लोग हैं. सरकारी नौकरी के लिए धर्म परिवर्तन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी को मंत्री केदार कश्यप ने सही बताते हुए कहा, प्रदेश के हर अवैध कार्य पर कार्रवाई होगी. सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी स्वागत योग्य है.

# वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से सामाजिक अंधविश्वास हटेंगे : डॉ. दिनेश मिश्र

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। किसी भी व्यक्ति को बचपन से ही अक्षर ज्ञान के साथ सामाजिक अंधविश्वासों व कुरीतियों के संबंध में सचेत किया जाना चाहिए. वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास से विभिन्न अंधविश्वासों व कुरीतियों का निर्मूलन संभव है, व्यक्ति को अपनी असफलता का दोष ग्रह-नक्षत्रों पर न थोपने की बजाय स्वयं की खामियों पर विश्लेषण करना चाहिए, उक्त विचार दौलत राम शर्मा शासकीय महाविद्यालय कसडोल द्वारा आयोजित व्याख्यान में अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष नेत्र विशेषज्ञ डॉ. दिनेश मिश्र ने व्यक्त किए.

डॉ. मिश्र ने अंधविश्वास एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आयोजित कार्यक्रम कहा हमारे देश के विशाल स्वरूप में अनेक जाति, धर्म के लोग हैं जिनकी परंपराएँ व आस्था भी भिन्न-भिन्न है लेकिन धीरे धीरे कुछ परंपराएँ, अंधविश्वासों के रूप में बदल गई है. जिनके कारण आम लोगों को न केवल शारीरिक व मानसिक प्रताडऩा से गुजरना पड़ता है बल्कि ठगी का शिकार होना पड़ता है. कुछ चालाक लोग आम लोगों के मन में बसे अंधविश्वासों, अशिक्षा व आस्था का दोहन कर ठगते हैं. उन अंधविश्वासों व कुरीतियों से लोगों को होने वाली परेशानियों व नुकसान के संबंध में समझा कर ऐसे कुरीतियों का परित्याग किया जा सकता है. विभिन्न सामाजिक व चिकित्सा के संबंध में व्याप्त अंधविश्वासों पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा देश के विभिन्न प्रदेशों में अनेक प्रकार के अंधविश्वास प्रचलित हैं जो न केवल समाज की प्रगति में बाधक हैं बल्कि आम व्यक्ति के भ्रम को बढ़ाते हैं, उसके मन की शंका-कुशंका में वृद्धि करते हैं.



डॉ. मिश्र ने कहा छत्तीसगढ़ में टोनही के नाम पर महिला प्रताडऩा की घटनाएँ आम है जिनमें किसी महिला को जादू-टोना करके नुकसान पहुँचाने के संदेह में हत्या, मारपीट कर दी जाती है जबकि कोई नारी टोनही या डायन नहीं हो सकती, उसमें ऐसी कोई शक्ति नहीं होती जिससे वह किसी व्यक्ति, बच्चों या गाँव का नुकसान कर सके. जादू-टोने के आरोप में महिला प्रताडऩा रोकना आवश्यक है. अंधविश्वासों के कारण होने वाली टोनही प्रताडऩा/बलि प्रथा,तथा सामाजिक बहिष्कार जैसी घटनाओं से भी मानव अधिकारों का हनन हो रहा है. अंधविश्वासों एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन के लिये प्रदेश में पिछले 29 वर्षों से कोई नारी टोनही नहीं अभियान चलाया जा रहा है.

डॉ. मिश्र ने कहा समाज में जादू-टोना, टोनही आदि के संबंध में भ्रामक धारणाएँ काल्पनिक है, जिनका कोई प्रमाण नहीं है. पहले बीमारियों के उपचार के लिए चिकित्सा सुविधाएँ न होने से लोगों के पास झाड़-फूँक व चमत्कारिक उपचार ही एकमात्र रास्ता था, लेकिन चिकित्सा विज्ञान के बढ़ते कदमों व अनुसंधानों ने कई बीमारियों, संक्रामकों पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है तथा कई बीमारियों के उपचार की आधुनिक विधियाँ खोजी जा रही है. बीमारियों के सही उपचार के लिए झाड़-फूँक, तंत्र-मंत्र की बजाय प्रशिक्षित चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए. कोरोना काल में भी आधुनिक चिकित्सा के सहयोग से महामारी पर नियंत्रण पाया जा रहा है. डॉ मिश्र ने कहा आमतौर पर अंधविश्वासों के कारण होने वाली घटनाओं की शिकार महिलाएँ ही होती है. अपनी सरल प्रवृत्ति के कारण से सहज ही चमत्कारिक दिखाई देने वाली घटनाओं व अफवाहों पर विश्वास कर लेती है व ठगी व प्रताडऩा की शिकार होती है, जिससे भगवान दिखाने के नाम पर रूपये, गहने दुगुना करने के नाम पर ठगी की जाती है. अंधविश्वास एवं सामाजिक कुरीतियों के निर्मूलन व सामाजिक जागरण में अपना अमूल्य योगदान विद्यार्थी एवं स्थानीय ग्रामीण भी दे सकते हैं. उन्हें आस-पास के लोगों को इस संदर्भ में विज्ञान सम्मत जानकारी देनी चाहिए. कार्यक्रम में व्याख्यान के बाद चमत्कारों की वैज्ञानिक व्याख्या भी प्रस्तुत की गई व प्रश्नोत्तर हुए . कार्यक्रम को डॉ शैलेश जाधव, महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ एच के एस गजेंद्र ने भी संबोधित किया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के डॉ. पटेल, डॉ बर्मन, सहित छात्र , उपस्थित रहे।

CMYK

# आज से 2 दिसंबर तक भारी बारिश का अलर्ट

## जमकर बरसेंगे बादल, पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में इस समय मौसम में उतार.चढ़ाव का दौर जारी है। जहां कड़ाके की ठंड ने लोगों को ठिठुरन में डाला है वहीं 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक बारिश की चेतावनी भी जारी की गई है। आसमान में बादल छाने के बाद भी राजधानी में गुलाबी जाड़ा जमा हुआ है। बंगाल की खाड़ी में बन रहे गहरे कम दबाव के क्षेत्र के कारण राजधानी समेत प्रदेश के कुछ इलाकों में 30 नवंबर को बारिश हो सकती है। यही नहीं सुबह गहरा कोहरा भी छा सकता है। बादल आंशिक मेघमय रहेगा। वहीं 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की वृद्धि हो सकती है। इससे ठंड में मामूली कमी आएगी।

**30 नवंबर से प्रदेश में बारिश के आसार:** मौसम विभाग ने जानकारी दी कि एक गहरा प्रेशर दक्षिण.पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना हुआ है। इस सिस्टम के एक्टिव होने के साथ ही यह उत्तर.पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है। यह सिस्टम और सक्रिय हो सकता है। यह उत्तर.उत्तर.पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने के साथ ही श्रीलंका तट और फिर तमिलनाडु तट के पास पहुंच सकता है। इसी के कारण छत्तीसगढ़ के दक्षिणी इलाकों में 30 नवंबर से बारिश होने की संभावना बनी हुई है। इसके चलते बस्तर संभाग के जिलों में बारिश की संभावना अधिक है। बंगाल की खाड़ी में एक नया सिस्टम बन रहा है जिसका असर प्रदेश के मौसम पर दिखाई देगा। इसके प्रभाव से 30 नवंबर को जशपुर, बलरामपुर, रायगढ़, सारंगढ़, बिलाईगढ़, जांजगीर, गरियाबंद, महासमुंद, बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों के कुछ हिस्सों में बूंदाबांदी हो सकती है। वहीं 1 से 2 दिसंबर के बीच बस्तर और सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में बारिश होने की संभावना है। राजधानी में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 14.6 डिग्री रहा जो सामान्य से एक डिग्री कम है। अधिकतम तापमान 28.6 डिग्री रहा, यह सामान्य से एक डिग्री से कम है। राजधानी में पिछले सप्ताहभर से अच्छी ठंड पड़ रही है। नवंबर में इतनी ठंड नहीं पड़ती। उत्तर छत्तीसगढ़ में शीतलहर जैसे हालात है। अंबिकापुर बलरामपुर जशपुर मैनपाट में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मैदानी इलाकों में भी अच्छी ठंड है। दुर्ग में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री है जो सामान्य से 3.6 डिग्री कम है। वहीं जगदलपुर में पारा 12 डिग्री के करीब है। सबसे कम तापमान अंबिकापुर में 8.5 डिग्री रहा। बंगाल की खाड़ी में आए साइक्लोन फेंगल के कारण प्रदेश में नम हवा आ रही है। इसके कारण बादल छा रहे हैं। बारिश होने से धान की खरीदी व मिंजाई प्रभावित होने की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार बादल छाने से ठंड कम होगी। इसके बाद दिसंबर में फिर कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना है।

# शाहरुख खान को धमकी केस रायपुर के वकील को जमानत

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। फैजान के वकील विराट वर्मा ने कहा कि बांद्रा पुलिस ने फैजान को रिमांड में लेकर पूछताछ किया जिससे कुछ साबित नहीं हो पाया। शाहरुख खान को जान से मारने की धमकी मामले में रायपुर के वकील फैजान खान को जमानत मिल गई है। फैजान खान ने कहा कि उनके खिलाफझूठे आरोप लगाकर एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की गई। वो इस फर्जी एफआईआर के खिलाफ कोर्ट जाएंगे और इसे खारिज करवाएंगे। फैजान के सहयोगी वकील ने 5000 करोड़ रुपए के मानहानि का नोटिस भेजने की बात की है। उन्होंने कहा कि बांद्रा का नोटिस भेजने की बात की है। उन्होंने कहा किए बाद्रा पुलिस ने फैजान को रिमांड में लेकर पूछताछ किया जिससे कुछ साबित नहीं हो पाया। बांद्रा पुलिस ने जिस नंबर से कॉल आने की बात की उसकी भी टेक्निकल जांच नहीं कर पाई है। फैजान के वकील विराट वर्मा ने कहा कि अब तक साबित नहीं हो पाया कि कॉल फैजान ने की थी क्योंकि उसका फोन पहले ही गुम हो चुका था।

**कहा- फर्जी एफआईआर के खिलाफ कोर्ट जाएंगे, 5000 करोड़ के मानहानि का दावा करेंगे**

**फर्जी एफआईआर रद्द करने के लिए आवेदन करेंगे:** वकील ने कहा कि यह अब तक साबित नहीं हो पाया कि कॉल फैजान ने की थी क्योंकि उसका फोन पहले ही गुम हो चुका था। न टेक्निकल जांच हो पाई जिससे साबित हो सके की कॉल करने वाला कौन था। इसे ही हमने मुंबई की कोर्ट में फैजान के जमानत का आधार बनाया। एडवोकेट विराट वर्मा ने आगे कहा कि हम फैजान के सम्मान में जो कमी हुई है उसके खिलाफ हम मानहानि का दावा करेंगे। विराट ने आगे कहा कि एक वकील के इनकम के आधार पर जो करियर का नुकसान हुआ है। हम शाहरुख खान को 5000 करोड़ रुपए के मानहानि का नोटिस भेजेंगे।

**फैजान ने कहा- मैंने शाहरुख के खिलाफशिकायत की थी:** वकील फैजान खान ने खुलासा करते हुए कहा था कि उन्होंने सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक रील देखी। ये शाहरुख खान की 1994 में रिलीज हुई अंजाम फिल्म की क्लिप थी जिसमें एक सीन में वह हाथों में बंदूक लिए एक हिरण का शिकार करके आ रहे हैं। इस दौरान वह नौकर हरि सिंह को कह रहे हैं कि गाड़ी में एक हिरण पड़ा हुआ ह उसे पकाकर खा लोए तभी फिल्म में एक अभिनेत्री शाहरुख खान से कहती हैं कि वह क्यों बेगुनाह जानवरों को मारता है। इस पर शाहरुख खान कह रहे हैं कि उन्हें अच्छा लगता है बहुत मजा आता है। शाहरुख खान को धमकी मिलने के बाद उनके घर मन्नत के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई थी।

# दुकान खाली करवाने लेडी हिस्ट्रीशीटर और गुंडों ने दुकानदार को पीटा

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। हिस्ट्रीशीटर महिलाओं और 15.20 गुंडों ने दुकानदार से मारपीट की है। दुकान खाली करवाने बड़ी संख्या में बदमाश शास्त्री बाजार की दुकान में पहुंचे। दुकान में कब्जा जमाने के लिए जबरन अंदर घुसकर विवाद किया। पुलिस के सामने ही धक्का.मुक्की और गाली गलौज की। मामला गोलबाजार इलाके का है। गुरुवार को करीब शाम 7 बजे के करीब छुरा ट्रेडर्स नाम की शॉप पर पहुंची शहर की हिस्ट्रीशीटर महिलाओं के साथ कुछ गुंडे भी थे। वह जबरन दुकान के भीतर घुस गए। सामानों में तोड़फोड़ करने लगे। वारदात का वीडियो भी सामने आया हैए जो वायरल हो रहा है। इनमें मोनिका सचदेवा और वृद्धि साहू भी शामिल थीं। पुलिस के सामने तोड़फोड़ सामानों को फेंका गया पुलिस की मौजूदगी में दुकान के अंदर तोड़फोड़ और सामानों को फेंका गया। दुकान खाली करवा कर भीतर टायर भरने की तैयारी थी लेकिन जैसे ही आसपास के लोग इकट्ठे हुए कई बदमाश मौके से भाग निकले।

**गाली-गलौज और तोड़फोड़ की पुलिस के सामने मचाया बवाल**

**गुंडों के साथ महिलाएं जबरन दुकान में घुसी:** छुरा ट्रेडर्स के मालिक मनीष छुरा का कहना है कि वे लोग पिछले 40 साल से वहां व्यापार कर रहे हैं। उनका घर और दुकान वहीं पर है लेकिन गुरुवार को गुंडों के साथ महिलाएं जबरन दुकान में घुस गईं और बदसलूकी की। उन्होंने सख्त कार्रवाई की मांग की है। वे गुंडों की बदसलूकी से दहशत में वारदात में मोनिका सचदेवा और वृद्धि साहू भी शामिल थी जो रायपुर शहर की हिस्ट्रीशीटर और निगरानी बदमाश हैं। इनके खिलाफएनडीपीएस और चाकू बाजी की घटनाओं में अपराध दर्ज है। कोतवालीए मौदहापारा जैसे थाना क्षेत्रों में वारदात के बाद पुलिस ने इन्हें कई बार जेल भेजा है। रायपुर एसएसपी संतोष सिंह ने फौरन हंगामा करने वाले आरोपियों के खिलाफएफआईआरके निर्देश दिए। महिलाओं समेत मारपीट में शामिल सभी गुंडों की तलाश की जा रही है। इसके पहले भी छोटापारा और बैजनाथपारा के कुछ युवकों पर पैसे लेकर दुकान या प्रॉपर्टी खाली करवाने का मामला सामने आ चुका है।

# रेल राज्यमंत्री के आगमन पर विकास ने ज्ञापन सौंपा

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक ने विकास उपाध्याय ने रेल राज्यमंत्री वी सोमन्ना के रायपुर आगमन पर राज्य में रेलवे स्टेशनों के विस्तार, स्टॉपेज, निर्माण एवं नई ट्रेनों को शुरू कराने के लिए कांग्रेस साथियों के साथ मिलकर ज्ञापन सौंपा।



**नई ट्रेन चलाने और स्टॉपेज की मांग**

पूर्व विधायक ने जनहित की मांगों को लेकर रेल राज्यमंत्री को ज्ञापन में लिखा है कि सरोना रेलवे स्टेशन का विस्तार किया जाए। सरोना रेलवे स्टेशन के नज़दीक एम्स हॉस्पिटल है, इसलिए अम्बिकापुर दुर्ग एक्सप्रेस, सारनाथ और अमरकंटक एक्सप्रेस एवं इंटरसिटी का स्टॉपेज घोषित किया जाए। नई ट्रेन के लिए रायपुर से नया रायपुर पटरी तैयार है, जिसे अभनपुर तक चलाया जाए। नया रायपुर में राज्य शासन से रेलवे को 18 एकड़ जमीन आबंटित है। वहाँ पर ट्रेनों के मेंटेनेंस के लिए कोचिंग डिपो बनाया जाए। गरीब रथ का मेंटेनेंस स्टेशन के पटरी पर होता है। राज्य की राजधानी रायपुर से राजधानी एक्सप्रेस चलाने का प्रावधान है लेकिन, मेंटेनेंस की सुविधा नहीं होने से बिलासपुर से चलाई जा रही। रेलवे क्रासिंग सिलयारी, हीरापुर, उरकुरा, बैकुंठ स्टेशन सेक्शन में ओवरब्रिज बनाने का बजट राज्य शासन में स्वीकृत है, लेकिन रेलवे की जटिल प्रक्रिया की वजहों से ड्राइंग डिजाइन की स्वीकृति में कई महीने बीत जाते है, उसमें सुधार लाया जाए।

पूर्व में उरकुरा से सड्डू तक 10 करोड़ का रोड बन गया लेकिन जो रेलवे द्वारा पेच बनाना है उसे अभी तक नहीं बनाया गया है, जिसे शीघ्र बनाने की मांग रखी। पूर्व में सिलयारी, तिल्दा, हथबंद इन रेलवे स्टेशनों में ट्रेन स्टॉपेज थी, जिसे बंद कर दिया गया है, पुनः ट्रेन स्टॉपेज शुरू की जाए। रायपुर से बैंगलोर, रायपुर से अयोध्या (फैजाबाद) नई ट्रेन अतिशीघ्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया एवं रायपुर से हरिद्वार ट्रेन शीघ्र चालू करने मांग की है।

विकास उपाध्याय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा विगत 10 वर्षों से छत्तीसगढ़ की जनता के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। आज पूर्व विधायक विकास उपाध्याय के साथ संजय अवस्थी, रामदास कुर्रे, प्रकाश माहेश्वरी, विमल गुप्ता, विकास अग्रवाल, योगेश दीक्षित, संगीता दुबे, लोकेश्वरी साहू, अजीज भिंसरा, रवि राव, डेमेन्द्र यदु, भीम यादव, अभय ठाकुर, सोनू ठाकुर, रोशन श्रीवास, संजीव नायडू, विष्णु साहू, संदीप तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# दूधाधारी सत्संग भवन में कल युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त तत्वाधान में 1 दिसम्बर, रविवार को प्रातः 11 बजे से श्री दूधाधारी सत्संग भवन में होने वाले विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी बैठक श्री जगन्नाथ मंदिर, टूरी हटरी, पुरानी बस्ती में हुई। बैठक में अब तक आये लगभग 350 पंजीयन, आ रहे पंजीयन और कार्यक्रम दिवस के नवीन पंजीयन, अतिथि स्वागत, मिलन-2024 स्मारिका विमोचन, युवक-युवतियों का परिचय, भोजन व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा कर कार्य प्रभार तय किया गया। संसद सदस्य बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर उत्तर विधायक पुरन्दर मिश्रा, नपानि सभापति प्रमोद दुबे, नपानि लोनिवि अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, भाजपा पार्षद दल प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे अपनी सहमति प्रदान कर चुके हैं। आज की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, कार्यक्रम संयोजक नितिन कुमार झा, स्मारिका सम्पादक रज्जन अग्निहोत्री, राष्ट्रीय सचिव सुरेश मिश्रा, प्रदेश महासचिव अजय अवस्थी, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, मिथिलेश रिछारिया, विद्या भट्ट, बबीता मिश्रा, सुमन पाण्डेय, प्रीति मिश्रा, सतीश शर्मा, राघवेन्द्र पाठक, उमेश शर्मा, रवि शर्मा, वीणा मिश्रा, सुरभि शर्मा, कल्पना मिश्रा, अनिता राव सहित काफी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे।

# तंत्र-मंत्र के दौरान युवक के मौत की आशंका

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। तंत्र.मंत्र करते एक युवक की मौत होने की आशंका है। पुलिस को लाश के पास से नींबूए अगरबत्ती गंगाजल मिला है। युवक शादीशुदा है। सड़क से करीब 100 मीटर दूर एक नर्सरी में उसकी लाश बरामद हुई है। फिलहाल इस मामले में पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। यह पूरा मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का है। अभनपुर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकए मृतक का नाम नरेंद्र साहू ;35 है। वह खोरपा गांव का रहने वाला है। युवक की लाश सड़क किनारे से करीब 100 मीटर भीतर नर्सरी में मिली है। शुक्रवार दोपहर किसी ने लाश देखी तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके में जांच पड़ताल की। युवक के शरीर में कोई चोट की निशान नहीं थे। पुलिस को लाश के पास से नींबूए अगरबत्ती गंगाजल मिला है।

**आस-पास पूजा समान बिखरा था:** मौके पर पुलिस को अगरबत्ती गंगाजल नींबू और दिया मिला है। आशंका है कि युवक किसी प्रकार का तंत्र.मंत्र करने के लिए देर रात यहां पर आया होगा। इस दौरान उसकी मौत ठंड में ठिठुरकर या हार्ट अटैक से हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने ठंड में ठिठुरकर या हार्ट अटैक से हुई होगी। फिलहाल पुलिस ने सभी सामान को जब्त कर लिया है।

**लाश के पास से नींब, अगरबत्ती, गंगाजल पड़ा मिला**

**कंप्यूटर दुकान चलाता है युवक:** मृतक नरेंद्र शादीशुदा है। उसके पिता की मौत हो चुकी है वह अपनी मां और पत्नी के साथ और एक बच्चे के साथ रहता था। पुलिस संजय परिवार से पूछताछ की तो पता चला कि वह 2 दिन पहले से ही लापता था। हालांकि युवक के गुमशुदगी की रिपोर्ट परिवार ने थाने में नहीं दी थी। परिवार का कहना है कि वह पहले भी इस तरह से बिना बताए घर से गायब हो जाता था। इस मामले में हम पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही साफहो पाएगा की मौत की असल वजह क्या है।

# विस की उप सचिव मंगला श्रीवास्तव सेवानिवृत्ति

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय में सेवारत उप सचिव, श्रीमती मंगला श्रीवास्तव लगभग 41 वर्षों की शासकीय सेवा के पश्चात् सेवानिवृत्त हुईं। उन्हांने वर्ष 1983 में अपनी शासकीय सेवा अविभाजित मध्य-प्रदेश विधान सभा सचिवालय से आरंभ की। छत्तीसगढ़ विधान सभा सचिवालय में वर्ष 2000 से विभिन्न दायित्वों का निर्वहन किया।

**विधान सभा सचिव ने शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया**



उप सचिव, श्रीमती मंगला श्रीवास्तव की सेवानिवृत्ति के अवसर पर उनके सम्मान में सचिवालय परिवार द्वारा बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा सहित विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा ने बिदाई के अवसर पर श्रीमती मंगला श्रीवास्तव का शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियां ने भी श्रीमती मंगला श्रीवास्तव के स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# कॉलेज की जमीन बिल्डर को देने पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शासन द्वारा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड क्रमांक 52 के अमलीडीह में 9 एकड़ शासकीय भूमि को रामा बिल्डर को आबंटित कर दी गई है जो कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन द्वारा महाविद्यालय के लिये सुरक्षित रखी गई थी। शासन द्वारा आबंटित उक्त महाविद्यालय की भूमि देने से समस्त रायपुर ग्रामीण की जनता एवं विद्यार्थियों में भारी आक्रोश है। उक्त आबंटन के विरोध में आज युवा कांग्रेस, रायपुर ग्रामीण विधानसभा एवं एन.एस.यू.आई. द्वारा छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में जोन क्रमांक 10 कार्यालय के सामने अमलीडीह पानी टंकी के समीप एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन एवं रैली तथा पुतला दहन का कार्यक्रम रखा गया था।



इस आयोजन में छ.ग. प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री पंकज शर्मा ने उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुये कहा कि शासन द्वारा एक बिल्डर को कालेज के लिये सुरक्षित रखी गई भूमि आबंटित करने से कालेज में अध्ययनरत बच्चों का भविष्य खतरे में पड गया है। उन्होने शासन से सवाल करते हुये पूछा कि वर्तमान में महाविद्यालय शासकीय शाला में संचालित किया जा रहा है, अब भूमि आबंटन के पश्चात महाविद्यालयीन विद्यार्थी कहां अध्ययन करेंग। भूमि आवंटन का प्रस्ताव आचार संहिता में राज्य सरकार को भेजा गया तो सरकार को उस प्रस्ताव को निरस्त कराना था बजाय निरस्त करने के 28 जून 2024 को राज्य सरकार ने एक बिल्डर को उक्त भूमि आबंटित कर दी। शासन द्वारा की गई ऐसी कार्यवाही से आमजनता के साथ भाजपा के शासनकाल में हमेशा अन्याय ही होता रहा है लेकिन कांग्रेस ने हमेशा अन्याय के खिलाफ लडाई लडी है और हमेशा लडती रहेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बीरगांव नगर पालिक निगम के महापौर नंदलाल देवांगन, वार्ड पार्षद सहदेव व्यवहार, माधव साहू, पार्षद आकाशदीप शर्मा, पार्षद राजा बंजारे, पार्षद रितेश सिंह, जीत सिंह, चंपालाल देवांगन, आस मोहम्मद, बैसाखू सागर, रामेश्वर साहू, जानू भार्गव, रौशन यादव, गौरीशंकर सोनी, हिरेन्द्र देवांगन, विशाल कुकरेजा, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# बिजली चोरी करने वाले को कोर्ट ने 14 वर्ष बाद सुनाई सजा

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में बिजली चोरी का मामला सामने आया है। मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली चोरी करने वाले मेसर्स मित्तल इंडस्ट्रीज को कोर्ट ने 12 लाख रूपए का जुर्माना और आरोपी को एक वर्ष कठोर कारावास की सजा से दड़ित किया है। इंडस्ट्रीज के मीटर में लगे लॉक की खोलकर बिजली विभाग को 3 लाख 90 हजार 876 रूपए की चोरी की थी। घटना 14 साल पहले खमतराई इलाके की है। अपर लोक अभियोजक कैलाश आगासे ने बताया कि अश्वनी गौषावार सहायक यंत्री छ.ग राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित ने 17 फरवरी 2011 में खमतराई थाना में बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसने बताया कि विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण के दौरान गित्तल इंडस्ट्रीज रांवाभाठा में लगे विद्युत मीटर को चेक करने पर मीटर की बाड़ी सील में टेम्पर्ड पाया गया था। जिसके बाद मीटर को परीक्षण के लिए ले जाया गया। जांच में पाया गया कि विद्युत मीटर के साथ छेड़छाड़ सील तोडकर विद्युत चोरी किया गया है। इससे विभाग को 3ए90ए876 रूपए हानि हुई। शिकायत पर खमतराई पुलिस ने मेसर्स मित्तल इंडस्ट्रीज के पुनीतराम साहू के खिलाफधारा 138.5 135. क विद्युत अधिनियग प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जिसे चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। जहां पर पुनीत राम साहू को विद्युत चोरी करना पाए जाने पर दोषी ठहराते हुए एक वर्ष का कठोर कारावास और कम्पनी पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया। साथी आरोपी पर 10 हजार रूपए का अर्थदण्ड आरोपित किया। राशि नहीं देने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास देना निर्धारित किया

# मोबाइल व मोटरसायकल की चोरी, आरोपी युवक पकड़ाए

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। संपत्ति संबंधी अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना पुरानी बस्ती पुलिस के कार्य से मोटर सायकल चोरों को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त हुई। प्रार्थी हरीश कुमार साहू पिता भोज राम साहू उम्र 31 वर्ष ग्राम टोकरो पोस्ट मानिक चौरी थाना अभनपुर जिला रायपुर छत्तीसगढ़ थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी स्काई कार शोरूम भाटा गांव में मैकेनिक का कार्य करता है। 24 नवंबर को काम पर शो रूम गया था शाम करीब 6.00 बजे अपनी मोटरसाइकिल प्लैटिना में शोरूम के कर्मचारी कोंदा को पीछे बैठाकर भांठा गांव का बस स्टैंड अपने काम से गया था। पेट्रोल पंप भाटा गांव के सामने कोंदा को छोड़कर अपने घर जाने के लिए निकला था तभी प्रार्थी के मोबाइल में फोन आने से बात करते खड़ा था उसी समय दो अज्ञात लड़के वहां मोटर सायकल फैशन प्रो वाहन से आए और नाम पता पूछने लगे मैं वहां से चला गया। रात्रि 9. 30 से 9. 45 बजे वह दोनों लड़के फिर पीछे से आकर आवाज देते हुए पहुंचे और प्रार्थी से मारपीट करने लगे जिससे प्रार्थी बेहोश हो गया। दोनों लड़के प्रार्थी के पेंट के जेब में रखे वीवो कंपनी का मोबाइल कीमती 5000 व उसके मोटरसाइकिल वाहन प्लैटिना कीमती 35.000 रुपए जुमला 40000 को चोरी कर ले गए की प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पुरानी बस्ती में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक करते हुए संदेहियों का पहचान करते हुए भाटा गांव सब्जी बाजार के पास से दोनों संदेहियों को थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ करने पर जुर्म करना स्वीकार किया।



## दो बदमाश आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। अपराधो पर अकुंश लगाने हेतू चलाए जा रहे हैं अभियान के तहत थाना मौदहापारा पुलिस को क्षेत्र के दो गुंडा बदमाशों को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है इसी परिपेक्ष्य में सूचना मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक यामन देवांगन के नेतृत्व में क्षेत्र के गुण्डा बदमाश अनिकेत यादव उर्फशेरा और रामू राय को अलग अलग जगहों से धारदार चाकू के साथ हिरासत में लिया गया जिनकी तलाशी लेने पर उनके कब्जे से धारदार चाकू मिलने पर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# मंदिरहसौद चौक में निर्माणाधीन पुल की वजह से जाम के हालात

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर से आरंग राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित मंदिर हसौद चौक पर बीते कई माह से निर्माणाधीन पुल की वजह से जाम का हालात बना रहता है। यातायात विभाग ने यहां पर सुचारू आवागमन के लिये आरक्षकों की ड्यूटी तो लगायी है लेकिन वे भ्रमित वाहन चालकों को सहीं दिशा निर्देश दे यातायात को सुगम बनाने के बदले यातायात नियमों के उल्लंघन करने की बात कह कार्यवाही के नाम पर भयादोहन में लगे रहते हैं। किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेंद्र शर्मा ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. संतोष कुमार सिंह को ज्ञापन सौंप यातायात को सुगम बनाने आवश्यक व्यवस्था करने व पुल निर्माण पूरा होने तक कर्तव्यरत आरक्षकों को भ्रमित वाहन चालकों को सहीं दिशा निर्देश देने व न मानने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही करने का निर्देश देने का आग्रह किया है।



**किसान संघर्ष समिति ने एसपी को ज्ञापन सौंपा**

ज्ञातव्य हो कि इस राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का रेलमरेला दिन रात लगा रहता है। इसके सिवा इस मार्ग से चंदखुरी फार्म - मंदिर हसौद व नया राजधानी से मंदिर हसौद सड़क मार्ग भी जुड़ता है जिसकी वजह से यातायात का दबाव और अधिक बढ़ जाता है। मंदिर हसौद चौराहा होने व पुल के निर्माणाधीन होने से यातायात का दबाव और बढ़ जाने से रोजाना समय - बेसमय यहां पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

# पिट एनडीपीएस मामले में दो आरोपियों को भेजा गया जेल

**रायपुर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। ड्रग पैडलर्स के खिलाफ रासुका जितना सख्त पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिया गया है। आईजी अमरेश मिश्रा और एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर ऐसे दर्जनों आदतन अपराधी जो एनडीपीएस मामलों में लगातार सक्रिय हैंए उनका पिट एनडीपीएस के तहत केस बनवाया गया है और रायपुर संभाग कमिश्नर कोर्ट में कार्यवाही के लिए भेजा गया हैं। विदित हो कि पिट एनडीपीएस रासुका जितना ही कठोर कार्यवाही है। कमिश्नर महादेव कावरे ने पिट एनडीपीएस एक्ट 1988 की धारा 10 के तहत दो आरोपियों पर सजा सुनाई है। अजीत सिंह पिता हृदयनारायण सिंह थाना आमानाका को तीन माह के लिए और उदय जैन थाना खमतराईको छह माह की सजा दी है। कल ही दो अन्य आरोपियों बाबू उर्फदेंगा सरदार और बैशाखू थाना उरला को पिट एनडीपीएस में जेल भेजा गया था।

उल्टा पुल्टा

चंपक की पत्नी गुस्सा होकर मायके चली जाती है. चंपक अपनी ससुराल में फोन करता है, उधर से सास की आवाज आती है, कितना बार कहा है तुमसे अब वो तुम्हारे घर नहीं आएगी तो क्यों बार-बार फोन करते हो यहां।

चंपक- कुछ नहीं बस सुनकर अच्छा लगता है। सास ठीक है फिर कल से मैं भी साथ में आ जाती हूं एक महीने के लिए।

# कस्टम मिलिंग के लिये राईस मिलर्स द्वारा धान का उठाव शुरू नहीं होने के कारण सैकड़ों टन धान जाम

**मंत्रियों की एक कमेटी एवं प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के बीच आम सहमति से अब पूरे प्रदेश में धान का उठाव शुरु होने के आसार**

**कस्टम मीलिंग का प्रति क्विंटल 80 रू. एवं पुराना बकाया राईस मिलर्स को भुगतान करने पर बनी सहमति**

**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। वर्तमान खरीफ फसल के सीजन में एक पखवाड़े के भीतर जिले की 102 सहकारी समितियों में लगभग 1 लाख टन धान की खरीदी कर किसानों को करोड़ों रूपयों का भुगतान भी किया जा चुका है। एक दो दिनों में धान खरीदी में और तेजी आने की संभावना है। इधर कतिपय मुद्दों को लेकर राईस मिलर्स एवं शासन प्रशासन के मध्य सहमति न बन पाने के कारण राईस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग के लिये धान का उठाव शुरू नहीं किया है। धान का सेवा सहकारी समितियों से उठाव न होने के कारण समितियों में हजारों क्विंटल धान का जमावड़ा हो जाने के कारण गंभीर स्थिति बन गई है ।

कई सहकारी समितियों ने तो अपने परिसर में क्षमता से अधिक जमा हो चुके धान को संग्रहण केन्द्रों में भेजा गया। मौजूदा स्थिति यह है कि शासन प्रशासन, राईस मिलर्स व मार्कफेड के अधिकारी कहीं कोई यह बताने की स्थिति में नहीं है कि कस्टम मिलिंग के लिये धान का उठाव कब से शुरू हो सकेगा। सभी जगह असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इधर आज देर शाम दुर्ग के कतिपय राईस मिलर्स के माध्यम से पता चला है कि रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा नेता भूपेन्द्र सवन्नी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश राईस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल एवं पदाधिकारियों के मध्य इस मसले को लेकर हुई बैठक में कतिपय मुद्दों पर आम सहमति बन गई है। संकेत मिल है कि एक दो दिनों में शासन व राईस मिल संचालकों के मध्य सहमति के आधार पर पंजीयन व अनुबंध सहित सभी प्रक्रिया के आधार पर पंजीयन व अनुबंध सहित सभी प्रक्रिया पूरी कर 5-6 दिसंबर तक सेवा सहकारी केन्द्रों का धान संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव शुरू कर दिया जायेगा। पता चला है कि शासन ने कस्टम मिलिंग की राशि 60 रूपये से बढ़ाकर 80 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया है। इसके अलावा वर्ष 22-23 की कस्टम मिलिंग की राशि का भुगतान भी शीघ्र कर देने पर सहमति बन जाने के संकेत मिले है।

उल्लेखनीय है कि कस्टम मिलिंग को लेकर हमेशा से ही राइस मिलर्स व राज्य शासन के मध्य मतभेद की स्थिति निर्मित होती रही है। पिछले वर्ष कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार कस्टम मिलिंग की दर 60 रूपये प्रति क्विंटल को बढ़ाकर 120 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया था मगर यह बढ़ी हुई दर का भुगतान नहीं हो पाया था। वर्तमान भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार ने 120 रूपये को घटाकर 60 रूपये प्रति क्विंटल कर दिया था। इसे लेकर राईस मिलर्स में भारी असंतोष था। साथ ही विगत दो सत्र 22-23 व 23-24 की कस्टम मिलिंग की राशि जो करोड़ो रूपयों में होता है का भुगतान भी मिलर्स को नहीं किया गया था। इसलिए मिलर्स ने भी धान के उठाव पर अघोषित तौर पर बहिष्कार कर दिया है। 15 नवंबर को जब से धान खरीदी शुरू की गई है तब से अभी तक किसी खरीदी केन्द्र से धान का उठाव ही नहीं किया गया। किसी भी राइस मिलर्स ने न ही धआन खरीदी के लिये शासन प्रशासन से कोई पंजीयन कराया और न ही अनुबंध कराया है।

विगत दो वर्षो से राइस मिलर्स को कस्टम मिसिंग का बकाया पैसा न मिलने के कारण मिलर्स को भारी आर्थिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वे न तो बैंक गारंटी दे पाने में सक्षम है, और न ही मिल चलाने की स्थिति में थे। अब अपुष्ट सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि 29 नवंबर की शाम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, भाजपा नेता भूपेन्द्र सवन्नी की उपस्थिति में प्रदेश राईस मिलर्स एसो. के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, राम गर्ग जशपुर, महामंत्री द्वय विजय तामल, प्रमोद जैन, कोषाध्यक्ष चंदन अग्रवाल, एवं राजीव अग्रवाल खरोरा, बंटी गोयल, गौतम दुग्गड़ मनेन्द्रगढ़, के मध्य इस मसले को लेकर बैठक हुई।

सूत्रों के अनुसार इस बैठक में लगभग यह तय हो गया है कि वर्ष 22-23 की कस्टम मिलिंग की दूसरी किस्त का भुगतान शीघ्र कर दिया जायेगा। वर्ष 24-25 में 2 माह की मिलिंग क्षमता पर कार्य करने पर मिलर्स को प्रोत्साहन राशि 80 रूपये प्रति क्विंटल का पूरा भुगतान किया जायेगा। नए सीजन का परिवहन व्यय एस.एल.सी. दर पर किया जायेगा।

# ईवीएम को लेकर कांग्रेस भाजपा में घमासान



- कांग्रेस का संविधान व लोकतंत्र पर कोई भरोसा नहीं
- विधायक गजेन्द्र व ललित ने लगाया कांग्रेस नेताओं पर दोहरेपन का आरोप

**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। ईवीएम को लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा किये जा रहे वक्तव्यों पर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज व पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए विधायक दुर्ग शहर गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर ने इस मामले में कांग्रेस पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया है। विधायक गजेन्द्र यादव ने कांग्रेस नेताओं को अपनी नीति और नीयत ठीक रखने की नसीहत दी है।

श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता भूपेश बघेल व कांग्रेस पर विश्वास नहीं करती। बघेल सहित सभी कांग्रेस नेता ईवीएम पर मनगढ़त प्रलाप कर रहे है। उन्होने कहा कि लोकतंत्र में जनता का विश्वास जीतना जरूरी है मगर कांग्रेस इस पर विश्वास नहीं करती। श्री यादव ने याद दिलाया कि आखिर भूपेश बघेल और उनकी सरकार इसी ईवीएम के आधार पर बनी थी। श्री यादव ने भूपेश बघेल सरकार के दौरान भ्रष्टाचार इत्यादि के मुद्दों को लेकर उठाते हुए कहा कि उस समय के कुछ लोग आज भी जेल में है।

दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बयानों से स्पष्ट है कि कांग्रेस का लोकतांत्रिक संस्थाओं पर भरोसा हीं नहीं है। उन्होंने कहा कि दीपक बैज यह स्पष्ट करें कि क्या प्रदेश कांग्रेस कवासी लखमा के बयान से सहमत है अथवा सहमत नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस ऐसी ही राजनीति करती रही तो वह छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में विलुप्त होने के कगार की स्थिति में है।

# निगम आयुक्त ने किया मोबाईल मेडिकल यूनिट व दाई दीदी क्लिनिक का निरीक्षण



दुर्ग, 29 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने आज नगर निगम क्षेत्र में संचालित मोबाईल मेडिकल यूनिट के द्वारा विभिन्न वार्डो में लगाये जाने वाले शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने विभिन्न वार्डो में संचालित दाई-दीदी क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। वहां पर चिकित्सा कराने आ रहे मरीजों से भी बातचीत की।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम द्वारा संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाईल मेडिकल यूनिट चलाई जा रही है। यह यूनिट प्रतिदिन स्लम एरिया में केम्प लगाकर मरीजों की शूगर, बीपी, सिकलिंग, थायराइड सहित 40 प्रकार की जांच के सेम्पल लिये जाते है। मरीजों को जरूरी दवाईयों के साथ ही जरूरी परामर्श दिये जाते है। इसी तरह दाई दीदी क्लिनिक में भी 41 प्रकार की जांच के साथ ही जरूरतमंद के लिये आक्सीजन सिलेण्डर भी उपलब्ध है।

दाई दीदी क्लिनिक में डॉ. श्वेता कृपलानी, नर्स चंद्रकला लैब टेक्निशियन राजेश्वरी सिन्हा, फार्मसिस्ट विधि साहू से आयुक्त श्री अग्रवाल ने दाई दीदी क्लिनिक को लेकर आवश्यक जानकारी ली।

## शराब बिक्री करते नशे का कारोबारी पुलिस के हत्थे चढा

- सवा सौ नग देशी शराब के पौव्वे जब्त

**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में नशे के अवैध सौदागरों के खिलाफ मुहिम के तहत पुलिस अधीक्षक शहर अभिषेक झा, नगर पुलिस अधीक्षक दुर्ग चिराग जैन एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम हेम प्रकाश नायक के मार्गदर्शन में प्रभारी एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश नेताम व थाना प्रभारी पुलगांव पुष्पेन्द्र भट्ट के नेतृत्व में एक संयुक्त टीम गठित कर टीम को कार्यवाही हेतु लगाया गया था।

इस टीम को विशेष सूत्रों से पता चला कि राजकपुर नामक का व्यक्ति ग्राम चंदखुरी, केनाल पारा में अवैध रूप से शराब बेच रहा है । सूचना पर टीम द्वारा मौके पर जा कर रेड कार्यवाही की गई मौके में दारू बेचते एक व्यक्ति मिला ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# साथी बाजार का होगा संचालन, रूआबांधा में महिलाओं की भी होगी भागीदारी



**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में रूआबांधा बीज निगम प्रक्षेत्र में साथी बाजार का संचालन किया जाना प्रस्तावित हैए जिसके भूमि पूजन कार्यक्रम एवं एफपीओ फेडरेशन गठन के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित की गई।

साथी बाजार का संचालन पूर्ण रूप से एक फेडरेशन के द्वारा किया जाना है। उक्त फेडरेशन में दुर्ग जिले के अंतर्गत समस्त एफपी.ओ./एफपी.सी. के सदस्यों द्वारा निर्मित फेडरेशन के माध्यम से साथी बाजार का संचालन किया जाना है। इस हेतु जिले के समस्त फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाईजेशन, कंपनी के डायरेक्टर एवं बीओडी के सदस्यों की बैठक आयोजित की गई।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि फेडरेशन निर्माण के लिए आवश्यक कार्य किया जाना है। बैठक में फेडरेशन के सदस्य बनने के लिए अंशपूंजी का निर्धारण किया गया। प्रति एफपीओ अंशपूंजी की भागीदारी का निर्णय लिया गया। साथ ही संचालक मंडल हेतु नाम का प्रस्ताव व एफपीओ में सदस्यों की संख्या का निर्धारण किया गया। इसके साथ ही साथी बाजार संचालन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया गया।

राष्ट्रीय समन्वयक साथी परियोजना मनीष शाहा राज्य प्रमुख साथी परियोजना अधिकारी अनुराग लालए नोडल कृषि विश्वविद्यालय रायपुर डॉ.गजेन्द्र चन्द्राकर सहित कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# दावा आपत्ति के 45 दिन पहले बने सदस्यों का नाम नागरिक सहकारी बैंक की अंतिम मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा

**नागरिक सहकारी बैंक चुनावः प्रथम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद दावा आपत्ति का निराकरण**



**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। अस्पताल वार्ड स्थित नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग की चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। इस क्रम में सदस्यता सूची के प्रथम प्रकाशन को लेकर मिले दावा.आपत्ति का शुक्रवार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार बनज के मौजूदगी में निराकरण किया गया।

सदस्यता सूची में नाम नहीं होने से जु ? एक दावा.आपत्ति का निराकरण इस आधार पर किया गया कि दावा.आपत्ति की अंतिम तिथि से 45 दिन पूर्व बैंक का सदस्य बनने वाले पात्र सदस्य का नाम सदस्यता सूची में जोड़ा जा सकता है। इस निर्णय से बैंक के वे सभी पात्र सदस्य, जो 45 दिन पूर्व बैंक के सदस्य बने है। उनका नाम सदस्यता सूची के प्रथम प्रकाशन में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा सदस्यता सूची में नाम, सरनेम, पिता और पता में त्रुटि होने से संबंधित सदस्यों के दावा.आपत्ति मिले थे। जिनका भी निराकरण किया गया। दावा.आपत्ति के निराकरण के बाद अब सदस्यता सूची का अंतिम प्रकाशन जल्द किया जाएगा।

मालूम हो कि दावा.आपत्ति के लिए गुरुवार 28 नवंबर अंतिम तिथि थी। करीब 25 से अधिक सदस्यों ने सदस्यता सूची के प्रथम प्रकाशन को लेकर दावा.आपत्ति किए थे।

नागरिक सहकारी बैंक मयादित दुर्ग की सदस्यता सूची (समूहवार) को अतिम रूप देने के लिए सहकारिता एवं सहायक पंजीयकए कार्यालय संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग सहायक आयुक्त अनिल कुमार बनज को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके द्वारा नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग पं.क्र./स.पण्रा./4/07.07.1988 की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन 14 नवंबर को किया गया था। जिस संबंध में दावा.आपत्ति आमंत्रित किए गए थे।

दावा-आपत्ति के निराकरण के दौरान रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अनिल कुमार बनज, बैंक सीईओ एके एलेक्जेंडर, नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित के मुख्य वसूली निरीक्षक शशिकांत वर्मा मौजूद रहे।

# ऊर्जा-जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने कार्यशाला



**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। ब्यूरो ऑफएनर्जी एफिसेंसी (बीईई) भारत सरकार द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति कृषकों में जागरूकता लाने हेतु आज कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा ;अ विकासखण्ड पाटन दुर्ग में अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यशाला में क्रेडा विभाग के जिला प्रभारी रवीन्द्र कुमार देवांगन द्वारा सोलर पंप एवं अन्य सौर संयंत्रों के सफल संचालन हेतु विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं निदेशक डॉ विजय जैन कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ ने अपने अनुभव साझा करते हुये बताया कि वर्तमान में बिजली एवं जल के अत्यधिक दोहन से उत्पन्न ऊर्जा संकट तथा निरंतर गिरते हुये जल स्तर के कारण भविष्य में आने वाली कठिनाईयों के निदान के लिए आज संरक्षण बहुत ही आवश्यक है। उप संचालक कृषि संदीप भोई द्वारा किसानों को जल एवं मृदा संरक्षण हेतु कार्यशाला की उपयोगिता तथा कार्यशाला में दिये जाने वाली जानकारी के प्रयोग द्वारा ऊर्जा संरक्षण किये जाने हेतु प्रोत्साहित किया। कमल नारायण वर्मा (विषय विशेषज्ञ उद्यानकीय) द्वारा किसानों को अवगत कराया गया कि फसल चक्र परिवर्तन के माध्यम से किस्म के आधार पर पानी की आवश्यकता पती है जिसकी जानकारी होने पर बहुत अधिक मात्रा में जल का संरक्षण किया जा सकता है।

रबी के फसल में दलहन तिलहन फसलों का उपयोग मृदा एवं जल संरक्षण दोनों में सहायक हैए तथा मिथेन गैस के उत्सर्जन को किस प्रकार कम किया जा सकता है। दिनेश सिन्हा (सोलेक्सी इको पॉवर) द्वारा ऊर्जा दक्ष पंपों का प्रदर्शनीय कर ऊर्जा बजत की जानकारी दिया गयाए जिससे कृषकों द्वारा भविष्य में कृषि कार्य के लिए ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग एवं फसल चक्र अपनाते हुये जल संरक्षण हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के समापन पूर्व जिला प्रभारी क्रेडा द्वारा अर्द्ध दिवसीय कार्यशाला में उपस्थित कृषकों को सौर समाधान ऐप द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी, योजनाओं हेतु आवेदन प्रक्रिया की जानकारी, शिकायतों पर कार्यवाही तथा क्रेडा अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऑनलाईन मानिटरिंग के माध्यम से संयंत्रों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के बारे में जानकारी दी गई तथा उनके मोबाईल में ऐप इंस्टाल कराया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों के लगभग 70 कृषक उपस्थित हुए। कार्यक्रम में केडा से सहायक अभियंता नितेश बन्छोर, दिनेश चंद्रा, उप अभियंता हरीश श्रीवास्तव, विक्की चौधरी, कु. यामिनी देवांगन एवं सोनल कुमार सोनी, खेमराज वर्मा एवं क्रेडा के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# दुर्ग-विशाखापट्टनम वंदेभारत दो घंटे रीशेड्यूल 5.45 की जगह अब 7.45 को छूटेगी



**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस को 2 घंटे रीशेड्यूल किया जा रहा है। 4 दिसंबर तक यह ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन से अपने निर्धारित समय 5.45 बजे की जगह 7.45 बजे छूटेगी। शुक्रवार को इस ट्रेन को दो घंटे की देरी से दुर्ग से रवाना किया गया।

दरअसल आंध प्रदेश में वाल्टेयर डिवीजन के कोमटीपल्ली रेलवे स्टेशन पर कंस्ट्रक्शन कार्य किया जा रहा है। इसके कारण कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। इसी वजह से दुर्ग विशाखापट्टनम वंदेभारत एक्सप्रेस को भी रीशेड्यूल किया गया। 29 से 4 दिसंबर तक यह ट्रेन अपने निर्धारित समय 5.45 बजे की जगह 7. 45 बजे छूटेगी। पांच दिसंबर से ट्रेन फिर से अपने समय पर चलने लगेगी।

# भारत का कल्याण मूल्य आधारित शिक्षा से संभव : स्वामी प्रपदयानंद

- व्यक्तित्व विकास पर अतिथि व्याख्यान




**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) के वाणिज्य विभाग द्वारा ''व्यक्तित्व विकास'' विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रुप में स्वामी प्रपदयानंद, रामकृष्ण मिशन रायपुर रहे।

स्वामी जी ने अपने उद्बोधन में व्यक्तित्व विकास के तीन घटकों-शरीर, मन, बुद्धि पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि व्यक्तित्व का निर्माण अच्छी बातें करने, बोलने, व सुनने से होता है। शुद्ध बुद्धि से परमार्थी बनना होगा। उन्होने का कि हमें सोचना है कि मैं पूरे समाज, देश व विश्व की सम्पत्ति हूॅ, इसलिए मुझे पूरे समाज व देशहित के लिए काम करना होगा।

राष्ट्रहित के लिए उन्होने सभागार में उपस्थित समास्त छात्राओं को शपथ दिलाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। प्रभारी, प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि नैतिक मूल्यों के अभाव में आज हमारे युवाओं में देशप्रेम की भावना तथा नेतृत्व का अभाव होता जा रहा है, इसलिए भारत का कल्याण मूल्य आधारित शिक्षा से ही संभव है। जिसके लिए नई शिक्षा नीति ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# कलेक्टर ने ली डीएलसीसी व डीएलआरसी की समीक्षा बैठक



**बेमेतरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट दिशा सभाकक्ष में डीएलसीसी व डीएलआरसी की तिमाही समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में समस्त शासकीय योजनाओं की शाखावार 31 मार्च 2024 के लक्ष्य प्राप्ति, किसान क्रेडिट कार्ड (पशु पालन एवं मछली पालन) के प्रकरण के प्रस्तुति और स्वीकृति, अस्वीकृति, वित्तीय सेवाएं, विभाग का जनसुरक्षा योजनाओं की अभियान की प्रगति एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की वर्तमान स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, वर्ष 2023-24 हेतु एनआरएलएम द्वारा आबंटित लक्ष्य एवं प्रगति, अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना की प्रगति की जानकारी ली गई।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में केवल कृषि ही नहीं, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन के प्रकरणों पर विशेष फोकस करें बैंकर्स। शासकीय योजनाओं से संबंधित ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृत करें। विभाग प्रकरण स्वीकृति हेतु बैंकों को प्रस्तुत करें। साथ ही बैंकों द्वारा प्रकरण रिजेक्ट के कारणों पर विशेष ध्यान देवें। उन्होंने बैंकों को सीडी रेसियों पर विशेष ध्यान देने कहा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री टेकचन्द्र अग्रवाल, आरबी आई के अधिकारी सहित विभिन्न बैंकों के प्रबंधक उपस्थित थे।

जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति बैठक में बिन्दुओं पर चर्चा, जिले में कार्यरत बैंकों की मार्च एवं जून और सितंबर 2024 तिमाही की समीक्षा एवं बैंकों का ऋण जमा अनुपात, शासकीय योजनाओं की मार्च एवं जून और सितंबर 2024 तिमाही की प्रगति की समीक्षा की गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशनअन्तर्गत बैंक लिंकेज की समीक्षा । महा प्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र बेमेतरा/ खादी ग्रामोद्योग की प्रगति पर समीक्षा, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना की प्रगति के बारे में जानकारी ली।

बैठक में अन्त्यावसायी एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना के कार्यों की जानकारी और प्रधान मंत्री मुद्रा योजना और प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के हितग्राहियों को जरूरतें मुताबिक वास्तविक ऋण मुहैया ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# बोधगया का महाबोधि महाविहार बौद्धों को सौंपने की मांग

**बौद्ध समुदाय ने शांति रैली निकाल कर अपनी मांग के समर्थन में सौंपा ज्ञापन**




**दुर्ग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। संविधान दिवस की हीरक जयंती पर संपूर्ण भारत के बौद्ध समाज ने आज शासन प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। इसी श्रृंखला में दुर्ग में आंदोलन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। बिहार राज्य मे स्थित महाबोधि महाविहार (बोधगया) को गैर बौद्ध लोगों से मुक्त करने की मांग की गई। इसमें भारी संख्या में दुर्ग जिले के बौद्ध समाज के लोग शामिल हुए और शांति रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा।

समता सुरक्षा सेना छत्तीसगढ़ के महासचिव अनिल जोग ने कहा कि भारतीय संविधान लागू होने के बाद 1950 के पूर्व के समस्त कानून या नियमों को शून्य घोषित किया गया है। इसके बावजूद आज भी यहां 1949 एक्ट के तहत समिति क्रियान्वित हो रही है। 9 सदस्यीय समिति में चार गैर बौद्ध, चार बौद्ध और एक गया जिला अधिकारी शामिल है। उन्होंने मांग की कि बोधगया महाबोधि महाविहार कमेटी में पूर्ण संख्या बौद्धों की हो, यह पूर्णरूपेण बौद्धों के हस्ते सौंपा जाए। इसके लिए आंदोलन की शुरुआत अनागरिक धम्मपाल ने की थी।

इसके बाद भंते नागार्जुन सुरई ससाई के नेतृत्व में यह आंदोलन चलता रहा और वर्तमान में आकाश लामा द्वारा यह पुनः गतिमान हुआ है। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में आंदोलनकारियों ने कहा कि बौद्ध/आंबेडकरी समाज महाबोधि महाविहार मुक्ति के लिए अंतिम समय तक लड़ाई लड़ने के लिए संकल्पित है।

# चरोदा वार्ड में डायरिया पूर्ण रुप से नियंत्रण में



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। चरोदा वार्ड 23 में स्वास्थ्य विभाग ओर निगम अमले ने डायरिया प्रभावित एरिया में सघन सर्वेक्षण कराया। बी ई ईटीओ शहरी स्वास्थ्य कार्यक्रम चरोदा भिलाई 3 सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ओर नगर निगम चरोदा की टीम संयुक्त रूप से सर्वेक्षण कर रही हैं। जिसमें प्रत्येक घरों पर दस्तक दे कर उल्टी दस्त की जानकारी ली जा रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की छ टीम बनाकर डोर टू डोर उल्टी दस्त मरीजों की खोज कर प्रत्येक घर में पानी उबालकर ठंडा करके पीने तथा ताजा भोजन करने एंव उल्टी दस्त होने पर शासकीय अस्पताल में जाकर उपचार कराएं। सैय्यद असलम व मितानिन प्रेरक सुनिता बिनिया ने बताया कि एक दिन पूर्व वार्ड 24 के पार्षद सत्यप्रकाश शर्मा ने भी सर्वेक्षण में स्वास्थ्य विभाग की टीम में भ्रमण किया ओर लोगों से बासी भोजन करने से मना किया गया तथा ताजा भोजन करने एंव साफसफाई रखने अपील किया गया पारा बैठक में निरीक्षण में पहुंचे क्षेत्रीय पार्षद टेनेद्र ठाकरे, महापौर निर्मल कौसरे, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया ने लोगों से डायरिया नियंत्रण पर जन भागीदारी सुनिश्चित करने ओर स्वयं पारा मोहल्ले को स्वच्छ रखने के साथ चिकित्सक के मार्गदर्शन में उपचार शासकीय अस्पतालों में निशुल्क जांच व उपचार प्राप्त करने बताया आज सर्वेक्षण सी पी एम चरोदा विवेक मिंज, सी पी एम दुर्ग संजीव दुब, एनएम द्रौपदी, प्रभास यादव, एस देशलहरे, रेखराम साह, हर्षा मानिकपुरी, हेमलता निर्मलकर,मितानिन रत्ना भट्ट, श्रीमती मंजू बंजारे, श्रीमती अन्नपूर्णा साहू, श्रीमती मंजू वर्मा निगम सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अश्विनी चंद्राकर ओर उनकी टीम भी संयुक्त रूप से साथ में रही थी।

**चरोदा में उल्टी दस्त की स्थिति नियंत्रण में**

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई-चरोदा के वार्ड नंबर 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में 27 नवम्बर को उल्टी.दस्त की आऊटब्रेक की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के निर्देशानुसार प्रभारी जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एन.एच.एम. डॉ. भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में 28 नवम्बर को जिला महामारी विशेषज्ञ श्रीमती रितिका मसीह, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक चरोदा विवेक मिंज व स्वास्थ्य विभाग के मैदान अमलो द्वारा संकमित क्षेत्र का भ्रमण किया गया। शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी, चरोदा व खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन के द्वारा वार्ड न- 23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर लगाकर प्रभावित मरीजों का उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार 28 नवम्बर को उक्त संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त के 1 एवं दस्त के 1 इस प्रकार कुल 2 नये मरीज मिले। 25 से 28 नवम्बर तक वार्ड नं-23 एस.एस.के. आदर्श नगर चरोदा में कुल 28 व्यक्ति प्रभावित हुये। वर्तमान में 1 मरीज पी.एस.सी. भिलाई 3 में चिकित्सकीय उपचार ले रहा हैं एवं मरीज की स्थिति सामान्य है। काम्बेट टीम व मितानिन द्वारा संकमित क्षेत्र का सर्वे किया जा रहा है। मितानिनों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता को प्रभावित क्षेत्र में सतत् निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। काम्बेट टीम के द्वारा घरों का भ्रमण, ओ.आर.एस. पैकेट, क्लोरिन टेबलेट, मैट्रोनिडाजोल टेब. सिप्रो टेबलेट, डॉक्सीसाइक्लिन टेबलेट, स्पोरोलेक पावडर शिविर स्थल पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एवं मरीजों को वितरित किये गये है। एक्टिव सर्विलेस अंतर्गत प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक घरों में एएनएम, एमपीडब्ल्यू मितानिन ऐरिया समन्वयक, मितानिन एवं नगर निगम चरोदा द्वारा साफ सफाई, पेयजल की व्यवस्था तथा प्रभावित क्षेत्र में पर्याप्त दवाईयों का भंडारण करने एवं गंभीर मरीजों को तत्काल हायर सेंटर रिफर किये जाने निर्देशित किया गया है। मरीजों को पानी उबालकर पीने एवं आवश्यक सावधानी बरतने की सलाह दी गयी है। वर्तमान में स्थिति नियत्रण में है। मिली जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को अस्तपाल में भर्ती इस बीमारी के सभी मरीजो को छुट्टी कर दी गई। आज ही एक नया मरीज भी मिला है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अब स्थिति पुरी तरह से नियंत्रण में है।

# संयंत्र द्वारा लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। संयंत्र के व्यवसाय उत्कृष्टता विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहली छमाही प्रदर्शन की समीक्षा पर महात्मा गांधी कला मंदिर में लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन का आयोजन किया। निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता और कार्यपालक निदेशकों ने संयंत्र के विभिन्न वर्गों के कार्मिकों को संबोधित किया। उन्हें उनके प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 में आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यपालक निदेशक प्रभारी वर्क्स अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक वन कुमार, कार्यपालक निदेशक, बी के गिरी, कार्यपालक निदेशक डॉ रवींद्रनाथ एम, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार और कार्यकारी कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी मुख्य महाप्रबंधकउपस्थित थे। पहली छमाही के दौरान संयंत्र के प्रदर्शन की समीक्षा और भविष्य के लक्ष्योंए चुनौतियों और समाधानों पर चर्चा की गई। साथ ही पिछले एलजीआई के लक्ष्यों की प्राप्तिए कार्मिक सुविधाओं सम्बंधी विषयों और संयंत्र के अंदर और बाहर सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान पहली छमाही में संयंत्र के प्रदर्शन की समीक्षा पर आधारित प्रस्तुतीकरण, विभिन्न विभागों द्वारा दी गई।

# पावर ग्रिड द्वारा राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता




**भिलाईनगर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भारत सरकार ऊर्जा मंत्रालय ने देश भर में ऊर्जा सरंक्षण को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय जागरूकता आभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूली बच्चों के लिए ऊर्जा सरंक्षण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन पावर ग्रिड पश्चिम क्षेत्र-1 रायपुर कुम्हारी उपकेंद्र द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में करीब 1 लाख बीस हजार स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विभिन्न स्कूलों से एक सौ बच्चों ने हिस्सा लिया। जिसमें ए वर्ग-क्लास 5, 6 तथा 7 के 50 बच्चे तथा बी वर्ग क्लास 8, 9 तथा 10 के 50 बच्चों ने हिस्सा लिया। रजनीश तिवारी मुख्य महाप्रबंधक पावर ग्रिड वेस्ट जोन-1 नागपुर ने विजयी ग्रुप के प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में ए ग्रुप में प्रथम आयुष साहू रायगढ़, सेकंड पुरस्कार हिमांशु दास चिरिमिरी, तृतीय पुरस्कार यशिका बागवानी बलोदा बाजार को पुरस्कृत किया गया। वही बी वर्ग में प्रथम वत्सल सोनी, डीपीएस भिलाई, दूसरे स्थान पर सौम्या देवांगन, बलोदा बाजार, तृतीय स्थान पर पावनी सिंघल रायगढ़ को पुरस्कृत किया गया। दोनो वर्गों में अन्य दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के दोनो वर्गों में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित बच्चे आगामी 11 दिसंबर को नई दिल्ली में आयोजित प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगें इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक रजनीश कुमार ने कहा कि देश का विकास प्राकृतिक संसाधनों तथा ऊर्जा की उपलब्धता पर निर्भर करता है जितनी ऊर्जा हम बचायेंगे उतनी ऊर्जा हम देश के लिए उत्पन्न करेंगे। यही बच्चे आगे चलकर हमारे देश को विकसित राष्ट्र बनाएंग। केंद्रीय विधालय के सहायक आयुक्त रायपुर रविंदर कुमार ने कहा कि प्रदेश भर से आये बच्चों ने ऊर्जा के क्षेत्र में पेंटिंग के माध्यम से उत्कृष्ट कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करने तथा पेंटिंग में थीम को प्रभावी रूप से व्यक्त करने के लिए विधायर्थियों को बधाइ दी। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने में विधार्थियोंए शिक्षकोंए आभिभावकों के सामूहिक प्रयासों की भी सराहना की। इस अवसर पर आर एल ठाकुरए सयुक्त संचालक लोक शिक्षण निदेशालय, आर के दास महाप्रबंधक, एच पी पाल महाप्रबंधक शामिल हुए।

# सुपेला फ्लाई ओवर पर दुर्घटना में पिकअप चालक घायल



**भिलाईनगर**, 29 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई में आज सुबह नेशनल हाइवे सुपेला फ्लाईओवर पर नागपुर से आ रही पिकअप की ट्रक से टक्कर हो गई। हादसे में पिकअप का हेल्पर साइड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस पेट्रोलिंग ने ट्रक में फंसी पिकअप को फ्लाईओवर से नीचे उतरवा कर साइड किया जिसके बाद यातायात सुचारू हुआ। आज सुबह सुपेला फ्लाई ओवर पर चंद्रा मौर्या टाकीज के पास यह हादसा हुआ है। नागपुर से संतरा व अनार लोड कर पिकअप क्रमांक एमएच 30 बीडी 5621 पावर हाउस फलमंडी जा रही थी। इसी दौरान फ्लाई ओवर पर सामने से जा रही ट्रक क्रमांक एमएच 12 एनएक्स 1974 को पीछे से पिकअप ने ठोकर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप ट्रक के पीछे फंस गई। पिकअप का हेल्पर साइड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक को हल्की झपकी आने से यह हादसा हुआ। फिलहाल पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# कोसानगर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान दिवस पर भीम मेला समारोह कोसा नगर में विविध आयोजन हुए। यहां डॉक्टर अंबेडकर स्वास्थ्य मिशन और इंडियन अंबेडकराइट डॉक्टर्स फेडरेशन छत्तीसगढ़ की टीम ने दो दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया। वहीं समाज में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों का सम्मान किया गया। लगातार चिकित्सा शिविर लगाने हेतु इस शिविर की संयोजिका प्रेरणा धाबर्डे को बौद्ध कल्याण समिति कोसा नगर के अध्यक्ष नरेंद्र शेन्डे की समिति ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सभी डॉक्टरों को पंचशील का दुपट्टा पहनाकर और मोमेंटो देकर मंच से सम्मानित किया। प्रेरणा यूनिवर्सल फिल्म प्रोडक्शन हाउस भिलाई द्वारा निर्मित बॉलीवुड हिंदी फिल्म ष्प्रथम अध्यापिका क्रांति ज्योति सावित्री बाई फुल का पोस्टर भी मंच से लॉन्च किया गया। शिविर में 1150 मरीजों की जांच की गई। आवश्यक दवाइयां के साथ जरूरी हिदायतें दी गई। बुधराम मेश्राम ने थर्मोकोल की मूर्तियां भेट दी। इस शिविर में लगातार 30 वर्षों से डॉक्टर्स अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें प्रमुख रूप से डॉ. उदय धाबर्डे सर्जन, डॉ. शिरसाट फिजियोथैरेपिस्ट, डॉ अखिल धर बनर्जी चेस्ट फिजिशियन, डा. जीवन लाल घीडल, डॉ अरुण निकोसे वरिष्ठ फिजीशियन, डॉ. अशोक कुमार वरिष्ठ आप्थाल्मोलॉजिस्ट. डॉ भूमिका तभाने आयुर्वेदाचार्य. डॉ. अरविंद चौधरी आयुर्वेदाचार्य, डॉ. वेदिता जोग आयुर्वेदाचार्य. डॉ. राजकुमार दामले पैथोलॉजिस्ट, डॉ. गिरीश उमरेडकर ईएनटी स्पेशलिस्ट, हरिदास मेश्राम एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ, मंगला जाधव एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ, डॉ भूषण भोईर दंत रोग विशेषज्ञ, डॉक्टर सोनिका बोधि दंत मसूड़ा रोग विशेषज्ञ और डॉक्टर फरहाना परवीन दंत रोग विशेषज्ञ आदि ने अपनी सेवाएं दी। चिकित्सा व्यवस्था में तथा दवाई वितरण में सहयोगी माया राउत, योगेश सहारे और अनिल जोग ने विशेष सहयोग दिया। शिविर का संयोजन प्रेरणा ने किया।

# प्रधानमंत्री आवास योजना में मकानों का औचक निरीक्षण



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत नगर निगम भिलाई के विभिन्न हाउसिंग क्षेत्रों में मकान का निर्माण किया जा रहा है। जिनमें मोर मकान मोर आस, मोर मकान मोर चिन्हारी एवं बीएलसी मोर जमीन मोर मकान मकानों में हो रहे निर्माण का निरीक्षण किये। निरीक्षण कर एजेंसी चंद्रनिर्मल प्राईवेट लिमिटेड एवं गोयल ट्रेडर्स जिसे मकान निर्माण का काम दिया गया है, उनको निर्माण कार्य समय अवधि में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहा कि रोड़, नाली, पानी, बिजली की व्यवस्था होनी चाहिए। कार्यपालन अभियंता नवीन राठी को मकान निर्माण के दौरान विद्युत व्यवस्था मार्च में ही पूर्ण करने के बारे में आयुक्त से चर्चा हुई। तो उनको द्वारा बताया गया कि सीएसईबी निविदा प्रक्रिया में विलम्ब होने के कारण ट्रांसफार्मर नहीं लग पाया। जिससे विद्युत व्यवस्था की प्रतिपूर्ति नहीं हो पाईए जिसे शीध्र पूर्ण करने को कहा। कार्यपालन अभियंता विनिता वर्मा एवं एजेंसी के अभियंता को निर्देशित किये कि समय समय पर आकर कार्यो का निरीक्षण करें। वहां पर रहने पर किसी प्रकार की असुविधा न हो। भ्रमण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, नितेश मेश्राम, उत्पल ठाकुर, जावेद अली, अजय कुमार शुक्ला, अंकित सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़ी 2 करोड़ लोगों की राजभाषा : शर्मा

**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतवर्ष में अनेक राज्यों में राज्यों की भाषा बोली जाती है चाहे महाराष्ट्र में मराठी पंजाब में पंजाबी, हरियाणा है हरियाणवी, आंध्र में तेलुग, बंगाल में बंगाली, इत्यादि राज्यों में सब राज्य में लोग अपनी अपनी भाषाएं बोला करते है। छत्तीसगढ़ में भी छत्तीसगढ़ी बोली बोली जाती है तभी तो यहां राज निर्माण के साथ गड़बो नवा छत्तीसगढ़ के नाम से छत्तीसगढ़ की बात रखी जा रही है। हम जानते हैं कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ी भाषा किन किन क्षेत्रों में बोली जाती है छत्तीसगढ़ी दो करोड़ लोगों की राज्यभाषा है पूर्वी छत्तीसगढ़ी पश्चिमी उत्तरी और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में कौन-कौन सी भाषाएं बोली जाती है जो हिंदी के निकट है छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग विधेयक को 28 नवम्बर 2007 को पारित किया था। विधेयक के पास होने के उपलक्ष्य में हर साल 28 नवम्बर को छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस के रूप में मनाया जाता है। समाज सेवी व कांग्रेस नेता आर. एस. शर्मा ने बाताया कि इस राजभाषा का प्रकाशन 11 जुलाई 2008 को राजपत्र में किया गया। इस आयोग का कार्य 14 अगस्त 2008 से चालू हुआ छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष प. श्यामलाल चतुर्वेदी थे। इस आयोग के प्रथम सचिव पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुब रहे। छत्तीसगढ़ी भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में बोली जाने वाली एक अत्यन्त ही मधुर व सरस भाषा है। यह हिन्दी के अत्यन्त निकट है और इसकी लिपि देवनागरी है। श्री शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ी का अपना समृद्ध साहित्य व व्याकरण है। छत्तीसगढ़ी 2 करोड़ लोगों की मातृभाषा है। यह पूर्वी हिन्दी की प्रमुख बोली है और छत्तीसगढ़ राज्य की प्रमुख भाषा है। राज्य की 82.56 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में तथा शहरी क्षेत्रों में केवल 17 प्रतिशत लोग रहते हैं। यह अलग बात निर्विवाद सत्य है कि छत्तीसगढ़ का अधिकतर जीवन छत्तीसगढ़ी के सहारे गतिमान है। यह अलग बात है कि गिने-चुने शहरों के कार्य.व्यापार राष्ट्रभाषा हिन्दी व अन्य भाषा में एवं आदिवासी क्षेत्रों में हलबी, भतरी, मुरिया, माडिया, पहाड़ी कोरवा, उराँव आदि बोलियो के सहारे ही संपर्क होता है। इस सबके बावजूद छत्तीसगढ़ी ही ऐसी भाषा है जो समूचे राज्य में बोली व समझी जाती है। एक दूसरे के दिल को छू लेने वाली यह छत्तीसगढ़ी एक तरह से छत्तीसगढ़ राज्य की संपर्क भाषा है। वस्तुत: छत्तीसगढ़ राज्य के नामकरण के पीछे उसकी भाषिक विशेषता भी है। छत्तीसगढ़ी भारत के छत्तीसगढ़ राज्य में बोली जाने वाली एक अत्यन्त ही मधुर व सरस भाषा है। यह हिन्दी के अत्यन्त निकट है और इसकी लिपि देवनागरी है। छत्तीसगढ़ी का अपना समृद्ध साहित्य व व्याकरण है। छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग में छत्तीसगढ़ या छत्तीसगढ़ी से संबंधित किसी भी भाषा की पुस्तकों का क्रय कर संग्रहीत करने की योजना है जो माई कोठी योजना के नाम से पूरे राज्य में लोकप्रिय है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 26 जनवरी 2020 को घोषणा की कि 2000-21 सत्र से प्राथमिक शाला में स्थानीय बोली भाषाओं में छत्तीसगढ़ी गोड़ी, हल्बी, भरतरी सरगुजिया, कोरबा, पांडो, कुड़ूस, कमारी आदि में पढ़ाई की व्यवस्था की जाएगी छत्तीसगढ़ी राज भाषा जो कि अत्यंत सरल मधुर तथा अपनत्व दिखाने वाली भाषा है जिसके बोलने से अपनत्व का बोध होता है।



# देश भर के बच्चों के बीच मनाया कविता पाठ में प्रथम



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। इस्पात नगरी भिलाई की नन्ही मेधावी बेटी सनाया शफी ने देश भर के बच्चों की एक प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर शहर का नाम रोशन किया है। सनाया ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कविता पाठ में पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कहानी सुनाने में उन्हें द्वितीय स्थान मिला है। सनाया की इस उपलब्धि से पूरा परिवार हर्षित है। सेक्टर.5 निवासी और एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत शफी उल्लाह एवं शासकीय कर्मचारी नेहा परवीन ने अपनी बेटी सनाया की उपलब्धि के बारे में बताया कि विज किड्स कार्निवाल पूरे भारत के सभी राज्यों के बच्चों के लिए ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता आयोजित करता है। प्रतियोगिता में रंग भरना, कहानी सुनाना, कहानी लेखन, कविता पाठ, विज्ञान और 30 से अधिक प्रारूप तय हैं। जिसमें बच्चे अपनी रूचि के अनुसार भाग लेते हैं। जिसमें उनकी बेटी सनाया ने हिस्सा लिया और कविता पाठ में पूरे भारत में अव्वल रही। वहीं कहानी सुनाने की प्रतियोगिता में सनाया को दूसरा स्थान मिला। सनाया शफी यहां डीपीएस भिलाई में केजी-2 की स्टूडेंट हैं। उनके दादा बीएसपी से सेवानिवृत खलीलुल्लाह और दादी छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग में कार्यरत नसीम सुल्तान ने बताया कि परिवार की इस नन्ही बेटी की उपलब्धि से सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

# आवास हेतु रैपिड एसेसमेंट सर्वे कार्य 15 से

**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। आवास हेतु रैपिड एसेसमेंट सर्वे कार्य 15 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक किया जा रहा है। नागरिको की सुविधा के लिए निगम के सभी पांच जोन कार्यालय में शिविर लगाया जा रहा है। जिसका समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। बीएलसी हितग्राही जिनके पास स्वयं का जमीन, भूखण्ड पटटा है, पैसे की कमी के कारण अपना पक्का मकान निर्माण नहीं कर पा रहे है उनके लिए यह योजना बहुत उपयोगी है। प्रथम फेस में कुल 5120 मकान का आबंटन स्वीकृत हुआ था। जिसमे से 4929 मकान पूर्ण हो गया है हितग्राही अपने मकान में निवास कर रहे है। वर्तमान में 191 मकान निर्माणाधीन है। प्रथम फेस में 15 अगस्त 2015 तक का लिया गया था। द्वितीय फेस 17 सितम्बर 2024 विश्वकर्मा पूजा के दिन प्रधानमंत्री द्वारा शुभांरभ किया गया। सर्वे के लिए आवश्यक दस्तावेज में लाभार्थियों को निर्धारित कट आफतिथि 31 अगस्त 2024 से पूर्व निगम भिलाई क्षेत्र में निवासरत होने का दस्तावेज, देश में कहीं भी स्वंय का मकान नहीं होना चालिए, इसके लिए निर्धारित प्रपत्र में शपथ पत्र प्रस्तुत करना है, परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम होना चाहिए, भूमि स्वामित्व दस्तावेज पट्टा, रजिस्ट्री, आबादी पटटा प्रमाण पत्र, दिव्यांग हो तो, वरिष्ठ नागरिक हो तो, शासन की अन्या योजना से लाभ संबंधी दस्तावेज, बीपीएल राशन कार्ड परिवार का। निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत पीएम आवास योजना 2 के सुचारू रूप से क्रियान्वयन के लिए किये जा रहे प्रयास किया गया है। वार्डो में मुनादी के माध्यम से व्यापक प्रचार.प्रसार कराया जा रहा है। सभी वार्डो में डोर.टू.डोर सर्वे कार्य के लिए आवेदन फार्म के साथ आवश्यक दस्तावेज लिया जा रहा है। निगम भिलाई क्षेत्र में पीएम आवास 2 के आवेदन व पाम्पलेट का वितरण किया जा रहा है।

## गंडई महाविद्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर



**गंडई पंडरिया,** 29 नवंबर। स्व. देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में 29 नवंबर को महाविद्यालय के आईक्यूएसी, यूथ रेडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय सेवा योजना रेड रिबन एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के संयुक्त तत्वधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं और भूतपूर्व छात्र-छात्राएं, प्राध्यापक एवं अभिभावक ने रक्तदान किया। शिविर में छप्पन यूनिट रक्तदान किये गए। इस दौरान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एन.एस.वर्मा, प्रो.टी. एल.वर्मा, रेडक्रास प्रभारी प्रो. जी. कौशिक, आईक्यूएसी समन्वयक प्रो. बी. आर. वर्मा रा.से.यो अधिकारी प्रो. पी. के. अमिला, चिकित्सा महाविद्यालय राजनांदगांव के चिकित्सक एवं महाविद्यालय के समस्त अतिथि व्याख्याताएं कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# राजेन्द्र ने हाईवे वैट स्पर्धा में जीता पदक

**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कलकत्ता में आयोजित आल इण्डिया कराते चैंपियनशिप प्रशिक्षक हरीशचंद्र भारती मैत्री विद्या निकेतन रिसाली के मार्दर्शन में राजेद्र गांडा ने हैवी वेट चैंपियनशिप में भाग लेकर द्वितीय पुरस्कार पर कब्ज़ा कर छत्तीसगढ़ का नाम गौरन्वित किया एवं वही सूरज निहाल का अच्छा प्रदर्शन रहा। इस प्रतियोगिता में हारिश्चन्द्र भारती रेफरी रहे। दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने खिलाड़ियों को जीत की बधाईया दी। इस अवसर पर शारदा गुप्ता, निशु पांडे, मदन सेन, पारस जंघेल, डॉ रमेश श्रीवास्तव, सुभाष साव, कन्हैया सोनी, रवि शंकर सिंह, बंटी नाहर, हरिशंकर चतुर्वेदी, विनोद उपाध्याय, अखिलेश वर्मा, जेपी घनघोरकर, संतोष जयसवाल, गुरनाम सिंह इंदरजीत सिंग, सीपी सिंह, हंसराज पटेल, श्रीनिवास मिश्रा, सुभाष शर्मा, प्रदीप पांडे, दिनेश लोहिया, रमेश देशमुख, नेहरू साहू, तुषार देवांगन, निर्मल भारती, छोटू पासवान, मृगेंद्र कुमार, अनिल सिंह, प्रमुख ने बधाई दी है।



# भिलाई मैत्री महाविद्यालय में शपथ ग्रहण



**भिलाईनगर,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। मैत्री महाविद्यालय में कक्षा प्रतिनिधि एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के विद्यार्थी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह किया गया। संस्था के डायरेक्टर एस. साजन ने पद प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को बेंज पहनाकर उन्हें उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराया। समारोह में 30 विद्यार्थियों को पद भार सौंपा गया। ये विद्यार्थी एम.एड.प्रथम वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि संतोषी और निर्मला, बी.एड. प्रथम वर्ष के प्रतिनिधि भूपेन्द्र देशमुख, तन्मय, रिचा शर्मा एवं शीला जांगडे, डी.एल.एड. प्रथम वर्ष के कक्षा प्रतिनिधि धरम और शिखा, वीर नारायण ग्रुप के आकाश खांडे और छमता, बिरसा मुंडा ग्रुप के रुद्रप्रताप सिंह ठाकुर, तृष्मा, हनुमान सिंह ग्रुप के गोस्वामी, विरजानंद पैकरा, दीक्षा साहू, डॉ. राधा बाई ग्रुप के नीतीश सोनबोइर और प्राची वर्मा, निधि सिरमौर और सूर्यकांत यादव, साहित्यिक प्रकोष्ठ के मधु मेधाश्री और मोहनीश, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के शिल्पी और चंद्रपाल धनकर, खेल प्रकोष्ठ के संदीप और शीतल, मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रकोष्ठ के निधि यादव और हुमेश्वरी, कला एवं शिल्प प्रकोष्ठ के काजल साहू, रुपाली साहू, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रतिनिधि के रुप में शुभि जैन और श्रीजन हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुरेखा विनोद पाटिल ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्था प्रमुख अध्यक्ष श्रीमती राजम सुधाकरन, डायरेक्टर्स, डॉ. सजिता धंबी, एस.,सजीव, एस.साजन, प्राचार्या डॉ.सुरेखा विनोद पाटिल, डॉ. डी. लक्ष्मी, डॉ.प्रभा कुरुप व प्राध्यापकों ने समस्त विद्यार्थियों को बधाईयां दीं।

## कलेक्टर ने आदेश जारी कर दो अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में गुलशन वर्मा पिता सोनाराम वर्मा थाना कसडोल अंतर्गत ग्राम खर्री एवं चिंताराम पटेल पिता तेरस राम पटेल थाना राजादेवरी अंतर्गत ग्राम चांदन शामिल है।

# प्रेस क्लब गंडई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी

**गंडई पंडरिया,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रेस क्लब गंडई द्वारा जिला स्तरीय पत्रकार संगोष्ठी का आयोजन गंडई के भड़भड़ी जंगल के दूरपता देवी मंदिर के पास पिकनिक स्पॉट में किया गया। जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर लगभग 1.00 बजे प्रेस क्लब के संरक्षक अनिल अग्रवाल, हरिशंकर साहू, अध्यक्ष विनोद नामदेव एवं जिले के वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर किया गया। ततपश्चात छत्तीसगढ़ की राज्य गीत अरपा पैरी की धार का गायन किया गया।

कार्यक्रम में खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के लगभग 40 से अधिक पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान जिला प्रेस क्लब-जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के अध्यक्ष सज्जाक खान, जिला प्रेस क्लब संरक्षक खिलेंद्र नामदेव, मोहम्मद यहया नियाजी, विनय जंघेल, गुलशन तिवारी, रवि रजक, अनुराग शांति तुर्रे, सुखनंदन चतुर्वेदी, विनोद नामदेव, अनिल अग्रवाल ने च्पत्रकारिता का गिरता स्तरज्ञ विषय पर अपने विचार रखे, आगे एक दूसरे को सहयोग करते हुए काम करने की बात कही। संगोष्ठी के पश्चात जिले भर के सभी पत्रकारों ने मंच में आकर अपना परिचय दिया। इसी दौरान पधारे हुए सभी पत्रकारों का प्रेस क्लब गंडई के संरक्षक अनिल अग्रवाल, हरीशंकर साहू, दिलीप ओगरे, अध्यक्ष विनोद नामदेव, सचिव रोहित देवांगन, महासचिव रत्नेश कुलदीप, उपाध्यक्ष सुखनंदन चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर साहू, सहसचिव संजय नामदेव, सदस्य अवधेश मिश्रा, दामोदर वैष्णव, ओंकार साहू




### पत्रकार परिचय सम्मेलन का किया आयोजन

के द्वारा पेन, डायरी और प्रशस्ति पत्र भेट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रेस क्लब गंडई के संरक्षक अनिल अग्रवाल और संरक्षक हरिशंकर साहू द्वारा जिले के वरिष्ट पत्रकार विनय जंघेल (बोरई) और सज्ज़ाक खान (अध्यक्ष जिला प्रेस क्लब-जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई) का शाल-श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, पेन डायरी देकर सम्मानित किया। जिले के सभी पत्रकारों को प्रशस्ति पत्र और डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात सभी पत्रकारों ने एक साथ भोजन ग्रहण किया। कार्यक्रम का सफल संचालन रत्नेश कुलदीप एवं सुखनंदन चतुर्वेदी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, वही कार्यक्रम का आभार सचिव रोहित देवांगन के द्वारा किया गया, पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब गंडई के अध्यक्ष विनोद नामदेव ने पत्रकारिता के स्तर को ऊंचा उठने के लिए 10 से अधिक बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए अपनी बात रखी। संगोष्टि कार्यक्रम में केसीजी जिले के गंडई क्षेत्र से यावर खान नियाजी, संगीत चौबे, चंद्रेश महिलांगे, विश्वराज ताम्रकर, रोहन साहू, गंगा राम पटेल, खैरागढ़ क्षेत्र से मोहम्मद यहिया नियाजी, प्रशांत सहारे, नीलेश कुमार यादव, प्रदीप बोरकर, सोमेश लहरे, आलोक श्रीवास, दिनेश साहू, खिलेंद्र नामदेव, जितेंद्र सिंह गौर, किशोर सोनी, रवि रजक, मंदीप सिंह, साकेत श्रीवास्तव, विमल कुमार बोरकर, सन्नी यदु, तुलेश सिन्हा, जितेंद्र यादव, अनुराग शांति तुर्रे, मनोहर सेन छुईखदान क्षेत्र से विनय जंघेल, शैलेन्द्र तिवारी, संजय शर्मा, सज्जाक खान, दीनदयाल यदु, दीपक देशमुख, बाजार अतरिया से सुरेश कुमार वर्मा, मीना पाल, उदयपुर से गुलशन तिवारी सहित जिले के अन्य क्षेत्रों से पत्रकार शामिल हुए।

# जिला शिक्षाधिकारी द्वारा धमधा के 45 संकुल प्राचार्यों एवं संकुल समन्वयकों की समीक्षा बैठक

**धमधा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। 29 नवंबर को बी.आर.सी.भवन धमधा मे जिला शिक्षाधिकारी दुर्ग के द्वारा धमधा विकासखंड के 45 संकुलो के संकुल समन्वयको एवं संकुल प्राचार्यो की समिक्षा बैठक ली गई और एक निश्चित कार्य योजनानुसार अपार आई. डी. , स्त्रस्त्र के उद्देश्यो, परख परीक्षा एवं अर्धवार्षिक परीक्षा मे बेहतर प्रदर्शन दुर्ग जिले का रहे इसके लिए अभिप्रेरित किया गया।



**आगामी परख परीक्षा के आयोजन पर चर्चा**

जिले के एपीसी विवेक शर्मा ने आगामी परख परीक्षा के आयोजन के लिए पूर्व तैयारी पर चर्चा की साथ ही स्त्रद्व एवं आबजर्वर के साथ सम्पर्क करके परीक्षा के सफल आयोजन के लिए प्रोत्साहित किया। डाईट से आये श्री संदीप दुबे जी एवं मैडम द्वारा इस परीक्षा के लिए पूर्व तैयारियों एवं विद्यालय के शिक्षको के सहयोग के सन्दर्भ में निर्देश दिए गये।

**बेसलाईन परीक्षा परिणाम एवं तिमाही परीक्षा परिणाम की समीक्षा**

जिला शिक्षाधिकारी के द्वारा बेसलाईन परीक्षा परिणाम मे सभी 45 संकुलो के स्कुलवार परीक्षा परिणाम की समिक्षा की गई और शीर्ष पर रहने वाले संकुलो और विद्यालयो की पीठ थपथपाई एवं और बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किया साथ हि इस परीक्षा मे बेहतर परीणाम न प्राप्त करने वाले विद्यालयों एवं संकुलो में उपचारात्मक शिक्षण के द्वारा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया।

हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्राचार्यो से एक एक कर तिमाही परीक्षा परिणाम की समिक्षा की गई और अपने अपने स्टाफ के साथ तालमेल बैठाते हुए उन्हे प्रेरित करते हुए और बेहतर परिणाम प्राप्त करने हेतु कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

आज की इस बैठक मे जिला शिक्षाधिकारी अरविंद मिश्रा, सांख्यिकी अधिकारी अमित घोष, ए.पी.सी. विवेक शर्मा, ए.बी.ई.ओ.श्रीमती संगीता देवांगन, बेनीराम वर्मा, बी.आर.सी. महावीर वर्मा जी, एवं 45 संकुल समन्वयक एवं संकुल प्राचार्य उपस्थित रहे।

# वेणु ने जीता गोल्ड व सिल्वर



**डोंगरगढ़,** 29 नवंबर। आंध्रप्रदेश के हैदराबाद में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ ब्लॉक के कोलेंद्रा निवासी कुमारी वेणु वर्मा ने गोल्ड व सिल्वर जीतकर सब को चौंका दिया, इससे पहले भी पंजाब के अमृतसर में आयोजित कराटे चैंपियनशिप में गोल्ड मैडल अपने नाम कर चुकी है। वेणु कराटे की होनहार खिलाड़ी है, वह बचपन से कराटे की बहुत प्रैक्टिस करती थी, आज भी अपने गांव में बच्चों को कराटे की प्रैक्टिस करवाती है ताकि बच्चे आत्मनिर्भर बन सकें। वेणु वर्मा डोंगरगढ़ ब्लॉक के कोलेंद्रा निवासी डोंगरगढ़ जनपद सदस्य एवं सभापति कांग्रेस नेत्री त्रिवेणी राजू वर्मा के सुपुत्री हैं. वेणु ने हैदराबाद में गोल्ड व सिल्वर मेडल जीतकर डोंगरगढ़ ब्लॉक के साथ-साथ छत्तीसगढ़ का नाम भी रोशन किया है। इस उपलब्धि पर डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, भुनेश्वर बघेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जिपं सदस्य पुष्पा वर्मा, नेतराम साहू, दिनेतु प्रकाश जांगड़े, दीपक वर्मा सहित परिवारजनों व शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# परपोड़ी के छात्रों ने अंतर महाविद्यालयीन एथेलेटिक्स में 6 मेडल जीते

**परपोड़ी,** 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित दुर्ग सेक्टर स्तरीय अंतर महाविद्यालयीन एथेलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 नवंबर को शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई में की गई ! यह प्रतियोगिता शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नाकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के तत्वाधान में आयोजित की गई थी ! इस प्रतियोगिता में प्रथम बार भाग ले रहे रानी अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी के छात्रों का दबदबा रहा ! इस



महाविद्यालय के छात्र किशन कुमार जंघेल 1500 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान में रहे, वही काजल वर्मा 1500 मीटर महिला वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया , दीपेश कुमार ने 400 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया ,वहीं 800 मीटर पुरुष वर्ग में देवलाल द्वितीय स्थान एवं किशन कुमार जंघेल तृतीय स्थान प्राप्त किया, ऊंची खुद महिला वर्ग में काजल वर्मा तृतीय स्थान में रही ! इसी के साथ बाकी साथी खिलाड़ियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ! टीम के साथ कोच एवं मैनेजर के रूप में अतिथि क्रीड़ा अधिकारी दुलामनी रौतिया एवम डा. राजेश्वरी देवागन सम्मिलित रहे ! बच्चों के उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्या श्रीमती डा. माया शौदपूरे ने शुभकामनाएं प्रेषित की एवं उज्जवल भविष्य की कामना की साथ ही साथ महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक गण श्री शालिग राम त्रिपाठी, धर्मेंद्र कन्नौजे , ईवराज जंघेल,ओमकार वर्मा , नाथूराम राम निषाद , जी एस मरावी , तुलेश्वर जंघेल, दिलेश्वर मरकाम , एवम् दक्ष फिटनेस अकैडमी के प्रशिक्षक श्रवण कुमार के साथ-साथ सभी अतिथि प्रध्यापकों ने हर्ष व्यक्त किये और जीवन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर होने का आशीर्वाद प्रदान किए !

# स्काई स्कूल के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण

### मैत्री बाग देखकर रोमांचित हुए छोटे बच्चे

**धमधा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। स्काई इंटरनेशनल स्कूल धमधा द्वारा विगत दिवस मैत्री बाग का शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के कक्षा नर्सरी से क्लास पहली तक के लगभग 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया, उल्लेखनीय है की स्कूल प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के बोद्धिक विकास हेतु भिलाई स्थित मैत्री बाग का भ्रमण किया गया तथा वहाँ के जीव जंतु, पशु, पक्षी, व विभिन्न जानवरों को करीब से देख कर जानकारी एकत्रित की गई , शिक्षको ने बताया की स्कूल के छोटे बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ इस टूर का आनंद लिया एवं हमारे देश के कई राष्ट्रीय एवं अंतर राष्ट्रीय पशुओ को पहली बार देख कर जानकारी एकत्रित की। आयोजन में चेयरमैन श्री संकेत जैन, संरक्षक श्रीमती सुनीता जैन एवं प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य सहित सम्पूर्ण स्टाफ का सहयोग रहा7 आगे प्राचार्या डॉ. माया भट्टाचार्य ने बताया की स्कूल कैंपस में 26/11 आतंकी हमले में शहीद हुए सनिको, वीर जवानों, व नागरिको, को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई व इस घटना क्रम से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।



# बीमा की राशि लेने के लिए भटक रहे किसान

**परपोड़ी,** 29 नवंबर। ग्राम पंचायत चेचानमेटा में सोयाबीन की फसल अतिवृष्टी के कारण खराब हो गया थी, जिसकी सूचना विभाग को दी गई थी, एवं किसानो के द्वारा ग्राम सहायक व पटवारी महोदय को भी अवगत कराया गया था, परंतु अवगत कराने के बाद विभाग के सुझाव के अनुसार किसानो द्वारा आनलाईन एवं बीमा कर्मचारी द्वारा बताये गये, उसी आधार पर किसानो ने ऑनलाइन कम्पलेन किया गया है। तथा 26. 09.2024 को आनलाईन किया गया था। जिसमें पासबुक, बी-1, पी-2, आधार कार्ड की छायाप्रति किसानों से बीमा कंपनी के कर्मचारियों द्वारा मांगया गया था। जिसके बाद किसानों के द्वारा पासबुक, बी-1, पी-2, आधार कार्ड की छायाप्रति कर्मचारियों को प्रदान किया गया था। उसके बाद 14.11.2024 को बीमा कंपनी द्वारा किसानों के मोबाईल पर अवैध सूचना करके भेजा गया है। सभी किसानों ने मांग किया की बीमा क्लेम की राशि को स्वीकृत कराने की कृपा करें। और किसानों के द्वारा यह भी कहा गया कि यदि बीमा कम्पलेन को स्वीकृति नहीं किया गया तो हम किसानों द्वारा बीमा कंपनी का घेराव किया जावेगा। जिसके लिए शासन जिम्मेदार रहेगा।

# भाजपा शासन विकास कार्य का नपां अध्यक्ष झूठा श्रेय लेने की कोशिश न करें : भाजपा

**दल्लीराजहरा/डौण्डी,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। डौडी लोहारा में स्वीकृत विभिन्न सामुदायिक भवनों की स्वीकृति भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर की मांग पर जनता की सुविधा के लिए उपमुख्यमंत्री एवं नगरी निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा दी गई है। लेकिन इसका श्रेय डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा लेने की कोशिश की जा रही है।जो की ओछी मानसिकता का उदाहरण है,दूसरे के कार्यों को खुद के द्वारा स्वीकृत बताना नगर पंचायत अध्यक्ष को शोभा नहीं देता नगर पंचायत अध्यक्ष को कांग्रेस के कार्यकाल में स्वीकृत कार्यों और उनके किए गए भ्रष्टाचार को बताना चाहिए और उसका श्रेय लेना चाहिए।वर्तमान में मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार में स्वीकृत सभी कार्य बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर के प्रयास से स्वीकृत हुए हैं जिसका पूरा श्रेय भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नगरी निकाय मंत्री अरुण साव को जाता है। कांग्रेस के नगर पंचायत अध्यक्ष का झूठा श्रेय लेने का प्रयास करने की कोशिश करना उनकी घटिया मानसिकता को प्रदर्शित करता है।उन्हें खुद के कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी जनता के पैसे का दुरुपयोग और पैसे की लूट जो हुआ है उसको जनता के सामने लाना चाहिए था। डौडी लोहारा की जनता को बेवकूफ समझना बंद करें यह कहना है महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कुसुम शर्मा का उन्होंने आगे कहा कि नगर में विद्युतीकरण के लिए 2 करोड़ 68 लाख रुपए की स्वीकृत होने के कगार पर है, जिसकी अनुशंसा मेरे प्रयास से उस समय के क्षेत्री सांसद मोहन मण्डावी ने की थी जिसके कारण नगर के विभिन्न वार्डों में विद्युतीकरण हेतु 2 करोड़ 68 लाख की स्वीकृत होने को है। जिसका श्रेय भी नगर अध्यक्ष द्वारा लेने की कोशिश की जा रही है जो की बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।डौडी लोहारा की जनता बहुत अच्छे से जानती है आपके कार्यकाल में विकास हुआ है या विनाश आज नगर में चारों ओर कूड़ा कचरा का ढेर लगा है नालियां बदबदा रही है। लोग छोटे-छोटे कार्यों हेतु नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं उनका काम नहीं हो रहा है,नगर पंचायत अध्यक्ष अपने चहते ठेकेदारों के साथ भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी में मगन है नगर विकास से आपको कोई लेना देना नहीं है आप के कार्यकाल के सारे काले कारनामे बहुत जल्द जनता के सामने लाए जाएंगे। भाजपा कार्य कर्ताओं ने नगर अध्यक्ष द्वारा विकास कार्यों की स्वीकृति का झूठा श्रेय लेने की निंदा की है।निंदा करने वालों में मंडल अध्यक्ष रूपेश सिंह महामंत्री दारा सिंह सुरेश देशमुख टेकराम पटेल जयलाल मालेकर इकबाल अरोरा रवि जैन जीवराखन मोहन निषाद वीर सिंह निषाद वीर सिंह ठाकुर हीरा ठाकुर हरिश्चंद्र श्रीवास चंद्रहास पटेल रूप राम ठाकुर देवदयाल जैन अभय साहू अनिल पटेल एवं समस्त सदस्य भाजपा मंडल डौडी लोहारा सदस्य शामिल रहे।



### नपां अध्यक्ष चहते ठेकेदारों के साथ भ्रष्टाचार कमिशन खोरी में मगन : कुसुम शर्मा

# समीक्षा बैठक में सीएमओ के कड़े तेवर

### अधिकारी-कर्मचारी संबध में शिकायत मिलने पर होगी सख्त कार्यवाई : वारडेकर

**दल्लीराजहरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर द्वारा नगर पालिका के सभागार कक्ष में सभी विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने सीधे-सीधे कड़े शब्दों में अधिकारी कर्मचारियों को कहा कि आम जनता एवं जनप्रतिनिधियों की बातों को सम्मान देते हुए समस्याओं को गंभीरता से सुने एवं उनके निराकरण करने का सकारात्मक पहल करें द्य सफाई के नोडल अधिकारियों रामगोपाल चंद्राकर को कार्य योजना बनाकर शहर के सभी वार्डो, चोक -चौराहा, बाजार, अन्य सार्वजनिक स्थान,सड़कों तथा नालियों की साफ सफाई के साथ दवाई छिड़काव करने एवं विद्युत विभाग को वार्डों की बस्तियां एवं सड़कों में विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दियेद्य राजस्व प्रभारी को राजस्व की कम वसूली पर नाराजगी जाहिर करते हुए वसूली की प्रतिशत बढ़ाने, जोन वाइस निर्धारित शुल्क के अनुसार भवन निर्माण के लिए विकास शुल्क लेने के भी निर्देश दिये। शासन के महत्वाकांक्षी योजना पीएम आवास योजना शहरी 2.0 का सभी वार्डों में सर्वेक्षण कार्य चल रहा है नियम अनुसार हितग्राही द्वारा आवेदन लेकर समन्वय बनाकर कार्य करें।अभियंता सलीम सिद्दीकी एवं उप अभियंता भानु प्रकाश घोष पालिका क्षेत्र अंतर्गत चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों की शतत देखरेख कर कार्यों को समय अवधि में करावे द्य राशन कार्ड,जन्म मृत्यु एवं पेंशन के प्रकरण लंबित न रखने, प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर योजना पीएम सुनिधि के तहत बैंकों में लंबित लोन प्रकरणों पर बैंकों से समन्वय स्थापित कर हितग्राहियों को लोन वितरण करवाने की कार्यवाही करने एवं आगामी नगर पालिका चुनाव को देखते हुए सभी मतदान केन्द्रो में पानी, बिजली, रैम इत्यादि की सुविधा उपलब्ध करने एवं कार्यालय में दिव्यांग, बुजुर्ग किसी भी समस्या के लिए कार्यालय आते हैं तो उनके समस्या का निदान करें।यदि इस संबंध में किसी प्रकार की शिकायत प्राप्त होगी, संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारियों पर कठोर कार्रवाई करूंगा कहा है। इस समीक्षा बैठक में वरिष्ठ अभियंता सलीम सिद्दीकी, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, स्वास्थ्य अधिकारी रामगोपाल चंद्राकर, सतीश चंद्राकर, बुद्धिमान सिंह, एलन चंद्राकर,घनश्याम शर्मा, राजेंद्र साहू,विपिन बेहरा, इन्द्र यादव, मनोज साहू, सुनील तारम, पंकज चंद्राकर, धरमु राम बक्शी, आनंद साहू, निर्भय राम नरेटी, सुशील टंडन, अब्दुल कलीम, दशरथ कौशिक, शिवकुमार शर्मा, देवनारायण देवांगन, कुंदन निषाद, अभिजीत भगत, रतन चौधरी,उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा एवं सफाई मित्र उपस्थित रहे।



# लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ की बैठक कल

**डोंगरगढ़,** 29 नवंबर। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में दिनांक 1 दिसंबर रविवार को बैठक रखी जा रही है छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ इकाई जिला राजनांदगांव प्रांतीय निर्देशानुसार संघ द्वारा 1 दिसंबर कलेक्टेट के सामने ओवर ब्रिज के नीचे जिला स्तरीय बैठक रखी गई है योगेश चौरे प्रांतीय महामंत्री ,हरिश्चंद्र यादव जिला अध्यक्ष , माधोदास जिला अध्यक्ष लोक निर्माण विभाग ने बताया कि बैठक में संघ की 6 सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया जाएगा क्योंकि 6 सूत्री मांगों में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का नियमितीकरण कार्यभारित कर्मचारियों को 240 दिन का अवकाश नगदी कारण एवं कार्यभारित कर्मचारियों का नियमित स्थापना में संविलियन समय मान वेतन पदोन्नति क्रमन्नति सेवा निवृत्ति आयु 62 वर्ष से 65 वर्ष किए जाने सहित अन्य मांगे शामिल है।

## निधन

### कृष्णावंती छाबड़ा

**रायपुर,** 29 नवंबर। स्व. सरदार सिंह छाबड़ा की धर्मपत्नी सरदारनी कृष्णावंती छाबड़ा का दुखद शुक्रवार 29 नवंबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मोक्ष धाम में किया गया । स्व. कृष्णावंती छाबड़ा प्रीतम सिंह छाबड़ा (महाराजा मशीनरी), हरचरण सिंह छाबड़ा (पंजाब मशीनरी) की माता एवं सतबीर सिंह छाबड़ा (बादशाह मशीनरी) परविंदर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा की दादी थी।



### कलिंद्री दुबे

**धमधा,** 29 नवंबर। ग्राम-गाड़ाघाट निवासी श्रीमती कलिंद्री दुबे का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार बानबरद मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती लता जोशी, (स्व.रमाकांत), शशिकांत, मनीलाल शर्मा की मां तथा अभिषेक, अनन्य, अथर्व, एवं आयुष शर्मा की दादी थी।



## प्रादेशिकी का शेष...

### शराब बिक्री करते ...

जिसनें पूछताछ में अपना नाम राजकपूर सारधी बताया जो बिक्री कर लाभ अर्जित करने के लिए अवैध रूप से शराब बेच रहा था आरोपी के कब्जे से 44 नग पौव्वा देशी प्लेन मदिरा एवं 16 नग पौव्वा देशी मशाला मदिरा, जुमला 60 नग पौव्वा जुमला 6270 रूपये मिला जिसे जप्त किया गया एवं आरोपी के विरूद्ध थाना पुलगांव में आबकारी एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### भारत का कल्याण मूल्य आधारित...

एक कारगर उपाय है। उन्होने कहा कि व्यक्तिगत विकास हेतु इस प्रकार का व्याख्यान छात्राओं के सर्वांगीण विकास में प्रभावपूर्व भूमिका अदा करते है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मंजुलता साव, सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग द्वारा किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कु. डिंपल साहू, सहायक प्राध्यापक जनभागीदारी द्वारा किया गया।

### कलेक्टर ने ली डीएलसीसी...

कराने कहा गया । किसान क्रेडिट कार्ड योजना के अन्तर्गत पशु पालन एवं मत्स्यपालन के हितग्राहियों को जरूरत मुताबिक ऋण स्वीकृत करने की बात कही । वार्षिक साख योजना 2023-24 की प्रगति और वार्षिक साख योजना 2024-25 के अनुमोदन एवं कृषि अवसरचना निधि पर चर्चा हुई 7 प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के त्वरित स्वकृति एवं वितरित पर चर्चा। बैंकों द्वारा समय पर आंकडे उपलब्ध कराने कहा गया।

# माईनर एक्ट के तहत 9 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**बेमेतरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है जिसके तहत दिनांक 28.11.2024 को थाना नवागढ 05 चालान में 05 व्यक्ति, थाना खम्हरिया 06 चालान में 06 व्यक्ति, थाना साजा 13 चालान में 13 व्यक्ति, थाना परपोडी 09 चालान में 09 व्यक्ति, थाना चंदनू 02 चालान में 02 व्यक्ति, पुलिस चौकी देवकर 19 चालान में 19 व्यक्ति, चौकी देवरबीजा 05 चालान में 05 व्यक्ति, चौकी कंडरका 05 चालान में 05 व्यक्ति, यातायात बेमेतरा 09 प्रकरण में 09 व्यक्ति के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें 48 चालान माननीय न्यायालय पेश किया गया तथा यातायात के नियमो का उल्लघंन करने वाले वाहन चालक के विरूद्ध 25 प्रकरण में कुल 9,400/- रूपये समन शुल्क लिया गया।



**बेमेतरा पुलिस की अपील**

बेमेतरा पुलिस आम नागरिको से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, पीकअप, मालवाहक वाहन में सवारी न बैठाये, संयमित गति से वाहन चलाये एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। शराब सेवन कर वाहन न चलाये, मोटर सायकल में मोडिफाइड साइलेंसर न लगाये, अपने नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, बिना नंबर के वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोंग न करें। बेमेतरा पुलिस आपकी सहायता के लिये है, वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस का सहयोग करें। नियमों का पालन नहीं करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में 28.11.2024 को माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए थाना बेमेतरा 01 प्रकरण में 01 व्यक्ति, थाना नांदघाट 01 प्रकरण में 02 व्यक्ति, पुलिस चौकी कंडरका 02 प्रकरण में 03 व्यक्ति, पुलिस चौकी खण्डसरा 01 प्रकरण में 03 व्यक्ति के खिलाफ धारा 170, 126, 135 (3) बीएनएसएस क तहत 05 प्रकरण में 09 व्यक्ति के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया। इसी क्रम में दिनांक 28.11.2024 को थाना बेमेतरा, नवागढ, नांदघाट, खम्हरिया, साजा एवं देवकर में आम जगह पर शराब सेवन करने एवं शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने का 08 प्रकरण में 08 आरोपी के विरूद्ध धारा 36(च) एवं 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावाही की गई हैं।

# विद्यार्थियों से ही हमारा अस्तित्व है : डॉ. उषा किरण

**धमधा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छात्रों के बिना शिक्षक शून्य है । छात्र-छात्राओं को उच्च शिखर तक ले जाना मेरा एक मात्र उद्देष्य है। छात्र अपनी आंतरिक षक्ति एवं ऊर्जा को पहचानें और उसका सदुपयोग अपने व्यक्तित्व विकास एवं सकारात्मक विचार के साथ देष और समाज के विकास हेतु आगे आये।उपरोक्त विचार शासकीय चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नव पदस्थ प्राचार्य डॉ.उशा किरण अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से खुली चर्चा में व्यक्त किया। डॉ. अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय के विकास में आगे आये। एक कदम आगे बढ़ाये उसके बदले में मैं महाविद्यालय में मैदान की सफाई, पार्किंग व्यवस्था करूंगी। महाविद्यालय के प्रतिभाषाली छात्र-छात्राओं के लिये प्रतियोगी परीक्षाओं जिसमें केन्द्रीय लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग , व्यापम परीक्षा एवं अन्य परीक्षाओं हेतु षीघ्र ही महाविद्यालय में कोचिंग की कक्षाऐ प्रारंभ की जायेगी। प्राचार्य डॉ. उशा किरण अग्रवाल ने आह्वान किया कि महाविद्यालय परिसर की सफाई के लिये आगे आयें तथा प्रत्येक छात्र-छात्राऐं चार-चार गमले गोद लेकर स्वयं देख रेख करें। उन्होनें छात्र-छात्राओं को आह्वान किया कि षीघ्र ही छात्र हित में ठोस कदम उठाये जायेगें।



# विधायक भावना बोहरा ने विभिन्न वार्ड में किया दौरा

- जनता की समस्याओं का निराकरण करने अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश
- क्षेत्र की कमियों को जानना और उन्हें दूर करने का संयुक्त प्रयास ही क्षेत्र को तरक्की एवं उन्नति की ओर ले जाता है: भावना बोहरा



**कवर्धा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। विधायक भावना बोहरा लगातार जनता के बीच पहुंचकर उनसे मुलाकात कर रही हैं वहीं विभिन्न वार्ड में जनसंपर्क के माध्यम से जनता से संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान भी कर रहीं हैं। इसके साथ ही वो भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी भी जनता तक सीधे पहुंचाते हुए आमजनों को उसका अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहीं हैं। शुक्रवार को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में सघन जनसंपर्क कर क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का निराकरण किया।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान करना हमारा कर्तव्य हैं, क्योंकि इसके लिए जनता ने हमें एक जनप्रतिनिधि के रूप में चुना है। ऐसे में उनसे संवाद करना और उनकी समस्याओं से अवगत होना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके लिए जनसंपर्क एवं जनसंवाद बहुत ही आवश्यक है। आज हमने पंडरिया नगर के वार्ड क्रमांक 13 एवं 14 में निवासरत जनता से मुलकात की है और उनसे प्राप्त सुझावों को अमल में लाने के साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। अगर हमें क्षेत्र का विकास करना है तो उसके लिए जनता के बीच जाकर वहां की समस्याओं से अवगत होना बहुत ही आवश्यक है। विकास कार्यों की गुणवत्ता, जनता की सुविधाओं का विस्तार, निर्माण कार्यों की गति जैसे बहुत से कार्य हैं जिनका निरिक्षण करने के साथ ही क्षेत्र की कमियों को जानना भी महत्वपूर्ण है और उन कमियों को दूर करने का संयुक्त प्रयास ही क्षेत्र को तरक्की एवं उन्नति की ओर ले जाता है।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को निर्धारित करके निरंतर कार्य कर रही है। यह लक्ष्य तभी संभव हो सकता है जब हम जनता की सुविधाओं का विस्तार करें, अधोसंरचनाओं का विकास करें एवं जनहित के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जमीनी स्तर तक क्रियान्वयन करें, जिसके लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। एक जनप्रतिनिधि का कार्य यही है कि वह अपने क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा उपलब्ध रहे, उनकी समस्याओं को सुनें, क्षेत्र की प्रगति के लिए उनके सुझावों पर अमल करें, इसलिए हम लगातार जनसंपर्क के माध्यम से जनता के समक्ष पहुंचकर हर संभव प्रयास कर रहें हैं जिससे जनता को सुविधा मिले, क्षेत्र की प्रगति हो और पंडरिया विधानसभा को समृद्ध बनाने के हमारे लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें।

आज छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से विकास कार्य तेजी से हो रहें हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जनता ने भाजपा पर जो विश्वास जताया उसके अनुरूप छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जनहित के लिए कार्य कर रही है। हमें विश्वास है कि 11 माह में हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जो कार्य किये हैं उससे जनता में एक नया आत्मविश्वास आया है और आगामी नगरी निकाय एवं पंचायत चुनाव में भी भाजपा के प्रति जनता के इस अटूट विश्वास व समर्थन से भारतीय जनता पार्टी बड़ी जीत हासिल करेगी और हमारे नगरी निकाय क्षेत्रों व ग्रामीण क्षेत्रों का भी डबल इंजन की रफ़्तार से विकास होगा, जनता को योजनाओं का अविराम लाभ मिलेगा।

भावना बोहरा ने कहा कि इससे जनता एवं जनप्रतिनिधि के बीच एक बेहतर सामंजस्य बनता है, जनता बेझिझक अपनी बातों को रख पाते हैं और हमें भी अपने कर्तव्यों को निभाने में सहयता मिलती है। ये संयुक्त प्रयास ही बेहतर परिणाम लेकर आते हैं, जिससे जनता अपने परिवार की भांति अपने हर सुख-दु:ख और समस्याओं को हमसे साझा करते हैं। क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान जनता का भी भरपूर स्नेह मुझे मिलता है, इससे मुझे भी प्रोत्साहन मिलता है कि जितना स्नेह वो मुझे दे रहें हैं उससे अधिक मैं उनकी सेवा कर सकूँ। उनके सुख-दु:ख की सहभागी बन सकूँ, उनकी सुविधाओं के लिए और समस्याओं के समाधान के लिए कार्य कर सकूँ, यही मेरी प्राथमिकता है। मेरा हमेशा यही प्रयास रहेगा की मैं पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता के बीच जा कर उनके समस्याओं का समाधान कर सकूँ।

# कुसमी में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली



**बेमेतरा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा का नगर पंचायत कुसमी में आगमन हुआ जहां उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक ली ज्ञात हो कि पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के कार्यकाल में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत किए जाने की घोषणा की थी जिसका अमल अब जाकर हुआ है नगर पंचायत कुसमी में पहली बार जनता नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव करने जा रही है साथ ही साथ वार्ड के पार्षदों का भी चुनाव किया जाएगा जिसको ध्यान में रखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तैयारी में लग जाने के लिए उत्साहित करने हेतु पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने एक बैठक ली जिसमें उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को आम जनता तक कांग्रेस की रीति नीति से परिचय कराने तथा प्रदेश की भाजपा सरकार के निष्क्रियता को आम जनता के समक्ष उजागर करने हेतु कहा पूर्व विधायक में प्रदेश में चल रही धान खरीदी की व्यवस्था में भारी अराजकता तथा किसानों के साथ हो रहे अन्य को भी आम जनता को समझने की अपील कांग्रेस कार्यकर्ताओं से की है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही कांग्रेस की असली ताकत है जो आम जनता के हित में सदैव जमीन की लड़ाई लड़ने को तत्पर रहते हैं इस बैठक में संतोष साहू सरपंच ग्राम पंचायत कुसमी रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेरला विजय पारख रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला भरत भूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला राजेश दुबे पूर्व अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बेरला अविनाश साहू रमाकांत साहू धनुष बारले मोनल सिन्हा जितेंद्र जोशी लोकनाथ यादव भागवत साहू राधेश्याम देवांगन असर बेग ऋषि साहू होम्लू साहू नेम सिंह चौहान कुंज लाल धीवर उमाशंकर साहू चंद्रशेखर दुबे सहित कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहे ।

# कन्हेरा में जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की नई शाखा का भव्य लोकार्पण

**थानखम्हरिया,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खण्डसरा के अंतर्गत ग्राम कन्हेरा में नवीन शाखा का लोकार्पण ग्राम बदनारा से वर्चुअल माध्यम द्वारा किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर ने ग्राम कन्हेरा और आसपास के ग्रामीणों, विशेषकर किसानों के लिए बैंकिंग सेवाओं को सहज और सुलभ बना दिया है।



इस शाखा के उद्घाटन से पहले, किसानों को अपने वित्तीय कार्यों के लिए 12 किलोमीटर दूर खण्डसरा शाखा जाना पड़ता था, जो उनके लिए एक बड़ी चुनौती थी। अब इस समस्या का समाधान हो गया है, और बैंक की नजदीकी सुविधा ने क्षेत्र के किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल बना दिया है।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल अध्यक्ष पुननी तोरण यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष लोकनाथ पटेल, महामंत्री पुरण कश्यप, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश राजपूत, युवराज साहू, बसंत साहू, गणपत प्रसाद दुबे, देवेंद्र सिन्हा, मोरजध्वज चंद्राकर, मोती चंद्राकर, राजकुमार चंद्राकर, राजेश गुप्ता, नरोत्तम चंद्राकर, लोक सिंह वर्मा, जगदीश सिन्हा, नारायण पटेल, कमलेश मिश्रा और गोविंदा आदि उपस्थिति में संपन्न हुआ

# श्यामपुर कांपा में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन

**थानखम्हरिया,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। भगवान श्री कृष्ण चंद्र जी की असीम कृपा एवं पूर्वजों के आशीर्वाद से स्व. चंद्र किशोर दास वैष्णव के वार्षिक श्राद्ध के अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन श्यामपुर कापा में आयोजित है। कथाव्यास आचार्य पंडित श्री संजय तिवारी के सानिध्य में निवास ग्राम श्यामपुर कापा में कथा प्रारंभ 27 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित है।




कथाव्यास पंडित संजय तिवारी द्वारा कथामृत तृतीय दिवस की कथा में आजामिल ब्राह्मण की कथा बताया गया।आपने बताया आजामिल बाल्यकाल मे सदाचारी और संतोषी ब्राह्मण था जो कन्नौज में रहता था वह धर्म परायण और सच्चा हृदय वाला व्यक्ति था लेकिन आजामिल एक बार जंगल से घर लौट रहा था तो रास्ते में उसने एक व्यक्ति को मदिरा पीकर एक वेश्या के साथ बिहार करते देखा वह उसे वेश्या का साथ पाने के लिए वह उसे पर अपनी संपत्ति लूटाने लगा और अपनी पतिव्रता पत्नी का त्याग कर दिया अजामिल अब पूरी तरह धर्म से विमुख हो चुका था एक बार साधु उसके गांव और उसके घर में रात्रि में विश्राम करने की इच्छा जताई अजामिल ने उनके विश्राम व भोजन की व्यवस्था बनाई सेवा सत्कार से संतों की कृपा से अजामिल के समस्त पापों का नाश हो गया और उसने अपने समस्त जीवन के पापों का प्रायश्चित कर लिया अपने अंतिम समय में उन्हे नारायण का नाम लेने से मोक्ष की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम में प्रथम दिन वेदी पूजन जल यात्रा, द्वितीय दिन शिव सती चरित्र चरित्र,तृतीय दिन अजामिल उपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, चतुर्थ दिन गजेंद्र मोक्ष समुद्र मंथन वामन अवतार श्री कृष्ण, अवतार, पंचम दिन बाल लीला रुक्मणी विवाह, छठा दिन विवाह प्रसंग भक्त सुदामा चरित्र, सप्तम दिन परीक्षित मोक्ष कथा गीता तुलसी वर्षा, अंतिम दिवस भोजनप्रसादी का कार्यक्रम निर्धारित है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिवकुमार वैष्णव ,रामकुमार वैष्णव, राजेंद्र कुमार पुजारी, अशोक, प्रकाश, आशुतोष, संजय वैष्णव, श्रीमती अरुणा देवी वैष्णो, श्रीमती किरण भास्कर वैष्णव, सतीश कुमार ,श्रीमती मनोरमा वैष्णव, विकास कुमार, श्रीमती सोनम वैष्णव कार्यक्रम के आयोजक हैं। वैष्णव परिवार ने क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासी को कार्यक्रम में पहुंचने की निवेदन किया है।

# डीएसपी कौशिल्या साहू ने ली रक्षित केन्द्र बेमेतरा में पुलिस जवानों का जनरल परेड



**बेमेतरा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। आज पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) श्रीमती कौशिल्या साहू के द्वारा रक्षित केन्द्र बेमेतरा परिसर पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित पुलिस अधि./कर्म. के जनरल परेड़ का निरीक्षण किया गया। उप पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ ही कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। तथा परेड निरीक्षण के दौरान पुलिस जवानो को प्रति-दिन अपने कार्य के अनुसार अपने दैनिक दिनचर्या से समय निकाल कर खेल, योगा, व्यायाम एवं अन्य एक्टिविटी करने को कहा।

जनरल परेड़ के दौरान उप पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) श्रीमती कौशिल्या के साथ ही साथ उप निरीक्षक डी.एल. सोना एवं सउनि जहिर खान, दीनानाथ सिन्हा, कंवल सिंह नेताम, सुरेश राजपूत, रक्षित केन्द्र, पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्टाफ एवं थाना/चौकी के अधिकारी/कर्मचारी परेड़ में सरिक हुये।

# ध्रुव चरित्र के माध्यम से भक्ति और दृढ़ संकल्प का बताया महत्व

**थानखम्हरिया,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के वार्ड क्रमांक 8, कुम्हारपारा में चल रहे भागवत कथा के तीसरे दिवस श्रद्धालुओं ने ध्रुव चरित्र के माध्यम से भक्ति और दृढ़ संकल्प का महत्व जाना। भागवताचार्य पंडित हलधर प्रसाद शर्मा ने कथा के दौरान ध्रुव के जीवन की प्रेरणादायक घटना का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे भक्ति और दृढ़ निश्चय के माध्यम से भगवान नारायण की कृपा प्राप्त की जा सकती है।



कथा के अनुसार, ध्रुव, राजा उत्तानपाद का पुत्र, अपनी सौतेली मां सुरुचि के ताने से आहत होकर भगवान नारायण की भक्ति में लीन हो गया। ध्रुव को अपनी मां सुनीति ने भगवान की शरण में जाने की प्रेरणा दी। भगवान नारायण की कृपा से ध्रुव ने ज्ञान और दिव्य दर्शन प्राप्त किए और उसका जीवन बदल गया। पंडित हलधर प्रसाद शर्मा ने कथा के दौरान भक्तों को बताया कि यदि मनुष्य दृढ़ संकल्प और भक्ति के साथ ईश्वर की आराधना करता है, तो उसे हर प्रकार के दुखों से मुक्ति मिल सकती है। यह कथा प्रतिदिन दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक आयोजित की जा रही है। सैकड़ों श्रद्धालु कथा का रसपान कर रहे हैं और भक्ति से ओतप्रोत वातावरण का अनुभव कर रहे हैं। आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# खैरागढ़ का नगर पालिका बना भ्रष्टाचार का गढ़, विधायक ने की सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**खैरागढ़,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद खैरागढ़ में भ्रष्टाचार के आरोपों ने एक बार फिर तूल पकड़ ली है। स्थानीय विधायक यशोदा वर्मा ने नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रमोद शुक्ला के खिलाफ भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव से कार्रवाई की मांग की है। विधायक वर्मा ने आरोप लगाया है कि सीएमओ शुक्ला शासन से प्राप्त होने वाली योजनाओं की राशि में फर्जी तरीके से टेन्डर कोटेशन तैयार कराकर लाखों रुपए का भुगतान कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सीएमओ ने स्वच्छ भारत मिशन की राशि में भी बट्टा लगाया है और बिना काम के लाखों रुपए का भुगतान किया है। विधायक के अनुसार, नगर पालिका के 19 सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति दयनीय है, लेकिन सीएमओ ने शौचालयों के नाम पर भी लाखों रुपए का भुगतान किया है। इसके अलावा, उन्होंने स्टेशनरी सामान खरीदने में भी फर्जी तरीके से निविदाएं जारी की हैं और बिना जीएसटी व टिन नंबर वाले फर्मों को भुगतान किया है। विधायक वर्मा ने कहा कि सीएमओ के कार्यों से शासन को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है और यह नगर पालिका अधिनियम के विपरीत है। उन्होंने मांग की है कि सीएमओ के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए और एक उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। विधायक के इस आरोप के बाद खैरागढ़ नगर पालिका में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने भी विधायक के आरोपों का समर्थन किया है और सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



## मुख्य आरोप

सीएमओ ने विभिन्न योजनाओं की राशि में फर्जी तरीके से टेन्डर कोटेशन तैयार कराकर लाखों रुपए का भुगतान किया। स्वच्छ भारत मिशन की राशि में बट्टा लगाया गया। बिना काम के लाखों रुपए का भुगतान किया गया। नगर पालिका के 19 सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति दयनीय है, लेकिन सीएमओ ने शौचालयों के नाम पर भी लाखों रुपए का भुगतान किया। स्टेशनरी सामान खरीदने में भी फर्जी तरीके से निविदाएं जारी की गईं। बिना जीएसटी व टिन नंबर वाली फर्मों को भुगतान किया गया।

## मांग

सीएमओ के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। एक उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। यह मामला अब नगरीय प्रशासन विभाग के समक्ष पहुंच गया है और देखना होगा कि विभाग इस मामले में क्या कार्रवाई करता है।

# नियमो का अवहेलना करने वाले तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के विरुद्ध की गई कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई

**खैरागढ़,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। एसपी त्रिलोक बंसल के दिशा निर्देशन में एवं एएसपी नितेश गौतम एसडीओपी लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में व थाना प्रभारी खैरागढ़ अनिल शर्मा के नेतृत्व में थाना खैरागढ़ पुलिस स्टाफ के द्वारा तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर चैकिंग अभियान चलाया गया नियमो का अवहेलना कर तम्बाकू उत्पाद बिक्री करने वाले 8 एवम सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान कर स्वयम एवम दूसरे के स्वास्थ पर हानि पहुचाने वाले 5 व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार चालानी कार्रवाई की गई तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं के द्वारा विक्रय करने बने अधिनियमों के प्रावधानों के उल्लंघन को रोकने एसपी श्री बंसल के द्वारा बृहद पैमाने पर जागरूकता अभियान एवम पर अवहेलना करने वालों पर दंडात्मक कार्यवाही की योजना बनाई गई है जिले में कोटपा एक्ट के प्रभावी अनुकरण के लिए जिले के सभी थाना प्रभारियों के माध्यम से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए गए है, जिस पर थाना प्रभारी खैरागढ़ के द्वारा त्वरित टीम का गठन कर, टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों के आसपास पान, किराने की दुकानों एवम सार्वजनिक स्थानों पर संचालित तंबाकू उत्पाद बिक्री केंद्र विक्रेताओं का चेकिंग कर कोटपा अधिनियम 2003 के प्रावधान 4 व 6 के उलंघन करते पाए जाने पर अधिनियम के प्रावधानों के पालन करने की समझाइश देते हुए 13 चालानी कार्रवाई की गई, थाना खैरागढ़ में कार्यवाही के दौरान सहायक उप निरीक्षक झगरूराम बांधे, सहायक उप निरीक्षक प्रकाश सोनी, प्रधान आरक्षक शिवलाल वर्मा, आरक्षक प्रीतम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे।



# बस संचालन में होने वाली परेशानी को लेकर संचालकों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**बेमेतरा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ की बैठक में बस संचालन में होने वाले परेशानी पर विचार विमर्श किया गया तदउपरांत मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

बैठक में प्रदेश भर के बस संचालक शामिल हुए जिसमें महासंघ के संरक्षक प्रमोद दुबे , संयोजक प्रकाश देशलहरा, प्रदेशाध्यक्ष अनवर अली शामिल हुए इस संबंध में जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ यातायात महासंघ के बेमेतरा जिला अध्यक्ष रामगोपाल साहु ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के बस संचालकों को बस संचालन के व्यवसाय में आ रही कठिनाईयों एवं अंधाधूध स्थायी परमिट स्वीकृत किये जाने के विरूद्ध शिकायत एवं बिन्दुवार ज्ञापन सौंपा गया जिसमें बताया गया कि बस संचालकों के लिये आये दिन नये नियम कानून बनाये जा रहे हैं।

क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार द्वारा अपनी स्वेच्छा, रूचि से बस संचालकों को चुन-चुनकर अपनी पसंद के बस संचालकों को स्थायी परमिट किसी भी पुराने बस संचालकों के आगे-पीछे एवं समान समय-चक्र, कासिंग समय-चक्र के साथ लगातार स्वीकृत किया जा रहा है जिससे मार्ग में दुघटनाएं लगातार हो रही हैं तथा बस संचालकों के मध्य अप्रिय स्थिति, शांतिभंग, हिंसा एवं अराजकता की स्थिति भी उत्पन्न हो चुकी है जिसका रोकथाम अत्यंत आवश्यक है। मोटरयान अधिनियम 1988 को धारा 72 की उपधारा 02 के खंड 05 के तहत् दो यात्री बसों के मध्य अंतराल का निर्धारण किया जाये एवं अनियमित अंतराल, कासिंग समय-चक्र, समान समयचक पर स्वीकृत दिनांक 01.01.2024 से 19.11.2024 तक स्वीकृत समस्त परमिटों को राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से रद्द किया जाये,

केन्द्र सरकार द्वारा व्हीकल लोकेशन टेकिन डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन को दिनांक 19.01.2020 के पश्चात् के पंजीकृत यात्री बसों पर लगाये जाने के संबंध में अधिसूचना जारी की गयी थी किन्तु छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा सारे नियम कायदे कानून को दरकिनार करते हुए दिनांक 19.01.2020 के पूर्व पंजीकृत यात्री बसों पर भी व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाया जाना थोप दिया गया है जबकि पुरानी बसों में व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन के अनुरूप आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं होते हैं।

देश के अन्य राज्यों में व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाये जाने का मूल्य नियमानुसार 6500/- रू है किन्तु छत्तीसगढ़ शासन परिवहन विभाग द्वारा प्रत्येक डिवाईस के लिये 13,500/रू लिया जा रहा है, वसूला जा रहा है जबकि समान कंपनी के डिवाईस अन्य राज्यों में 6500/- रूसे कम कीमत में भी उपलब्ध हैं। इस कारण बस संचालकों पर आर्थिक भार पड़ रहा है। इसलिये व्हीकल लोकेशन टेकिंग डिवाईस वीएलटीडी एवं पैनिक बटन लगाये जाने की अनिवार्यता को समाप्त किया जाये अथवा प्रति डिवाईस 3000/-रू में उपलब्ध कराये जाने बाबत् समस्त डीलरों को निर्देशित किया जाये।

छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्व से संचालित बसों में पूर्व में रेडियम पट्टी लगाया जाना अनिवार्य किया गया था,



शत प्रतिशत बसों में रेडियम पट्टी लगी हुई है अब नये आदेश के माध्यम से शासन द्वारा पुन: रेडियम प ?ट्टी लगाये जाने कहा जा रहा है। पूर्व में 1200/-रू में रेडियम पट्टी प्रत्येक फिटनेस के समय लगाया जाता था किन्तु अब 2500/-रू प्रति बस प्रति रेडियम पट्टी लगाये जाने के लिये बस संचालकों पर दबाव बनाया जा रहा है। इसलिये जिन बसों में पूर्व में लगी हुयी रेडियम पट्टी सही व सुरक्षित स्थिति में है उनमें पुन:- 2500/- रू वाला रेडियम पट्टी लगाये जाने हेतु दबाव न बनाये जाये तथा यदि नया रेडियम पट्टी लगाया जाना परिवहन विभाग को आवश्यक प्रतीत होता है तो पुरानी दर 1200/- रू प्रति बस के मूल्य से ही अनिवार्य किया जाये।,

**88/8 का दुरुपयोग पर लगाया जाए जुर्माना**

-छत्तीसगढ़ राज्य में स्टेज कैरिज अर्थात मंज़िली गाड़ी का अस्तित्व समाप्त हो चुका है जिसका प्रमुख कारण ऑल इंडिया परमिट के तहत् गांव-गांव, शहर-शहर, कस्बा-कस्बा संचालित ऑल इंडिया परमिट की बसें हैं साथ ही धारा 88 की उपधारा 08 के तहत सीमित अवधि का शादी-विवाह, धार्मिक कार्य का स्पेशल परगिट लेकर बस संचालकों द्वारा स्टेज कैरिज के रूप में संचालन किया जा रहा है जिससे न केवल पूर्व से संचालित स्टेज कैरिज वस आपरेटरों से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है बल्कि राज्य सरकार से करोड़ों रूपये के कर की चोरी भी हो रही है जबकि ऑल इंडिया एवं स्पेशल परमिट की तुलना में स्टेज कैरिज आपरेटर अधिक कर शासन को प्रतिमाह अदा करते हैं। इसलिये ऑल इंडिया परमिट की बसों को केवल जिला मुख्यालय से संचालन की अनुमति दी जाये 100 कि.मी. से कम का स्टापेज प्रतिबंधित किया जाये, ऑल इंडिया परमिटों की बसों में ओवरसीट का संचालन प्रतिबंधित किया जाये, धारा 88 की उपधारा 08 के विशेष परमिट को स्टेज कैरिज के रूप में संचालन करते पाये जाने पर 10,000/- रू प्रति सीट प्रतिमाह के आधार पर आर्थिक दंड अधिरोपित किया जाये या ऐसी बसों के राजसात का कानून पुन: बनाया जाये।

इसके अलावा छत्तीसगढ़ राज्य के भीतर किसी भिन्न आरटीओ कार्यालय से एनओसी लेकर किसी अन्य जिले में एराईवल कराने पर पुराना नंबर दूसरे जिले का होने के कारण संबंधित जिले के टोल टेक्स बेरियर द्वारा उन्हें अपने जिले का न मानकर टोल वसूली की जा

आरटीओ कार्यालय से दूसरे जिले के आरटीओ कार्यालय में एराईल करते समय उसी जिले का पंजीयन कमांक प्रदान किया जाये जहां पर यात्री बसों का एराईवल हो रहा है।

इसलिये संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के बस स्टैंडों में केवल पेपरलेंस ऑनलाईन टिकिट काटने की अनुमति ही बुकिंग एजेंटों को दी जाये, बुकिंग एजेंटों के लिये मैनुअल टिकिट काटने की प्रथा समाप्त की जाये

सिटी बस का संचालन जिले वार अंतर्गत सिटी बसे जिले की अंतर्गत नगर निगम की सीमा के अंदर हो न कि एक जिले में दूसरे जिले तय किया जाये चूकिं स्टेज कैटियर बसों का संचालन किया जा रहा है उन बसों के रूट परमिट समय के साथ सिटी बसें का टकराव ना किया जाना चाहिये, सभी गाड़ियों का अस्थायी आनलॉईन परमिट बनाना चाहिए।स्पेयर परमिट जिसके पास एक दो तीन परमिट भी हो उनको भी प्राप्त होना चाहिये। शहरी मार्ग में कम से कम 10 मिनट के अंतराल व ग्रामीण क्षेत्र में 25 से 30 मिनट के अंतराल में ही परमिट जारी होना चाहिये

**व्हील वेज को पूर्ण समाप्त किया जाए** - व्हील वेज का जो कानून अभी वर्तमान में है उसे पूरी तरह से समाप्त करके एक नया कानून बनना चाहिए उसमें यह नियम प्रस्तावित होना चाहिए कि किसी की भी गाड़ी 60:, से ज्यादा ओवर हैंग नहीं होगी और होगी तो कहीं भी रजिस्टर्ड छत्तीसगढ़ के आरटीओ ऑफिस में नहीं होगी उसी के हिसाब से सीटिंग कैपेसिटी उसकी कारपेट एरिया के हिसाब से डिसाइड होगा यह नियम प्रकाशन दिनांक से एक माह के बाद से गाड़ियों पर लागू होगा ऐसा नियम बनाना चाहिए पुराने नियम को पूरा समाप्त करके क्योंकि पुरानी गाड़ियों में आज भी उतनी सीट नहीं लग पा रही है जितना बिल्वेश के आधार से सीटिंग कैपेसिटी बनाया गया है ज्ञापन में बताया गया है कि सेक्टर 27 में बाबू लोग बैठते हैं जो आवेदन लेते हैं और अधिकारी से हस्ताक्षर लेने के लिए इंद्रावती भवन अधिकारी के पास जाते हैं यह बहुत ही तकलीफ दायक कार्य है या तो अधिकारी सेक्टर 27 में बैठे या कर्मचारी इंद्रावती भवन में बैठे यह सबसे बड़ी समस्या हो गई है इसको भी सुधार किया जाए और अंत में

लोकसभा विधानसभा निर्वाचन में जो गाड़ियां चली है 23 और 24 में उसका पेमेंट तत्काल होना चाहिए की मांग किया गया है ।

# आयुर्वेद केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है : डॉ. रमन सिंह

- विधानसभा अध्यक्ष मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में हुए शामिल
- शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन का किया भूमि पूजन
- हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का किया लोकार्पण




**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज शहर के मोतीपुर में आयोजित जिला स्तरीय निश्शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं गुरू घासीदास भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने 75 लाख रूपए की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन एवं 10 लाख रूपए की लागत से गुरू घासीदास भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। इसके साथ ही 37.17 लाख रूपए की लागत से बने हमर अस्पताल शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मोतीपुर के उन्नयन कार्य का लोकार्पण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज पूरी दुनिया में येलोपैथी से हटकर आयुर्वेद और योगा की बड़ी मान्यता है। पहले बड़ी संख्या में लोग ईलाज के लिए केरल, बैंगलोर और हैदराबाद में पंचकर्म कराने के लिए जाते थे। आज पंचकर्म की सर्वसुविधा यहां उसी पद्धति से चिकित्सकों द्वारा दी जा रही है। पंचकर्म के माध्यम से सभी प्रकार की बीमारियों का ईलाज किया जाता है। आयुर्वेद में केवल ईलाज प्रक्रिया नहीं है, बल्कि स्वस्थ व्यक्ति बीमार नहीं पड़े, इसकी व्यवस्था है। इसमें सभी प्रकार की दिनचर्या या ऋतुचर्या, योग, प्राणायाम भी शामिल है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं आयुर्वेद के चिकित्सक है और जीवन की शुरूआत इसी से की। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने कार्यकाल में आयुष विभाग का गठन किया और आज छोटे-छोटे स्थानों में इस प्रकार के शिविर लग रहे हैं। आयुर्वेद के तहत शत-प्रतिशत गारंटी के साथ बिना किसी रियेक्शन एवं एलर्जी के यहां पर ईलाज की व्यवस्था होती है। उन्होंने कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा एक साथ योग नृत्य प्रदर्शन पर उन्हें बधाई दी। इसके साथ ही सार्वजनिक रूप से प्रतिदिन प्रातः योगाभ्यास कराने वालों को भी बधाई दी। विधानसभा अध्यक्ष श्री रमन सिंह ने कहा कि 25 लाख रूपए की लागत से मोतीपुर रेल्वे क्रांसिंग से लेकर मुक्तिधाम तक डामरीकरण, वार्ड नंबर 3 में मंगल भवन के लिए 25 लाख रूपए, बड़े तालाब के किनारे नाली निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, सड़क किनारे पेवर ब्लॉक के लिए 11 लाख 50 हजार रूपए, फुलवारी पारा में नाली निर्माण के लिए 5 लाख रूपए, वार्ड नंबर 8 की गलियों में सीसीरोड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, मुक्तिधान में नाली निर्माण के लिए 38 लाख रूपए, मुक्तिधाम में बाउंड्री निर्माण के लिए 18 लाख रूपए और वार्ड नंबर 3 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है।

पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कहा कि आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन लोगों में विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। शहरी स्वास्थ्य योजना जब लागू हुई तब यहां स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित हुआ था। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केन्द्र के निरंतर विकास के लिए प्रयास किया जा रहा है और आने वाले समय में विस्तृत रूप लेगा। उन्होंने कहा कि शासन का प्रयास आम जन को स्वस्थ रखना है और इसके लिए केन्द्र एवं राज्य सरकार दोनों ही संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष को एक अलग मंत्रालय के रूप में बनाया गया और इससे लोगों में स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी आ रही है। राज्य सरकार के प्रयास से आम जन को स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास की प्रक्रिया प्रारंभ हुई है, इससे शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्य जारी है। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 7 लाख रूपए की मांग भी रखी। इससे पहले जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शिल्पा मिश्रा ने अतिथियों का स्वागत करने के साथ विभागीय प्रतिवेदन का वाचन भी किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने योग नृत्य का प्रदर्शन भी किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सचिन बघेल, खुबचंद पारख, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, कोमल सिंह राजपूत, पार्षद शिव वर्मा, किशुन यदु, कमलेश बंधे, श्रीमती रंजू मदन यादव, सुश्री मणिभास्कर गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र शिविर में उपस्थित रहे पूर्व सांसद मधुसूदन

**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। संस्कारधानी के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र बनाने हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रातः 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक सामुदायिक भवन, लेबर कॉलोनी, तुलसीपुर, राजनांदगांव में आयोजित किया गया। यह शिविर संयुक्त रूप से सचिव ई.पी.एस. 95 पेंशनर राष्ट्रीय संघर्ष समिति, जिला ईकाई राजनांदगांव एवं ई.पी.एफ.ओ. रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। आयोजन में पूर्व सांसद राजनांदगॉव मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेश ठाकुर सहायक आयुक्त (भविष्य निधि) रायपुर ने की, जबकि विशेष अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ई.पी.एस.95 पेंशनर्स संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमाण्डर अशोक राउत एवं ई.पी.एस.95 पेंशनर्स राजनांदगॉव के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार वर्मा सहित एजाजुर रहमान ई.पी.एस.95 समन्वयक (ईस्ट इंडिया) मंच पर उपस्थित रहे। आयोजन समिति के गणमान्य सदस्यो में नजीर अहमद, बी.एम.विश्वकर्मा, देवेन्द्र कुमार रामटेके, मोहम्मद फारूख, अजय शुक्ला एवं साथियों ने पेशनर्स शिविर के आयोजन में सक्रीय रूप से सहभागिता प्रदान की। आयोजन में सर्वप्रथम अतिथिगण का स्वागत किया गया और अधिकारी सुरेश ठाकुर को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसदन के हाथों सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने आयोजन समिति द्वारा जनहित में आयोजित इस शिविर की प्रशंसा करते हुए ई.पी.एस.95 पेंशनर्स के लंबे संघर्ष को प्रेरणादायक बताया और पेंशनर्स को हरसंभव सहयोग देने के लिये अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की। उन्होंने ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को न्यूनतम प्रतिमाह 7500/- पेंशन की मांग का भी समर्थन किया। अधिकारी सुरेश ठाकुर ने मुख्यतः पेंशनर्स को केन्द्र शासन के द्वारा डी.ए. की दर में वृद्धि किये जाने पर इसका लाभ ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को भी दिये जाने की मांग रखी। एजाजुर रहमान ने सभा कों संबोधित करते हुए कहा कि उनकी टीम विगत 11 वर्षो से हर साल नवम्बर के अंतिम सप्ताह में इस पेंशनर्स जीवित प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन कर जिले के ई.पी.एस.95 पेंशनर्स को राहत पहुँचाने का कार्य कर रहे है। आयोजन के पश्चात् पूर्व सांसद मधुसूदन ने शिविर में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों एवं वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं का भी समाधान किया।



- ई.पी.एस.95 पेंशनर्स की मांगो का पूर्व सांसद मधुसूदन ने किया समर्थन

# नई खुलने वाली शराब दुकानों का हिन्दू युवा मंच ने किया विरोध

**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। हिन्दू युवा मंच ने सामाजिक सौहाद्र के प्रतीक आंबेडकर चौक और श्रद्धालुओं के आस्था के केंद्र मां पाताल भैरवी (बर्फानी आश्रम) दोनों ही के निकट प्रस्तावित शराब भट्ठी खोले जाने का विरोध ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर संजय अग्रवाल से आज किया है।

उक्तशय की जानकारी देते हुए हिन्दू युवा मंच के जिलाध्यक्ष किशोर माहेश्वरी और शहर अध्यक्ष सुरेश लोहमार ने संयुक्त रूप से बताया कि, शासन द्वारा स्थानीय आंबेडकर चौक और बर्फानी आश्रम के समीप शराब दुकान खोले जाने की जानकारी मिली है। शासन का उक्त फैसला निंदनीय है और अनुचित है। इनमें से आंबेडकर चौक आंबेडकर अनुयायियों के सामाजिक सौहाद्र का प्रतीक है तो वहीं बर्फानी आश्रम आस्था का केंद्र बिंदू है। ऐसे में दोनों ही स्थल शहर के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक हैं। इतना ही नहीं दोनों ही स्थलों के आसपास के क्षेत्र रिहायशी और शांत क्षेत्रों में गिने जाते हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र आने वाले दिनों में एक न्यू टाउन के रूप में विकसित होने लगा है, जिसे देखते हुए कई ब्रांडेड और बड़ी कंपनियां भी यहां पर अपने शो रूम्स खोल रही है। एक ओर जहां हम एक नये और विकसित शहर की कल्पना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर शासन यहां पर शराब परोसना चाहती है। हमारे विरोध उठने से पहले शासन को स्वयं यह बात गंभीरता से सोचनी चाहिए थी। यदि ऐसे शांत और संभ्रांत क्षेत्र पर शराब दुकाने खोली जाती है, तो उक्त दोनों ही स्थल प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे। स्वाभाविक है कि, शराबियों के जमावड़े और उनके यहां-वहां बैठकर पीने से जो असुविधा क्षेत्रवासियों को होगी, उसका शासन के पास कोई समाधान भी है। खेल के मैदान अघोषित रूप से शराबियों के मयखाने में बदल जायेंगे और शैक्षणिक संस्थान अहाते बन जाएंगे। शराब दुकान खुल जाने से महिलाओं और बच्चों का वहां से गुजरना दुष्वार हो जायेगा। महिलाएं छेड़खानी का शिकार होती रहेंगी तो वहीं अबोध बच्चों पर उसका बहुत बुरा असर पड़ेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। आसपास शैक्षणिक संस्थान और खेल के मैदान भी हैं। वो भी प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकेंगे।




# झुग्गी बस्ती में अवैध रूप से निवासरत परिवारों को स्वयं के आवास का सपना साकार करने निगम की टीम ने दी समझाईस

**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। देश के आवासहीन व बेघर सभी जरूरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने एवं उनके जनजीवन को संवारने के लिए शासन द्वारा प्रधानमंत्री योजना का क्रियान्वयन विगत 9 वर्षों से किया जा रहा है। आवासहीनों के लिये एकमात्र योजना जिसके माध्यम से परिवार अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को शासन के सहयोग से पूरा करता है। उद्देश्य की पूर्ति के लिये नगर निगम का प्रधानमंत्री आवास कार्यालय योजना का लाभ निगम सीमा क्षेत्र के पात्र हितग्राहियों को दिलाने कटिबद्ध है। जिसके तहत अस्थाई रूप से चिन्हांकित झुग्गी बस्तियों में निवासरत परिवारों को मोर मकान मोर चिन्हारी (एएचपी) योजना में व्यवस्थापन के तहत आवास उपलब्ध कराने तथा योजना का एक अन्य घटक मोर जमीन मोर मकान (बीएलसी) जिसके तहत स्वयं की जमीन पर पक्का आवास निर्माण करने हेतु शासन की ओर से स्तरबद्ध निर्माण अनुसार राशि हितग्राहियों के बैक खाते में सीधे राशि जमा करायी जाती है, ताकि उन्हें स्वयं का पक्का आवास मिल सके।

योजना के मोर मकान मोर चिन्हारी के तहत डबरी पारा, मोती तालाब, बजरंग नगर, शंकरपुर तालाब, इंदिरा सरोवर, पुराना गंज चौक, रेल्वे ओव्हर ब्रिज के नीचे आदि स्थानों पर अवैध रूप से अस्थाई तौर पर निवासरत 381 परिवारों को लखोली, मोहारा, रेवाडीह में निर्मित सर्वसुविधा युक्त बहुमंजिला आवासों में मात्र 75 हजार के आसान किस्तों में आवास की सुविधा प्रदान की गयी। इसी कडी में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर आज वार्ड क्रमांक 39 गौरव पथ स्थित शासकीय नसिंग हास्टल के पीछे जोगी नगर में निवासरत परिवार जो नाले के किनारे सिंचाई की जमीन पर बसे है, नाले के किनारे बस्ती होने के कारण इन्हें स्थाई पट्टे शासन से प्राप्त नहीं होने से यह अस्थाई तौर पर 50 से 60 परिवार आवास निर्माण कर झुग्गी बस्ती के रूप में पिछले 30 से 40 वर्षो से यहां निवास कर रहे हैं। इन्हीं कच्चे झोपड़ी नुमा छोटे असुविधाजनक घरो में निवासरत परिवारों से आज प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर चिन्हारी एचपी के तहत व्यवस्थापन अंतर्गत इनको सुंदर स्वच्छ वातावरण में सर्व सुविधा युक्त अच्छे आवास प्रदान करने के लिए आवास योजना के नोडल अधिकारी व कार्यपालन अभियंता श्री ईमरान खान के नेतृत्व में आवास योजना की टीम इन परिवारों के बीच में जाकर योजना के संबंध में उन्हें जानकारी दी गई एवं अच्छे घर में अच्छे वातावरण में स्वंय के आवास का सपना सकार करने समझाईस दी गयी।

निवासरत परिवारों को टीम द्वारा बताया गया कि नाले के किनारे अवैध रूप से निवास करने पर पट्टा नहीं दिया जायेगा और किसी न किसी दिन यहा से खाली करा दिया जायेगा। उसके पूर्व आप निगम द्वारा निर्मित सर्वसुविधायुक्त बहुमंजिला आवासों में रहकर कच्चे सुविधाहीन अस्थाई आवास को छोड अपने स्वयं के आवास का सपना सकार करे। टीम ने समझाईस दी कि शहर के विभिन्न स्थानो में इसी प्रकार निवास करने वाले परिवार निगम द्वारा निर्मित आवासों में जाकर सर्वसुविधायुक्त आवास में निवासरत है। आप सभी शासन की आवास योजना का लाभ लेकर स्वयं के आवास में निवास करे। आवास योजना की टीम के सहायक दल प्रभारी श्रीमती गरिमा वर्मा वार्ड की प्रभारी अभियंता सुश्री आयुषी सिंह, प्रधानमंत्री आवास योजना के सिविल एक्सपर्ट अंकुर मिश्रा सोशल एक्सपर्ट ललित मानकर सहित निगम का अमला उपस्थित था।



# डॉ. रमन साबरमती फिल्म देख भावुक हुये




**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। देश में इन दिनों तहलका मचा रही च्च्द साबरमती रिपोर्ट च्च् दर्शकों को अपनी ओर खासे खींच रही है। आज दोपहर 03 बजे क्षेत्रीय विधायक व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह नागरिकों व कार्यकर्ताओं के साथ गंज मंडी स्थित सिल्वर स्क्रीन पर यह फिल्म देखी। वे फिल्म में दिखाये जीवंत दृश्यों को लेकर अत्यंत भावुक हुये, राम मंदिर आंदोलन को लेकर किये गए संघर्ष को याद किया और कहा कि फिल्म सच का दर्पण है। इस दौरान उनके साथ प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, दिनेश गॉधी, संतोष अग्रवाल, पूर्व सांसद प्रदीप गॉधी, कोमल सिंह राजपूत , लीलाधर साहू, गिन्नी चावला, मधु बैद, भावेश बैद, सुमीत भाटिया, मूलचंद भंसाली सहित बड़ी संख्या में नागरिक व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# कोटपा अधिनियम के तहत की गई 107 लोगो पर कार्यवाही

**राजनांदगांव,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के निर्देशन पर जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को अपने-अपने एरिया के अंदर आने वाले शैक्षणिक संस्थान (सरकारी एवं निजी) की आउटर बाउंड्री वॉल के 100 मीटर के अंदर किसी भी तरह के तंबाकू और नशे के समान बेचने वाले दुकानो व ठेले पर वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया था। जिस पर दिनांक 28-29/11/2024, विगत दो दिनों में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 10 प्रकरण, थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा 05 प्रकरण, थाना लालबाग पुलिस द्वारा 07 प्रकरण, थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा 34 प्रकरण, थाना छुरिया पुलिस द्वारा 04 प्रकरण, थाना घुमका पुलिस द्वारा 10 प्रकरण, थाना गैंदाटोला पुलिस द्वारा 20 प्रकरण एवं ओपी चिचोला पुलिस द्वारा 5 प्रकरण, तुमडीबोड़ पुलिस द्वारा 07 प्रकरण, सुरगी पुलिस द्वारा 5 प्रकरण कुल 107 प्रकरणों में कोटपा अधिनियम के तहत चलानी कार्यवाही कर इस्तागासा तैयार कर मानन्यीय न्यायल पेश किया जावेगा। दुकानदार व ठेले वालों को ऐसी आपत्तिजनक सामग्री नहीं बचने की चेतावनी भरी हिदायत भी दी गई। यह अभियान आगे भी जारी रहेगी।



- स्कूल के 100 मीटर के दायरे में तंबाकू उत्पाद बिक्री करने वाले दुकानदार व ठेलें वालों के विरुद्ध की गई चालानी कार्यवाही

# सिविल अस्पताल में घूसखोरी का आरोप

**खैरागढ़,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय खैरागढ के सिविल अस्पताल में पदस्थ लेखापाल कमलेश त्रिपाठी पर कर्मचारियों से रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगे हैं। कर्मचारी संघ का आरोप है कि त्रिपाठी हर कार्य के लिए कर्मचारियों से मोटी रकम की मांग करते हैं।

## वार्ड आया से 10 हजार रुपए की मांग

कर्मचारी संघ के अनुसार, वार्ड आया रोहणी चन्द्रवंशी से मेडिकल बिल पास कराने के लिए 10 हजार रुपए की मांग की गई थी। रोहणी ने 5 हजार रुपए दे भी दिए थे। इस मामले में कर्मचारी संघ ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को शिकायत की थी। सीएमएचओ ने जांच कमेटी का गठन किया था और कर्मचारियों के बयान भी लिए थे।

## कार्रवाई न होने से कर्मचारी आक्रोशित

कर्मचारी संघ का आरोप है कि जांच के बाद भी सीएमएचओ ने कोई कार्रवाई नहीं की है। संघ ने इस संबंध में कलेक्टर को भी पत्र लिखकर लेखापाल को हटाने की मांग की है।

## कर्मचारियों में रोष

- लेखापाल पर कार्रवाई की मांग

इस मामले को लेकर कर्मचारियों में काफी रोष है। उनका कहना है कि लेखापाल की वजह से अस्पताल में काम करने का माहौल खराब हो गया है।

*इस संबंध में लेखपाल कमलेश त्रिपाठी ने बताया कि हंसाराम वर्मा के द्वारा अन्य कर्मचारी का सहारा लेकर मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा जो गलत है मैने किसी से कोई देन की बात नहीं की है।*

***कमलेश त्रिपाठी लेखापाल***

*इस मामले की पूरी जानकारी जांच कमेटी के द्वारा लगभग तैयार कर लिया गया है। जिलाधीश को सौंपने की तैयारी है।*

***आशीष शर्मा सीएमएचओ खैरागढ़***

# ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक, बाल विवाह के खिलाफ छेड़ी जागरूकता की मुहिम

**कवर्धा,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कबीरधाम जिले में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के उन्मूलन के लिए प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयास से जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई है। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव के निर्देश पर जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा के नेतृत्व में यह अभियान संचालित हो रहा है। जिले के हर ग्राम पंचायत, स्कूल, कॉलेज और सार्वजनिक स्थलों पर बाल विवाह रोकथाम के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन सभाओं में उपस्थित ग्रामीणों, समाज प्रमुखों, पंचायत प्रतिनिधियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के दुष्परिणामों को समझा और इसे समाप्त करने का सामूहिक संकल्प लिया।

महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी दी कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम आयु के बालक का विवाह कानूनन अपराध है। इस कानून के उल्लंघन पर 2 साल की सजा और 1 लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान है

## बाल विवाह के दुष्प्रभावों पर जागरूकत

महिला एवं बाल विकास विभाग की मिशन वात्सल्य टीम ने जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए बताया कि बाल विवाह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बाधित करता है। यह बच्चों के शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

बाल विवाह रोकने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1098 को सक्रिय किया गया है। कोई भी नागरिक इस कुप्रथा की जानकारी देकर इसे रोकने में प्रशासन का सहयोग कर सकता है।

## सामाजिक जागरूकता का विस्तार

जिला प्रशासन ने बाल विवाह रोकथाम के लिए समाज के हर वर्ग से सहयोग मांगा है। इसमें पंचायत प्रतिनिधियों, स्कूल-कॉलेज के शिक्षक, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और स्वयंसेवी संगठनों को भी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## बाल विवाह मुक्त भारत का सपना

कबीरधाम जिले में बाल विवाह के खिलाफ यह जागरूकता अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। ग्राम पंचायतों में सामूहिक शपथ और जागरूकता कार्यक्रम इस अभियान को मजबूती दे रहे हैं। समाज और प्रशासन के इस संयुक्त प्रयास से बाल विवाह मुक्त भारत का सपना साकार होने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है।

# भोपाल के छात्र इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में छत्तीसगढ़ी कला-संस्कृति की ले रहे शिक्षा

- छत्तीसगढ़ी लोककला व लोक संस्कृति का बारीकी से कर रहे अध्ययन
- वर्कशॉप आयोजित कर लोक कलाओं को सीख रहे छात्र कलाकार



**खैरागढ़,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायतों से लेकर जिला स्तर तक, बाल विवाह के खिलाफ छेड़ी जागरूकता की मुहिम मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के छात्र कलाकार इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारीकी से अध्ययन कर गीत-संगीत सीख रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं नाट्य विभाग तथा इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 16 नवंबर 2024 से 16 दिसंबर 24 तक एक माह का अध्ययन-अध्यापन भ्रमण वर्कशॉप का आयोजन किया गया है। वर्कशॉप के तहत मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय भोपाल के निर्देशक टीकम जोशी के निर्देशन में छात्रगण विश्वविद्यालय में रूककर छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य जैसे पंथी, पंडवानी, नाचा, सुआ, ददरिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी लोक गीत-संगीत का गहन अध्ययन कर रहे हैं। इसके साथ ही छात्रों द्वारा इसका मंचन भी किया जा रहा है। 18 नवंबर को मोहनदास चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। 19 नवंबर को चेतन देवांगन के मार्गदर्शन में पंडवानी की प्रस्तुति हुई। 20 नवंबर को पुनम विराट के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी लोकगीत एवं नृत्य की प्रस्तुति तथा 21 नवंबर को डॉ परमानंद पांडेय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ी के पर्व गीतों पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विश्वविद्यालय के नाट्य विभाग के सहयोग से 24 नवंबर को छात्रगण ग्राम करमतरा पहुंचे जहां के प्रसिद्ध शिव भोला नाचपार्टी मंचन देखकर इससे अवगत हुये। बुधवार 27 नवंबर को कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने भोपाल से पहुंचे इन छात्र कलाकारों के वर्कशॉप का अवलोकन किया। इस दौरान लोक संगीत एवं कला संकाय के अधिष्ठाता डॉ.योगेन्द्र चौबे मौजूद रहे। अवलोकन के दौरान छात्रों के द्वारा शानदार पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसकी सराहना की गई। कुलसचिव ने छात्र कलाकारों को छत्तीसगढ़ी संस्कृति का बारिकी से अध्ययन कराने की बात कही। वर्कशॉप के अंत में छात्रों के द्वारा 15 एवं 16 दिसंबर को खैरागढ़ में तथा 19 एवं 20 दिसंबर को भोपाल में छत्तीसगढ़ी नाट्य मंचन किया जायेगा।

उल्टा पुल्टा

टीचर- सेमेस्टर सिस्टम से क्या फायदा है, बताओ?
पप्पू- फायदा तो पता नहीं, पर बेइज्जती साल में दो बार हो जाती है।
टीचर- निकल क्लास से।

**खबर का हुआ असर**

# देशबन्धु समाचार पत्र में प्रकाशन के पश्चात पुलिस ने दिखाई तत्परता





## एफसीआइ और वेयर हाउस ने नहीं की अब-तक ट्रकों के लिए पार्किंग की व्यवस्था करोड़ों रुपए की लागत से बन रही हाइवे को बना लिया पार्किंग का अड्डा

**नवापारा राजिम,** 27 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए शासन द्वारा कुर्रा से लेकर राजिम महानदी पुल तक फोर लेन सड़क का निर्माण लोगों की सुविधा के लिए किया गया है मगर वहीं एफसीआई और वेयर हाउस के पास गाड़ियों की लंबी कतार लगने व गोबरा मोड़ में बीच सड़क पर ट्रक ड्राइवरों द्वारा गाड़ियां रखने से गोबरा बस्ती, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है एफसीआई और वेयर हाउस पार करके विद्यार्थीयों का स्कूल, कॉलेज वहीं तहसील कार्यालय और पुलिस थाना में लोगो का आना जाना लगा रहता है स स्थानीय प्रशासन की अनदेखी के कारण ऐसे ही सड़क पर पार्किंग वाली व्यवस्था रही। अंदेशा है कि भविष्य में कभी भी बड़ी अप्रिय घटनाएं हो सकती हैं अगर होता है तो आखिर जिम्मेदार कौन होगा यह समझ से परे है ? लोगों की सुविधा के लिए करोड़ों रुपए की लागत से रोड का चौड़ीकरण किया गया है, अगर उन्हें ही आने जाने में दुविधा होगी तो फिर सड़क चौड़ीकरण का क्या मतलब ? आपको बता दें कि 4रु30 किलोमीटर की कुर्रा से लेकर राजिम महानदी पुल तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य करीब 29 करोड़ के लागत से हुआ है। सड़क में अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी गोबरा नवापारा से बात की गई तो उन्होंने दिखवाने की बात कही।

## करोड़ों रुपए की लागत से बन रही हाईवे को बना लिया पार्किंग का अड्डा

**नवापारारराजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन के पश्चात पुलिस ने तत्परता दिखाई।गाड़ियों की स्पीड कम करने एवं दुर्घटना से रोकने के लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा स्टॉपर व वेरीकट लगाए गए हैं।

करोड़ों रुपए की लागत से बन रही हाईवे को बना लिया पार्किंग काअड्डा शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित हुई थी। जिस पर दिनांक 28 नवम्बर 24 को वार्ड नंबर एक मोहल्ला गोबरा बस्ती विप्र भवन के सामने मोहल्ला वासियों की तरफसे थाना प्रभारी गोबरा नवापारा को एफसीआई गोदाम चौक के पास बहुत तेज स्पीड से आने जाने वाली बसों एवं ट्रकों हेतु स्पीड को नियंत्रित करने हेतु बैरिकेड एवं स्पीड ब्रेकर की मांग की गई थी जिसे आज दिनांक 29.11.2024 को तत्काल प्रभाव से थाना प्रभारी गोबरा नवापारा के द्वारा तत्काल बैरियर बैरिकेड की व्यवस्था करा दी गई अब रायपुर साइड से आने वाली स्पीड बसों एवं ट्रकों की गति मे कमी थ्प् चौक के पास होगी जिससे दुर्घटना होने की संभावना को कम करने का एक छोटा सा प्रयास >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मधुमक्खियों के काटने से किसान की मौत




**नवापारा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम कठोली में मधुमक्खियों के काटने से एक किसान की मौत हो गई। दरअसल, किसान अपने खेत में धान की फसल काटने जा रहा था। इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने किसान पर हमला कर दिया। बुरी तहर से घायल किसान को अस्पताल ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम कठौली निवासी बुधारू राम निषाद खेती किसानी का काम करता था। आज सुबह बुधारू अपनी गाड़ी से खेत फसल काटने के लिए जा रहा था।तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों ने किसान के शरीर के विभिन्न हिस्सों को काट दिया।इस हमले से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया।

बेटे ने बुधारू को आनन-फानन में नवापारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां ईलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी मातम छा गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाही के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

**मधुमक्खियों डंक हो सकता है जानलेवा:** बता दें कि मधुमक्खियों शहद जितना मीठा होता है, उसका डंक उतना ही जहरीला होता है। इसके डंक से घायल लोग बहुत तड़पते हैं। डंक >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बेटी ने दी मां को मुखाग्नि



**भरूवाडीह/बलौदाबाजार,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत नवापारा मे 9 (स्त्री-शक्तियाँ) बेटियों की 82 वर्षीया माँ के निधन होने पर परिस्थितियों के अनुसार परंपरा में बदलाव के चलते एवं ढलते हुवे इस जगत में कर्तव्य का निर्वहन प्रत्येक मानव को करना ही पड़ता है, ऐसी ही परिस्थितियाँ यहाँ निर्मित हुई। जहां नवें क्रम की बेटी कुमारी विभा ने अपनी माँ को विधिवत मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किये। जहां उपस्थित नाते-रिश्तेदार और गणमान्य नागरिकों की आंखें नम हो गयी।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी भिलाई रवाना

**महासमुंद,** 29 नवंबर (देशबन्धु)।. छत्तीसगढ़ बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा राज्य स्तरीय सीनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता महिला एवं पुरूष का आयोजन बीएसपी ग्राउंड सेक्टर 4 भिलाई दुर्ग में 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक आयोजित किया गया हैं जिसमें महासमुंद जिले की महिला एवं पुरूष टीम हिस्सा लेने सुबह भिलाई रवाना हुई।



जिला सचिव अंकित लूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता के आधार पर राष्ट्रीय टीम का चयन किया जाएगा। मिनी स्टेडियम बॉल बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ियों को बादल मक्कड़ समाज सेवी, तन्मय लूनिया बालाजी एजेंसी, मनोज धृतलहरे खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद, राजेश शर्मा, अंकित लूनिया, सेवन दास मानिकपुरी, सीमा मानिकपुरी, विनय भारद्वाज, लोकेश साहू की उपस्थिति में मुलाक़ात कर अच्छे प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बादल मक्कड़ ने अच्छे प्रदर्शन कर जिले का नाम रौशन करने की बात कही।

जिले की सीनियर पुरूष टीम में शामिल खिलाड़ियों में यशवर्धन कहार, सागर बंजारे, डोमेश साहू, हिमांशु तिवारी, ओम प्रकाश ध्रुव, पंकज चंद्राकर, जुगेश नाथ भोई, राहुल कुर्रे, शुभम मानिकपुरी, प्रभात सेठ, भूषण यादव, विनय भारद्वाज, लोकेश साहू, गजेंद्र यादव, नीलेश पाण्डेय, कमल वर्मा, मेहुल चंद्राकर, मुरली राज पुरोहित, सुदर्शन दुबे एवं सीनियर महिला टीम में काजल, पूर्णिमा साहू, मनीषा साहू, दिव्या साहू, यश्वर्या, चंचल देवांगन, तान्या साहू, पुष्पांजलि ठाकुर, मेघा साहू, राधिका निषाद, ललिता ध्रुव, दीपशिखा साहू, रेणु साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, वर्षा कोसरे, हीना चक्रधारी, दामिनी वर्मा, रूक्मणी साहू शामिल हैं।

# पालिका परिसर में अध्यक्ष से मारपीट निंदनीय: खिलावन

**महासमुंद,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष खिलावन बघेल ने कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि पालिका परिसर में बुधवार को कांग्रेस की नपाध्यक्ष और नगर की पहली महिला श्रीमती राशि महिलांग के साथ पंकज साहू द्वारा मारपीट किया जाना घोर निंदनीय है।



उक्त व्यक्ति पालिका के कर्मचारियों को कानून व संविधान की धमकी देकर अनावश्यक दवाब बनाता रहा है। जिसे रोकने पर कपिल साहू, त्रिभुवन महिलांग, युवराज साहू, एरिश अनवर पर हिंसक वार कर अभद्रता पूर्ण गाली.गलौज, मारपीट की घटना बेहद शर्मनाक है। ऐसी घटना सभ्य समाज में नारी को सर्वोच्च स्थान देने की बात पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आपराधिक घटनाओं का ग्राफलगातार बढ़ रहा है जिसपर लगाम लगाने में सरकार विफल है। नगर पालिका परिसर में नपाध्यक्ष के साथ हुई घटना में पुलिस जल्द से जल्द आरोपी पर कार्रवाई करें अन्यथा कांग्रेस नपाध्यक्ष को न्याय दिलाने आंदोलन करेगी। पत्रकार वार्ता में मौजूद नपाध्यक्ष राशि महिलांग ने कहा कि शहर हमेशा से शांति का प्रतीक रहा है और हर कोई यहां शांति और सुरक्षित रहता आया है, पर बुधवार को पालिका के अंदर नगर की प्रथम महिला के साथ मारपीट, लूट और जान से मारने की धमकी के बाद कोई महिला, बेटी कैसे सुरक्षित रह सकती है, जब एक महिला जनप्रतिनिधि ही वहाँ सुरक्षित नहीं है। घटना के बाद थाने में जब शिकायत पर एफआईआर दर्ज की मांग की तो पहले कहा गया जांच कर कार्रवाई की जाएगी। मैनें और मेरे समर्थक रातभर एफआईआर कराने की मांग करते रहे। सुबह 4 बजे हमें एफआईआर की कॉपी दी जाती है और कहा गया कि मामला दर्ज तो 10 बजे ही हो गया था। इससे पता चलता है पुलिस भी कहीं न कहीं दवाब में है। अब पालिका के कर्मचारी व अधिकारी पर दवाब बनाया जा रहा है। पंकज साहू सूचना के अधिकार की आड़ में अधिकारी.कर्मचारियों को डराते व धमकाते हैं। पर मैं जनता की सेविका हूं, किसी डर और दवाब में आकर मैं काम नहीं करूंगी। हमेशा जनता की राय से कार्य करती हूं। मुझे कानून पर पूरा भरोसा है, मुझे न्याय जरूर मिलेगा।

**नपाध्यक्ष को न्याय दिलाने आंदोलन करेगी कांग्रेस**

पत्रकारवार्ता में कांग्रेस पार्षदों सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# करणी कृपा प्लांट की वजह से जहरीला हो गया है वातावरण : राकेश

**महासमुंद,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा व नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि करणी कृपा स्टील पावर प्लांट द्वारा तुमगांव सहित क्षेत्र के 2 दर्जन से भी अधिक गाँवों का वातावरण को प्रदूषित करने का काम किया जा रहा है। इस प्लांट से निकलने वाली प्रदूषित पानी व जहरीली गैस की वजह से क्षेत्र के हजारों एकड़ खेतों का फसल बर्बाद हो गया है। धान फसल काले पड़ गए हैं, तथा चावल में भी काला पन आ गया है। वहीं, इस प्लांट के प्रदूषित गैस ने पूरे क्षेत्र को प्रदूषित कर दिया है। घरों में धोकर सुखाए कपड़े, छतों में सूखाए गए बड़ी पापड़ भी काले पड़ रहे हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों को सांस लेने में भी परेशानी आने लगी है। उन्होंने कहा कि करणी कृपा स्टील पावर प्लांट की शिकायत उच्च स्तर पर किया जाएगा तथा जरूरत पड़ी तो आगामी समय में क्षेत्र के ग्रामीणों व किसानों के साथ उग्र आंदोलन पावर प्लांट के विरूद्ध किया जाएगा। श्री चंद्राकर ने कहा कि यह पावर प्लांट पूरी तरह से अवैध है। अवैधानिक रूप से शासकीय व किसानों की भूमि को अनाधिकृत रूप से कब्जा कर रही है। साथ ही प्लांट प्रबंधन अपनी मनमर्जी के हिसाब से गंदे पानी की निकासी कर रही है। क्षेत्र में खैरझिटी, मालीडीह ,पिरदा, कौंवाझर सहित 15 गावों के किसानों की फसल इस प्लांट की वजह से बर्बाद हो गयी है। फसल खरीदने शासकीय धान खरीद केन्द्रों पर भी उसे खारिज कर दिया है। जिन किसानों ने सब्जियां उगाई थीं वो भी खराब हो चुकी हैं। क्षेत्र के पेड़.पौधे भी काले पड़ गए हैं। घरों के दीवारों पर भी प्रदूषण की वजह से कालापन आ रहा है।



# स्वच्छता दीदियों ने निकाली गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक रैली, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**धमतरी,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिले की स्वच्छता दीदियों की 3 दिन की हड़ताल से सफाई कार्य प्रभावित हो गया। 3 दिन से डोर टू डोर कलेक्शन नहीं होने से से लोगों के घरों में कचरा जाम हो गया है। तीसरे दिन गांधी मैदान से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली गई। नगर निगम सहित जिले की 300 से अधिक स्वच्छता दीदी 3 दिन की हड़ताल पर है। कलेक्शन नहीं होने से लोगों के घरों में कचरा भरा पड़ा है। दूसरी तरफ प्लेसमेंट के कर्मचारी भी हड़ताल पर हैं जिसकी वजह से सड़कों में कचरा दिखाई दे रहा है।



स्वच्छता दीदी संघ की जिला अध्यक्ष जीतेश्वरी साहू और सचिव कीर्ति साहू ने बताया कि स्वच्छता दीदी नहिला/पुरूष 7 साल से डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रहे हैं। मानदेय राशि सिर्फ 7200 रूपये मिल रहा है जिसमें परिवार का भरण पोषण कर पाना मुश्किल हैं। इसलिए सभी तीन दिन की हड़ताल पर थी। इसमें नगर निगम के 16 ड्राइवर भी शामिल हैं। 27 से गाँधी मैदान धमतरी में धरना में बैठने के बाद 29 को सदर बजार होते हुए कलेक्टर ऑफिस तक रैली निकाली गई। जहां पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उनकी तीन प्रमुख मांगों में कलेक्टर दर में राशि मिलना चाहिए। पी. एफ. की राशि कटना चाहिए और सप्ताहिक अवकाश मिलना चाहिए शामिल है।

# कलेक्टर ने संपर्क केंद्र से सुनी किसानों की समस्याएं

**बलौदाबाजार,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय में संचालित सम्पर्क केंद्र से धान बेचने उपार्जन केंद्र पहुंचे किसानों से ऑनलाइन माध्यम से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने किसानों से धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत या केंद्र की व्यवस्थाओ के बारे में पूछताछ की। किसानों ने बताया की धान बेचने में कोई परेशानी नहीं हो रही है, कुछ केंद्र में हमालों की दिक्कत हो रही है जिसे दूर करने के लिए केंद्र प्रभारी को बताया गया है। बरदाने की कमी अब नहीं है। कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को बरदाने की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए सहकारिता विभाग के नोडल अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने किसानों को बताया कि जिले में पर्याप्त बरदाने है और सभी उपार्जन केंद्रों में मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों को स्वयं का बारदाना लाने की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन स्वेच्छा से लाना चाहें तो ला सकते है।किसानों के बरदाने को 25 रुपये प्रति नग की दर से खरीदा जाएगा। कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों को बारदाना लाने न कहा जाए, किसी केंद्र में ऐसी शिकायत मिलने पर केंद्र प्रभारी पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने हमालों की समस्या के समाधान के लिए केंद्र प्रभारियों को आवश्यक व्यवस्था करने कहा तथा बताया कि शासन द्वारा हमाली दर की राशि में वृद्धि की गई है जो बढ़कर 25 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है। उन्होने उपार्जन केंद्रों से धान को संग्रहण केंद्रों में परिवहन अगले सोमवार से शुरू करने और आवश्यकतानुसार खरीदी लिमिट बढ़ाये जाने की जानकारी दी।

**उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध कराने केंद्र प्रभारियों को निर्देश**

कलेक्टर ने खरही, लवन, खम्हरिया, अहिल्दा, रसेड़ा, रिसदा, दशरमा, दामाखेड़ा, टेहका, लेवई लाहोद सहित अन्य उपार्जन केंद्र के केंद्र प्रभारी एवं किसानों से बात की। उन्होने केंद्र प्रभारियो को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि अब तक जिले में धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है, सभी निष्ठापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पारदर्शी ढंग से धान खरीदी सम्पन्न कराएं। किसानों की सुविधाओं का ख्याल रखें, धान बेचने में उन्हें कोई दिक्कत न हो। इस दौरान संपर्क केंद्र में उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी जी. एन. साहु, सहकारिता विस्तार अधिकारी देवेंद्र नेताम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# जिला साहू संघ के संगठन मंत्री बने रोहित साहू



**बलौदाबाजार,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला बलौदाबाजार साहू संघ के अध्यक्ष सुनील साहू द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए रोहित साहू को जिला साहू संघ के संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया है। रोहित साहू बलौदाबाजार नगरपालिका के गत 15 वर्षो से पार्षद है। श्री साहू के संगठन मंत्री बनाये जाने पर प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल साहू, संरक्षक रेवाराम साहू, सुरेन्द्र साहू, भंवर सिंह साहू, देवेंद्र साहू, मुकेश साहू, दिनेश साहू, राजाराम साहू, रवि साहू, भोलाराम साहू, दिव्या साहू, बीरबल साहू, महेश साहू, सती साहू, कमला साहू, शंकरलाल साहू, सुशील साहू, प्रेम नारायण साहू, सुरेंद्र साहू, विमल साहू, गरीबदास साहू, टेकराम साहू रतिराम साहू, पारथमनी साहू, जीवन साहू, युगल किशोर साहू, लक्ष्मी साहू, जावा बाई साहू, सीताराम साहू, गणपत साहू, मनहरण साहू, बलदाऊ साहू, भारसेला टेकराम साहू, सुहेला तहसील अध्यक्ष सरोज साहू, गंगा राम साहू, अर्जुन साहू, सुरेंद्र साहू, पारसमणी साहू आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाऐं एवं बधाई दी है।

# ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा एवं ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिसिऐंसीए बीईई भारत सरकार द्वारा किसानों में ऊर्जा एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर में शुक्रवार को अर्द्धदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें एसके वर्मा, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र भलेसर महासमुंद द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल्य चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कृषि क्षेत्र में ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर आधारित था। कार्यक्रम में श्री वर्मा वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र महासमुंद द्वारा कृषकों को कृषि क्षेत्र में जल की सदुपयोग, ऊर्जा और जल संरक्षण की वर्तमान स्थिति और भविष्य की सम्भावनाएं, संसाधनों के कुशल उपयोग के लिये सर्वोत्तम कृषि अध्ययन अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिये जल संरक्षण और पानी का कुशल उपयोग, प्रमाणित फाइव स्टार रेटेड पंपों के चयन, स्थापनाए पंपों के कुशल संचालन, मरम्मत और रखरखाव के लिये दिशानिर्देश प्रमाणित स्टार रेटेड पम्प के लाभ एवं कृषि कार्यो में बिजली की बचत विषयों पर वक्ताओं द्वारा कृषकों को दिशा निर्देश एवं प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम में भीमराव घोड़ेसवार, सहायक मृदा परीक्षण अधिकारी, रविश केसरी, गणेश प्रसाद साहू, राहुल मानिकपुरी आदि उपस्थित थे।




# पारागांव शक्तिकेन्द्र में बूथ समिति का गठन

**नवापारा राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)।गुरुवार को भाजपा मंडल नवापारा के पारागांव शक्ति केंद्र अंतर्गत आने वाले बूथों में संगठन चुनाव संपन्न हुए। पारागांव शक्ति केंद्र प्रभारी किशोर देवांगन और सहप्रभारी श्रीमती साधना सौरज के नेतृत्व में संपन्न हुए संगठन चुनाव में ग्राम पारागांव से राजेंद्र देवांगन, मुकेश देवांगन, महेश ठाकुर, अनुज राजपूत, ग्राम नवागांव से नंदकुमार चक्रधारी, ग्राम लखना से तिलक यादव और ग्राम कोलियारी से हीरा लाल चक्रधारी नियुक्त किए गए।



इस दौरान शक्ति केंद्र प्रभारी किशोर देवांगन ने चयनित पदाधिकारियों को बताया कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए संकल्पित भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव में जिम्मेदारी मिलना अपने आप में गर्वित करने वाला है। विकसित राष्ट्र की संकल्पना को साकार करने में भारत के प्रत्येक नागरिक के साथ-साथ भाजपा के प्रत्येक सिपाही की भी अहम भूमिका रहेगी। किसी भी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चुनौतीपूर्ण होता है। इस चुनौती को स्वीकार करने वाला अपने आप में विशेष होता है। चयनित सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा है कि वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए पार्टी और अपने आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## कलेक्टर ने आदेश जारी कर दो अपराधियों को किया जिला बदर

**बलौदाबाजार,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने पुलिस प्रशासन से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराधियों को जिला बदर करने के आदेश जारी किया है। जिला बदर होने वालों में गुलशन वर्मा पिता सोनाराम वर्मा थाना कसडोल अंतर्गत ग्राम खर्री एवं चिंताराम पटेल पिता तेरस राम पटेल थाना राजादेवरी अंतर्गत ग्राम चांदन शामिल है।



# भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती व युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए विधायक

**गरियाबंद,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम विधायक रोहित साहू शुक्रवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में सिन्हा कलार समाज द्वारा आयोजित भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन जयंती एवं युवक युवती परिचय सम्मेलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने समाजजनों को सहस्त्रबाहू अर्जुन जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भगवान सहस्त्रबाहु ने धर्मपरायण राज्य की स्थापना कर जनमानस को लोक कल्याण का रास्ता दिखाया। उन्होंने धर्म की रक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए अनेकों कार्य किए। आज हमारी प्रदेश सरकार भी इन्हीं कल्याणकारी रास्तों पर आगे बढ़ रही है और छत्तीसगढ़ के लोगों के भलाई, सुख समृद्धि के लिए काम कर रही है। इस दौरान विधायक ने सिन्हा समाज के विकास के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उल्लेखनीय है कि भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती और युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन छत्तीसगढ़ कलार समाज के तत्वावधान में किया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से समाज के युवराज सिन्हा, रिखि राम सिन्हा, बिसम्भर सिन्हा समेत अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम की जिला कलार समाज अध्यक्ष अवध सिन्हा ने की। इसके पहले विधायक रोहित साहू के आगमन पर सिन्हा समाज ने बाजे गाजे पुष्पवर्षा के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया।

समारोह को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने आगे कहा कि पूरे प्रदेश में सिन्हा समाज की अपने रचनात्मक कार्यों के अलग पहचान है। यह समाज परोपकारी समाज है। आज अन्य समाज के भांति सिन्हा समाज भी आगे बढ़ रहा है। समाज के युवा शिक्षा,



**राजिम विधायक ने 10 लाख की घोषणा की**

स्वास्थ्य, खेल, मनोरंजन हर क्षेत्र में समाज का नाम रोशन कर रहे है। उन्होंने कहा की बदलते परिवेश में हमें समाज के युवा वर्ग को अपनी परंपराओं से जोड़ने की जरूरत है। पाश्चात्य प्रभाव से बचने और सनातनी मूल्यों को अपनाने के ध्यान देने की जरूरत है।

**शोभायात्रा से हुई जयंती की शुरुआत**

इसके पहले नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न वार्डों से गुजरती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा-अर्चना और आरती संपन्न हुई। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय कराया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। जागेश्वरी सिन्हा ने मर्मस्पर्शी गीत प्रस्तुत किया, जिसे खूब सराहा गया और उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 5,000 रुपये की राशि दी गई।

कार्यक्रम में समाज प्रमुख बिसम्भर सिन्हा ने संस्कार और ऊर्जा को विवाह की प्राथमिकता बताया, जबकि रिखीराम सिन्हा ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान पर जोर दिया। युवराज सिन्हा ने समाज को आगामी पंचायत और नगरीय चुनावों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने की सलाह दी। जिला अध्यक्ष अवध सिन्हा ने युवा और महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान सदस्यों को सम्मानित किया गया। गैदलाल सिन्हा ने विधायक से समाज भवन निर्माण के लिए अनुदान की मांग की।

कार्यक्रम में मुरलीधर सिन्हा, शिव सिन्हा, मंच संचालक खेमुराम सिन्हा, प्रीतम सिन्हा, विनोद सिन्हा, शिवकुमार सिन्हा, नंदेश्वर सिन्हा, पुष्पांजलि सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, पुष्पांजलि सिन्हा, बिंदु सिन्हा, ललिता सिन्हा, पुष्पांजलि सिन्हा, हेमलता सिन्हा, भूमिका सिन्हा सहित बड़े संख्या में कलार समाज के लोग शामिल हुए।

# आरंग जपं प्रतिनिधियों का सम्मेलन

## अनुभवों और उपलब्धियों का हुआ आदान-प्रदान

**आरंग,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आरंग के सद्भावना भवन में जनपद पंचायत प्रतिनिधियों का विशेष सम्मेलन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आरंग विधायक एवं अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता डुमेंद्र साहू, अनिल सोनवानी, गोविंद साहू, संजय शर्मा, दिनेश्वरी टंडन, किशोर साहू, सीमा रविन्द्र चंद्राकार, ईशांत, हृदयलाल जांगड़े संजय चेलक, पुष्पा कुर्रे, यादराम साहू, रानी दीवार, प्रीति चंद्रशेखर साहू, सभापति, जनपद सदस्यगण, जनपद सीईओ, तथा दीपेंद्र वर्मा, अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।




कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और स्वागत उद्बोधन से हुई। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों द्वारा अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के अनुभवों को साझा करना और आगामी योजनाओं के लिए प्रेरणा लेना था। सम्मेलन में जनपद पंचायत की उपलब्धियों, योजनाओं के क्रियान्वयन और प्रशासनिक सुधारों पर चर्चा हुई। जनपद के प्रतिनिधियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विकास कार्यों की सफलताओं और उनसे जुड़ी चुनौतियों के बारे में बात की। कुछ प्रमुख विषयों में ग्रामीण विकास, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, तथा आधारभूत संरचनाओं का विकास शामिल था। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब ने अपने उद्बोधन में सभी प्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि यह कार्यकाल सामूहिक प्रयासों और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले समय में भी इसी समर्पण के साथ काम करने की आवश्यकता है। जनपद अध्यक्ष श्रीमती हेमलता डुमेंद्र साहू ने अपने संबोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह सम्मेलन जनपद पंचायत के योगदान और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। उन्होंने सभी को उनके सहयोग और प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित प्रतिनिधियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस सम्मेलन ने प्रतिनिधियों को अपने अनुभवों के आदान-प्रदान के माध्यम से नई ऊर्जा और उत्साह प्रदान किया।

# रोजगार मेला में 155 हुए चयनित



**पलारी,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों को रोजगार का सुनहरा अवसर प्रदान करने के लिए आईसेक्ट कंप्यूटर सेंटर पलारी में बुधवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसमें 374 प्रतिभागियों ने भागीदारी की। इस मेले में 12 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित हो कर लगभग 200 से अधिक विभिन्न पदों के लिए हितग्राहियों को नौकरी का अवसर प्रदान किया। वेक्टर फाइनेंस, टेक्नो टास्क बिजनेस सोल्यूशन, स्क्वायर बिजनेस सर्विसेस, शिवशक्ति एग्रीटेक, स्वतंत्र माइक्रोफाइनेंस, आर.के. ट्रेडर्स, टाटा मोटर्स , मारूती सुजुकी,किरन होण्डा आदि कंपनियों ने शामिल हो कर हितग्राहियों का साक्षात्कार लिया। लगभग 370 उम्मीदवारों ने अपना पंजीयन करा कर साक्षात्कार में शामिल हुए जिसमें से प्रथम चरण में लगभग 155 उम्मीदवारों का चयन हुआ, जिसमें योग्यता 10वीं पास से लेकर ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, आईटीआई- डिप्लोमा तक ने आयोजन का लाभ लिया। इसमें आईसेक्ट से कोर्स किए भूतपूर्व व वर्तमान विद्यार्थियों के साथ साथ अन्य भी शामिल हुए। यह आयोजन आंचलिक ग्रामीण बेरोजगारों के लिए सुनहरा अवसर था।साथ ही साथ इस रोजगार मेले में रोजगार संबंधी निःशुल्क जानकारी के लिए रोजगार मंत्रा की वेबसाइट एवं एप्लीकेशन के बारे में जानकारी दी गई,इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में राज्य समन्वय अब्दुल मसीद का मार्गदर्शन रहा इस अवसर में आईसेक्ट से प्रशांत स्वर्णकार, जाबिर खान, रफीक, गजेंद्र साहू, अंतरा श्रीवास्तव एवं सेंटर के संचालक जानिक राम वर्मा एवं समस्त स्टाफ ने अपनी भूमिका अदा की।

# बिरनीपाली में कलेक्टर ने एनएसएस छात्रों को किया मोटिवेट

**बिलाईगढ़,** 29 नवंबर(देशबन्धु)। ओडिशा सीमा पर जिले के दूरस्थ ग्राम बिरनीपाली के पास जीरानाला महिमा आश्रम में शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल लेन्ध्रा द्वारा सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर लगाया गया है। इस शिविर में शिविरार्थियों के बीच कलेक्टर धर्मेश साहू और परियोजना निदेशक जिला पंचायत हरिशंकर चौहान ने पहुंचकर एनएसएस छात्रों को मोटिवेट किया। पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया और एक पेड़ माँ के नाम कलेक्टर धर्मेश साहू, परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान एवं सभी अतिथियों द्वारा लगाया गया। कार्यक्रम में करीब 150 बुजुर्गों को कलेक्टर एवं अतिथियों द्वारा कम्बल वितरण किया गया, जिसमें सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी श्री मिश्रा एवं सहयोगी सरोज साहू द्वारा किया गया।इस तरह से ओडिशा के सीमांचल में आयोजित इस कार्यक्रम जिला प्रशासन के अधिकारियों के मौजूदगी से क्षेत्र के लोगों में उत्साह का संचार हुआ है।

शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर धर्मेश साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर छात्रों में आत्मबल के साथ साथ सेवा भावना और सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलती है जो जीवन में हमेशा काम आता है।उन्होंने आगे कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से स्वच्छता एवं नशामुक्ति के लिए कार्य करने के साथ साथ लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। यह सराहनीय है।इस तरह से शासन




- 150 से अधिक बुजुर्गों को बांटे गए कम्बल
- महिमा आश्रम में एक पेड़ मां के नाम किया गया पौधरोपण

की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को जन जन तक पहुंचाने में आप सबकी भागीदारी होनी चाहिए।आप लोगों ने नशा मुक्ति और स्वच्छता का संदेश देकर यहाँ से इस अभियान का शुभारम्भ किया है, जिसे और आगे बढ़ाना है।ताकि इसका असर आसपास के गांवों में दिखने लगेगा।इसमें ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों की भी सहभागिता बढ़ेगी और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से बेहतर काम कर सकेंगे।

इस अवसर पर जिला पंचायत के परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थी शासकीय योजनाओं और सामाजिक कार्यो के साथ साथ अपने और अपने परिवार आसपास के वातावरण को भी सुन्दर बनाने की दिशा में कार्य करें साथ ही अपने भविष्य निर्माण को लेकर चाहे किसी क्षेत्र में हो सबसे बेहतर और अलग करके अपनी अलग साख एवं पहचान बनाएंगे तो उसमें सफलता अवश्यम्भावी है।हमारे युवा अगर अपनी लक्ष्य पर केंद्रित रहकर मेहनत करेंगे तो युवा आइकॉन कहे जाने श्री ओपी चौधरी जैसा आईएसएस भी बन सकते हैं।लक्ष्य निर्धारित रहे और अडिग होकर कार्य करेंगे तो रास्ते की कोई भी बाधा रोड़ा नहीं बन सकती।उन्होंने गीत के माध्यम से सबको उत्साहित कर दिया। इस मौके पर चेम्बर ऑफ़ कामर्स बरमकेला के अध्यक्ष रतन शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार व रेडक्रास सोसायटी के सदस्य मोहन नायक, शोभादास मानिकपुरी, जनपद सदस्य मोहन पटेल , महिमा आश्रम के अध्यक्ष भागीरथी भोई सहित भारी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नपं अध्यक्ष यशवर्धन ने किया बीटी रोड का भूमिपूजन



**पलारी,** 29 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर के आम जनता की मांग थी कि नहर से जनपद कार्यलय तक रोड का डामरी करण हो, जिस मांग को पूरा करते हुए आज नगर पंचायत अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा ने भूमि पूजन किए, इस रोड के डामरीकरण होने से लोगों को आने जाने में सुविधा मिलेगी, इस अवसर पर सीएमओ जितेन्द्र पटेल, पार्षद गण ,ताजेन्द्र कनौजे, श्रीमति टुकेश्वरी वर्मा,डॉ.जाल, सुभाष वर्मा, रवि ध्रुव, मूलचंद धीवर, पार्षद प्रतिनिधि भुषण ठेठवार, भाजयुमो अध्यक्ष भोला वर्मा, भीम सेन, नरसिंह कौशले, दुर्गेश सेन, धनेश धीवर सहित वार्ड वासी जन उपस्थित रहे।

# 20 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**भखारा,** 29 नवंबर। नगर पंचायत भखारा की वार्ड क्रमांक-3 निवासी रोशन साहू पिता प्रेमलाल साहू उम्र - 20 वर्ष ने गुरुवार की दोपहर तकरीबन 2 बजे अपने घर के कमरे के सीलिंग फैन में प्लास्टिक के रस्सी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक के चाचा धामू साहू एवं उनके पिता प्रेमलाल साहू ने युवक को फंदे से लटका देख तुरंत उतारा और फिर उन्हें उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया पश्चात उक्त घटना की सूचना मृतक के चाचा धामू साहू ने भखारा पुलिस को दिया। परिजन की सूचना पर भखारा पुलिस ने मर्ग कायम कर शुक्रवार को युवक की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तत्पश्चात परिजनों को शव सौंप दिया गया भखारा पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुई जीवनदीप समिति की बैठक




**बागबाहरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। बागबाहरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जीवन दीप समिति की सामान्य सभा की बैठक छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जहाँ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित बैठक मे वर्ष 2024-25 के कार्ययोजना के संबंध मे चर्चा की गई। और विभिन्न विषयों परअनुमोदन भी किया गया ।साथ ही सामु.स्वा. केन्द्र बागबाहरा के उपलब्धि एवं स्टाफ के संबंध मे चर्चा कर जानकारी प्रदान की गई। इसके अलावा वर्तमान में संचालित राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी समिति के सदस्यो को प्रदान करते हुए आवश्यक आईईसी एवं साइनेज लगाये जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें आईपीडी के सामने नाली निर्माण तथा प्रांगण मे हाईमास्क लाईट लगाये जाने , कुलिग सिस्टम लगाये जाने हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया। एन बी एस यु मे आवश्यक पार्टीशन एवं रिपेयरिंग करने हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया। आपदा प्रबंधन हेतु आवश्यकतानुसार स्मोक डिटेक्टर क्रय एवं फायर एस्टिनग्युजर बढाये जाने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया। डिजिटल एक्सरे हेतु कैसेट क्रय करने एवं जनरेटर के शेड निर्माण हेतु प्रस्ताव भी पारित किया गया।

इस बैठक मे श्रीमती स्मिता हितेश चन्द्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, श्रीमती हीरा सेतराम बघेल अध्यक्ष नगरपालिका बागबाहरा, डॉ.बी.एस.बढाई विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, डॉ. योगांक चन्द्राकर चिकित्सा अधिकारी, हेमकुमार सोनकर विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, उप. अभियंता लोक.स्वा.यांत्रिकी, एम. एल. मंडावी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के अलावा जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# फनिकेश्वर व्यापारी संघ का वार्षिक अधिवेशन में भरत बंगानी अध्यक्ष बने



**फिंगेश्वर,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आज प्रतिवर्ष की भांति फनिकेश्वर व्यापारी संघ की वार्षिक बैठक देवस्थली मोहंदी ग्राम के पहाड़ों में गुफा वाली चमप्श्वरी माता के दर्शन पश्चात प्रारंभ की गई बैठक में 130 व्यापारीयों की उपस्थिति में 2023 के सदस्यता शुल्क के आवक एवं जावक राशि का हिसाब किताब पेश किया गया 5 वर्षों से कार्यरत अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा सचिव पंकज चंद्राकर उपाध्यक्ष भरत बंगानी कोषाध्यक्ष महावीर कोसरे द्वारा स सम्मान अपना इस्तीफा देते हुए सभी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया संरक्षक अरेंद्र पहाड़ियां महावीर प्रसाद यादव बसंत गुप्ता संतोष थदानी के संरक्षण में फिर से चुनाव प्रक्रिया कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें नए अध्यक्ष के रूप में भरत बंगानी उपाध्यक्ष जनक साहू ,सचिव मुकेश साहू, कोषाध्यक्ष ताराचंद साहू, सह सचिव अनिल साहू सर्वसम्मति से नियुक्त किए गए सभी ने नए पदाधिकारी का गुलाल लगाकर श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया वार्षिक सम्मेलन में व्यापारियों की समस्याओं व्यापारी संघ भवन निर्माण को लेकर चर्चा की गई व्यापारी संघ के लगभग 36 वर्ष के सफल कार्यकाल हेतु संरक्षक अरेंद्र पहाड़िया ने सभी व्यापारियों को मिलजुल कर सहयोग करने एवं संघ की मर्यादा के अनुकूल कार्य करने छोटे-बड़े सभी व्यापारियों को मान सम्मान का ध्यान रखना को लेकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी आज बैठक के प्रारंभ से ही सभी व्यापारियों के लिए चाय नाश्ता दोपहर में भजन की संपूर्ण व्यवस्था की गई थी मनोरंजन हेतु व्यापारी संघ के गायक कलाकार गोलू भाई दिलीप यादव द्वारा मीठे गीत संगीत की धून छेड़ी गई सभी ने भरपूर मनोरंजन एवं आनंद लिया।

# नप अध्यक्ष आत्माराम के दखल के बाद यात्री बस बस स्टैंड तक शुरू

**पिथौरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। विदित हो कि करीब 15 दिन पूर्व बस स्टैंड के व्यापारियों ने एसडीएम ओंकारेश्वर सिंह को ज्ञापन सौंपने के बाद कोई कार्यवाही नहीं होते देख व्यापारियों के बस स्टैंड तक यात्री बस सुचारू रूप से जारी रखने नप अध्यक्ष आत्माराम यादव को आज इस समस्या से अवगत कराया। नप अध्यक्ष आत्माराम यादव ने तत्काल ही महासमुंद जिला परिवहन अधिकारी श्री ध्रुव से संपर्क कर यात्रियों एवं व्यापारियों की समस्या बताई जिस पर जिला आरटीओ अधिकारी श्री ध्रुव ने एसआई एके वर्मा को पिथौरा भेज बस ऑपरेटरों से बात कर यात्री बसों को नगर के भीतर बस स्टैंड तक जाने की हिदायत दी। एवं किराया सूची चस्पा करने का भी आदेश दिया।



**प्रशासन की उदासीनता के बाद व्यापारी ने अपनी समस्या नप अध्यक्ष के समक्ष रखी, बसे आने लगेगी स्टैंड में**

ज्ञात हो इससे पूर्व व्यापारियों का समूह मिल कर यात्री बसों को स्थानीय बस स्टैंड तक नहीं आने की समस्या लिखित आवेदन नवपदस्थ एसडीएम ओंकारेशर सिंह को बताया था। लेकिन एसडीएम की इस विषय में उदासीनता देखने के बाद व्यापारियों ने इस समस्या को नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव को रखी जिस पर तत्काल संज्ञान लेकर समस्या दूर की। उल्लेखनीय हो कि पूर्व में भी व्यापारियों ने बैठक में एसडीएम को सड़क पर लग रहे साप्ताहिक बाजार की समस्या संज्ञान में लाया था तब एसडीएम ने जल्द ही बाजार शिफ्ट कराने का आश्वासन दिया लेकिन अबतक इस पर कोईकार्यवाही नहीं हुई।

पिथौरा नगर में नहीं यहां कोई ऑटो चलता है,न ही कोई रिक्शा,, यात्रियों साथसाथ, भारी भरकम सामन और साथमे बच्चे भी साथ लेकर थाना चौक से बस स्टैंड आना कठिन समस्या थी,दूसरी समस्या डाक कर्मियों की सुबह यहां 10, से 15 डाक बैग थाना चौक से लाना कठिनाई भरा रहता है।

बसों के बस स्टैंड आने से सभी समस्याओं का समाधानहोगा साथ ही स्टैंड के होटलों,फल दुकान भी चलने लगेंगे।

## निधन

### कृष्णावंती छाबड़ा



**रायपुर,** 29 नवंबर। स्व. सरदार सिंह छाबड़ा की धर्मपत्नी सरदारनी कृष्णावंती छाबड़ा का दुखद शुक्रवार 29 नवंबर को हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मोक्ष धाम में किया गया । स्व. कृष्णावंती छाबड़ा प्रीतम सिंह छाबड़ा (महाराजा मशीनरी), हरचरण सिंह छाबड़ा (पंजाब मशीनरी) की माता एवं सतबीर सिंह छाबड़ा (बादशाह मशीनरी) परविंदर सिंह छाबड़ा, गुरप्रीत सिंह छाबड़ा की दादी थी।

### कलिंद्री दुबे



**धमधा,** 29 नवंबर। ग्राम-गाड़ाघाट निवासी श्रीमती कलिंद्री दुबे का 28 नवंबर को निधन हो गया। वे 90 वर्ष की थी। उनका अंतिम संस्कार बानबरद मुक्तिधाम में किया गया। वे श्रीमती लता जोशी, (स्व.रमाकांत), शशिकांत, मनीलाल शर्मा की मां तथा अभिषेक, अनन्य, अथर्व, एवं आयुष शर्मा की दादी थी।

# कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा के सोलहा तालाब में मनरेगा के तहत निर्मित पचरी औचित्यहीन

**सिमगा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा के सोलहा तालाब में 7- 8 माह पूर्व रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत निर्मला घाट का निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा किया गया था जिसका निर्माण एजेंसी है स्वयं ग्राम पंचायत है। जो अब औचित्यहीन साबित हो रहा है। क्योंकि ग्रामीणों के निस्तारी हेतु तालाब में निर्मला घाट का निर्माण तो किया गया है परंतु इस घाट में लोगों के आने जाने के लिए रास्ता ही नहीं बनाया गया है जिसके चलते उक्त निर्मला घाट औचित्यहीन लग रहा है । ग्रामीणों में मूलचंद साहू, पुन्नी, अशोक साहू , कृष्णा साहू, मोहन ध्रुव ने बताया कि सोलहा तालाब में पचरी का निर्माण गलत तरीके से किया गया है जिसके चलते पचरी का उपयोग हम ग्रामवासी नहीं कर पा रहे हैं । बताते चलें कि उक्त तालाब में पचरी निर्माण की कोई आश्यकता नहीं थी क्योंकि तालाब में पहले ही दो पचरी निर्मित है। जिससे लगता है कि उक्त निर्माण भ्रष्टाचार करने के लिए ही किया गया है। जिसमें अन्य लोगों की संलिप्तता होने के भरपुर आसार हैं। इस नवनिर्मित पचरी का पहला सीढ़ी को छोड़कर बाकी के सीढ़ी तालाब के अदंर है जो पानी में डुबा हुआ है ??। अभी ये हाल है तो बरसात के समय तो पूरी पचरी तालाब में डूब जायेगी । तालाब में निर्मित पचरी का बनना न बनना एक समान साबित हो रहा है । उक्त निर्माण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति 9.98 लाख रुपए है जिसका कार्य प्रारंभ 8 अप्रैल 2024 से 6 जुलाई 2024 के बीच हुआ है।



इस मामले पर सीईओ जनपद पंचायत सिमगा अमित दुबे का कहना है कि मामले की जांच करवाता हूं। बताते चले कि भ्रष्टाचार करने जनपद पंचायत के अधिकारियों का कोई जवाब नहीं है । तभी तो कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा जैसे ग्राम पंचायत में बार बार भ्रष्टाचार करने की हिम्मत रखते है । धनी धर्मदास साहेब के 625 वें प्रकट उत्सव के नाम से फर्जी तरीके से 10 लाख रुपए शासन से प्राप्त कर गबन कर दिया था । जंहा पूर्व जनपद पंचायत सीईओ पकंज देव सरपंच एवं सचिव के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध है ।

# सफलता के लिए लक्ष्य निर्धारण आवश्यक : डॉ. सम्पत अग्रवाल



**पिथौरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। आज नयापारा खुर्द के रायल किड्स स्कूल में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल व अतिथियों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन कर किया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी ,युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक विधायक प्रतिनिधि छबीलाल रात्रे, अनूप अग्रवाल, पुष्पराज गजेंद्र ,सुमित अग्रवाल ,प्रकाशसिंहा, युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय राज पटेल, अभिमन्यु जायसवाल, सादराम पटेल, किशान रैदास गोयल ,मोर्चा अध्यक्ष अजय डडसेना, संजय गोयल मंचस्थ थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुवे मुख्य अतिथि सम्पत अग्रवाल ने कहा की आप सब बच्चे एक लक्ष्य निर्धारित कर अपना अधिक से अधिक समय पढ़ाई में लगाये निश्चित तौर पर किसी भी कार्य में सफलता प्राप्त करने एक लक्ष्य निर्धारित होना अतिआवश्यक है।श्री अग्रवाल ने स्कूल प्रबंधन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाये भी दी।कार्यक्रम के विशेष अतिथि स्वप्निल तिवारी ने कहाँ ये वार्षिक उत्सव आप सब के शाल भर के विभिन्न क्रियाकलापो का आईना होता है निश्चित ही बच्चों का प्रदर्शन प्रशंसनीय है।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य सुरेखा अवस्थी ने किया व मंच संचालन दिलीप निषाद ने किया। वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक नृत्य और गीत संगीत और भाषण,कविता आदि की प्रस्तुत देकर सब का मनमोह लिया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### देशबन्धु समाचार पत्र में प्रकाशन ...

मोहल्ले वासियों की ओर से थाने मे आवेदन देकर किया गया था जिसे पुलिस प्रशासन ने तत्परता से इसे पूरा करवा कर आमजन मानस के हितार्थ कार्यों की कड़ी मे एक महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है जिस हेतु सभी वार्ड नंबर -1 थ्ब्प् चौक, विप्र भवन मोहल्ला वासियों की तरफसे पुलिस प्रशासन को धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हैं आवेदन देने वालों मे प्रमुख रूप से - कैलाश तिवारी महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा नवापारा मंडल,रोहित जैन राहुल टाइल्स, मयूर मनियार, भोला राम साहू, गोपाल साहू सहित अन्य मोहल्ला वासी शामिल हैं

### मधुमक्खियों के काटने...

मारने के स्थान पर बहुत तेज जलन होने लगती है। फिर धीरे-धीरे उस स्थान पर सूजन बढ़ने लगती है। डॉक्टरों का कहना है कि आमतौर पर लोग मधुमक्खियों के काटने पर उसे गंभीरता से नहीं लेते हैं। यही लापरवाही कभी-कभी जान की दुश्मन बन जाती है। इसके डंक से शरीर में जबरदस्त रिएक्शन होता है ।

# स्ट्रीट फूड काउंटर कृपया ध्यान दें... करवाना होगा कारोबार का रजिस्ट्रेशन

**भाटापारा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। स्ट्रीट फूड काउंटर कृपया ध्यान दें- समय रहते अपने कारोबार का रजिस्ट्रेशन करवा लें क्योंकि खाद्य एवं औषधि प्रशासन बहुत जल्द पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाने की तैयारी में है।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन के तेवर अब सख्त हो चले हैं। दीपावली पर खाद्य सामग्रियों के विक्रेताओं की संस्थानों की जांच के बाद अब प्रशासन, सुबह और शाम को लगने वाले स्ट्रीट फूड काउंटरों की जांच की योजना तैयार कर रहा है क्योंकि जागरूकता अभियान और बार-बार समझाईश के बावजूद यह कारोबारी क्षेत्र नियमों की अवहेलना कर रहा है।



**इसलिए सघन जांच**

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अपनी फौरी जांच में पाया है कि स्ट्रीट फूड काउंटर संचालक, बनाई और बेची जा रही खाद्य सामग्रियों की सुरक्षा के लिए नियमानुसार सुरक्षा मानक का पालन नहीं कर रहे हैं। खाद्य तेल का उपयोग दो से तीन बार किया जा रहा है। स्वच्छता को लेकर बने नियम का पालन की ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। यह लापरवाहियां स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकतीं हैं।

**सुबह और शाम**

सुबह समोसा, आलू गुंडा, जलेबी के अलावा इडली दोसा के खोमचे सड़क पर रोजाना लगते हैं, तो शाम के समय देर रात तक चलने वाले चाट और मोमोज बनाने व बेचने वाले ठेले भी अच्छी-खासी संख्या में हैं। इसके साथ मुर्रा मसाला और नड्डा बेचने वालों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। एक और जानकारी फौरी जांच से मिली है कि थर्मस में चाय लेकर बेचने वाले भी बढ़ रहे हैं। जांच इनकी भी होगी।

**रजिस्ट्रेशन अनिवार्य**

छोटा और सीमित अवधि का कारोबार है। इसलिए जांच के दायरे से बाहर रखे जाते रहे है यह सभी, लेकिन सुरक्षा मानकों की जिस तरह की अनदेखी यह क्षेत्र कर रहा है, उसे देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने औचक जांच की ठानी है। इस दौरान स्ट्रीट फूड काउंटर संचालकों को नियमों की जानकारी दी जाएगी साथ ही कारोबार का रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए कहा जाएगा। दूसरी जांच में यह जरूरी औपचारिकता नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**रजिस्ट्रेशन अनिवार्य**

खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियम स्ट्रीट फूड काउंटरों पर भी समान रूप से प्रभावी हैं। नियमानुसार इन्हें भी रजिस्ट्रेशन करवाना है। बहुत जल्द जांच की योजना है।

**- उमेश वर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, बलौदा बाजार**

# संविधान दिवस पर शिक्षक गुरुदेव भास्कर हुए सम्मानित

**राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। राजिम निवासी पूर्व माध्यमिक शाला पक्तिया विकासखण्ड छुरा में पदस्थ शिक्षक भास्कर को भारतीय दलित साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा 26 नवंबर 2024 मंगलवार को भारतीय संविधान दिवस के उपलक्ष में गुरु घासीदास भवन न्यू राजेंद्र नगर रायपुर में राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बाबा साहब डॉ अंबेडकर स्वाभिमान अवार्ड 2024 की मानक उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत्त जज एस एल मात्रे, अध्यक्षता सुशीला वाल्मीकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला अध्यक्ष छन्नूलाल बंजारे राष्ट्रपति शिक्षक सम्मान से पुरस्कृत शिक्षक, दलित साहित्य अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष जी आर बंजारे ज्वाला उपस्थित रहे।शिक्षक गुरुदेव भास्कर के इस उपलब्धि के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एल मतवाले, शाला परिवार एवं संकुल केंद्र पंक्तियां के सभी शिक्षकों की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दिया गया। प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक जी एल ध्रुव, संकुल प्रभारी ए के साहू, शिक्षक गण जागेश्वर रामध्रुव, धामेश्वर कुमार साहू, गंगाराम यादव, खेमचंद देवांगन, चुन्नीलाल सोनवानी, धर्मेंद्र साहू, कन्हैया मंडल एवं विकास खंड फिंगेश्वर से राज्यपाल शिक्षक सम्मान पुरस्कृत प्रधान पाठक भागचंद चतुर्वेदी सहित शुभचिंतकों एवं शिक्षकों ने बधाई दी।




# जीएनए कॉलेज में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन

**भाटापारा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में दिनांक 28/11/2024 को अडानी सीमेंट वर्कस जामुल भिलाई एवं कौशल विकास एवं व्यक्तित्व विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन ऑनलाईन गूगल मीट के माध्यम से किया गया। उक्त कैम्प प्रभारी प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि इस तरह के कैम्प के आयोजन से रोजगार संबंधी समस्या में कमी होगी। व्यक्तित्व विकास समिति के संयोजक डॉ. विकास गुलहरे ने छात्र-छात्राओं को अडानी सीमेंट वर्कस जामुल भिलाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं अडानी ग्रुप के कलस्टर हेड श्री मधुर दुबे एवं श्री सरोज कुमार ने प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट संबंधी निर्देश देते हुए छात्र-छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया। उक्त कैम्प का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. प्रीति सोनी द्वारा किया गया। उक्त आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।




# शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में भ्रमणशील तारामंडल का प्रदर्शन

**नवापारा राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में भ्रमणशील तारामंडल का प्रदर्शन किया गया। विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने तारामंडल को देखा व जाना। विभिन्न महाविद्यालयों के करीब 260 बच्चों ने तारामंडल देखा और सौर मंडल की उत्पत्ति तथा ग्रहों के चक्कर को समझा। वैज्ञानिक डॉ. ए. के. पाठक व उनकी टीम ने विद्यार्थियों को तारामंडल का प्रदर्शन कर विस्तार से जानकारी दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने इस रोचक आयोजन की प्रशंसा की साथ ही स्वयं भी तारामंडल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने तारों के रहस्यमयी संसार को जीवंत कर दिया।




शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय अभनपुर, श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय, गोबरा नवापारा, सेठ फूलचंद स्मृति महाविद्यालय नवापारा से आए छात्र- छात्राएँ एवं शिक्षक भी आकाशमंडल की अद्भुत दुनिया से परिचित हुए। 25 मिनट के थ्री-डी शो के माध्यम से सौरमंडल के ग्रहों की गति, स्थिति, नक्षत्रों, परिभ्रमण मार्ग आदि के बारे में कॉमेंट्री के द्वारा विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। शो के अंत में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई, जिसमें विजेताओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। वैज्ञानिक डॉ. ए. के. पाठक ने छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की विकासशील गतिविधियों के बारे में प्राध्यापकों को जानकारी दी और उन्हें शोध के नए-नए आयामों तथा अनुसंधान संबंधी प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम प्रभारी महाविद्यालय की भूगोल की सहायक प्राध्यापक डॉ. तिशा डे रहीं। महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एल.एम. यादव, डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरि, डॉ. सरोज चक्रधर, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रागिनी तिवारी, डॉ. बीटा रानी खलखो, विक्रांत सिंग गावस्कर, योगेश देवांगन, सुश्री खुशबू कश्यप, श्रीमती प्रियंका साहू, श्रीमती तुलेश्वरी साहू. डॉ. तिशा डे एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ कार्यक्रम में उपस्थित रहे और सभी तारामंडल में छुपे तारों की विभिन्न आकृतियों जैसे कालपुरुष, वृषभ, सिंह, सप्तऋषि आदि को देख आश्चर्य से भर गए।

# भाजपा सरकार में भारत के सांस्कृतिक व आध्यात्मिक वैभव की पुनर्स्थापना हो रही : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। प्रभु राम का संपूर्ण जीवन हम सभी के लिए एक आदर्श हैं. उनके पद चिन्हों पर चलकर ही जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर सकते है. भारत रामराज की तरफ बढ़ गया है. डबल इंजन की भाजपा सरकार में भारत के

**श्री राम के पद चिन्हों पर चलकर ही जीवन की सार्थकता को सिद्ध कर सकते हैं**

सांस्कृतिक व आध्यात्मिक वैभव की पुनर्स्थापना हो रही है। उक्त बातें शुक्रवार को भाटापारा में आयोजित त्रि-दिवसीय च्राष्ट्रीय रामायण मेलाज्ञ उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने कही..

शिवरतन शर्मा ने कहा कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार राम, जिन्हें श्रीराम या भगवान राम भी कहा जाता है, हिंदू धर्म के महानतम और आदर्श पुरुषों में से एक माना जाता है। उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम भी कहा जाता है। श्री राम का जीवन हमें सिखाता है कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और धर्म का पालन करना चाहिए। उनका चरित्र हमें सच्चाई, ईमानदारी और न्याय की राह पर चलने की प्रेरणा देता है।



शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है। भगवान राम का आदर्श भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करता है। बगैर किसी सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विषमताओं के प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण करना ही भगवान राम के जीवन का संदेश है। शिवरतन शर्मा ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन वर्तमान में एकल परिवार में पलने वाले बच्चों में रिश्तों की महत्ता, सामाजिक मर्यादा एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे। हमारी सनातन आस्था को समेटे इस मेले के आयोजन से जुड़े समस्त आयोजकों का आभार।

# सामु. स्वास्थ्य केंद्र में जीवनदीप समिति की बैठक, विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

**नवापारा राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। विधायक इंद्र कुमार साहू के निर्देशन में जीवनदीप समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोबरा नवापारा की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को समिति के सदस्य नागेंद्र वर्मा की अध्यक्षता एवं सदस्य गण डॉ.लीलाराम साहू, साधना सौरज, संजय साहू, सचिन सचदेव, पद्मिनी सोनी, मुकुंद मेश्राम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ.तेजेंद्र साहू, डॉ अभिषेक गुजराती, लीलेश्वर तारक, शा.हरिहर स्वामी आत्मानंद स्कूल शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सौरभ सिंटू जैन, ईश्वरी देवांगन, कैलाश तिवारी, के विशेष उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।जिसमें 10 बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए प्रस्ताव पर अनुमोदन के लिए रखा गया।वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न व्यवस्थाओं पर भी चर्चा हुई। चिकित्सा प्रभारी डॉ.तेजेंद्र साहू ने ओपीडी, आईपीडी, लैब जांच की संख्या, टीवी मरीजों, जननी सुरक्षा योजना का चेक वितरण, कुल एलएससीएस ऑपरेशन, पुरुष, नसबंदी, महिला नसबंदी एवं कुल प्रसव संख्या के अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में संचालित स्वास्थ्य सेवाएं के बारे में जानकारी प्रस्तुत किया।



# पीआईसी भंग करने का निर्णय कांग्रेस का केवल छलावा : आशीष जायसवाल

**भाटापारा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। विगत 5 वर्षों में कांग्रेस शासित नगर पालिका भाटापारा क्षेत्र का विकास करने में अक्षम साबित हुई है।। कांग्रेस पार्टी के पार्षदों द्वारा चुनी गयी नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सुनीता गुप्ता वर्ष में एक बार ही नगर पालिका कार्यालय आती रही जिसका प्रत्यक्ष नुकसान नगर वासियो को उठाना पड़ा।। पालिका कार्यालय के कर्मचारी अध्यक्षा के नियंत्रण से बाहर रहे।। आम लोगों को छोटे-छोटे रोजमर्रा के कार्यों के लिए भी पालिका प्रशासन के चक्कर काटने पड़े। पालिका अध्यक्षा एवं उनकी पूरी टीम 5 वर्षों तक ठेकेदारों और सप्लायरों के बिलों को पास करने में लगी रही ।।

**पीआईसी भंग करने का निर्णय हास्यास्पद**

कांग्रेस शासित वर्तमान नगर पालिका के 5 वर्ष पूर्ण होने को है ऐसी अवस्था में पालिका अध्यक्षा द्वारा श्चद्रष काउंसिल को भंग करने का निर्णय हास्यास्पद है ।। वर्तमान इकाई का कार्यकाल मात्र एक माह शेष बचा है आम जनता के साथ साथ कांग्रेस के नेता भी दबी जवान में नगर पालिका अध्यक्षा के कार्यकाल को सर्वथा नाकाम बता रहे हैं ।



**प्रदेश की साय सरकार ने दी करोड़ की सौगात**

पूर्व नेता प्रतिपक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है ।जहां तक भाटापारा नगर पालिका का सवाल है अब तक लगभग 12 करोड़ रुपए विकास राशि की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है ।।क्षेत्र में बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिल रहा है ।जनहित की सभी योजनाओं के क्रियांन्वन में तेजी आई है ।।

नगर की सफाई व्यवस्था से लेकर पेयजल व्यवस्था तक, निर्माण की गुणवत्ता से लेकर प्रकाश व्यवस्था तक, नक्शे पास करने से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वन तक और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से लेकर विकास का रोड मैप तैयार करने तक कांग्रेस शासित नगर पालिका पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है ।।भाटापारा क्षेत्र की जनता ऐसी अकर्मन्य और निष्क्रिय व्यवस्था को उखाड़ फेंकने के लिए पूर्ण रूप से तैयार है ।

# नवापारा पुलिस ने 85 लोगों का काटा चालान

**नवापारा राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। साइलेंसर में तेज फ्टाके जैसी आवाज निकाल कर फर्राटेदार वाहन चलाने वालों की पुलिस को लगातार शिकायते मिल रही थी। जिस पर नवापारा पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस ने ऐसे कुछ युवको की बाईक रोककर उनके हॉर्न व साइलेंसर की आवाज चौक कर रही है। तेज व कर्कश आवाज करने वाले वाहनों से सायलेंसरों को निकलवा कर जुर्माना भी लगाया जा रहा है।

बता दे कि नगर में काफी दिनों से तेज व कर्कश आवाज करने वाले वाहन अमानक सायलेंसर का उपयोग कर सडक़ों में फर्राटे भरते नजर आते हैं। सायलेंसर के तेज व कर्कश आवाज से राहगीरों को भी काफी परेशानी होती है। लोग डर कर दुर्घटना के शिकार भी हो जाते हैं। लोगों की शिकायत लगातार पुलिस को की जा रही थी। इस पर नवापारा पुलिस ने चालानी कार्रवाई शुरु कर दी है। अधिकांश इस तरह रफड्राइविंग करने वाले नाबालिक युवक है।



**लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले हो जाए सावधान**

नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र ऐसैया ने बताया कि शहर में तेज व कर्कश आवाज करने वाले वाहनों, तीन सवारी, रफड्राइविंग, बिना नंबर प्लेट, नशे में वाहन चलाते हुए 85 प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत अब तक 25500 /- रुपए की चालानी कार्यवाही की जा चुकी है। साथ ही जिन गाड़ियों पर अमानक सायलेंसर लगे हुए थे उन पर कार्रवाही करते हुए चालान के साथ साथ सायलेंसरों को निकलवाया गया है। साथ ही वाहन चालकों को समझाइश दी गई, कि ऐसा काम न करें जिससे दूसरों को परेशानी हो और यातायात के नियमों का पालन करें।

उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने बच्चो को ऐसी लापरवाही करने से मना करे एवं उन पर विशेष ध्यान दें कि वे बिना नंबर एवं रेस ड्रायविंग वाहन तो नहीं चला रहे है। वाहन चलाते समय हेलमेट लगाए, ताकि दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। दुकान संचालकों पर भी अमानक साइलेंसर विक्रय करने पर सख्त कार्रवाई की बात कही है।

# हम सभी कर्मशील बने और अपने सपनों को साकार करने के लिए खूब मेहनत करें : रामजी राजवाड़े

**नवापारा राजिम,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में बच्चो में शारीरीक, मानसिक क्षमता का विकास के लिए बौद्धिक चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे अतिथि के रूप में रामजी राजवाड़े सक्षम के प्रांत संगठन मंत्री संघ प्रचारक केंद्र नवापारा। पोखराज साहू सहनगर कार्यवाह नवापारा उपस्थित रहें।

इस अवसर पर श्री रामजी राजवाड़े में अपने उद्बोधन में कहा की -हम घर -परिवार में रिश्तों की श्रृंखला से बंधे हैं। इस देश में संत -महर्षि महापुरुष हुए सभी अपने अपने देश समाज एवम संस्कृति के लिए जिएं और महान कार्य किए। वे इसी कारण आज भी अमर हैं। हमे भी अपनी मातृभूमि के लिए त्याग -तपस्या और समर्पण के पथ पर चलना हैं। मनुष्य होकर मनुष्यता के गुण होना ज़रुरी हैं। हम सभी कर्मशील बने और अपने सपनों को साकार करने के लिए खूब मेहनत करे। अपने हर कार्य को ज़िम्मेदारी पूर्वक कर मंजिल तक पहुंचे। संघर्ष के बिना किसी भी लक्ष्य को प्राप्त नही कर सकते ।इसलिए किसी भी कठिनाई से घबराएं नहीं सामना करें ।तभी इस मनुष्य जन्म को सफल कर पाएंगे।






रोहित साहू सहकार्यवाह ने कहा की -अपनी विशेषता के अनुसार आगे बढ़ना ही विकास हैं। विकास का अर्थ हैं- अपनी क्षमता का प्रयोग करना ।अपनी योग्यता को बढ़ाना, बुद्धि के लिए अध्ययन करना। चंचल मन को एकाग्र करना ज़रुरी हैं, नहीं तो अनावश्यक भटकाव होते हैं ।सिर्फसोचने से ही कोई भी कार्य पूर्ण नहीं होते उसके लिए प्रयास जरूरी हैं। समय के अनुसार चलें और अपने जीवन को संयमित मर्यादित बनाइए ।किसी की नकल मत किजिए और अपने भविष्य को उज्वल बनाने के लिए एक नई शुरुवात किजिए ।व्यर्थ की बातों से दूर रहकर सिर्फ मानवता के कल्याण के लिए कार्य किजिए यही जीवन हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक नरेश यादव एवम आभार विद्यालय के प्राचार्य गौरीशंकर निर्मलकर ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यार्थी एवम आचार्य गण उपस्थित रहें।

# कौंसरा के डीजे डांस प्रतियोगिता में पहुंचे विधायक द्वारिकाधीश

**बागबाहरा,** 29 नवंबर (देशबन्धु)। खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत कौसरा में जे के बी सांस्कृतिक युवा संगठन द्वाराआयोजित डीजे डांस प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य अतिथि में संपन्न हुई ।कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पूजा अर्चना से हुई । तत्पश्चात अतिथि स्वागत का दौर प्रारंभ हुआ । जिसमेंआयोजन समिति के सदस्यों एवं वरिष्ठजनों ने विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित उपस्थित अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।



तत्पश्चात अतिथि उद्बोधन का दौर प्रारंभ हुआ ।जिसमें खल्लारी क्षेत्र के विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मानव जीवन में सांस्कृतिक आयोजन पर सारगर्भित उद्बोधन दिया ।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से आयोजन समिति के अध्यक्ष लाला राम साहू, उपाध्यक्ष योगेश दीवान, वेदराम ठाकूर, बिसाहू राम साहू, सचिव लोकेश दीवान, कोषाध्यक्ष ओकर पटेल, संरक्षक भूनेश्वर चक्रधारी, गोलू घनश्याम साहू, सलाहकार राम कुमार दीवान, धनीराम यादव , सदस्य गण नागेश दीवान, पुरातन ,मिथुन, जीवराखन दीवान, ईस्माईल खान , सहसचिव ऋषिकुमार यादव ,नागेश युगल, संयोजक मोनू साहू , पीताम्बर पटेल, सदस्यगण उमेनयाडव जीवन दीवान, चाँद दीवान सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन तथा डांस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न जगहों से पहुंचे हुए प्रतिभागी कलाकार एवं माताएं बहने उपस्थित थे।